| 185 | communicate | (v) - 1. संदेश पहुँचाना, बताना, संचारित करना 2. बातचीत करना 3. संपर्क करना | 1. The decision regarding policy change was communicated to all the staff. 2. Nowadays, Officials depend heavily on electronic mail to communicate with each other. 3. Now-a-days banks communicate to their customers through e-mail. | 1. नीति में बदलाव संबंधी निर्णय के संदेश को सभी कर्मचारियों तक पहुंचाया गया। 2. आजकल, अधिकारी एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मेल पर निर्भर रहते हैं। 3. आजकल बैंक ई-मेल के माध्यम से अपने ग्राहकों से संपर्क करते हैं। |
| 186 | communication gap | (n) - संप्रेषण का अभाव, संवादहीनता | Communication gap between management and workers was the major reason behind the strike. | हड़ताल का प्रमुख कारण प्रबंधन और श्रमिकों के बीच संवादहीनता थी। |
| 187 | communique | (n) - विज्ञप्ति * | The company has issued a communique after the meeting of the board. | कंपनी ने बोर्ड की बैठक के बाद विज्ञप्ति जारी की है। |
| 188 | commutation | (n) - 1. परिवर्तन 2. संराशीकरण 3. लघूकरण | 1. People are protesting against commutation of death sentence into life sentence. 2. Commutation up to 40% of Pension is admissible. | 1. लोग मौत की सजा का आजीवन कारावास में परिवर्तन का विरोध कर रहे हैं। 2. 40% तक पेंशन के संराशीकरण की अनुमति दी जा सकती है। |
| 189 | comparative statement | (n) - तुलनात्मक विवरण | The comparative statement shows decline in the number of crimes this year as compared to last year. | तुलनात्मक विवरण से स्पष्ट है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अपराधों की संख्या में कमी आई है। |
| 190 | compassionate ground | (n) - अनुकंपा-आधार | After his father's death, the son got the job on compassionate ground. | पिता की मृत्यु के बाद पुत्र को अनुकंपा-आधार पर नौकरी मिल गई। |
| 191 | compel | **(n) -** विवश करना, | This law will **compel** employers to provide health insurance to their employees. | यह कानून नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने को विवश करेगा। |
| 192 | compensation | **(n) -** 1. प्रतिकर, मुआवजा, **क्षतिपूर्ति** 2. प्रतिपूर्ति | Company has paid one year's salary as **compensation** for the accident occurred during office duty. | कार्यालय ड्यूटी के दौरान हुई दुर्घटना के लिए **क्षतिपूर्ति** के रूप में कंपनी ने एक साल का वेतन दिया है। |
| 193 | competent | **(adj)** - सक्षम | The Assistant handed over the files to the **competent** officer before going to long | लम्बी छुट्टी पर जाने से पूर्व सहायक ने फाइलें **सक्षम** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | leave. | अधिकारी को सौंप दी। |
| 194 | compilation | (n) - संकलन | A team of three Senior Translators was involved in the **compilation** of the dictionary. | तीन वरिष्ठ अनुवादकों की एक टीम शब्दकोश के **संकलन** में शामिल थी। |
| 195 | complaint | (n) - 1. शिकायत* 2. परिवाद (विधि) | **Complaints** regarding this company are dealt with by the customer services department. | इस कंपनी से संबंधित **शिकायतों** का निपटान ग्राहक सेवा विभाग द्वारा किया जाता है। |
| 196 | complement | (n) - 1. पूरक 2. **पूरी संख्या** (v) - 3. **पूरक होना/करना** | 1. The company has taken its full **complement** of trainees this year. 2. A written examination was conducted to **complement** the practical test. | 1. कॉलेज ने इस वर्ष प्रशिक्षुओं को **पूरी संख्या** में भर्ती किया है। 2. लिखित परीक्षा व्यावहारिक परीक्षण का **पूरक बनाने** के लिए आयोजित की गई। |
| 197 | compliance | (n) - **पालन**, अनुपालन | **Compliance** of traffic rules should be followed strictly. | यातायात नियमों का सख्ती से **पालन** किया जाना चाहिए। |
| 198 | complimentary | (n) - 1. **सम्मानार्थ भेंट**, मानार्थ, **नि:शुल्क** (adj) - 2. सम्मानसूचक, प्रशंसासूचक | The life members of the club were given **complimentary** tickets to the match. | क्लब के आजीवन सदस्यों को मैच के टिकट **मानार्थ भेंट** किए गए। |
| 199 | comply | (v) - **पालन करना,** अनुपालन करना | Failure to **comply** with the rules will result in prosecution. | नियमों का **पालन** नहीं करने पर मुकदमा चलाया जाएगा। |
| 200 | composite culture | (n) - सामासिक संस्कृति | **Composite culture** is the unique feature of India. | सामासिक संस्कृति भारत की अनूठी विशेषता है। |
| 201 | composition | (n)-1. **कृति***, रचना*, संघटन, गठन 2. **समझौता**, (ऋण का) प्रशमन 3. **लेखन** | 1. India's national anthem is Rabindranath Tagore's **composition**. 2. The debtor had a **composition** with the creditors for payment of the installments in default. 3. The **composition** of the report took two months. | 1. भारत का राष्ट्रगान रवीन्द्रनाथ टेगौर की **कृति** है। 2. ऋणकर्ता ने लेनदारों के साथ चूक की किस्तों के भुगतान के बारे में **समझौता** किया। 3. रिपोर्ट के लेखन में दो महीने लग गए। |
| 202 | comprehensive | **(adj) - विस्तृत**, व्यापक, | The municipality has prepared a comprehensive plan to improve the | नगरपालिका ने नगर की सड़कों की हालत सुधारने के लिए एक |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | वृहत, | condition of roads in the city. | **विस्तृत** योजना तैयार की है। |
| 203 | compromise | (n) - 1. समझौता (v) - 2. समझौता करना | 1. The government has said that there will be no **compromise** with terrorists. 2. Both the workers and the management were not ready to **compromise**. | 1. सरकार ने कहा है कि आतंकवादियों के साथ कोई **समझौता** नहीं होगा। 2. कामगार और प्रबंधन दोनों **समझौता करने** के लिए तैयार नहीं थे। |
| 204 | compulsion | (n)-1. बाध्यता, विवशता* 2. **अनिवार्यता*** | 1. Employees have gone to court under **compulsion**. 2. Due to **compulsion** of work employees have to work for extra time in public interest. | 1. कर्मचारी **विवशता** में न्यायालय गए हैं। 2. काम की **अनिवार्यता** को देखते हुए कर्मचारियों को लोक हित में अतिरिक्त समय तक काम करना पड़ेगा। |
| 205 | compulsory | (adj) - अनिवार्य | The law made fastening of seat belts in cars **compulsory**. | कानून ने कारों में सीट बेल्ट बांधना **अनिवार्य** कर दिया है। |
| 206 | computerization | (n) - कंप्यूटरीकरण | The rapid **computerization** of offices is very much needed for coordination between sections and output. | कार्यालयों का तेजी से **कम्प्यूटरीकरण**, अनुभागों के बीच तालमेल और परिणाम के लिए बहुत जरूरी है। |
| 207 | concept | (n) - **अवधारणा***, संकल्पना* | The basic **concept** of the organisation is that everyone should have equality of opportunity. | सभी को समानता का अवसर प्रदान करना संगठन की बुनियादी **अवधारणा** है। |
| 208 | concern | (n) - 1. **उद्यम, समुद्यम** 2. सरोकार 3. चिंता* 4. संबंध (v) - 5. चिंता करना 6. संबंध रखना | 1. The **concern** dealing in regional handicraft is planning to expand their operations abroad. 2. A good government **concerns** every citizen. | 1. क्षेत्रीय हस्तशिल्प में कार्य कर रहा यह **उद्यम** विदेशों में अपना कारोबार बढ़ाने की योजना बना रहा है। 2. अच्छी सरकार को प्रत्येक नागरिक की **चिंता** रहती है। |
| 209 | concession | (n) - रियायत* | There are many **concessions** available for students in railway. | विद्यार्थियों के लिए रेलवे में कई **रियायतें** उपलब्ध हैं। |
| 210 | conciliation | (n) - सुलह | The Manager called for **conciliation** among the conflicting groups of workers. | प्रबंधक ने झगड़ रहे कामगार समूहों में सुलह करने को कहा। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 211 | conclusive | (adj) -1. **निर्णायक** 2. निश्चयात्मक, निश्चायक | The government will have to take **conclusive** action against anti-national forces. | सरकार को राष्ट्रविरोधी शक्तियों के विरूद्ध **निर्णायक** कदम उठाने होगें। |
| 212 | concurrence | (n) - सहमति* | **Concurrence** of the Financial Advisor is necessary for renovation of the hostel building. | छात्रावास भवन के जीर्णोद्वार के लिए वित्त सलाहाकार की **सहमति** आवश्यक है। |
| 213 | concurrent list | (n) - समवर्ती सूची | The **concurrent list** is a list of 47 items given in part XI of the constitution of India, concerned with relation between the Union and the States. | भारत के संविधान के भाग XI में दी गई 47 मदों की सूची को **समवर्ती सूची** कहते हैं जो संघ और राज्यों के संबंधों के बारे में हैं। |
| 214 | condemn | **(v) -** 1. अनुपयोगी घोषित करना, अपराधी घोषित करना 2. निंदा करना 3. दण्ड देना | 1. The Transport Department is auctioning **condemned** vehicles. 2. All parties **condemned** the attacks on innocent people during riots. 3. The court **condemned** the public servant for his lapses. | 1. परिवहन विभाग **अनुपयोगी** वाहनों को नीलाम कर रहा है। 2. सभी दलों ने दंगों के दौरान निर्दोष लोगों पर हमले की **निन्दा** की। 3. अदालत ने सरकारी कर्मचारी को उसकी गलतियों के लिए **दण्ड** दिया। |
| 215 | condition | (n) - 1. शर्त, प्रतिबंध 2. दशा, स्थिति | 1. The terms and **conditions** of his employment were explained to him before his joining. 2. The BSF operates even in the inhospitable **conditions** to protect the borders. | 1. कार्यभार ग्रहण करने से पहले उन्हें नौकरी से संबंधित निबंधन और **शर्तें** स्पष्ट कर दी गई थीं। 2. सीमा सुरक्षा बल अत्यंत कठिन **स्थितियों** में देश की सीमाओं की रक्षा करता है। |
| 216 | conditional grant | (n) - सशर्त अनुदान | The N.G.O. may be eligible for a **conditional grant** for its social work. | गैर-सरकारी संगठन सामाजिक कार्य के लिए **सशर्त अनुदान** के पात्र हो सकते हैं। |
| 217 | condone | (v) - माफ करना | The delay was condoned by the court. | देरी के लिए न्यायालय ने माफ़ कर दिया। |
| 218 | conduct | (n) - 1. आचरण 2. **संचालन** (v) - 3. संचालित करना 2. आचरण करना | 1. His **conduct** is unbecoming of a government servant. 2. The State Government has created a new division for smooth **conduct** of the administration. 3. A written | 1. एक सरकारी कर्मचारी के रूप में उसका **आचरण** अशोभनीय है। 2. राज्य सरकार ने प्रशासन के सुचारु **संचालन** के लिए एक नया प्रभाग बनाया है। 3. प्रत्येक सत्र के अंत में एक लिखित परीक्षा |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | exam is **conducted** at the end of each session. | **संचालित की** जाती है। |
| 219 | condonation | (n) - माफी* | The official sought an unconditional **condonation**. | कर्मचारी ने बिना शर्त **माफी** मांगी। |
| 220 | conductor | (n) - 1. (कार्यक्रम का) संचालक 2. (बस आदि का) संवाहक, कंडक्टर | 1. The **conductor** should see that all the arrangements of programme are complete. 2. Last year DTC employed a large number of lady **conductors**. | 1. **संचालक** को यह देखना चाहिए कि कार्यक्रम की सारी व्यवस्था ठीक है। 2. गत वर्ष दिल्ली परिवहन निगम ने बड़ी संख्या में महिला **कंडक्टरों** की नियुक्ति की। |
| 221 | conduct rules | (n) - आचारण नियमावली | According to the **conduct rules**, to disobey the orders of superior may attract disciplinary action against the concerned employee. | **आचरण नियमावली** के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने हेतु संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। |
| 222 | confer | (v) -1. प्रदान करना 2. विचार-विमर्श करना | 1. Dr. A. P. J. Abdul Kalam has been **conferred** honorary doctorates by 40 universities. 2. The Chairman **conferred** with the Board of Directors about the expansion project. | 1. डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम को 40 विश्वविद्यालयों ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि **प्रदान की** है। 2. अध्यक्ष ने विस्तार परियोजना के विषय में निदेशक मंडल के साथ **विचार-विमर्श किया**। |
| 223 | conference | (n)- 1. सम्मेलन 2. **परामर्श, विचार-विमर्श** | 1. A health **conference** was held to discuss infectious diseases. 2. The concerned officer was in **conference** with the lawyers all day. | 1. संक्रामक रोगों के बारे में चर्चा हेतु एक स्वास्थ्य **सम्मेलन** आयोजित किया गया। 2. संबंधित अधिकारी पूरे दिन वकीलों के साथ लगातार **परामर्श** करता रहा। |
| 224 | confession | (n)- **अपराध स्वीकारना**, इकबाल, संस्वीकृति (विधि) | After hours of questioning by police, the accused made a **confession**. | पुलिस द्वारा कई घंटे की पूछताछ के बाद आरोपी ने **अपराध स्वीकार किया** । |
| 225 | confidence | (n)- **आत्मविश्वास**, विश्वास, भरोसा | 1. In-service training to new recruits build up their **confidence** to handle crisis situation. 2. The member has been suspended from the party due to the breach of **confidence**. | 1. रंगरूटों को दिया जाने वाला सेवाकालीन प्रशिक्षण उनमें संकट की स्थिति से निपटने का आत्मविश्वास जगाता है। 2. **भरोसा भंग करने के** कारण सदस्य को पार्टी से निलंबित |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | किया गया है। |
| 226 | confidential | (adj) - गोपनीय | Disclosure of **confidential** information will be treated as a breach of trust. | **गोपनीय** जानकारी दूसरों को देना विश्वास भंग माना जाएगा। |
| 227 | confirm | (v) - 1. पुष्टि करना 2. स्थायी करना | 1. Flights should be **confirmed** 48 hours before departure. 2. Only **confirmed** employees will be granted a home loan from the office. | 1. रवाना होने से 48 घंटा पहले उड़ानों की **पुष्टि** की जानी चाहिए। 2. केवल **स्थायी** कर्मचारियों को कार्यालय द्वारा गृह ऋण प्रदान किया जाएगा। |
| 228 | confiscation | (n) - अधिहरण, जब्ती* | Government will **confiscate** the smuggled goods seized at airport. | सरकार हवाई अड्डे पर पकड़े गए तस्करी के माल को जब्त कर लेगी। |
| 229 | conflict | (n)- संघर्ष, विरोध, विरोधिता | Management tried to pacify **conflict** between the labour unions. | प्रबंधन ने श्रमिक संघों के बीच के संघर्ष को शांत करने की कोशिश की। |
| 230 | conflict of interest | (adj) - **हित-संघर्ष** | Officer's **conflict of interest** made him ineligible for the post. | **हित-संघर्ष** के कारण अधिकारी इस पद के लिए अयोग्य हो गया । |
| 231 | connection | (n) - 1. संबंध, संयोजन 2. **संपर्क**<br><br>(v) - जोड़ना | 1. In this **connection** the reply has been given earlier. 2. This place does not have rail **connection**. 3. The new metro line would **connect** Mandi House with Central Secretariat. | 1. इस **संदर्भ** में जवाब पहले ही दिया जा चुका है। 2. इस स्थान पर रेल **संपर्क** नहीं है। 3. नई मेट्रो लाइन मंडी हाउस को केंद्रीय सचिवालय से **जोड़ेगी** । |
| 232 | consecutive | (adj) - **निरंतर**, क्रमिक, लगातार | Rescue work was hampered as it rained for five **consecutive** days. | **निरंतर** पांच दिनों तक हुई बारिश के कारण बचाव कार्य में बाधा उत्पन्न हुई । |
| 233 | consensus | (n) - **आम राय**, मतैक्य | The committee failed to arrive at a **consensus** even after two days of meeting. | दो दिनों की बैठक के बाद भी कमेटी **आम राय** नहीं बना पायीं। |
| 234 | consequent | (adj) - 1. अनुवर्ती 2. **परिणामस्वरूप,** परिणामी | **Consequent** upon the new initiatives taken by the RBI the rise in the interest rates seems inevitable. | भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की नई पहल के **परिणामस्वरूप** ब्याज दरों में बढोत्तरी निश्चित है। |
| 235 | conservation | (n) - सरंक्षण | Forest **conservation** steps are being taken by the officials. | अधिकारियों द्वारा वन **संरक्षण** के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। |
| 236 | consideration | (n)- 1. विचार, | 1. This letter has been released after the | 1. यह पत्र उच्च अधिकारी के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रतिफल 2. **उद्देश्य, प्रयोजन** | **consideration** of higher authorities. 2. Ensuring universal access to the elementary education is the main **considerations** of the "Sarva Shiksha Abhiyan". | **विचार** के उपरान्त जारी किया गया है। 2. सर्व शिक्षा अभियान का मुख्य **उद्देश्य** प्रारंभिक शिक्षा तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना है । |
| 237 | consignment | (n) - **प्रेषण, भेजा गया/हुआ माल**, परेषण | Please keep the **consignment** received safely. | **कृपया भेजे हुए माल** को संभाल कर रखें । |
| 238 | consolidated fund | (n) - समेकित निधि, संचित निधि | In the detailed letter of **consolidated fund** you may get lots of information. | **समेकित निधि** के विवरण पत्र से आपको काफी जानकारी मिल जाएगी । |
| 239 | consolidation | (n) - 1. चकबंदी 2. **एकीकरण**, समेकन 3. **मजबूत, ठोस करना**, सुदृढ़ीकरण | 1. **Consolidation** of farms has been done in my village. 2. After their **consolidation** the two bills were passed unanimously. 3. The company has **consolidated** its position in the international market. | 1. मेरे गाँव के खेतों की **चकबंदी** हो चुकी है। 2. **एकीकरण** के पश्चात दोनों बिल सर्वसम्मति से पास हो गए। 3. कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी स्थिति **मजबूत** कर ली है। |
| 240 | conspicuous | (n) - 1. विशिष्ट (adj) - 2. **स्पष्ट**, सुस्पष्ट 3. सहज दृश्य, ध्यानाकर्षण | 1. The diploma in computer science makes the selected candidate **conspicuous**. 2. Officer praised the **conspicuous** writing of the assistant. 3. Presence of new born cub in the zoo is very conspicuous. | 1. कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा चयनित उम्मीदवार को **विशिष्ट** बनाता है। 2. अधिकारी ने सहायक की **स्पष्ट** लिखाई की प्रशंसा की। 3. चिड़ियाघर में नवजात शावक की उपस्थिति बहुत **ध्यानाकर्षी** है। |
| 241 | conspiracy | (n) - षड्यंत्र | A few locals were accused of being involved in a **conspiracy** against the army. | कुछ स्थानीय लोगों पर सेना के खिलाफ **षड्यंत्र** में शामिल होने का आरोप लगाया गया। |
| 242 | constituency | (n)- **चुनाव क्षेत्र**, निर्वाचन क्षेत्र | There are about fourteen lakh voters in the **constituency**. | **चुनाव क्षेत्र** में लगभग चौदह लाख मतदाता हैं। |
| 243 | constitution | (n) - 1. संघटन, गठन* 2. संविधान | 1. The **constitution** of this organization has been done according to rules. 2. The **Constitution** of India is the supreme law of the country. | 1. इस संगठन का **गठन** नियमों के अनुसार किया गया है। 2. भारत का **संविधान** देश का सर्वोच्च कानून है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 244 | constraint | (n) - मजबूरी | Farmers sold their land to the builder due to financial **constraint**. | किसानों ने वित्तीय **मजबूरी** के कारण बिल्डर को अपनी जमीन बेच दी । |
| 245 | construe | (v) - अर्थ लगाना | The statement made by neighbouring country's diplomat can be **construed** in two different ways. | पड़ोसी देश के राजनयिक द्वारा दिए गए बयान को दो अलग-अलग तरीकों से **अर्थ लगाए** जा सकते हैं। |
| 246 | consultation | (n) - परामर्श | The government has drawn the health plan in **consultation** with the World Health Organisation. | सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के **परामर्श** से यह स्वास्थ्य योजना तैयार की है। |
| 247 | consumables | (n) - उपभोज्य वस्तुएं | **Consumables** are usually excluded from warranty policies. | **उपभोज्य वस्तुओं** को आमतौर पर वारंटी नीतियों से बाहर रखा गया है। |
| 248 | contact | (n) - 1. संपर्क (v) - 2. **संपर्क करना, संपर्क स्थापित करना** | 1. The company has maintained trade **contacts** with foreign countries. 2. **Contact** the Tourist Information Centre for further details. | 1. कंपनी ने विदेशों के साथ व्यापार **संपर्क** बनाए हैं। 2. अधिक जानकारी के लिए पर्यटक सूचना केंद्र से **संपर्क करें**। |
| 249 | contain | (v) - 1. **सम्मिलित करना,** समाविष्ट करना 2. रोकना | 1. The bill **contains** several new clauses. 2. Doctors are struggling to **contain** the epidemic. | 1. विधेयक में कई नई धाराएं **सम्मिलित** हैं। 2. डॉक्टर महामारी को **रोकने** के लिए संघर्ष कर रहे हैं। |
| 250 | contamination | (n) - संदूषण | The **contamination** of food by chemical hazards is a worldwide public health concern. | रासायनिक खतरों से भोजन का **संदूषण** दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक है। |
| 251 | contemplate | (v) - **गहन विचार करना**, ध्यानपूर्वक विचार करना, अनुध्यान करना | **Contemplate** the problem before making a final decision. | अंतिम निर्णय लेने से पहले समस्या पर **गहन विचार करना** चाहिए। |
| 252 | contemporary | **(adj)** - समसामयिक, समकालीन | The debate in the seminar was on **contemporary** issues like corruption, terrorism, unemployment and global warming. | सेमीनार में भ्रष्टाचार, आतंकवाद, बेरोजगारी और ग्लोबल वार्मिंग जैसे **समसामयिक** मुद्दों पर बहस हुई। |
| 253 | contempt of | (n) - न्यायालय | **Contempt of court** can be | **न्यायालय की अवमानना** के लिए |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | court | की अवमानना | punished by fine, imprisonment, or both. | जेल या जुर्माने अथवा दोनों की सज़ा दी जा सकती है। |
| 254 | contention | (n)- 1. **बहस**, विवाद 2. दावा 3. **तर्क** 4. प्रतिविरोध (विधि) | 1. The urban development programme has rapidly become a bone of **contention**. 2. It was the client's **contention** that fire was an accident. 3. Company's main **contention** is that the project would be too expensive. | 1. शहरी विकास कार्यक्रम तेजी से **बहस** का कारण बन गया है। 2. यह ग्राहक का **दावा** था कि आग एक दुर्घटना के कारण लगी। 3. कंपनी का मुख्य **तर्क** है कि परियोजना महंगी हो जाएगी। |
| 255 | contents | (n) - 1. विषय सूची* 2. अंतर्वस्तु, अंश | 1. The **content** of report will be checked by Secretary. 2. Enquiry officer kept the controversial contents of the letter a secret. | 1. रिपोर्ट की **विषय सूची** की जाँच सचिव द्वारा की जाएगी। 2. जांच अधिकारी ने पत्र के विवादस्पद अंश को गोपनीय रखा। |
| 256 | contest | (n) - 1. प्रतियोगिता* (v) -2. विवाद 3. लड़ना (जैसे चुनाव) | 1. Only Indian nationals can participate in this **contest**. 2. There is always a **contest** between the management and the unions. 3. The party has decided not to **contest** this election. | 1. केवल भारतीय नागरिक इस **प्रतियोगिता** में भाग ले सकते हैं। 2. प्रबंधन और यूनियनों के मध्य सदा **विवाद** बना रहता है। 3. पार्टी ने इस चुनाव में नहीं **लड़ने** का फैसला किया है। |
| 257 | contingencies | (n) - आकस्मिक व्यय | There is a provision of **contingencies** in budget. | बजट में **आकस्मिक व्यय** का प्रावधान है। |
| 258 | contingency allowance | (n) - आकस्मिकता भत्ता | **Contingency allowance** is provided in construction contracts to allow for miscellaneous unforeseen costs. | निर्माण ठेके में विविध अप्रत्याशित लागतों का वहन करने के लिए **आकस्मिकता भत्ते** का प्रावधान किया जाता है। |
| 259 | contingency grant | (n)- आकस्मिकता अनुदान | The employee was paid the **contingency grant**. | कर्मचारी को **आकस्मिकता अनुदान** दिया गया। |
| 260 | contingency plan | (n) - **आपात योजना**, आपात निर्वाह योजना | Companies are making **contingency plans** to deal with terrorist attacks. | कंपनियां आतंकी हमलों से निपटने के लिए **आपात योजनाएं** बना रहीं हैं। |
| 261 | continuous service | (n) - **निरंतर सेवा**, सतत सेवा | Superannuation or retiring pension is granted on retirement from service on superannuation or | अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति पेंशन 10 साल या उससे अधिक की **निरंतर सेवा** के बाद सेवानिवृत्ति |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | invalidment after **continuous service** of 10 years or more. | या अशक्तता पर सेवा से सेवानिवृत्ति पर दी जाती है। |
| 262 | contract | (n) - ठेका*, संविदा* | The company has submitted a bid for the **contract** to clean the hospital. | कंपनी ने अस्पताल की सफाई के **ठेके** के लिए बोली प्रस्तुत की है। |
| 263 | contradict | (v) - खंडन करना | The department **contradicted** baseless accusations made by media. | विभाग ने मीडिया द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों का **खंडन किया**। |
| 264 | contradiction | (n) - 1. खंडन 2. **अंतर्विरोध, विरोधाभास**, परस्पर-विरोध | 1. **Contradiction** is the immediate solution of neighbouring countries accusations. 2. There are a number of **contradictions** in their foreign policy. | 1. पड़ोसी देश के आरोपों का तात्कालिक समाधान उनका **खंडन** करना है। 2. उनकी विदेश नीति में अनेक **विरोधाभास** हैं। |
| 265 | contrary | **(adj)** - प्रतिकूल, विपरीत | Two **contrary** views emerged during the meeting. | बैठक के दौरान दो **विपरीत** विचार सामने आए। |
| 266 | contribution | (n) - 1. योगदान 2. अंशदान 3. चंदा | 1. The non-resident Indians have made significant **contribution** to Indian economy. 2. The officials may make monthly **contributions** for the staff welfare fund. 3. **Contributions** to charities are tax deductible. | 1. अनिवासी भारतीयों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण **योगदान** दिया है। 2. अधिकारी कर्मचारी कल्याण निधि के लिए मासिक **अंशदान** दें। 3. धर्मार्थ संगठन को दिए गए **चंदे** पर कर में छूट मिलती है। |
| 267 | control | (n) - 1. नियंत्रण 2. रोकथाम | 1. The administration of union territory is under direct **control** of the Union. 2. Strict measures have been taken to **control** the spread of dengue. | 1. संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन संघ के सीधे **नियंत्रण** में है। 2. डेंगू के फैलने की **रोकथाम** के लिए सख्त उपाय किए गए हैं। |
| 268 | controlling authority | (n) - नियंत्रण प्राधिकारी | Director (Human Resource) is the **controlling authority** for all the matters related to the manpower in the PSUs. | सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में निदेशक (मानव संसाधन) मानवशक्ति से संबंधित सभी मामलों के **नियंत्रण प्राधिकारी** होते हैं। |
| 269 | controversial | **(adj)** - विवादास्पद | The establishment of the nuclear plant in that area is highly **controversial**. | उस क्षेत्र में परमाणु संयंत्र की स्थापना बहुत ही **विवादास्पद** है। |
| 270 | convene | (v) - **आयोजन** | A meeting was **convened** | नए चैनल की शुरूआत की तारीख |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **करना**, संयोजन करना, बुलाना (बैठक) | to finalize the date of launch of the new channel. | को अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक का **आयोजन किया** गया। |
| 271 | convenience | (n) - सुविधा* | For the **convenience** of the participants, the seminar was organized in the centre of the town. | प्रतिभागियों की **सुविधा** के लिए संगोष्ठी शहर के मध्य में आयोजित की गई। |
| 272 | conventional | (adj)- **परंपरागत, पारंपरिक,** रूढ़, रूढ़िगत | Internet connections through **conventional** phone lines are fairly slow. | **पारंपरिक** फोन लाइन के माध्यम से इंटरनेट कनेक्शन काफी धीमी गति से कार्य करते हैं। |
| 273 | conversion | (n) - संपरिवर्तन, परिवर्तन | The **conversion** price is Rs. 9.58 a share. | **परिवर्तन** मूल्य 9.58 रुपए प्रति शेयर है। |
| 274 | convey | (v) - 1. सूचित करना 2. पहुंचाना | 1. The date of visit of the officer may be **conveyed** at the earliest. 2 The reporting officer **conveyed** the employee's view to higher officials. | 1. अधिकारी के दौरे की तारीख यथाशीघ्र **सूचित करें**। 2. रिपोर्टिंग अधिकारी ने कर्मचारी की राय को उच्च अधिकारियों तक **पहुंचा दिया**। |
| 275 | conveyance | (n) - 1. वाहन, सवारी* 2. हस्तांतरण (विधि) | 1. The **conveyance** allowance will be transferred to the bank account. 2. Absolute **conveyance** is the safest method for transferring rights in property. | 1. **वाहन** भत्ता बैंक खाते में भेज दिया जाएगा। 2. संपत्ति का पूर्ण **हस्तांतरण**, स्वामित्व हस्तांतरण की सुरक्षित पद्धति है। |
| 276 | conveyance deed | (n) - हस्तांतरण विलेख | The judge asked for the **conveyance deed** as evidence. | न्यायाधीश ने सबूत के तौर पर **हस्तांतरण विलेख** देखना चाहा। |
| 277 | conviction | (n) - 1. दोषसिद्धि* 2. **पूर्ण विश्वास**, दृढ़ विश्वास | 1. There was not sufficient evidence to secure a **conviction**. 2. The higher voting percentage in this Lok Sabha election shows people's absolute **conviction** in the democracy. | 1. **दोषसिद्धि** के लिए पर्याप्त सबूत नहीं थे। 2. इस लोकसभा चुनाव में उच्च मतदान का प्रतिशत लोकतंत्र में जनता के **पूर्ण विश्वास** को दर्शाता है। |
| 278 | cooling off period | (n) - 1. **विश्राम अवधि** 2. उपशमन अवधि | 1. The **cooling off period** for retired directors of PSUs is one year. 2. **Cooling off period** of 15 days was given to both the | 1. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सेवानिवृत्त निदेशकों के लिए **विश्राम अवधि** एक वर्ष है। 2. आगे की कार्रवाई करने से पहले |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | parties to settle the differences before taking further action. | दोनों पक्षों को मतभेद दूर करने के लिए 15 दिनों की **उपशमन अवधि** दी गई। |
| 279 | co-operative | (n) - सहकारी | **Co-operative** movement has resulted in white revolution in India. | भारत में **सहकारी** आंदोलन के परिणामस्वरूप दुग्ध क्रांति आई। |
| 280 | co-operative society | (n) - सहकारी समिति | **Co-operative societies** are required to be registered under the Cooperative Society act. | **सहकारी समितियों** को सहकारी समिति अधिनियम के अधीन पंजीकृत होना आवश्यक है। |
| 281 | co-opted member | (n) - सहयोजित सदस्य | The officer is being inducted in the committee as **co-opted member**. | अधिकारी को समिति में **सहयोजित सदस्य** के रूप में शामिल किया जा रहा है। |
| 282 | co-ordination | (n) - समन्वय, तालमेल, समन्वयन | To achieve success, **co-ordination** is needed amongst various divisions. | सफलता प्राप्त करने के लिए, विभिन्न प्रभागों के बीच **समन्वय** आवश्यक है। |
| 283 | co-owner | (n) - सहस्वामी | The landlord is the **co-owner** of the house. | भू-स्वामी मकान का **सहस्वामी** है। |
| 284 | co-partner | (n) - सहभागीदार | The chartered accountant is a **co-partner** in the Chartered Accountancy firm. | चार्टर्ड एकांउन्टेन्ट अकाउंटेंसी फर्म में **सहभागीदार** है। |
| 285 | copy | (n) - 1. प्रति* 2. प्रतिलिपि*, नक़ल* 3. कॉपी* | 1. This is a true **copy** of his experience certificate. 2. A **copy** of important documents should be made for the office record. | 1. यह उसके अनुभव प्रमाण-पत्र की सही **प्रति** है। 2. कार्यालय रेकार्ड के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों की **प्रतिलिपि** तैयार की जानी चाहिए। |
| 286 | copyright | (n/adj.) - कॉपीराइट, स्वत्वाधिकार, प्रतिलिप्यधिकार (विधि) | In Europe **Copyright** laws are followed rigorously. | यूरोप में **कॉपीराइट** कानून का कड़ाई से अनुपालन किया जाता है। |
| 287 | cordial | (adj.) - स्नेहपूर्ण, मित्रतापूर्ण, सौहार्दपूर्ण | **Cordial** relations between management and employee can be developed only through sustained dialogue. | मात्र सतत बातचीत से प्रबंधन और कर्मचारी के बीच **सौहार्दपूर्ण** संबंध विकसित हो सकता है। |
| 288 | corporate body | (n) - निगमित निकाय | Only a **corporate body** can raise share capital. | केवल **निगमित निकाय** शेयर पूंजी जुटा सकता है। |
| 289 | corporate office | (n) – **निगम कार्यालय** | Meeting of TOLIC was held in the seminar room of SAIL, Corporate Office. | सेल, **निगम कार्यालय** के सेमिनार कक्ष में नराकास की बैठक आयोजित की गई। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 290 | corporation | (n) - निगम | Municipal **corporations** are responsible for the maintenance of the roads in their respective cities. | नगर **निगम** अपने-अपने शहरों में सड़कों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार हैं। |
| 291 | corporation tax | (n) - निगमकर | Revenue from **Corporation tax** is not substantial enough to run the corporation. | निगम को चलाने के लिए **निगमकर** से प्राप्त राजस्व पर्याप्त नहीं है। |
| 292 | corps | (n) - कोर | Artillery is an important **corps** in Army. | सेना में आर्टिलरी एक महत्वपूर्ण **कोर** है। |
| 293 | correction | (n) - सुधार, शुद्धि, शोधन | **Correction** in the letter is much needed. | इस पत्र में **सुधार** की बहुत आवश्यकता है। |
| 294 | correctional service | (n) - दोष-सुधार सेवा, **सुधार सेवा** | The jail authorities provide **correctional service** to the minor offenders for their rehabilitation. | जेल प्राधिकारी अवयस्क अपराधियों के पुनर्वास के लिए **सुधार सेवा** प्रदान करते हैं। |
| 295 | correspond | (v) - 1. पत्र व्यवहार करना, पत्राचार करना 2. **अनुरूप होना**, समरूप होना, मेल खाना, समान होना | 1. Both the states are **corresponding** on this project regularly. 2. The statement does not **correspond** to what was actually said. 3. This furniture **corresponds** to the requirement of our office. | 1. दोनों राज्य इस परियोजना के विषय में नियमित रूप से **पत्राचार** कर रहे हैं। 2. यह कथन वास्तव में जो कहा गया था उससे **मेल** नहीं खाता। 3. यह फर्नीचर हमारे कार्यालय की आवश्यकताओं के **अनुरूप** है। |
| 296 | correspondence | (n) –1. पत्राचार, पत्र -व्यवहार 2. **अनुरूपता***, मेल* | 1. The memo should be sent to employee's **correspondence** address. 2. There was no **correspondence** between the statements made by both the culprits. | 1. ज्ञापन कर्मचारी के **पत्राचार** के पते पर भेजा जाए। 2. दोनों अपराधियों द्वारा दिए गए ब्यानों में कोई **अनुरूपता** नहीं थी। |
| 297 | corresponding | (adj) – 1. **अनुसार,** तदनुरूप, तदनुसार, तत्समान 2. **संगत 3. समान 4. परिणामस्वरूप 5. संबंधित** | 1. Assistant editor was asked to give each picture a number **corresponding** to its position on the page. 2. **Corresponding** entry is in the nature of confirming entry. 3. Last year sales are up 10% in the **corresponding** period. 4. Officials of the **corresponding** stature in two states should meet | 1. सहायक संपादक को प्रत्येक चित्र को पृष्ठ पर उसकी स्थिति के **अनुसार** संख्या देने के लिए कहा गया। 2. **तदनुरूपी** प्रविष्टि पुष्टि संबंधी प्रविष्टि मानी जाती है। 3. पिछले वर्ष के दौरान **संगत** अवधि में विक्रय 10% अधिक था। 4. दो राज्यों के **समान** स्तर के अधिकारियों को नियमित रूप से मिलना चाहिए। 5. मुद्रास्फीति |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | regularly. 5. The inflation and the **corresponding** fall in trade had a negative effect on the country's economy. 6. Wage increase and **corresponding** impact on the economy has to be evaluated. | और उसके **परिणामस्वरूप** व्यापार में गिरावट का देश की अर्थ-व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। 6. वेतन में बढ़ोतरी और अर्थव्यवस्था पर **संबंधित** प्रभाव का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। |
| 298 | corrigendum | (n) - शुद्धि-पत्र, भूल सुधार | A **corrigendum** has been issued regarding this vacancy. | इस रिक्ति के बारे में एक **शुद्धिपत्र** निकाला गया है। |
| 299 | corroborate | (v) - **पुष्टि करना, समर्थन करना**, संपुष्टि करना | 1. The facts are **corroborated** with the evidence. 2. Circumstantial evidence **corroborates** the prosecution case. | 1. तथ्यों की साक्ष्य द्वारा **पुष्टि की** गई थी। 2. परिस्थितिजन्य साक्ष्य अभियोजन पक्ष का **समर्थन** करते हैं। |
| 300 | corroboration | (n) – पुष्टि*, समर्थन, संपुष्टि* | With the **corroboration** of the facts, there was little doubt about the real culprit. | तथ्यों के **संपुष्टि** के कारण, वास्तविक अपराधी के बारे में कोई संदेह नहीं रह गया था। |
| 301 | corrupt | (v) – 1. भ्रष्ट करना (adj) - 2. भ्रष्ट | 1. Lack of transparency may **corrupt** the system. 2. The Vigilance Commission took stringent action against **corrupt** officers. | 1. पारदर्शिता की कमी से तंत्र **भ्रष्ट** हो सकता है। 2. सतर्कता आयोग ने **भ्रष्ट** अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। |
| 302 | corrupt practice | (n) - भ्रष्ट आचरण | The new legislation shall curb in **corrupt practices**. | नए कानून से **भ्रष्ट आचारण** पर अंकुश लगेगा। |
| 303 | corruption | (n) - भ्रष्टाचार | In our country, **corruption** is the main obstacle in the way to prosperity. | हमारे देश में, **भ्रष्टाचार** समृद्धि के रास्ते की मुख्य बाधा है। |
| 304 | cost | (n) - लागत* | The **cost** of the project should not cross the approved amount. | परियोजना की **लागत** मंजूर की गई राशि से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 305 | cost of living | (n) - निर्वाह व्यय | The **cost of living** has gone considerably high due to inflation. | मुद्रास्फीति की वजह से **निर्वाह व्यय** काफी अधिक हो गया है। |
| 306 | cottage industry | (n) - कुटीर उद्योग | **Cottage industry** has made a significant contribution to GDP growth. | **कुटीर उद्योग** का सकल घरेलू उत्पाद की बढ़ोत्तरी में महत्वपूर्ण योगदान है। |
| 307 | council | (n) - परिषद्* | The **council** has taken the decision unanimously. | **परिषद** ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। |
| 308 | council of | (n) - मंत्रिपरिषद्* | The Prime Minister is the | प्रधानमंत्री **मंत्रिपरिषद** के प्रमुख |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | ministers | | head of the **Council of Ministers**. | हैं। |
| 309 | counsel | (n) - 1. काउंसेल 2. **सलाह***, परामर्श (v) - 2. **सलाह देना**, **काउंसलिंग***, परामर्श देना, मंत्रणा देना | 1. The Consultant gave a right **counsel** in regard to the implementation of the project. 2. **Counseling** for admission to the course has begun. | 1. सलाहकार ने परियोजना के कार्यान्वयन के संबंध में सही **सलाह** दी। 2. कोर्स में प्रवेश के लिए **काउंसिलिंग** शुरू हो गई है। |
| 310 | count | (v) - गिनना, गणना करना | The **counting** of votes has started. | वोटों की **गिनती** शुरू हो गई। |
| 311 | counter | (n) - 1. काउंटर, पटल 2. प्रति 3. गणित्र (v) - 4. **विरोध करना** 5. **रोकना** 6. **जवाब देना** (adj) - 7. जवाबी | 1. The ticket may kindly be purchased only from the **counter**. 2. Treasury Benches **countered** the allegations made against the Government. 3. Indian army **countered** the infiltration from Pakistan side. 4. The Prime Minister **countered** the speech of the leader of opposition point by point. 5. The army needs a strong intelligence service to take **counter** action against extremists infiltrating in border area. | 1. कृपया टिकट केवल **काउंटर** से खरीदें। 2. सत्ता पक्ष ने सरकार पर लगाए गए आरोपों का **विरोध किया**। 3. भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ को **रोका**। 4. प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेता द्वारा भाषण में उठाए प्रत्येक मुद्दे का **जवाब दिया**। 5. सेना को सीमावर्ती इलाकों में कार्य कर रहे चरमपंथियों के खिलाफ **जवाबी** कार्रवाई करने के लिए एक मजबूत खुफिया सेवा की जरूरत है। |
| 312 | counter action | (n) - जवाबी कार्रवाई | Two terrorists were killed in the **counter action** by the security personnel. | सुरक्षा कार्मिकों की **जवाबी कार्रवाई** में दो आतंकवादी मारे गए। |
| 313 | counter affidavit | (n) - **जवाबी हलफनामा**, प्रति-शपथपत्र | The **counter affidavit** has been submitted in the court. | **जवाबी हलफनामा** न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। |
| 314 | counter charge | (n) - प्रत्यारोप | The **counter charges** of the opposition were motivated more by passion than reasoning. | विपक्ष के **प्रत्यारोप** तर्क से कम भावनाओं से अधिक प्रेरित थे। |
| 315 | counter claim | (n) - प्रतिदावा | The **counter claim** of the party was backed by valid reasons. | पार्टी के **प्रतिदावे** के कारण उचित थे। |
| 316 | counterfeit coin | (n) - **नकली सिक्का**, खोटा | The **counterfeit** coin will not be acceptable. | ***नकली सिक्का*** स्वीकार्य नहीं होगा। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | सिक्का, जाली सिक्का | | |
| 317 | counterfeit note | (n) - **नकली नोट**, जाली नोट | **Counterfeit notes** are illegal to use. | **नकली नोट** इस्तेमाल करना गैर-कानूनी है। |
| 318 | counterfeiting | (n) - कूटकरण, जालसाजी* | The international police organization - Interpol was established primarily to guard against **counterfeiting**. | अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन - इंटरपोल मुख्य रूप से **जालसाजी** से सुरक्षा के लिए स्थापित किया गया था। |
| 319 | counterfoil | (n) - प्रतिपर्ण, अधपन्ना | The counter clerk returned the **counterfoil** of the deposit slip after affixing bank stamp and his signature on the same. | काउंटर क्लर्क ने जमा पर्ची का **अधपन्ना** बैंक मुहर लगाकर और हस्ताक्षर करके वापस कर दिया। |
| 320 | counterpart | (n) - 1. प्रतिस्थानी, प्रतिरूप, प्रतिलेख 2. समकक्ष | 1. The **counterpart** of the deposit slip is to be preserved till the money is credited into account. 2. The Prime Minister met with his **counterpart** of Pakistan at WHO conference. | 1. जब तक राशि जमा न हो जाए, तब तक जमापर्ची के **प्रतिलेख** को सावधानी से रखना चाहिए। 2. प्रधानमंत्री अपने पाकिस्तानी **समकक्ष** से संयुक्त राष्ट्र संघ के सम्मेलन में मिले । |
| 321 | counter security | (n) - दोहरी प्रतिभूति* | Obtaining **counter security** is the discretion of the bank. | **दोहरी प्रतिभूति** लेना बैंक के विवेकाधीन है। |
| 322 | countersign | (v) - प्रतिहस्ताक्षर करना | All orders must be **countersigned** by one of the directors. | सभी आदेश किसी एक निदेशक द्वारा **प्रतिहस्ताक्षरित** किए जाने चाहिए। |
| 323 | course | (n) - 1. मार्ग, दिशा* 2. क्रम 3. प्रक्रिया*, **कार्यविधि*** 4. पाठ्यक्रम 5. **अवधि , के दौरान** | 1. The company is on **course** for profits of 200 crore in the next financial year. 2. The Board of Directors is likely to change the course on some key issues. 3. The **course** for study of Post graduation in Hindi is available on Internet. 4. During the **course** of investigation the culprit revealed the truth. | 1. कंपनी अगले वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित करने की **दिशा** में अग्रसर है। 2. निदेशक मण्डल द्वारा कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों की **कार्यविधि** बदले जाने की संभावना है। 3. हिंदी में स्नातकोत्तर अध्ययन का **पाठ्यक्रम** इंटरनेट पर उपलब्ध है। 4. जांच **के दौरान** दोषी ने सच-सच कह दिया। |
| 324 | court attachment | (n) - अदालती कुर्की* | The lawyer initiated action for **court attachment** of | वकील ने संपत्ति की **अदालती कुर्की** के लिए कार्रवाई शुरू की। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | the property. | |
| 325 | court case | (n) - अदालती मामला, न्यायालयी प्रकरण | The next date of hearing of the **court case** is tomorrow. | **अदालती मामले** की अगली सुनवाई की तारीख कल है। |
| 326 | court marriage | (n) - अदालती विवाह | **Court marriages** are very common now-a-days. | आजकल **अदालती विवाह** आम हो गए हैं। |
| 327 | courtesy | (n) - सौजन्य, शिष्टाचार, **शालीनता***  | In the last night party, his **courtesy** impressed everyone. | कल रात की पार्टी में उसने अपनी **शालीनता** से सबको प्रभावित किया। |
| 328 | covenant | (n) - प्रसंविदा *, | The **covenant** was signed by both the parties. | दोनों पक्षों ने **प्रसंविदा** पर हस्ताक्षर किए। |
| 329 | cover | (n) - 1. आवरण, लिफाफा 2. संरक्षण, **सुरक्षा** * | 1. He escaped unhurt by the attack because he had **cover** from the Police. 2. It is advisable to take travel insurance **cover** against theft. | 1. उसे हमले में चोट नहीं लगी क्योंकि उसे पुलिस की **सुरक्षा** प्राप्त थी। 2. चोरी से बचने के लिए यात्रा बीमा **सुरक्षा** लेना उचित है। |
| 330 | coverage | (n) - 1. व्याप्ति* 2. संरक्षण* 3. समावेशन, कवरेज 4. **प्रसार** | 1. This glossary offer total **coverage** of the usages of English and Hindi language. 2. This insurance policy provides **coverage** for all types of accidents. 3. TV news **coverage** has favoured the government. 4. This news got wide **coverage**. | 1. यह शब्दावली अंग्रेजी और हिंदी भाषा के प्रयोग की कुल **व्याप्ति** प्रदान करती है। 2. यह बीमा पॉलिसी सभी प्रकार की दुर्घटनाओं के लिए **संरक्षण** प्रदान करता है। 3. टीवी समाचार **कवरेज** ने सरकार का समर्थन किया है। 4. इस समाचार का व्यापक **प्रसार** हुआ। |
| 331 | covering letter | (n) - सह-पत्र | The **covering letter** bore vital information about the deal. | **सह पत्र** में व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी थी। |
| 332 | crash programme | (n) - द्रुत कार्यक्रम | C.T.B conducts **crash programme** for Hindi staff and employees associated with Hindi in Translation Training. | केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो हिंदी स्टाफ और हिंदी से संबद्ध कर्मचारियों के लिए **द्रुत कार्यक्रम** आयोजित करता है। |
| 333 | creamy layer | (n) - **सम्पन्न वर्ग**, **मलाईदार वर्ग**, **मलाई परत***, नवोन्नत वर्ग | Creamy layer among the Other Backward Classes will not be allowed to take benefit of reservation. | अन्य पिछड़ा वर्ग में **सम्पन्न वर्ग** को आरक्षण के लाभ नहीं दिए जाएंगे। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 334 | creation | (n) - सर्जन, रचना*, निर्माण | The new space missile is the **creation** of Indian Scientists. | नई अंतरिक्ष मिसाइल का **निर्माण** भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है। |
| 335 | credential | (n) - प्रत्यय-पत्र | The Diplomat presented his **credential** before the President. | राजनयिक ने अपना **प्रत्यय-पत्र** राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया। |
| 336 | credibility | (n) - विश्वसनीयता*, साख* | The judge doubted the **credibility** of the witness. | न्यायाधीश को साक्षी की **विश्वसनीयता** पर संदेह हुआ। |
| 337 | credit | (n) - 1. ऋण, उधार 2. साख* 3. जमा* | 1. A bank can grant **credit** to an employee up to twenty five times of his salary. 2. A trader must care for his **credit** to the market. 3. The employee tendered the amount for **credit** in his SB account. | 1. बैंक एक कर्मचारी को उसके वेतने के 25 गुना तक **ऋण** दे सकता है। 2. व्यापारी को बाज़ार में अपनी **साख** की अवश्य चिंता करनी चाहिए। 3. कर्मचारी ने अपने बचत बैंक खाते में **जमा** करने के लिए राशि दी। |
| 338 | credit and thrift society | (n) - बचत-उधार समिति* | The **credit and thrift society** has launched a new scheme for loan to employees. | **बचत और उधार समिति** ने कर्मचारियों के लिए ऋण की नई स्कीम शुरू की है। |
| 339 | credit balance | (n) - जमा शेष | **Credit balance** in his account is below the prescribed limit. | उसके खाते में **जमा शेष** निश्चित सीमा से कम है। |
| 340 | credit note | (n) - जमा पत्र | The bank has issued a **credit note** in favour of the party. | बैंक ने पार्टी के पक्ष में **जमा पत्र** जारी किया। |
| 341 | creditor | (n) - ऋणदाता, लेनदार | **Creditor** wants the debtor to mortgage his property. | **लेनदार** चाहता है कि ऋणी अपनी संपत्ति को बंधक रख दे। |
| 342 | crew | (n) - कर्मीदल | **Crew** members of the flight are staying in the hotel. | हवाई जहाज का **कर्मीदल** होटल में ठहरा है। |
| 343 | crime | (n) - अपराध | Violation of traffic rules is considered a minor **crime**. | ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन एक छोटा **जुर्म** माना जाता है। |
| 344 | criminal breach of trust | (n) - आपराधिक विश्वास-भंग | He broke the contract, which was a **criminal breach of trust**. | उसने संविदा तोड़कर **आपराधिक विश्वास भंग** किया। |
| 345 | criminal offence | (n) - दांडिक अपराध | Forgery is a **criminal offence**. | जालसाजी एक **दांडिक अपराध** है। |
| 346 | criminal procedure | (n) - दंड-प्रक्रिया संहिता* | **Criminal procedure code** describes procedure for | **दंड प्रक्रिया संहिता** में दांडिक अपराधों पर कार्रवाई के लिए |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | code | | process of fraud cases. | प्रक्रिया बताई गई है। |
| 347 | crisis | (n) - संकट | Gulf **crisis** resulted in increase in the price of Oil. | खाड़ी के **संकट** से तेल की कीमत बढ़ गई है। |
| 348 | criterion | (n) - मानदंड, कसौटी* | Government has laid down a **criterion** to evaluate performance of various ministries. | सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए **मानदंड** तय किए हैं। |
| 349 | criticism | (n) - 1. **समीक्षा** * 2. आलोचना* | 1. **Criticism** of the modern poetry cannot be done on the basis of old parameters. 2. The employee lost his temper because of his harsh **criticism** by the officer. | 1. आधुनिक कविता की **समीक्षा** पुराने मानदंडों के आधार पर नहीं की जा सकती। 2. अधिकारी द्वारा कड़ी **आलोचना** किए जाने पर कर्मचारी क्रोधित हो गया। |
| 350 | cross checking | (n) - दुतरफा पड़ताल* | Please **cross check** the figures before finalising document. | दस्तावेज को अंतिम रूप देने से पहले कृपया आंकड़ों की **दुतरफा जाँच** कर लें। |
| 351 | cross claim | (n) - प्रतिदावा | This matter is in dispute because of the **cross claim**. | **प्रति दावे** के कारण यह मामला विवाद में है। |
| 352 | cross cheque | (n) - क्रॉस चेक, रेखित चेक | Please issue a **crossed cheque** to avoid its misuse. | कृपया चेक **रेखित चेक** के रूप में ही जारी करें जिससे इसका दुरुपयोग न किया जा सके। |
| 353 | cross examination | (n) - प्रतिपरीक्षा*, जिरह* | The witness revealed the truth in **cross examination**. | साक्षी ने **जिरह** के दौरान सच कह दिया। |
| 354 | cross reference | (n) - **प्रति संदर्भ**, परस्पर संदर्भ | Please do check the **cross reference** before issuing the letter. | पत्र जारी करने से पहले **प्रति संदर्भ** जरुर चेक कर लें। |
| 355 | cross voting | (n) - **दूसरे पक्ष के लिए मतदान**, पक्षांतर मतदान | **Cross voting** by his party members has led to the defeat of the candidate. | अपनी पार्टी के सदस्यों द्वारा **दूसरे पक्ष के लिए मतदान** करने से उम्मीदवार हार गया। |
| 356 | crucial date | (n) - **महत्वपूर्ण तारीख***, निर्णायक तिथि* | 1. 15th August is a **crucial date** in Indian history. 2. The date of serving charge sheet is the **crucial date** in this case. | 1. भारत के इतिहास में 15 अगस्त एक **महत्वपूर्ण तारीख** है। 2. अभियोग पत्र दिए जाने की तारीख इस मामले में **महत्वपूर्ण तारीख** है। |
| 357 | crude | (adj) - 1. कच्चा, अपरिष्कृत 2. | 1. Now-a-days the price of **crude** oils is not stable. 2. There is a refinery of | 1. **कच्चे तेल** के दाम आजकल स्थिर नहीं हैं। 2. जामनगर में **अशोधित** तेल को शुद्ध करने के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अशोधित 3. (भाषा) **असभ्य,** अशिष्ट | **crude** oil in Jamnagar. 3. The **crude** behaviour of the officer in the meeting was criticised. | लिए तेल शोधक कारखाना है। 3. बैठक में कर्मचारी के **असभ्य** व्यवहार की आलोचना हुई। |
| 358 | culprit | (n) - अपराधी, दोषी | The **culprit** was absconding. | **मुजरिम** फरार था । |
| 359 | cultivation | (n) -1. **जुताई *,** खेती*, कृषि* 2. **विकास,** संवर्धन | 1. Fertileness of soil decreases due to excessive use of pesticide and **cultivation**. 2. Majority of rural people earn their livelihood through **cultivation**. 3. The company believes in **cultivation** of staff and management relations. | 1. अत्यधिक कीटनाशक के प्रयोग और **जुताई** से मिट्टी की उर्वरक शक्ति कम हो जाती है। 2. अधिकतर ग्रामीण **खेती** से अपनी जीविका अर्जित करते हैं। 3. कंपनी कर्मचारी और प्रबंधन के बीच संबंधों में **विकास** करने में विश्वास रखती है। |
| 360 | cultural agreement | (n) - सांस्कृतिक करार | The **cultural agreement** between the two countries will help strengthning relationship. | दोनों देशों के बीच **सांस्कृतिक करार** संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगा। |
| 361 | cumulative | (adj) - संचयी | **Cumulative** amount in this insurance is the highest. | इस बीमा में **संचयी राशि** सबसे अधिक है। |
| 362 | currency | (n) - 1. मुद्रा*, करेंसी 2. **मियाद*, वैधता अवधि*** 3. प्रचलन | 1. Presently Indian **Currency** is not strong in International market. 2. The **currency** period of a promissory note is for one year. 3. American English is in **currency** now-a-days. | 1. भारतीय **मुद्रा** इस समय अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मजबूतनहीं है। 2. किसी वचन पत्र की **मियाद** एक वर्ष होती है। 3. आजकल अमेरिकन इंगलिश **प्रचलन** में है। |
| 363 | current | (adj) - चालू, प्रचलित, वर्तमान | 1. Short Circuit was due to high voltage of **current**. 2. The Power Plant of the NTPC is using the **current** of Kosi River. 3. The expenditure of the immediately preceding year may be adjusted in the **current** year. | 1. **बिजली** की उच्च वोल्टेज के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ । 2. एन.टी.पी.सी विद्युत संयंत्र में कोसी नदी के **जल प्रवाह** का इस्तेमाल कर रहा है। 3. ठीक पिछले वर्ष के व्यय को **वर्तमान** वर्ष में समायोजित किया जाए। |
| 364 | current account | (n) - चालू खाता | This branch has facility to open a **current account**. | इस शाखा में **चालू खाता** खोलने की सुविधा है। |
|---|---|---|---|---|
| 45. | feasibility report | (n) - **व्यवहार्यता रिपोर्ट***, साध्यता रिपोर्ट* | The feasibility report has been submitted for further action. | **व्यवहार्यता रिपोर्ट** आगे की कार्रवाई के लिए प्रस्तुत की गई है। |
| 46. | federation | (n) – **महासंघ**, परिसंघ | The sports federation is going to organize a 5 day talent hunt workshop. | खेल **महासंघ** पांच दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। |
| 47. | fee | (n) - शुल्क, फीस | The fee will be accepted by cheque only. | शुल्क केवल चेक के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। |
| 48. | feed | (n) – **फ़ीड**<br>(v) - **देना** | 1. The automatic paper feed of the printer has developed a problem.<br>2. USA intelligence agency had been feeding false information to a KGB agent. | 1. प्रिंटर के स्वचालित कागज **फ़ीड** में खराबी आ गई है।<br>2. अमेरिकी खुफिया एजेंसी के.जी.बी. एजेंट को झूठी सूचना **दे रही** थी। |
| 49. | feed back | (n) – 1. **फीडबैक**<br>2. पुनर्भरण<br>3. प्रतिपुष्टि* | The department has invited feedback from the trainees. | विभाग ने प्रशिक्षणार्थियों से **फीडबैक** मांगा है। |
| 50. | feeder post | (n) - **स्रोत पद**, **फीडर पद**, प्रदायक पद | No candidate in the feeder post is eligible for promotion. | **स्रोत पद** का कोई भी उम्मीदवार पदोन्नति के लिए पात्र नहीं है। |
| 51. | fellow | (n) - 1. अध्येता<br>2. **सदस्य**, अधि सदस्य<br>(adj) - साथी | (n) - 1. The Research Fellow has presented a research paper.<br>2. The scientist is a fellow of International Science Congress.<br>(adj) - The victim has alleged one of his fellow passengers responsible for the crime. | (n) - 1. अनुसंधान अध्येता ने शोध पत्र प्रस्तुत किया है।<br>2. वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस का **सदस्य** है।<br>(adj) - पीड़ित ने अपने एक साथी यात्री पर अपराध में शामिल होने का आरोप लगाया है। |
| 52. | fellowship | (n) - 1. **फैलोशिप**, अध्येतावृत्ति*<br>2. **सदस्यता***, **फैलोशिप**, अधि-सदस्यता* | 1. The scientist was offered a research fellowship at Bhabha Atomic Research Institute.<br>2. During this period 54 new members were brought into the fellowship. | 1. वैज्ञानिक को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में शोध **फैलोशिप** का प्रस्ताव दिया गया था।<br>2. इस अवधि के दौरान 54 नए सदस्यों को **सदस्यता** दी गई। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 53. | female foeticide | (n) - कन्या भ्रूणहत्या* | The Government is considering to make some stringent provision in law to check the incidents of female foeticide. | सरकार कन्या भ्रूणहत्या की घटनाओं को रोकने के लिए कानून में कुछ कड़े प्रावधान करने पर विचार कर रही है। |
| 54. | fertility rate | (n) - प्रजनन दर* | According to a survey report, fertility rate in the young population is going down due to excessive use of drugs. | सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, दवाओं के अत्यधिक उपयोग के कारण युवा आबादी की प्रजनन दर में गिरावट आ रही है। |
| 55. | festival advance | (n) - त्योहार अग्रिम, त्योहार पेशगी* | The rate of festival advance has been increased. | त्योहार अग्रिम की दर बढ़ा दी गई है। |
| 56. | fictitious | (adj) - **फर्जी**, कल्पित, बनावटी | To avoid a punishment, the employee has withdrawn his fictitious claim of Leave Travel Concession. | सजा से बचने के लिए कर्मचारी ने अपने छुट्टी यात्रा रियायत के **फर्जी** दावे को वापस ले लिया है। |
| 57. | fidelity | (n) – निष्ठा* | The fidelity of the employee to his work paid a lot to him. | कर्मचारी को कार्य के प्रति निष्ठा का अच्छा प्रतिफल मिला है। |
| 58. | fidelity guarantee policy | (n) - निष्ठा गारंटी पॉलिसी* | The insurance company has launched an innovative fidelity guarantee policy for its clients. | बीमा कंपनी ने अपने ग्राहकों के लिए अभिनव निष्ठा गारंटी पॉलिसी की शुरुआत की है। |
| 59. | field | (n) – 1. **मैदान**<br>2. क्षेत्र<br>3. **कार्य-क्षेत्र**<br>4. **स्थान**<br>(v) -1. **मैदान में उतारना**<br>2. **क्षेत्र रक्षण करना** | (n) - 1.The rescue team camped in a field near the village.<br>2. This discovery has opened up a whole new field of research.<br>3. In this regard, a field study has been suggested by the experts.<br>4. Data Operator will need to create separate fields for first name, surname and address.<br>(v) - 1. Each of the | (n) – 1. बचाव दल ने गांव के निकट **मैदान** में डेरा डाला।<br>2. इस खोज ने अनुसंधान का नया क्षेत्र खोल दिया है।<br>3. इस संबंध में विशेषज्ञों ने **कार्यक्षेत्र** अध्ययन का सुझाव दिया है।<br>4. डाटा ऑपरेटर को पहले नाम, उपनाम और पते के लिए अलग-अलग **स्थान**<br>बनाने होंगे।<br>(v) -1. मुख्य दलों में से प्रत्येक ने 300 से अधिक उम्मीदवारों को |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | main parties fielded more than 300 candidates.<br>2. The Indian Cricket team won the toss and chose to field first. | **मैदान में उतारा।**<br>2. भारतीय क्रिकेट टीम ने टॉस जीता और पहले **क्षेत्र-रक्षण करने** का फैसला किया। |
| 60. | field duty | (n) - **फील्ड ड्यूटी***, क्षेत्र ड्यूटी* | The employee has been deployed on field duty. | कर्मचारी को **फील्ड ड्यूटी** पर तैनात किया गया है। |
| 61. | field publicity | (n) - क्षेत्र प्रचार | There is a separate division for field publicity. | क्षेत्र प्रचार के लिए अलग प्रभाग है। |
| 62. | field staff | (n) - फील्ड स्टाफ, क्षेत्र अमला | Most of the field staff is on leave. | अधिकांश फील्ड स्टाफ छुट्टी पर हैं। |
| 63. | field survey | (n) - क्षेत्र सर्वेक्षण | The expert committee has submitted its report on the basis of field survey. | विशेषज्ञ समिति ने क्षेत्र सर्वेक्षण के आधार पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। |
| 64. | field work | (n) - **फील्ड कार्य**, क्षेत्र कार्य | The company has initiated the field work for its new project. | कंपनी ने अपनी नई परियोजना के लिए **फील्ड कार्य** शुरू किया है। |
| 65. | figure | (n) -1. अंक<br>2. **आंकड़ा**<br>3. आकृति<br>4. **व्यक्तित्व**<br>(v) – 1. **शामिल करना, प्रस्तुत करना**<br>2. **गणना करना** | (n) - 1. The employee's salary is now in five figures.<br>2. By 2012, this figure had risen to 14 million.<br>3. The spokesperson is an eminent political figure.<br>(v) – 1. The question of the peace settlement is likely to figure prominently in the talks.<br>2. The attendance of the meeting has been figured at 1500. | (n) - 1. कर्मचारी का वेतन अब पांच अंकों में है।<br>2. वर्ष 2012 तक यह **आंकड़ा** 14 मिलियन तक पहुंच गया था।<br>3. प्रवक्ता प्रतिष्ठित राजनीतिक **व्यक्तित्व** है।<br>(v) – 1. वार्ता में शांति समझौते का सवाल प्रमुखता से **शामिल किए जाने** की संभावना है।<br>2. बैठक में उपस्थिति की **गणना** 1500 की गई। |
| 66. | file | (n) -1. मिसिल, फाइल<br>2. (कंप्यू) संचिका<br>(v) - 1. फाइल करना | (n) -1. The file has been sent for approval.<br>2. Every file on the same disk must have | (n) -1. फाइल अनुमोदन के लिए भेज दी गई है।<br>2. एक डिस्क पर रखी गई प्रत्येक फ़ाइल को अवश्य ही अलग नाम |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. **दर्ज करना**, दाखिल करना | a different name.<br>(v) - 1. The application forms should be filed alphabetically.<br>2. The office has filed a complaint against the supplier. | दिया जाना चाहिए।<br>(v) - 1. आवेदनपत्र वर्ण क्रम के अनुसार फाइल किए जाने चाहिए।<br>2. कार्यालय ने आपूर्तिकर्ता के खिलाफ शिकायत **दर्ज कराई** है। |
| 67. | file charges | दस्तावेजी खर्च, फाइल खर्च | File charges have been exempted for a period of six months by the bank. | बैंक ने छह महीने की अवधि के लिए फ़ाइल खर्च में छूट दे दी है। |
| 68. | file movement register | (n) - **फ़ाइल आवाजाही रजिस्टर**, फाइल संचलन रजिस्टर | The file movement register may be seen to track the file. | फ़ाइल का पता लगाने के लिए **फ़ाइल आवाजाही रजिस्टर** देखा जा सकता है। |
| 69. | fill | (v) - भरना | The vacancy has already been filled. | रिक्ति को पहले ही भर लिया गया है। |
| 70. | filthy language | (adj) – **अभद्र भाषा***,गंदी भाषा* | The employee has been charged for using filthy language against his colleague. | कर्मचारी पर अपने सहयोगी के खिलाफ **अभद्र भाषा** का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है। |
| 71. | final | (adj) - अंतिम | The project is in its final stages. | परियोजना अपने अंतिम चरण में है। |
| 72. | finalize | (v) - अंतिम रुप देना | The department has finalized the terms of the agreement. | विभाग ने समझौते की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है। |
| 73. | finance | (n) – 1. **धन,** वित्त<br>2. वित्तपोषण<br>(v) – **धन उपलब्ध करना**, **वित्त उपलब्ध करना** | (n) – 1. Finance for education comes from taxpayers.<br>2. The report has recommended a review of public finances.<br>(v) – The housing project will be financed by the government. | (n) – 1. शिक्षा के लिए **धन** करदाताओं से प्राप्त होता है।<br>2. रिपोर्ट में सार्वजनिक वित्तपोषण की समीक्षा की सिफारिश की गई है।<br>(v) – सरकार आवासीय परियोजना के लिए **धन उपलब्ध** करेगी। |
| 74. | finance bill | (n) – वित्त विधेयक | The Parliament has passed the Finance Bill. | संसद ने वित्त विधेयक पारित कर दिया है। |
| 75. | financial | (adj) - वित्तीय, वित्त संबंधी | Organic farmers should be encouraged with financial incentives. | जैविक खेती करने वाले किसानों को वित्तीय प्रोत्साहन के जरिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए। |
| 76. | financial | (n) – वित्तीय | The State | राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | assistance | सहायता* | Government has sought more financial assistance from the Central Government. | और अधिक वित्तीय सहायता की मांग की है। |
| 77. | financial concurrence | (n) – वित्तीय सहमति* | The financial concurrence has been obtained for the project. | परियोजना के लिए वित्तीय सहमति प्राप्त कर ली गई है। |
| 78. | financial crisis | (n) – वित्तीय संकट | The Government has adopted some austerity measures to face the financial crisis. | सरकार ने वित्तीय संकट का सामना करने के लिए कुछ मितव्ययिता के कुछ उपाय अपनाए हैं। |
| 79. | financial gain | (n) – वित्तीय लाभ | The report reflects the financial gain achieved by the PSUs in 2011-12. | रिपोर्ट में वर्ष 2011-12 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को हुआ वित्तीय लाभ दर्शाया गया है। |
| 80. | financial implications | (n) – **वित्तीय प्रभाव**, वित्तीय पहलू, वित्तीय विवक्षाएं | There is no financial implication in upgrading 2 posts of Joint Director. | संयुक्त निदेशक के 2 पदों के उन्नयन से कोई **वित्तीय प्रभाव** नहीं पड़ेगा। |
| 81. | financial legislation | (n) – वित्तीय विधान | The Government intends to bring a financial legislation to curb the black money. | सरकार काले धन पर अंकुश लगाने के लिए वित्तीय विधान लाना चाहती है। |
| 82. | financial loss | (n) – **वित्तीय नुकसान**, वित्तीय हानि* | The company had to face a financial loss due to recession. | कंपनी को मंदी के कारण **वित्तीय नुकसान** उठाना पड़ा। |
| 83. | financial obligation | (n) – **वित्तीय भार**, वित्तीय दायित्व | There is sufficient fund to bear the financial obligation of the project. | परियोजना का **वित्तीय भार** वहन करने के लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध है। |
| 84. | financial powers | (n) – वित्तीय शक्तियां | The financial powers have been delegated to the Head of the Department. | विभागाध्यक्ष को वित्तीय शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं। |
| 85. | financial provision | (n) – वित्तीय प्रावधान | A financial provision has been made for the additional expenditure. | अतिरिक्त व्यय के लिए वित्तीय प्रावधान किया गया है। |
| 86. | financial review | (n) – वित्तीय समीक्षा | A financial review has been carried out by the Financial Advisor for making a provision for additional fund in the | वित्त सलाहकार ने संशोधित बजट अनुमान में अतिरिक्त निधि का प्रावधान करने के लिए वित्तीय समीक्षा की है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | revised budget estimate. | |
| 87. | financial sanction | (n) – 1.वित्तीय मंजूरी, वित्तीय संस्वीकृति* 2. **वित्तीय प्रतिबंध** | 1. The financial sanction has been accorded to purchase a staff car.<br>2. The Security Council has imposed a financial sanction against Iran for violating the UNO guidelines on nuclear non-proliferation. | 1. स्टाफ कार खरीदने के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है।<br>2. सुरक्षा परिषद ने परमाणु अप्रसार के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संघ के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए ईरान के खिलाफ **वित्तीय प्रतिबंध** लगाया है। |
| 88. | financial statement | (n) – वित्तीय विवरण | The financial statement of the company for the year 2011-12 has been received by the department. | विभाग को कंपनी के वर्ष 2011-12 का वित्तीय विवरण प्राप्त हो गया है। |
| 89. | financial year | (n) – वित्त-वर्ष | The rate of interest on GPF has been fixed at 8.5% for the current financial year. | चालू वित्त वर्ष के लिए सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज की दर 8.5% तय की गई है। |
| 90. | find | (n) – **खोज**<br>(v) – 1. **खोजना**<br>2. **पता चलना, निष्कर्ष निकालना**<br>3. **पाया जाना**<br>4. **पाना** | (n) – It is an important archaeological find.<br>(v) – 1.The scientists are trying to find a cure for cancer.<br>2. The report found that 30% of the crops have failed due to excessive rain.<br>3. This mineral is found only in Madhya Pradesh.<br>4. The committee has not found any proof against the employee. | (n) – यह एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक **खोज** है।<br>(v) – 1. वैज्ञानिक कैंसर का इलाज **खोजने** की कोशिश कर रहे हैं।<br>2. रिपोर्ट से यह **पता चला** है कि अत्यधिक बारिश के कारण 30% फसल नष्ट हो गई।<br>3. यह खनिज केवल मध्यप्रदेश में पाया जाता है।<br>4. जांच समिति को कर्मचारी के खिलाफ कोई प्रमाण नहीं मिला। |
| 91. | findings | (n) – निष्कर्ष | The findings of the committee have yet not been disclosed. | समिति के निष्कर्षों का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। |
| 92. | fine | (n) – जुर्माना<br>(adj) – **सूक्ष्म**<br>(v) – **जुर्माना लगाना** | (n) – Offenders will be liable to a heavy fine.<br>(adj) – There's no need to make such fine distinctions. | (n) – दोषियों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।<br>(adj) – इस तरह **सूक्ष्म** भेद करने की कोई ज़रूरत नहीं है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | (v) – The company was fined Rs. 20, 000 for breaching safety regulations. | (v) – सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के लिए कंपनी पर 20, 000 रूपए का **जुर्माना लगाया** गया। |
| 93. | fingerprint | (n) – **उंगलियों के निशान**, अंगुलिछाप | According to the police sources, the fingerprints found at the spot, have been matched with those of the suspect. | पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मौके पर पाए गए **उंगलियों के निशान** का संदिग्ध की **उंगलियों के निशान** के साथ मिलान किया गया है। |
| 94. | finished goods | (n) – तैयार माल | The VAT will be levied on the finished goods. | तैयार माल पर वैट वसूला जाएगा। |
| 95. | fire | (n) - आग<br>(v) -1. **गोली चलाना**<br>2. **दागना**<br>3. **नौकरी से बरखास्त करना**, नौकरी से निकालना | (n) - 1. The warehouse has been badly damaged by fire.<br>(v) – 1.The gunmen fired on the police.<br>2. Missiles were fired at the enemy.<br>3. The employee got fired from his job for dishonesty. | (n) - गोदाम आग से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।<br>(v) – 1. बंदूकधारियों ने पुलिस पर **गोली चलाई**।<br>2. दुश्मन पर मिसाइलें **दागी** गईं।<br>3. कर्मचारी को बेईमानी के कारण **नौकरी से बरखास्त कर** दिया गया। |
| 96. | fire brigade | (n) - दमकल दल, **फायर ब्रिगेड** | The fire brigade was there in minutes. | **फायर ब्रिगेड** मिनटों में वहां पहुंच गया था। |
| 97. | fire control instrument | (n) - अग्नि-नियंत्रण उपकरण | The fire brigade is equipped with fire control instruments. | दमकल दल अग्नि-नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित है। |
| 98. | fire drill | (n) - **आग बुझाने का अभ्यास**,ड्रिल* | The fire brigade has arranged a fire drill. | दमकल दल ने **आग बुझाने के अभ्यास** का आयोजन किया है। |
| 99. | fire extinguisher | (n) - अग्निशामक | The fire brigade has put out the fire with the help of fire extinguishers. | दमकल दल ने अग्निशामक की मदद से आग बुझा दी है। |
| 100. | firefighting equipment | (n) - **अग्निशमन उपकरण** | Report revealed that there was no fire-fighting equipment available on the spot. | रिपोर्ट से पता चलता है कि घटना-स्थल पर कोई **अग्निशमन उपकरण** उपलब्ध नहीं था। |
| 101. | fire service | (n) – अग्निशमन सेवा* | In case of fire, don't be panic and inform the fire service immediately. | आग लगने पर घबराएं नहीं और तुरंत अग्निशमन सेवा को सूचित करें। |
| 102. | fire station | (n) – दमकल केंद्र | The fire station was very far from the place of fire. | दमकल केंद्र आग लगने की जगह से बहुत दूर था। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 103. | firing | (n) – **गोलीबारी***,गोलीकांड, गोली चलाना, गोली चलना | There was continuous firing throughout the night along the LOC. | नियंत्रण रेखा पर रात भर निरंतर **गोलीबारी** हुई। |
| 104. | firm | (n) – फर्म*, व्यवसाय-प्रतिष्ठान<br>(adj) – **ठोस**<br>(v) – **अंतिम रूप देना**<br>(adv) - **दृढ़** | (n) – The Computer firm has submitted its quotation for the supply of computers.<br>(adj) – There was no firm evidence to support the case.<br>(v) – The company has not yet firmed up its plans for expansion.<br>4. The employee held firm to his principles. | (n) – कंप्यूटर फर्म ने कंप्यूटरों की आपूर्ति के लिए अपना कोटेशन प्रस्तुत किया है।<br>(adj) – मामले के पक्ष में कोई **ठोस** सबूत नहीं था।<br>(v) – कंपनी ने अभी तक अपने विस्तार के लिए योजनाओं को **अंतिम रूप** नहीं **दिया** है।<br>(adv) - कर्मचारी अपने सिद्धांतों के प्रति **दृढ़** है। |
| 105. | first aid | (n) – **प्राथमिक उपचार**, प्रथम उपचार | After giving first aid, the employee has been discharged from the hospital. | **प्राथमिक उपचार** के बाद, कर्मचारी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। |
| 106. | first class | (n) , (adj) , (adv) - प्रथम श्रेणी*, उत्तम | 1. There are more rooms in the first class.<br>2. The candidate was awarded a first-class degree in English.<br>3. The officer has travelled in first class. | 1. प्रथम श्रेणी में और अधिक कमरे हैं।<br>2. उम्मीदवार को अंग्रेजी में प्रथम श्रेणी की डिग्री मिली।<br>3. अधिकारी ने प्रथम श्रेणी में यात्रा की है। |
| 107. | first come, first served | पहले आओ, पहले पाओ | The application forms are available on first come, first served basis. | आवेदन फॉर्म, पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध हैं। |
| 108. | first degree | (n) - **पहली डिग्री***, **पहली उपाधि***<br>(adj) – **गंभीर** | (n) - The candidate completed his first degree in economics.<br>(adj) – It was a case of first degree robbery. | (n) - उम्मीदवार ने अर्थशास्त्र में अपनी **पहली डिग्री** पूरी की।<br>(adj) – यह डकैती का **गंभीर** मामला था। |
| 109. | first generation | (n)/(adj) – **पहली पीढ़ी*** | (n) - This is a first generation of note pad.<br>(adj) – This is a first generation nuclear reactor. | (n) - यह नोटपैड की **पहली पीढ़ी** है।<br>(adj) – यह **पहली पीढ़ी** का नाभिकीय रिएक्टर है। |
| 110. | first half | (n) – पूर्वार्ध | There has been a considerable progress | इस तिमाही के पूर्वार्ध में आर्थिक वृद्धि में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | in the economic growth during the first half of the quarter. | |
| 111. | first information report(FIR) | (n) – प्रथम सूचना रिपोर्ट* | The police registered first information report of the theft case. | पुलिस ने चोरी के मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। |
| 112. | first quarter | (n) – पहली तिमाही* | The report should be submitted by the last working day of the first quarter. | रिपोर्ट पहली तिमाही के अंतिम कार्य दिवस तक प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए। |
| 113. | fiscal | (adj) – राजकोषीय | The fiscal deficit has reached beyond the estimation this quarter. | इस तिमाही में राजकोषीय घाटा अनुमान से परे पहुँच गया है। |
| 114. | fiscal policy | (n) – राजकोषीय नीति* | The Government is going to review the fiscal policy to mitigate the crisis of inflation. | सरकार मुद्रास्फीति के संकट को कम करने के लिए राजकोषीय नीति की समीक्षा करने जा रही है। |
| 115. | fiscal reform | (n) – राजकोषीय सुधार | The Government has announced more measures for fiscal reform. | सरकार ने राजकोषीय सुधार के लिए कुछ और उपायों की घोषणा की है। |
| 116. | fishy | (adj) – **संदेहजनक, संदेहास्पद** | There was something fishy going on in the camp. | शिविर में कुछ **संदेहजनक** गतिविधियां चल रही थीं। |
| 117. | fit | (n) – **तालमेल**<br>(adj) – 1. योग्य, उपयुक्त<br>2. स्वस्थ<br>(v) – 1.**संगत होना, संगत बनाना**<br>2. **उपयुक्त होना, उपयुक्त बनाना**<br>3. **लगा/सज्जित होना** | 1. Marketing is a dynamic process of ensuring a best fit between the capabilities of an organization and the demands placed upon it by its external environment.<br>(adj) – 1.The place was not fit for school building.<br>2. The candidate is physically fit for the job.<br>(v) – 1.The candidate's experience fitted him perfectly for the job.<br>2. The rooms were all | 1. विपणन एक संगठन की क्षमताओं और उसके बाहरी वातावरण की मांगों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने की गतिशील प्रक्रिया है।<br>(adj) – 1. स्थान स्कूल भवन के लिए उपयुक्त नहीं था।<br>2. उम्मीदवार सरकारी सेवा के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ है।<br>(v) – 1. उम्मीदवार अनुभव की दृष्टि से सेवा के लिए पूरी तरह से **उपयुक्त** है।<br>2. सभी कमरों में स्मोक अलार्म लगे हुए थे। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | fitted with smoke alarms. | |
| 118. | fitment | (n) – **निर्धारण** | The fitment benefit should be given during fixation of pay. | वेतन नियतन के दौरान **निर्धारण** लाभ दिया जाना चाहिए। |
| 119. | fitness | (n) - 1. उपयुक्तता*, योग्यता* 2. स्वस्थता* 3 दुरुस्ती | 1. There was doubt about the candidate's fitness to hold office. 2. A high level of physical fitness is required for the job. | 1. पद के लिए उम्मीदवार की योग्यता पर संदेह था। 2. इस कार्य के लिए उच्च स्तर की शारीरिक स्वस्थता की आवश्यकता है। |
| 120. | fitness certificate | (n) - 1. स्वस्थता प्रमाणपत्र 2. दुरुस्ती प्रमाणपत्र | The employee has submitted fitness certificate along with the leave application. | कर्मचारी ने छुट्टी के आवेदन के साथ स्वस्थता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया है। |
| 121. | fix | (n) – 1.**समाधान** 2. **अनैतिक तरीका** (v) - 1. **तय करना**, निर्धारित करना 2. नियत करना | (n) – 1.There is no quick fix for the inflation. 2. The selection of the candidate was a fix. (v) – 1. Has the date of the next meeting been fixed? 2. The interest rate has been fixed at 6.5% on the fixed deposit. | (n) - 1. मुद्रास्फीति के लिए कोई त्वरित **समाधान** उपलब्ध नहीं है। 2. उम्मीदवार का चयन **अनैतिक तरीके** से किया गया था। (v) – 1. क्या अगली बैठक की तारीख **तय की गई** है? 2. सावधि जमा पर ब्याज दर 6.5% नियत की गई है। |
| 122. | fixation | (n) – 1. निर्धारण 2. नियतन 3. स्थिर करना | The DOPT has issued guidelines for fixation of pay. | कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने वेतन निर्धारण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। |
| 123. | fixed assets | (n) - **अचल परिसंपत्ति***,स्थायी परिसंपत्ति* | The value of the fixed assets of the company is about 500 crore rupees. | कंपनी की **अचल परिसंपत्तियों** का मूल्य लगभग 500 करोड़ रुपए है। |
| 124. | fixed deposit | (n) - **सावधि जमा**, मियादी जमा | The bank has announced the modified rates of interest for fixed deposits. | बैंक ने **सावधि जमाओं** के लिए संशोधित ब्याज दरों की घोषणा की है। |
| 125. | fixed price | (n) - **निर्धारित मूल्य**, नियत कीमत* | The supplier has quoted fixed prices for a period of six months. | आपूर्तिकर्ता ने छह महीने की अवधि के लिए **निर्धारित मूल्य** की कोटेशन दी है। |
| 126. | flag | (n) – पताका*, ध्वज (v) – 1. **निशान** | (n)- The peace-keeping force was working under the | (n)- शांति सेना संयुक्त राष्ट्र के ध्वज के अधीन कार्य कर रही थी। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **लगाना**<br>2. **कम होना, मंद पड़ना, फीका पड़ना** | flag of the United Nations.<br>(v) - 1.The paragraphs have been flagged that we need to look at in more detail.<br>2. The confidence of Indian Army had never flagged. | (v) – 1. जिन पैराओं को विस्तार से देखने की जरूरत है, उन पर **निशान लगा दिया** गया है।<br>2. भारतीय सेना का मनोबल कभी भी **कम नहीं हुआ**। |
| 127. | flag march | (n) – **फ्लैगमार्च**<br>(v) – **फ्लैगमार्च करना** | (n) – The army began their flag march to the border area.<br>(v) -The army flag marched in the disturbed area. | (n) – सेना ने सीमाक्षेत्र में **फ्लैगमार्च** आरंभ किया।<br>(v) - सेना ने अशांत क्षेत्र में **फ्लैगमार्च किया**। |
| 128. | flag off | (v) – **रवाना करना** | The DG has flagged off the expedition team. | महानिदेशक ने अभियान दल को **रवाना किया**। |
| 129. | flash | (n) – **कौंध*, चमक***<br>(adj) – **अचानक**<br>(v) – 1. **दिखाना**<br>2. **तत्काल प्रसारित करना** | (n) – Eyewitnesses spoke of a flash followed by an explosion.<br>(adj) - The campsite was deluged by a flash flood.<br>(v) – 1. The employee flashed his identification card at the security officer.<br>2. The news of terrorist attack has been flashed all over the world.<br>3. A message was flashing on the screen. | (n) – चश्मदीद गवाहों ने **कौंध** के बाद धमाका होने की बात कही।<br>(adj) – **अचानक** आई बाढ़ के कारण शिविर स्थल जलमग्न हो गया।<br>(v) – 1. कर्मचारी ने सुरक्षा अधिकारी को अपना पहचान पत्र **दिखाया**।<br>2. आतंकवादी हमले का समाचार **तत्काल** दुनियाभर में **प्रसारित किया गया**।<br>3. स्क्रीन पर संदेश **चमक रहा** था। |
| 130. | flashpoint | (n) - **चरम बिंदु** | Tension in the city was rapidly reaching flashpoint. | शहर में तनाव तेजी से **चरम बिंदु** पर पहुंच रहा था। |
| 131. | flat | (n) – फ्लैट<br>(adj) -1. **स्पष्ट, साफ**<br>2. सपाट, एकसमान<br>3. **मंदा** | (n) – Many large old government quarters have been converted into flats.<br>(adj) – 1. The police have issued a flat denial of any | (n) – कई बड़े पुराने सरकारी क्वार्टरों को फ्लैटों में बदल दिया गया है।<br>(adj) - 1. पुलिस ने क्रूरता के मामले में किसी भी तरह शामिल होने से |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | involvement in the atrocity case.<br>2. Fees are charged at a flat rate, rather than on a percentage basis.<br>3. The housing market has been flat for months. | **स्पष्ट** इनकार किया है।<br>2. प्रतिशत आधार के बजाए एकसमान दर से शुल्क प्रभारित किया जाता है।<br>3. आवास बाजार महीनों से **मंदा** है। |
| 132. | flaw | (n) – **खामी***, **त्रुटि*** | The report reveals fatal flaws in security at the airport. | रिपोर्ट से पता चला है कि हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर **त्रुटियां** हैं। |
| 133. | fleet | (n) - बेड़ा | A fleet of aircrafts was deployed for evacuation of Indian citizens from the war affected country. | युद्ध प्रभावित देश से भारतीय नागरिकों की निकासी के लिए विमानों के एक बेड़े को तैनात किया गया था। |
| 134. | flexible | (adj) - **लचीला** | Our plans need to be flexible enough to cater for the needs of everyone. | हमारी योजना हर किसी की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी **लचीली** होनी चाहिए। |
| 135. | flexibility | (n) - लचीलापन | The excessive flexibility in the workplace could damage the working environment. | कार्यस्थल में अत्यधिक लचीलापन काम के माहौल को नुकसान पहुंचा सकता है। |
| 136. | flexible working hours | (n) - लचीले कार्य घंटे | The Employee's Union has demanded for a flexible working hours. | कर्मचारी संघ ने लचीले कार्य घंटों की मांग की है। |
| 137. | flexible rules | (n) - लचीले नियम | The committee has emphasized a need for flexible rules to attract the foreign investment. | समिति ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए लचीले नियमों की जरूरत पर बल दिया है। |
| 138. | flexi time | (n) - **लचीला कार्य-समय** | A proposal for flexi time is being considered by the company. | कंपनी **लचीले कार्य-समय** के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। |
| 139. | flight | (n) – 1.फ्लाइट, उड़ान*<br>2. **भागना** | 1. A number of flights have been cancelled due to fog.<br>2. The refugees were in flight in search of safe shelters. | 1. कोहरे की वजह से अनेक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।<br>2. शरणार्थी सुरक्षित आश्रयों की खोज में **भाग रहे** थे। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 140. | flimsy excuse | (n) - थोथा बहाना | The employee has submitted a flimsy excuse for being late. | कर्मचारी ने देर से आने के लिए थोथा बहाना पेश किया है। |
| 141. | flimsy ground | (n) - सारहीन आधार | The proposal has been turned down on flimsy ground. | प्रस्ताव को सारहीन आधार पर ठुकरा दिया गया है। |
| 142. | flip-flop | (v) – **बार-बार राय बदलना** | The member was criticized of flip-flopping on several major issues. | कई प्रमुख मुद्दों पर **बार-बार राय बदलने** के लिए सदस्य की आलोचना की गई। |
| 143. | float | (v) – 1. **सुझाव देना**<br>2. **आरंभ करना**, कंपनी आदि प्रवर्तन करना, चालू करना,<br>3. **उपलब्ध होना** | 1. The committee floated the idea of increased taxes on tobacco products.<br>2. The company was floated in 2001.<br>3. There's a lot of cash floating around in the economy at the moment. | 1. समिति ने तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाने का **सुझाव दिया** है।<br>2. कंपनी वर्ष 2001 में **आरंभ की** गई।<br>3. इस समय अर्थव्यवस्था में भारी मात्रा में नकदी **उपलब्ध है**। |
| 144. | floating capital | (n) - चल पूंजी* | The floating capital of the company is around 100 million rupees. | कंपनी की चल पूंजी लगभग 100 मिलियन रुपए है। |
| 145. | floating rate | (n) - **अस्थिर दर***  | The banks also offer floating rate of interest for housing loan. | बैंक आवास ऋण के लिए ब्याज की **अस्थिर दर** की भी पेशकश करते हैं। |
| 146. | floating liability | (n) - चल देयता* | Floating liability can be converted into fixed one at behest of the lender. | ऋणदाता की इच्छा पर चल देयता को स्थिर अचल देयता में बदला जा सकता है। |
| 147. | floating population | (n) - **चल आबादी*** | The accuracy of the census could be affected due to the floating population. | जनगणना की सटीकता **चल आबादी** की वजह से प्रभावित हो सकती है। |
| 148. | floating voter | (n) - **अस्थिर मतदाता** | The news report is silent over the floating voters. | समाचार रिपोर्ट **अस्थिर मतदाताओं** के बारे में मौन है। |
| 149. | flock | (n) – **समूह**<br>(v) - **अधिक संख्या में आना** | (n) – The reporters came in flocks to cover the ceremony.<br>(v) - The public have flocked to the Independence Day Celebration. | (n) – पत्रकार समारोह को कवर करने के लिए **समूह** में आए थे।<br>(v) - जनता स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए **अधिक संख्या में आई** हैं। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 150. | flood | (n) –1. **बाढ़***<br>2. **भारी संख्या**<br>(v) -1. **पानी भर जाना**<br>2. **बाढ़ आना**<br>3. **अंबार लगना**<br>4. **प्रसार करना**<br>**5. बहुतायत में उपलब्ध होना** | (n) – 1. The remote areas were cut off by flood.<br>2. A flood of complaints have been received by the MTNL.<br>(v) -1. Due to heavy rain fall, the city has been flooded.<br>2. There are now fears that the river could flood.<br>3. Donations have been flooding in since the Prime Minister launched the appeal.<br>4. A conspiracy to flood the country with forged banknotes has been unearthed by the police.<br>5. Cheap imported goods are flooding the market. | (n) – 1. **बाढ़** के कारण दूरदराज के क्षेत्र कट गए थे।<br>2. एमटीएनएल को **भारी संख्या** में शिकायतें मिलीं।<br>(v) -1. भारी वर्षा के कारण, शहर में **पानी भर गया** है।<br>2. अब आशंका है कि नदी में **बाढ़ आ सकती है**।<br>3. प्रधानमंत्री की अपील के बाद दान का **अंबार लग गया** है।<br>4. पुलिस ने देश में जाली नोटों का **प्रसार करने** की साजिश का पता लगाया है।<br>5. सस्ते आयातित माल बाजार में **बहुतायत में उपलब्ध हो** रहे हैं। |
| 151. | flood relief | (n) - बाढ़ राहत | The army has been deployed for flood relief. | बाढ़ राहत के लिए सेना तैनात की गई है। |
| 152. | floor | (n) – 1. फर्श<br>2. तल, **मंजिल***<br>3. **निम्नतम स्तर**<br>4. मंच<br>(v) – 1. **भ्रमित करना, भ्रमित होना**<br>2. **मार गिराना** | (n) – 1. The floor of the conference hall should be repaired.<br>2. CTB is on the eighth floor of the Paryavaran Bhawan.<br>3. Prices of the shares have gone through the floor.<br>4. The floor has been designed by the floor manager.<br>(v) – 1. A couple of the questions completely floored the member.<br>2. The police have | (n) – 1. सम्मेलन हॉल के फर्श की मरम्मत की जानी चाहिए।<br>2. केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो पर्यावरण भवन की आठवीं **मंजिल** पर है।<br>3. शेयरों की कीमतें **निम्नतम स्तर** पर पहुंच गई हैं।<br>4. मंच प्रबंधक ने मंच का डिजाइन किया है।<br>(v) – 1. कतिपय सवालों से सदस्य पूरी तरह से **भ्रमित हो गए**।<br>2. पुलिस ने हमलावरों को **मार गिराया** है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | floored the attackers. | |
| 153. | floor of the House | (np) - **सदन** | Opposition members registered their protest on the floor of the House. | विपक्षी सदस्यों ने **सदन** में अपना विरोध दर्ज कराया। |
| 154. | flow | (n) – 1. **आपूर्ति***<br>2. **उपलब्धता***<br>3. प्रवाह, **गति***<br>(v) – 1. **प्रवाहित होना, बहना**<br>2. **आता रहना**<br>3. **आना**<br>4. **उपलब्ध करवाना**<br>5. **चलना** | (n) – 1.The Prime Minister's Rural Road Scheme will ensure the flow of goods and services to remote areas.<br>2. The new traffic control system will improve the traffic flow in peak hours.<br>(v) – 1. The dam constructed along the river bank will prevent the flood water from flowing to the villages.<br>2. Election results flowed in throughout the night.<br>3. Large numbers of refugees continue to flow from the troubled region into the no-man's land.<br>4. An interest rate reduction is needed to get more money flowing *in to the market* and create jobs.<br>5. The new one-way system should help the traffic to flow better. | (n) - 1. प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना दूरदराज के क्षेत्रों में माल की **आपूर्ति** और सेवाओं की **उपलब्धता** को सुनिश्चित करेगी।<br>2. नई यातायात नियंत्रण प्रणाली से व्यस्त समय में यातायात की **गति** में सुधार होगा।<br>(v) - 1. नदी किनारे निर्मित बांध बाढ़ के पानी को गांवों में **बहने** से रोकेगा।<br>2. चुनाव परिणाम रात भर **आते रहे**।<br>3. अशांत क्षेत्र से बड़ी संख्या में शरणार्थियों का नियंत्रण-मुक्त क्षेत्र में **आना** जारी है।<br>4. बाजार के लिए और अधिक धन **उपलब्ध करवाने** तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए ब्याज दर में कमी करने की जरूरत है।<br>5. नई एकल मार्ग प्रणाली से यातायात के बेहतर रूप से **चलने** में मदद मिलेगी। |
| 155. | flow chart | (n) - प्रवाह-चार्ट | The flow chart of the procedure is attached for ready reference. | कार्यप्रणाली का प्रवाह चार्ट संदर्भ के लिए संलग्न है। |
| 156. | fluctuate | (v) – 1. **घटना - बढ़ना**<br>2. **उतार - चढ़ाव**<br>**3. बदलता रहना** | 1. Temperatures can fluctuate by as much as 5 degrees.<br>2. During the crisis, oil prices fluctuated | 1. तापमान अधिकतम 5 डिग्री तक **घट-बढ़** सकता है।<br>तापमान में अधिकतम 5 डिग्री तक **उतार-चढ़ाव** हो सकता है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | between $60 and $100 a barrel. | 2. संकट के दौरान तेल की कीमतें $ 60 और $100 प्रति बैरल के बीच **बदलती रहीं**। |
| 157. | fluctuation | (n) – 1. **बदलाव**<br>2. घट-बढ़<br>3. उतार-चढ़ाव | 1. Prices are subject to fluctuation.<br>2. The fluctuation in interest rates may affect the EMI. | 1. कीमतों में **बदलाव** हो सकता है।<br>2. ब्याज दरों में होने वाले उतार-चढ़ाव से ई.एम.आई. प्रभावित हो सकती है। |
| 158. | fluency | (n) - **धाराप्रवाह** | Fluency in English and Hindi is required for the job of interpreter. | दुभाषिया के काम के लिए अंग्रेजी और हिंदी बोलने में **धाराप्रवाह** योग्यता आवश्यक है। |
| 159. | fluent | (adj) - **निर्बाध** | Fluent movements of troops have been noticed across the border. | सीमा पार सैनिकों की **निर्बाध** आवाजाही देखी गई है। |
| 160. | fluid | (n) – **तरल पदार्थ**<br>(adj) – 1. **अस्थिर**<br>2. **अस्पष्ट** | (n) – The suspicious container was filled with blue fluid.<br>(adj) -The political situation of the country will continue to be fluid till the election result is declared. | (n) – संदिग्ध कंटेनर में नीला **तरल पदार्थ** भरा हुआ था।<br>(adj) - देश की राजनीतिक स्थिति चुनाव परिणाम घोषित होने तक **अस्पष्ट** बनी रहेगी। |
| 161. | fluidity | (n) – **तरलता***, **प्रवाहिता*** | The economists are in favour of greater fluidity of cash. | अर्थशास्त्री नकदी के अधिक से अधिक **तरलता** के पक्ष में हैं। |
| 162. | fly | (v) – 1. **विमान से जाना**<br>2. **लहराना**<br>3. **उड़ना**<br>4. **विमान उड़ाना**<br>5. **भाग निकलना**<br>6. **सफल होना** | (v) – 1. The Prime Minister will be flying to Tokyo today for a three-day visit.<br>2. A quarantine flag was flying on the ship.<br>3. The plane was attacked as it flew over restricted airspace.<br>4. Due to the bad weather, the pilot was instructed to fly the plane to Jaipur airport.<br>5. Both suspects have | (v) -1. प्रधानमंत्री आज **विमान से** टोक्यो के तीन दिवसीय दौरे पर **जाएंगे**।<br>2. जहाज पर संगरोध झंडा **लहरा रहा** था।<br>3. विमान पर प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के ऊपर **उड़ने** के कारण हमला किया गया था।<br>4. खराब मौसम के कारण, पायलट को **विमान** जयपुर हवाई अड्डे ले जाने का निदेश दिया गया था।<br>5. दोनों संदिग्ध, देश से **भाग निकले** हैं।<br>6. अब यह देखना है कि क्या |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | flown the country.<br>6. It remains to be seen whether the project will fly. | परियोजना **सफल हो** पाएगी। |
| 163. | flyer | (n) - **हवाईयात्री** | The flyers have to pay the airport development fee in addition to airfare. | **हवाईयात्रियों** को विमान किराए के अलावा हवाई अड्डा विकास शुल्क का भुगतान करना होगा। |
| 164. | flying squad | (n) - उड़न दस्ता | The flying squad of the police department has raided the firm's offices. | पुलिस विभाग के उड़न दस्ते ने फर्म के कार्यालयों पर छापा मारा है। |
| 165. | flying visit | (n) – **संक्षिप्त दौरा** | The commission has planned to pay a flying visit to the riot affected area. | आयोग ने दंगा प्रभावित क्षेत्र का **संक्षिप्त दौरा** करने की योजना बनाई है। |
| 166. | fly leaf | (n) - कोरा पन्ना | The librarian noticed some written comments on the fly leaf of the book. | पुस्तकाध्यक्ष ने किताब के कोरे पन्ने पर कुछ टिप्पणियां देखी। |
| 167. | fly past | (n) - **सलामी उड़ान** | The dignitaries enjoyed the fly past on the occasion of the Republic Day Parade. | गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने **सलामी उड़ान** का आनंद लिया। |
| 168. | focus | (n) – 1. **ध्यान**<br>2. **स्पष्ट, फोकस**<br>(v) – 1. **केंद्रित होना, केंद्रित करना**<br>2. **फोकस होना, फोकस करना** | (n) –1. In today's meeting, the focus will be on inflation.<br>2. In CCTV footage the faces of the suspects are out of focus.<br>(v) – 1. The discussion focused on law and order situation of the city.<br>2. In this photograph, the camera focuses on the dignitaries. | (n) –1. आज की बैठक में, मुद्रास्फीति पर **ध्यान** केंद्रित किया जाएगा।<br>2. सीसीटीवी फुटेज में संदिग्धों के चेहरे **स्पष्ट** नहीं हैं।<br>(v) -1. चर्चा शहर की कानून व्यवस्था की स्थिति पर **केंद्रित** थी।<br>2. इस तस्वीर में, कैमरा गणमान्य व्यक्तियों पर **फोकस** है। |
| 169. | foeticide | (n) – 1. गर्भनाश, भ्रूणहत्या<br>2. (वि)गर्भनाशी | The social activists have demanded for a stringent legislation against girl foeticide. | सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ कड़े कानून बनाने की मांग की है। |
| 170. | folder | (n) - फोल्डर | The folder contains all the files related to this project. | इस फ़ोल्डर में परियोजना से संबंधित सभी फ़ाइलें हैं। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 171. | follow | (v) – 1. अनुसरण करना<br>2. पालन करना<br>3. पीछा करना<br>4. **परिणाम होना**<br>5. **जारी रखना**<br>6. **बाद में आना** | 1. The other police vehicles were following the pilot car.<br>2. Follow the instructions very carefully when filling in the form.<br>3. The patrol car followed the criminal's car and then caught it.<br>4. The agreement followed months of negotiation.<br>5. It is not feasible to follow the project.<br>6. A detailed news report will follow. | 1. अन्य पुलिस वाहन पायलट कार का अनुसरण कर रहे थे।<br>2. फॉर्म भरते समय निदेशों का ध्यानपूर्वक पालन करें।<br>3. गश्ती कार ने कुछ मील तक अपराधी की कार का पीछा किया और उसे धर दबोचा।<br>4. यह समझौता महीनों की वार्ता का **परिणाम** है।<br>5. इस परियोजना को **जारी रखना** व्यावहारिक नहीं है।<br>6. विस्तृत समाचार **बाद में आएगा**। |
| 172. | following | (n) – 1. **समर्थक, अनुयायी**<br>(adj) - निम्नलिखित,नीचे लिखा,नीचे दिया<br>(prep) - के बाद | (n) –The cricket has a big following in India.<br>(adj) - Payment may be made in any of the following ways: cheque, cash, or net banking.<br>(prep) - Following the speech, there will be a few minutes for questions. | (n) –1. भारत में क्रिकेट के काफी **समर्थक** हैं।<br>(adj) - भुगतान निम्नलिखित में से किसी भी तरीके से किया जा सकता है: चैक, नकद, या नेट बैंकिंग।<br>(prep) - भाषण के बाद सवाल पूछने के लिए कुछ मिनट दिए जाएंगे। |
| 173. | follow-through | (n) – **पूर्ण कवायद** | The project could fail if there is inadequate follow-through. | अगर **पूर्ण कवायद** नहीं की गई तो परियोजना असफल हो सकती है। |
| 174. | follow-up | (n) – **आगे की कड़ी**, अनुवर्तन<br>(adj) – **अनुवर्ती, आगे** | (n) – The report is follow-up to the previous one.<br>(adj) - One man was arrested during the raid and another during a follow-up operation. | (n) – यह रिपोर्ट पिछली रिपोर्ट की **आगे की कड़ी** है।<br>( adj ) - एक व्यक्ति को छापे के दौरान गिरफ्तार किया गया था और दूसरे व्यक्ति को **आगे की** कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया था। |
| 175. | follow up action | (n) - **आगे की कार्रवाई***, अनुवर्ती कार्रवाई* | The office is requested to inform about the follow up action has been taken in this regard. | कार्यालय से अनुरोध है कि इस संबंध में की गई **आगे की कार्रवाई** के बारे में सूचित करें। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 176. | foment | (v) – **भड़काना**, उकसाना | The local people have been accused of fomenting political unrest. | स्थानीय लोगों पर राजनीतिक अशांति **भड़काने** का आरोप लगाया गया है। |
| 177. | food processing | (n) – खाद्य प्रसंस्करण | SISI has organized a food processing workshop for new entrepreneurs. | लघु उद्योग सेवा संस्थान ने नए उद्यमियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण कार्यशाला का आयोजन किया है। |
| 178. | food security | (n) - **खाद्य सुरक्षा*** | The committee has reviewed the ongoing schemes on food security. | समिति ने **खाद्य सुरक्षा** की चालू योजनाओं की समीक्षा की। |
| 179. | foolproof | (adj) - **विश्वसनीय और आसान** | The net banking system is not 100 per cent foolproof. | नेट बैंकिंग प्रणाली 100 प्रतिशत **विश्वसनीय और आसान** नहीं है। |
| 180. | footage | (n) - **तस्वीर, फुटेज** | The police got a clue from the CCTV footage about the suspects. | पुलिस को सीसीटीवी **तस्वीरों** से संदिग्ध लोगों के बारे में सुराग मिला। |
| 181. | foothold | (n) – **पकड़(बनाना), आधार(बनाना), स्थापित (होना)** | The company is eager to gain a foothold in foreign markets. | कंपनी विदेशी बाजारों में **पकड़ बनाने** के लिए उत्सुक है। |
| 182. | footing | (n) – 1.**स्थिति, आधार**<br>2. **स्तर** | 1. The company is now on a sound financial footing.<br>2. The new law puts women on an equal legak footing with men. | 1. अब कंपनी की वित्तीय **स्थिति अच्छी है।**<br>अब कंपनी का वित्तीय **आधार** अच्छा है।<br>2. नया कानून महिलाओं और पुरुषों को कानून की दृष्टि से समान स्तर पर रखता है। |
| 183. | foot note | (n) - पाद टिप्पणी | Please, add appropriate foot notes for reference. | कृपया, संदर्भ के लिए उपयुक्त पाद टिप्पणी दें। |
| 184. | footwork | (n) - **कदम** | The Government is going to take some deft political footwork to save the situation. | सरकार स्थिति को संभालने के लिए कुछ कुशल राजनीतिक **कदम** उठाने जा रही है। |
| 185. | forbear | (v) - **अपने आप को रोकना, (से) बचना** | The police forbore from lathi charge on protesters. | पुलिस प्रदर्शनकारियों पर लाठी चलाने से **अपने आप को रोका।** |
| 186. | forbid | (v) - निषेध करना | The law forbids racial or gender discrimination. | कानून में नस्लीय या लिंग आधारित भेदभाव का निषेध किया गया है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| 187. | forbidden | (adj) – **निषिद्ध, वर्जित** | This was a forbidden area for tourists. | यह पर्यटकों के लिए **वर्जित** क्षेत्र था। |
| 188. | force | (n) – 1. **बल**<br>2. **दबाव**<br>3. **शक्ति***<br>(v) -1. **विवश कर देना**<br>2. **दबाव डालना** | (n) – 1. The release of the hostages could not be achieved without the use of force.<br>2. The shopping centre took the full force of the blast.<br>3. The expansion of education should be a guiding force for social change.<br><br>(v) – 1. Ill health forced the employee into early retirement.<br>2. The spokesperson was forced to resign. | (n) - 1. बंधकों की रिहाई **बल** प्रयोग के बिना संभव नहीं थी।<br>2. शॉपिंग सेंटर विस्फोट का पूरा **दबाव** झेल गया।<br>3. सामाजिक बदलाव के लिए शिक्षा का विस्तार एक मार्गदर्शी **शक्ति** होना चाहिए।<br>(v) - 1. अस्वास्थता ने कर्मचारी को जल्दी सेवानिवृत्ति लेने पर **विवश कर दिया।**<br>2. प्रवक्ता पर इस्तीफा देने के लिए **दबाव डाला** गया था। |
| 189. | forced | (adj) – **बलात्** | The mines were manned by forced labour from colonial countries. | इन खानों में औपनिवेशिक देशों से लाए गए **बलात्** मजदूर काम करते थे। |
| 190. | forcible | (adj) – **बलपूर्वक, जबरन** | The police lodged a complaint against the demonstrators for forcible entry in to the restricted area. | पुलिस ने प्रतिबंधित क्षेत्र में **बलपूर्वक** प्रवेश के लिए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। |
| 191. | forcibly | (adv) - **बलपूर्वक, जबरन** | The supporters of the accused were forcibly removed from the court. | अभियुक्त के समर्थकों को **बलपूर्वक** न्यायालय से हटा दिया गया। |
| 192. | forecast | (n) – **भविष्यवाणी**, पूर्वानुमान<br>(v) - **पूर्वानुमान लगाना**, **भविष्यवाणी करना** | (n) - The forecast said there would be rise in prices of commodities in coming months.<br>(v) - Experts are forecasting a recovery in the economy. | (n) –आने वाले महीनों में वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होने की **भविष्यवाणी** की गई है।<br>(v) - विशेषज्ञ अर्थव्यवस्था में सुधार की का **पूर्वानुमान लगा रहे हैं**। |
| 193. | foreclose | (v) – 1. **कब्ज़ा करना**<br>2. **रोकना** | 1. The bank may foreclose on the | 1. ऋण राशि की अदायगी में चूक के मामले में बैंक बंधक पर **कब्ज़ा कर** |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. **मना करना** | mortgage in case of default in payment of loan amount.<br>2. The judge's decision foreclosed any possibility of an early release. | सकता है।<br>2. जज के निर्णय से जल्दी रिहाई की किसी भी संभावना पर **रोक** लग गई। |
| 194. | foreclosure | (n) – 1. **पहले चुकाना, पूर्वमोचन**<br>2. **पुरोबंध**<br>3. **निषेध** | In case of foreclosure of loan, the Bank will charge additional 2% on balance amount. | ऋण **पहले चुकाने** के मामले में, बैंक शेष राशि पर अतिरिक्त 2% शुल्क लेगा। |
| 195. | foregoing | (adj) – **पहले**, पूर्ववर्ती | The foregoing examples illustrate this point. | **पहले** के उदाहरण इस बात को स्पष्ट करते हैं। |
| 196. | foreground | (n) – **केंद्र बिंदु, चर्चा का विषय, प्रमुख मुद्दा**<br>(v) – **ध्यान दिलाना, ध्यान आकर्षित करना** | (n) - Inflation and interest rates will be in the foreground of the meeting.<br><br>(v) - The incident foregrounds the relationship between corrupt employees and businessmen. | (n) – मुद्रास्फीति और ब्याज दर, बैठक में **प्रमुख मुद्दे** होंगे।<br>(v) – यह घटना भ्रष्ट कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच के रिश्ते की ओर **ध्यान दिलाती** है। |
| 197. | foreign | (adj) – 1. **विदेश** , विदेशी<br>2. बाह्य, **बाहरी**<br>**3. अपरिचित** | 1. India's foreign policy is based on the peaceful coexistence.<br><br>2. Custom Duty is levied on foreign goods.<br><br>3.The country will not tolerate foreign interference.<br><br>4. The language of computer is quite foreign to the trainees. | 1. भारत की **विदेश** नीति शांतिपूर्ण सह - अस्तित्व पर आधारित है।<br>2. विदेशी वस्तुओं पर सीमा शुल्क की उगाही की जाती है।<br>3. देश **बाहरी** हस्तक्षेप को बरदास्त नहीं करेगा।<br>4. कंप्यूटर की भाषा प्रशिक्षणार्थियों के लिए काफी **अपरिचित** है। |
| 198. | foreign affairs | (n) - विदेशी मामले | The advisory committee on foreign affairs has suggested some diplomatic measures to curb the cross border terrorism. | विदेशी मामलों की सलाहकार समिति ने सीमा पार आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए कुछ कूटनीतिक उपायों का सुझाव दिया है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 199. | foreign capital | (n) - विदेशी पूंजी | A large amount of foreign capital is invested in the insurance sector. | बीमा क्षेत्र में बड़ी मात्रा में विदेशी पूंजी का निवेश किया गया है। |
| 200. | foreign collaboration | (n) - विदेशी सहयोग | The Government is considering a proposal on foreign collaboration in the field of higher education. | सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विदेशी सहयोग के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। |
| 201. | foreign direct investment | (n) - विदेशी प्रत्यक्ष निवेश | The Government is considering some flexible legislation to attract foreign direct investment. | सरकार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कुछ लचीले कानून बनाने पर विचार कर रही है। |
| 202. | foreign exchange | (n) – 1. **विदेशी एक्सचेंज** 2. विदेशी मुद्रा* | 1. The euro fell on the foreign exchanges yesterday. 2. Tourism is an important source of foreign exchange. | 1. कल **विदेशी एक्सचेंजों** में यूरो का मूल्य गिर गया। 2. पर्यटन विदेशी मुद्रा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। |
| 203. | foreign posting | (n) - विदेश (में) तैनाती* | The officer has requested to cut short the tenure of his foreign posting. | अधिकारी ने अपनी विदेश में तैनाती के कार्यकाल को कम करने का अनुरोध किया है। |
| 204. | foreign service | (n) – 1. विदेश सेवा* 2. **विभागेतर सेवा***, अन्यत्र सेवा* | 1. The officer has joined the foreign service. 2. Service rendered by a government servant in foreign service on regular basis will be treated as regular service. | 1. अधिकारी ने विदेश सेवा में कार्यभार ग्रहण किया है। 2. किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा नियमित आधार पर की गई **विभागेतर सेवा** को नियमित सेवा माना जाएगा। |
| 205. | foreign trade | (n) - विदेशी व्यापार | The Government is trying to balance in foreign trade. | सरकार विदेश व्यापार में संतुलन लाने की कोशिश कर रही है। |
| 206. | foremost | (adj) - **सबसे पहले**, **सबसे आगे** | The Prime Minister was foremost among those who condemned the violence. | हिंसा की निंदा करने वालों में प्रधानमंत्री **सबसे आगे** थे। |
| 207. | forename | (n) - **पूर्वनाम** | Please check that your surname and forenames have been correctly entered. | कृपया अपना उपनाम और **पूर्वनाम** सटीक रूप से दर्ज करें। |
| 208. | forenoon | (n) - पूर्वाह्न, दोपहर | The meeting will be | बैठक पूर्वाह्न में आयोजित की |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | से पहले | held in the forenoon. | जाएगी। |
| 209. | forensic | (adj) - न्यायिक | The police have submitted some forensic evidence to the special bench of the court. | पुलिस ने न्यायालय की विशेष पीठ के समक्ष कोई न्यायिक साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। |
| 210. | foresee | (v) - **पूर्वानुमान लगाना** | The extent of the damage caused by the cyclone could not have been foreseen. | चक्रवात की वजह से कितना नुकसान हुआ इसका **पूर्वानुमान लगाना** संभव नहीं था। |
| 211. | foresight | (n) – दूरदर्शिता* | The decision was an example of the lack of foresight. | यह निर्णय दूरदर्शिता की कमी का उदाहरण था। |
| 212. | foretaste | (n) - **पूर्वानुभव** | The police were unaware that the street violence was just a foretaste of what was to come. | पुलिस इस बात से अनजान थी कि सड़कों पर हुई हिंसा सिर्फ आगे होने वाली घटना का **पूर्वानुभव** था। |
| 213. | foretell | (v) - **पहले से बताना** | The economists have foretold that the market would recover soon. | अर्थशास्त्रियों ने **पहले बता** दिया है कि बाजार में जल्द ही सुधार होगा। |
| 214. | forethought | (n) – **पूर्व-चिंतन** | Some forethought and preparation is necessary before we embark on the project. | इस परियोजना को प्रारंभ करने से पहले कुछ **पूर्व-चिंतन** और तैयारी जरूरी है। |
| 215. | forewarn | (v) - **पहले से सचेत करना, खबरदार करना** | The commander had been forewarned of the attack. | कमांडर को हमले के बारे में **पहले से सचेत किया गया** था। |
| 216. | foreword | (n) - प्राक्कथन | Foreword often may influence the reader's interpretation of the book. | प्राक्कथन अक्सर पुस्तक के बारे में पाठक की व्याख्या को प्रभावित कर सकता है। |
| 217. | forfeit | (n) – **जुर्माना, अर्थदंड**<br>(adj) - **जब्त**<br>(v) – 1. खो देना<br>2. जब्त करना | (n) – The borrower will has to pay a forfeit if he fails to repay the loan.<br>(adj) - The company's property may even be forfeit.<br>(v) – 1. By being absent from the trial, the company forfeited the right to appeal. | (n) – यदि उधारकर्ता ऋण नहीं चुकाता है तो उसे **अर्थदंड** का भुगतान करना होगा।<br>(adj) - कंपनी की संपत्ति **जब्त** भी की जा सकती है।<br>(v) – 1. विचारण से अनुपस्थित रहने के कारण, कंपनी ने अपील करने का अधिकार खो दिया।<br>2. परिवहन फर्म पर जुर्माना लगाया |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2. The transport firm was fined and ordered to forfeit its fleet of vehicles. | गया और उसके वाहनों के बेड़े को जब्त करने का आदेश दिया गया। |
| 218. | forfeiture | (n) – जब्ती* | The forfeiture of the property of the company has been challenged in the court. | कंपनी की संपत्ति की जब्ती को अदालत में चुनौती दी गई है। |
| 219. | forge | (n) – **भट्टी*, फोर्ज**<br>(v) – 1. **विकसित करना**<br>2. **आगे बढ़ना**<br>3. **जाली बनाना** | (n) – The company has decided to replace the old forges with new ones.<br>(v) –<br>1. The Prime Minister is determined to forge a good relationship with neighboring countries.<br>2. Crowds of people were forging through the streets towards the India Gate.<br>3. The officer alleged that the supplier had forged his signature. | (n) – कंपनी ने पुरानी **भट्टियों** के बदले नई **भट्टी** लगाने का फैसला किया है।<br>(v) -<br>1. प्रधानमंत्री पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध **विकसित करने** के लिए दृढ़प्रतिज्ञ हैं।<br>2. लोगों की भीड़ सड़कों से होकर इंडिया गेट की ओर **बढ़ रही** थी।<br>3. अधिकारी ने आपूर्तिकर्ता पर अपना हस्ताक्षर **जाली बनाने** का आरोप लगाया। |
| 220. | forged | (adj) – **फर्जी**, जाली | A number of forged passports have been seized from the tourist. | पर्यटक से बड़ी संख्या में **फर्जी** पासपोर्ट जब्त किए गए हैं। |
| 221. | forgery | (n) – जालसाजी* | The police have registered a forgery case against the company. | पुलिस ने कंपनी के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया है। |
| 222. | forgive | (v) - **माफ करना** | The Government has agreed to forgive a large part of the agricultural debt. | सरकार कृषि ऋण का बड़ा हिस्सा **माफ करने** के लिए सहमत हो गई है। |
| 223. | forgo | (v) – **छोड़ना**, **छोड़ देना**, **न लेना** | The employee has decided to forgo his promotion. | कर्मचारी ने अपनी पदोन्नति **न लेने** का निर्णय लिया है। |
| 224. | form | (n) –1. **प्रकार**<br>2. रुप<br>3. **आकार** | (n) – 1. There are different forms of softwares for accounting. | (n) –1. लेखाकार्य के लिए विभिन्न **प्रकार** के सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं।<br>2. वैज्ञानिक ने परिवहन का |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 4. फॉर्म, प्रपत्र, **पत्र**<br>5. **फॉर्म(प्रदर्शन)**<br>6. **ढाँचा**<br>(v) – 1.**स्थापित करना**<br>2. **बनाना**<br>3. **गठित करना** | 2. The scientist has developed an environment-friendly form of transport.<br>3. The main building was in the form of a big 'Y'.<br>4. Application forms are available on the website of the UPSC.<br>5. The whole team was on good form and deserved the win.<br>6. The building stood in its original form until 1980.<br>(v) –<br>1. CARE was formed in 1946 and helps the poor in 38 countries.<br>2. The river forms a natural boundary between the two countries.<br>3. The alliance hopes to form the new government. | पर्यावरण- अनुकूल रुप विकसित किया है।<br>3. मुख्य भवन अंग्रेजी के बड़े 'Y' अक्षर के **आकार** का था।<br>4. आवेदन **पत्र** संघ लोक सेवा आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।<br>5. पूरी टीम अच्छे **फॉर्म** में थी और जीत की हकदार थी।<br>6. यह भवन 1980 तक अपने मूल **ढाँचे**<br>में था।<br>(v) - 1. केअर 1946 में **स्थापित किया गया** और यह 38 देशों में गरीबों की मदद करता है।<br>2. नदी दोनों देशों के बीच एक प्राकृतिक सीमा **बनाती** है।<br>3. गठबंधन को नई सरकार **गठित करने** की उम्मीद है। |
| 225. | formal | (adj) - औपचारिक | No formal announcement has been made yet in this regard. | इस संबंध में, अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। |
| 226. | formality | (n) - औपचारिकता | The applicant should complete all the formalities necessary in order to get a passport. | आवेदक को पासपोर्ट के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करना चाहिए। |
| 227. | formally | (adv) - **विधिवत् रूप से** | The report was formally approved by the board. | बोर्ड ने रिपोर्ट **विधिवत् रूप से** अनुमोदित कर दी। |
| 228. | format | (n) – 1. **प्रारूप**, संरुप, फॉर्मेट<br>2. **स्वरूप**<br>(v) – 1.**व्यवस्थित करना, रूप देना**<br>2. **फॉर्मेट करना** | (n) – 1.The requisite information may be furnished in prescribed format.<br>2. The images are stored in a digital format within the | (n) -1. अपेक्षित जानकारी निर्धारित **प्रारूप** में प्रस्तुत की जाए।<br>2. तस्वीरें डेटाबेस के भीतर डिजिटल **स्वरूप** में रहती है।<br>(v) - 1. आयोजक ने सम्मेलन को इस तरह **व्यवस्थित किया कि** |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | database.<br>(v) – 1.The organizer formatted the conference so that each speaker had 15 minutes to deliver a research paper.<br>2. The computer has been formatted. | प्रत्येक वक्ता के पास शोध-पत्र प्रस्तुत करने के लिए 15 मिनट का समय था।<br>2. कंप्यूटर को **फॉर्मेट किया** गया है। |
| 229. | formation | (n) – 1. **गठन**, निर्माण<br>2. **संरचना** | 1. The regional parties had played a major role in the formation of the Government.<br>2. During the Republic Day Parade fighter jets were flying in various formations. | 1. क्षेत्रीय दलों ने सरकार के **गठन** में प्रमुख भूमिका निभाई थीं।<br>2. गणतंत्र दिवस परेड के दौरान, लड़ाकू जेट विमान विभिन्न **संरचनाओं** में उड़ रहे थे। |
| 230. | former | (adj) – 1. पहला, पूर्व<br>2. पूर्ववर्ती | 1. The former option would be much more cost effective.<br>2. The employee has joined his former service. | 1. पहला विकल्प बहुत अधिक लागत प्रभावी होगा।<br>2. कर्मचारी अपनी पूर्ववर्ती सेवा में शामिल हो गया है। |
| 231. | formidable | (adj) - **विकट** | Finance Minister said that we have to overcome the formidable economic crisis. | वित्त मंत्री ने कहा कि हमें **विकट** आर्थिक संकट से उबरना होगा। |
| 232. | formula | (n) – सूत्र, **फार्मूला** | The two countries are trying to work out a peace formula acceptable to both sides. | दोनों देश दोनों पक्षों को स्वीकार्य शांति **फार्मूला** तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। |
| 233. | formulate | (v) – बनाना, रुप देना | The Crisis Management Group is studying the situation but has not formulated any plan yet. | आपदा प्रबंधन समूह स्थिति का अध्ययन कर रहा है, लेकिन अब तक योजना को कोई रूप नहीं दिया गया है। |
| 234. | formulation | (n) – **निर्माण, तैयार(करना)** | The Government is considering formulation of new policy on foreign investment. | सरकार विदेशी निवेश पर नई नीति **तैयार करने** पर विचार कर रही है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 235. | forswear | (v) – 1. **इंकार करना**<br>2. **शपथ लेकर अस्वीकार करना**, **झूठ बोलना**<br>3. **त्याग देना**, **छोड़ देना** | 1. Few countries have yet not forsworn the use of chemical weapons.<br>2. The witness forswore his previous Testimony.<br>3. The ultras were offered an aminity if they forswore violence. | 1. कुछ देशों ने अब तक रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल से **इंकार नहीं किया** है।<br>2. गवाह ने अपने पूर्ववर्ती साक्ष्य को **शपथ लेकर अस्वीकार किया**।<br>गवाह ने अपने पूर्ववर्ती साक्ष्य के बारे में **शपथ लेकर झूठ बोला**।<br>3. चरमपंथियों को हिंसा छोड़ देने की शर्त पर माफी का प्रस्ताव दिया गया। |
| 236. | forthcoming | (adj) – 1. आगामी<br>2. **उपलब्ध**<br>**3. जानकारी देने में इच्छुक** | 1. Given the forthcoming elections, the security arrangements have been reviewed.<br>2. Financial support was not forthcoming for the project.<br>3. The officer is never very forthcoming about his plans. | 1. आगामी चुनावों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है।<br>2. परियोजना के लिए वित्तीय सहायता **उपलब्ध** नहीं थी।<br>3. अधिकारी कभी भी अपनी योजनाओं के बारे में **जानकारी देने में इच्छुक** नहीं रहे। |
| 237. | forthright | (adj) – **स्पष्टवादी**<br>(adv) – **स्पष्ट रूप से** | Please, convey forthright what you think of the action plan. | कृपया, कार्य योजना के बारे में अपने विचार **स्पष्ट रूप से** बताएं। |
| 238. | forthwith | (adv) - **तत्काल** | This is to inform you that the agreement between us is terminated forthwith. | आपको सूचित किया जाता है कि हमारे बीच का समझौता **तत्काल** समाप्त होता है। |
| 239. | fortnight | (n) - पक्ष, पखवाड़ा | Hindi fortnight was celebrated in the Central Govt. offices. | केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। |
| 240. | fortnightly | (adj)- पाक्षिक<br>(adv) – **पाक्षिक रूप से** | (adj)- Reports are being sent at fortnightly intervals.<br>(adv) - The committee meets fortnightly. | (adj) - रिपोर्ट पाक्षिक अंतराल पर भेजी जा रही हैं।<br>(adv) – समिति की बैठक **पाक्षिक रूप से** होती है। |
| 241. | forum | (n) - मंच, फोरम | The journal aims to provide a forum for discussion and debate on social issues. | पत्रिका का उद्देश्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा और बहस के लिए मंच प्रदान करना है। |
| 242. | forward | (adj) –1. अग्रवर्ती, | (adj) - 1.The snowfall | (adj) - 1. बर्फबारी के कारण बचाव |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **आगे**<br>2. **पूर्वकालिक, पूर्व**<br>(v) – 1. **भेजना**<br>2. अग्रेषित करना<br>3. **आगे बढ़ाना**<br>(adv) – 1. **जारी**<br>2. **आगे**<br>3. **सामने** | has blocked the forward movement of the rescue team.<br>2. A forward planning can save a lot of expense.<br>(v) – 1. We will be forwarding you new training programme next week.<br>2. The application has been forwarded to UPSC.<br>3. The officer saw the assignment as a way to forward his career.<br>(adv) – 1.The project will go forward as planned.<br>3. The main cabin is situated forward of the mast. | दल का **आगे** नहीं बढ़ पाया।<br>2. **पूर्व** योजना से खर्च कम किया जा सकता है।<br>(v) - 1. हम आपको अगले सप्ताह नया प्रशिक्षण कार्यक्रम **भेजेंगे**।<br>2. आवेदन संघ लोक सेवा आयोग को अग्रेषित किया गया है।<br>3. अधिकारी ने कार्यभार को अपने कैरियर को **आगे बढ़ाने** के साधन के रूप में देखा।<br>(adv) – 1. योजना के अनुसार, परियोजना **जारी** रहेगी।<br>3. मुख्य कैबिन मस्तूल के **सामने** है। |
| 243. | forwarding charges | (n) - अग्रेषण प्रभार | Forwarding charges have been deposited by the applicant. | आवेदक ने अग्रेषण प्रभार जमा कर दिया है। |
| 244. | forwarding letter | (n) - अग्रेषण पत्र | The representation is attached with the forwarding letter. | अग्रेषण पत्र के साथ अभ्यावेदन संलग्न है। |
| 245. | forward-looking | (adj) – 1. **दूरदर्शी**<br>2. **आधुनिक विचारधारा वाला** | We need dynamic and forward-looking engineers for this project. | हमें इस परियोजना के लिए कर्मठ और **दूरदर्शी** इंजीनियरों की जरूरत है। |
| 246. | foul play | (n) – 1. **गड़बड़ी***<br>2. **हत्या*** | 1. Police has suspected some foul play in the cricket match.<br>2. Police immediately began an investigation, but did not suspect foul play. | 1. पुलिस को क्रिकेट मैच में **गड़बड़ी** होने की आशंका किया है।<br>2. पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की, लेकिन **हत्या** का शक नहीं किया। |
| 247. | found | (v) - 1. **स्थापित करना**<br>2. **आधारित होना** | 1. BHU was founded by Pandit Madan Mohan Malviya.<br>2. The treaty was founded on mutual cooperation. | 1. पंडित मदन मोहन मालवीय ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय **स्थापित किया** थी।<br>2. यह संधि आपसी सहयोग पर **आधारित था**। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 248. | foundation | (n) -1. नींव, आधार<br>2. (संस्था) प्रतिष्ठान, **फाउंडेशन**<br>3. **स्थापना***| 1. The Minister has laid foundation of the school building.<br>2. The money will go to the AIDS Foundation.<br>3. The CTB has grown enormously since its foundation in 1971. | 1. मंत्री ने स्कूल की इमारत की नींव रखी है।<br>2. धनराशि एड्स **फाउंडेशन** को दी जाएगी।<br>3. 1971 में **स्थापना** के बाद से केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो का काफी विस्तार हुआ है। |
| 249. | founder | (n) – संस्थापक<br>(v) – 1. **असफल हो जाना**<br>2. **डूब जाना** | (n) – In his speech, the chairperson recalled the contribution of the founders of our democracy.<br>(v) – 1.The peace talks foundered on a basic lack of trust.<br>2. The surveillance boat foundered on a reef. | (n) – अपने भाषण में, अध्यक्ष ने हमारे लोकतंत्र के संस्थापकों के योगदान को याद किया।<br>(v) - 1. शांति वार्ता विश्वास की बुनियादी कमी के कारण **असफल हो गई**।<br>2. निगरानी नाव रीफ पर **डूब गई**। |
| 250. | fraction | (n) - **हिस्सा**, खंड, अंश | A fraction of the population never votes. | आबादी का एक **हिस्सा** कभी भी मतदान नहीं करता है। |
| 251. | fragment | (n) – **अंश, हिस्सा**<br>(v) - **खंडित करना** | (n) – Doordarshan has telecast a fragment of the ceremony.<br><br>(v) - The erstwhile USSR has been fragmented into small independent states. | (n) – दूरदर्शन ने समारोह के एक **अंश** का प्रसारण किया है।<br>(v) - तत्कालीन सोवियत संघ को छोटे-छोटे स्वतंत्र राष्ट्रों में **खंडित कर** दिया गया है। |
| 252. | frame | (n) – 1. **मूलभूत अवधारणा***, **मूल विचार**<br>2. **ढाँचा, रूपरेखा***<br>(v) – 1. **फंसाना**<br>2. **तैयार करना** | (n) – 1. We should look at the crisis in the frame of its social and economic context.<br>2. The study provides an explicit frame for the research project.<br><br>(v) – 1.The employee says he was framed in this case.<br>2. We will have to be | (n) – 1. हमें इस संकट को अपने सामाजिक और आर्थिक संदर्भ की **मूलभूत अवधारणा** के अनुसार देखना चाहिए।<br>2. यह अध्ययन अनुसंधान परियोजना के लिए एक स्पष्ट **रूपरेखा** प्रदान करता है।<br>(v) -1. कर्मचारी का कहना है कि उसे **फंसाया गया** था।<br>2. नई नीति **तैयार करते** समय हमें सावधान रहना होगा। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | careful in framing the new policy. | |
| 253. | framework | (n) – **रूपरेखा***,ढांचा | 1. The report provides a framework for further research.<br>2. We need to establish a legal framework for the protection of the environment. | 1. रिपोर्ट भावी अनुसंधान के लिए **रूपरेखा** उपलब्ध कराती है।<br>2. हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए कानूनी ढांचा स्थापित करने की जरूरत है। |
| 254. | franchise | (n) –1. **मतदान का अधिकार**, मताधिकार<br>2. **विशेष बिक्री अधिकार**, नामाधिकार<br>(v) - **विशेष बिक्री अधिकार देना** | (n) – 1. In India, the franchise is restricted to age group of 18 or above.<br>2. The company operates its business under franchise.<br>3. The Railway has franchised the catering service to the private companies. | (n) – 1. भारत में 18 या इससे अधिक आयु वर्ग तक ही **मतदान का अधिकार** सीमित है।<br>2. कंपनी **विशेष बिक्री अधिकार** के तहत अपने कारोबार चला रही है।<br>3. रेलवे ने निजी कंपनियों को खानपान सेवा का **विशेष बिक्री अधिकार दिया** है। |
| 255. | fraud | (n) – **छल**, **धोखाधड़ी**, कपट | The bank employee was charged with credit card fraud. | बैंक कर्मचारी पर क्रेडिट कार्ड के जरिए **धोखाधड़ी** करने का आरोप लगाया गया। |
| 256. | fraudulent | (adj) – **छलपूर्ण**, कपटपूर्ण | The police have registered complaints against fraudulent insurance claims. | पुलिस ने **छलपूर्ण** बीमा दावों के खिलाफ शिकायतें दर्ज की हैं। |
| 257. | free | (adj) – 1. **मुफ्त**, नि:शुल्क<br>2. मुक्त<br>3. **आजाद**, स्वतंत्र<br>4. **निर्बाध**<br><br>(v) – 1. **छोड़ना**<br>2. **छुड़ाना**<br>3. **मुक्त करना**<br>4. **उपलब्ध करना**<br>(adv) - **मुफ्त**, नि:शुल्क | (adj) – 1. All delegates are offered free accommodation.<br>2. A free trade agreement would be advantageous to both countries.<br>3. Women are struggling to break free from tradition.<br>4. Ensure there is a free flow of air around the machine.<br>(v) – 1. The terrorists have at last agreed to free the hostages.<br>2. 10 child labours had been freed by the police. | (adj) - 1. सभी प्रतिनिधियों को **मुफ्त** आवास का प्रस्ताव दिया गया है।<br>2. मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा।<br>3. महिलाएं रूढ़िगत परंपराओं से आजाद होने के लिए संघर्ष कर रही हैं।<br>4. मशीन के चारों ओर हवा का **निर्बाध** प्रवाह सुनिश्चित करें।<br>(v) –<br>1. अंततः, आतंकवादी बंधकों को **मुक्त करने** के लिए सहमत हो गए हैं।<br>2. पुलिस ने 10 बाल मजदूरों को **छुड़ाया**। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 3. The police are determined to free the town of crime.<br>4. The Government has decided to free up more resources for education.<br>(adv) - Children under five are allowed to travel free by train. | 3. पुलिस शहर को अपराध से **मुक्त करने** के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं।<br>4. सरकार ने शिक्षा के लिए और अधिक संसाधन **उपलब्ध करने** का निर्णय लिया है।<br>(adv) – पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ट्रेन में **मुफ्त** यात्रा करने की अनुमति है। |
| 258. | free delivery | (n) - नि:शुल्क वितरण | The company has offered a free delivery of goods. | कंपनी ने माल के नि:शुल्क वितरण की पेशकश की है। |
| 259. | freedom | (n) – 1. स्वातंत्र्य, स्वतंत्रता*, आजादी*<br>2. मुक्ति*<br>3. **अवसर** | 1. The United Nations Secretary-General has underlined the need for individual freedoms and human rights.<br>2. The committee has advocated the freedom of the Press.<br>3. According to the agreement worked out by the UN, all hostages and detainees would gain their freedom.<br><br>4. The new satellite TV channels offer viewers greater freedom of choice. | 1. संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की जरूरत पर बल दिया है।<br>2. समिति ने प्रेस की आजादी की वकालत की है।<br>3. संयुक्त राष्ट्र द्वारा तैयार किए गए समझौते के अनुसार, सभी बंधकों और बंदियों को मुक्ति मिलेगी।<br>4. नए उपग्रह टीवी चैनल दर्शकों के लिए चयन के अधिक **अवसर** देते हैं। |
| 260. | freedom fighter | (n) - स्वतंत्रता सेनानी | Nation salutes all the freedom fighters who sacrificed their lives for the sake of our independence. | राष्ट्र आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करता है। |
| 261. | free education | (n) - नि:शुल्क शिक्षा* | The Government schools provide free education to all. | सरकारी स्कूल सभी के लिए नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करते हैं। |
| 262. | freehold | (n) - पूर्ण स्वामित्व<br>(adj) - पूर्ण स्वामित्व वाला | (n) - People owning leasehold houses will be given a right to buy the freehold of their property. | (n) - पट्टेदारी घरों के मालिकों को अपनी संपत्ति का पूर्ण स्वामित्व खरीदने का अधिकार दिया जाएगा।<br>(adj) - बैंक केवल पूर्ण स्वामित्व |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | (adj) - The banks provide loan against freehold properties only. | वाली संपत्तियों के लिए ऋण देते हैं। |
| 263. | freelance | (adj) - **स्वतंत्र** | A freelance journalist has also been included in the delegation. | प्रतिनिधिमंडल में एक **स्वतंत्र** पत्रकार को भी शामिल किया गया है। |
| 264. | free market economy | (n) - मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था* | The traders have opposed the proposed free market economy. | व्यापारियों ने प्रस्तावित मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था का विरोध किया है। |
| 265. | free of charge | (adj) - नि:शुल्क, मुफ्त | All these services are available to the public free of charge. | ये सभी सेवाएं जनता के लिए नि:शुल्कउपलब्ध हैं। |
| 266. | free on board (F.O.B) | **पोत पर नि:शुल्क**, पोतपर्यंत नि:शुल्क | The supplier has quoted a price that covers all costs up to and including free on board. | आपूर्तिकर्ता ने जो कीमत उद्धृत की है, उसमें **पोत पर नि:शुल्क** सहित सभी लागत शामिल हैं। |
| 267. | free on rail(F.O.R) | **रेल पर नि:शुल्क**, रेलपर्यंत नि:शुल्क | The price is ex-factory and excluding free on rail. | यह कारखाने पर कीमत है और **रेल पर नि:शुल्क** इसमें शामिल नहीं है। |
| 268. | freeze | (n) – **रोक***<br>(v) – 1. **स्थिर करना**<br>2. **बंद होना**<br>3. **रोक लगाना**<br>4. **जम जाना**<br>5. कीलित करना | (n) - The Government has imposed a freeze on fresh recruitments.<br><br>(v) – 1. The opposition wants the Government to freeze prices.<br>4. The water pipes have frozen. | (n) - सरकार ने नई नियुक्तियों पर **रोक** लगाई है।<br>(v) – 1. विपक्ष चाहता है कि सरकार कीमतें **स्थिर करे**।<br>4. पानी के पाइपों में पानी **जम गया** है। |
| 269. | freight | (n) - 1. **माल ढुलाई***<br>2. **माल भाड़ा,** भाड़ा<br>3. माल<br>(v) – **(माल) लादना** | (n) - 1. The Indian Railways earn most of their profit from freight.<br>2. The freight rate of Indian Railway is usually cheaper than other mode of freight transportation.<br>3. The Indian Railway is expecting more freight carried by rail this year in comparison to the | (n) - 1. भारतीय रेलवे **माल ढुलाई** से सबसे अधिक लाभ कमाती है।<br>2. भारतीय रेलवे के **माल भाड़े** की दर माल परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में आमतौर पर किफायती है।<br>3. भारतीय रेलवे को पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष रेल द्वारा और अधिक माल की ढुलाई की उम्मीद है।<br>(v) - जहाज पर मशीनरी और |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | previous year.<br>(v) - The ship was freighted with machinery and grain. | अनाज लादा गया था। |
| 270. | friendly country | (n) - मित्र देश | The Government has extended cooperation to the friendly countries. | सरकार ने मित्र देशों के साथ सहयोग बढ़ाया है। |
| 271. | frequency | (n) - 1.बारंबारता*<br>2. **आवृत्ति***| 1. The increased frequency of road accidents is a major concern.<br>2. There is only a limited number of broadcasting frequencies available. | 1. सड़क दुर्घटनाओं की बारंबारता में वृद्धि, चिंता का प्रमुख कारण है।<br>2. प्रसारण **आवृत्तियां** सीमित संख्या में ही उपलब्ध हैं। |
| 272. | frequent | (adj) – **नियमित**<br>(v) – **बार-बार जाना, अक्सर जाना** | (adj) – The meetings were organized at frequent intervals.<br>(v) - The enquiry report reveals that the hotel was frequented by the suspect. | (adj) – बैठकें **नियमित** अंतराल पर आयोजित की गईं।<br>(v) - जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि संदिग्ध होटल में **अकसर जाता** था। |
| 273. | fresh vacancy | (n) - नई रिक्ति* | Due to retirement of incumbents, two fresh vacancies of Assistant Directors have been created. | पदधारियों की सेवानिवृत्ति के कारण, सहायक निदेशक की दो नई रिक्तियां हैं। |
| 274. | fresh receipt | (n) - नई आवती* | Please, put up the fresh receipts on the file. | कृपया, नई आवतियों को फ़ाइल पर प्रस्तुत करें। |
| 275. | full and final payment | (n) - पूरा और अंतिम भुगतान | The full and final payment has been made to the supplier. | आपूर्तिकर्ता को पूरा और अंतिम भुगतान कर दिया गया है। |
| 276. | full bench | (n) - पूर्ण न्यायपीठ* | The case will be heard by the full bench of the Supreme Court. | उच्चतम न्यायालय की पूर्ण न्यायपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। |
| 277. | full cover | (n) - पूर्ण संरक्षण | The insurance company will provide full insurance cover of the project. | बीमा कंपनी परियोजना को पूर्ण बीमा संरक्षण प्रदान करेगी। |
| 278. | full-fledged | (adj) - **पूर्ण विकसित, संपूर्ण** | The economists are expecting the emergence of a full-fledged market economy in near | अर्थशास्त्री निकट भविष्य में **पूर्ण विकसित** बाजार अर्थव्यवस्था के उभरने की उम्मीद कर रहे हैं। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | future. | |
| 279. | fulltime | (adj) - पूर्णकालिक | A 5 days fulltime induction training programme is being conducted for fresh recruits. | नए रंगरूटों के लिए 5 दिवसीय पूर्णकालिक प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। |
| 280. | function | (n) – 1. **कार्य**, प्रकार्य, कृत्य<br>2. समारोह<br>(v) - **कार्य करना** | (n) – 1. The function of the facilitation centre is to provide information to the tourists.<br>2. The office has arranged a function to honour the medal winner personnel.<br>(v) - Despite the power cuts, the office continued to function normally. | (n) – 1. सुविधा केन्द्र का **कार्य** पर्यटकों को जानकारी प्रदान करना है।<br>2. कार्यालय ने पदक विजेता कर्मियों को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन किया है।<br>(v) - बिजली कटौती के बावजूद, कार्यालय सामान्य रूप से **कार्य करता** रहा। |
| 281. | functional | (adj) – 1. प्रयोजनमूलक<br>2.**कार्यात्मक**, प्रकार्यात्मक<br>3. **चालू(होना)** | 1. The report emphasized to adopt a functional approach to Hindi learning as a second language.<br>2. The proposal of restructuring of the technical cadre is purely based on the functional needs of the organization.<br>3. The hospital will soon be fully functional. | 1. रिपोर्ट में दूसरी भाषा के रूप में हिंदी सीखने के लिए प्रयोजनमूलक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया गया।<br>2. तकनीकी संवर्ग के पुनर्गठन का प्रस्ताव विशुद्ध रूप से संगठन की **कार्यात्मक** आवश्यकताओं पर आधारित है।<br>3. अस्पताल जल्दी ही पूरी तरह से **चालू हो** जाएगा। |
| 282. | functionality | (n) – 1.**व्यावहारिकता***<br>2. **कार्यक्षमता*** | 1. Marketing processes may be aceelerated by the functionality of the product.<br>2. We need new software with additional functionality for this project. | 1. उत्पाद की **व्यावहारिकता** के कारण विपणन प्रक्रिया में गति आ सकती है।<br>2. हमें इस परियोजना के लिए अतिरिक्त **कार्यक्षमता** वाले नए सॉफ्टवेयर की जरूरत है। |
| 283. | functionary | (n) – पदधारी | The government functionaries have been advised to keep distance from any | सरकारी पदधारियों को किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी गई है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | type of political activities. | |
| 284. | fund | (n) – **धन**, निधि<br>(v) - **निधि देना**, **धन देना, वित्त पोषण करना** | (n) – The project has been cancelled because of lack of funds.<br>(v) -The Pulse Polio Programme has been funded by the WHO. | (n) – **धन** की कमी की वजह से परियोजना को रद्द कर दिया गया है।<br>(v) – पल्स पोलियो कार्यक्रम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा **वित्तपोषित किया** गया है। |
| 285. | fundamental | (n) – **मूलभूत तत्व, बुनियादी तत्व**<br>(adj) - **मूलभूत, बुनियादी** | (n) – The trainees have been taught the fundamentals of the job.<br>(adj) - A fundamental change in the education system is required. | (n) – प्रशिक्षणार्थियों को कार्य के **बुनियादी तत्व** सिखाए गए हैं।<br>(adj) - शिक्षा प्रणाली में **मूलभूत** परिवर्तन की आवश्यकता है। |
| 286. | fundamentalism | (n) - कट्टरवाद | The religious fundamentalism is still a challenge for our society. | धार्मिक कट्टरवाद अभी भी हमारे समाज के लिए चुनौती है। |
| 287. | fundamental principle | (n) - मूलभूत सिद्धांत | The committee found that the charge of diverting from the fundamental principle is baseless. | समिति ने मूलभूत सिद्धांत से हटने के आरोप को निराधार पाया। |
| 288. | fundamental rules | (n) - मूल नियमावली | Please refer the relevant fundamental rules in this regard. | इस संबंध में संगत मूल नियमावली देखें। |
| 289. | fundamentally | (adv) - **मूल रूप से** | The two approaches are fundamentally different. | दोनों दृष्टिकोण **मूल रूप से** अलग हैं। |
| 290. | funding | (n) – **निधीयन, धन (देना)**, **वित्त पोषण** | There have been cuts in government funding for scientific research. | वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए सरकारी **वित्त पोषण** में कटौती की गई है। |
| 291. | fund raising | (n) - **धन जुटाना** | The NGO has organized a charity show for fund raising. | गैर-सरकारी संगठन ने **धन जुटाने** के लिए चैरिटी शो का आयोजन किया है। |
| 292. | funeral | (n) - **अंतिम संस्कार,** दाह-संस्कार, अंत्येष्टि, | Hundreds of people attended the funeral of the beloved leader. | सैंकड़ों लोगों ने अपने प्रिय नेता के **अंतिम संस्कार** में भाग लिया। |
| 293. | furlough | (n) - **छुट्टी*** , फर्लो<br>(v) – **छुट्टी पर भेजना** | (n) - The soldiers are on furloughs. | (n) - सैनिक **छुट्टी** पर हैं।<br>(v)- मंदी के कारण कारखानों ने |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | (v) -The factories have begun furloughing hundreds of workers due to recession. | सैकड़ों कामगारों को **छुट्टी पर भेजना** शुरू कर दिया है। |
| 294. | furnish | (v) -1. प्रस्तुत करना, देना<br>2. सज्जित करना, सजाना | 1. Please furnish the details of the action plan immediately.<br>2. Please submit an estimate for furnishing the conference hall. | 1. कृपया कार्रवाई योजना का विवरण तत्काल प्रस्तुत करें।<br>2. कृपया सम्मेलन कक्ष को सजाने के लिए लागत अनुमान प्रस्तुत करें। |
| 295. | furniture | (n) - **फर्नीचर** | The office has floated tender for purchasing of new furniture. | कार्यालय ने नए **फर्नीचर** की खरीद के लिए निविदा जारी की है। |
| 296. | further | (adj) - **अगला**<br>(v) –1. **(आगे) बढ़ना**<br>2. **प्रोत्साहन मिलना**<br>3. **सहायता मिलना**<br>(adv) - **आगे** | (adj) - The museum is closed until further notice.<br>(v) – The Government hoped the new venture would further the cause of cultural cooperation between the two countries.<br>(adv) - The police have decided to investigate further. | (adj) - संग्रहालय **अगली** सूचना तक बंद रहेगा।<br>(v) – सरकार को उम्मीद थी कि नए उद्यम से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग **बढ़ेगा।**<br>सरकार को उम्मीद थी कि नए उद्यम से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग को **प्रोत्साहन मिलेगा**।<br>सरकार को उम्मीद थी कि नए उद्यम से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग को **सहायता मिलेगी**।<br>(adv) - पुलिस ने **आगे** जांच करने का फैसला किया है। |
| 297. | further action | (n) - अगली कार्रवाई | The note is submitted for further action. | नोट अगली कार्रवाई के लिए प्रस्तुत है। |
| 298. | furtherance | (n) – 1. **प्रोत्साहन**<br>2. **सहायता***  | The office took this action in (the) furtherance of the career of its employees. | कार्यालय ने अपने कर्मचारियों के कैरियर के **प्रोत्साहन** के लिए यह कदम उठाया। |
| 299. | furthermore | (adv) - **इसके अतिरिक्त, इसके अलावा** | Furthermore, the employee had not even contacted his officer. | **इसके अतिरिक्त**, कर्मचारी ने भी अपने अधिकारी से संपर्क नहीं किया था। |
| 300. | future | (n) – **भविष्य**<br>(adj) - **भावी** | (n) – 1. Given the market trend, the | (n) –1. बाजार के रुझान को देखते हुए **भविष्य** में विनिमय दर में |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | exchange rate is likely to fall in the future.<br>2. This deal could safeguard the futures of the 2000 employees.<br>(adj) – The scientists are now more able to predict future patterns of climate change. | गिरावट की संभावना है।<br>2. इस समझौते से 2000 कर्मचारियों का **भविष्य** सुरक्षित हो सकता है।<br>(adj) - अब वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन के **भावी** पैटर्न का पूर्वानुमान लगाने में अधिक सक्षम हैं। |

# G

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | gadget | (n) – **उपकरण, गैजेट** | Electronic gadgets should be switched off during takeoff and landing of aeroplanes. | इलेक्ट्रॉनिक **उपकरणों** को विमानों के उड़ान भरने और उतरने के दौरान बंद रखा जाना चाहिए। |
| 2. | gain | (n) - अभिलाभ, फायदा,लाभ<br>(v) – 1.**लाभ होना/ लाभ प्राप्त करना** | 1. These policies have resulted in great gains in public health.<br>2. The bank has gained more profit this year.<br>3. Trainees can gain valuable experience by working in the field. | 1. इन नीतियों का लोक स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत अच्छा लाभ हुआ है।<br>2. बैंक को इस वर्ष अधिक **लाभ हुआ** है।<br>3. प्रशिक्षार्थी फ़ील्ड में काम करके मूल्यवान अनुभव **प्राप्त कर सकते** हैं। |
| 3. | gainful employment | (n) - लाभकारी रोजगार | The Government is providing gainful employment to the youths. | सरकार युवाओं को लाभकारी रोजगार प्रदान कर रही है। |
| 4. | gainsay | (v) – **अस्वीकार करना, चुनौती देना** | Nobody can gainsay the claims of the social activist. | कोई भी सामाजिक कार्यकर्ता के दावों को **अस्वीकार नहीं कर सकता** है। |
| 5. | gainful worker | (n) - अर्जक कामगार | The number of gainful workers has been worked out. | अर्जक कामगारों की संख्या की गणना की गई है। |
| 6. | gallantry award | (n) - शौर्य पुरस्कार | The gallantry awards were presented by the President. | राष्ट्रपति ने शौर्य पुरस्कार प्रदान किए। |
| 7. | game | (n) – 1. खेल<br>2. आखेट | The winter games have been organized by the Sports Authority of India. | भारतीय खेल प्राधिकरण ने शीतकालीन खेलों का आयोजन किया है। |
| 8. | game changer | (n) – **दिशा-परिवर्तक** | Financial sector reform could be a game changer for the economy. | वित्तीय क्षेत्र में सुधार अर्थव्यवस्था के लिए दिशा-परिवर्तक हो सकता है। |
| 9. | game-plan | (n) – **रणनीति*, योजना*** | The game plan for marketing has been discussed in the board meeting. | बोर्ड की बैठक में विपणन की **रणनीति** पर चर्चा की गई है। |
| 10. | gang | (n) – **गिरोह**<br>(v) – **एकजुट होना** | (n) – The police have arrested a gang of drug dealers.<br>(v) – The small | (n) – पुलिस ने नशीले पदार्थों के धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है।<br>(v) – छोटे दुकानदार सुपरबाज़ारों से |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | shopkeepers ganged together to beat off competition from the supermarkets. | मिल रही चुनौती का सामना करने के लिए **एकजुट हुए।** |
| 11. | gap | (n) – 1. **अंतराल**<br>2. **अंतर**<br>3. **कमी** | 1. The meeting of the committee took place after a gap of six months.<br>2. The widening gap between the rich and the poor should be addressed.<br>3. There are gaps in the officer's knowledge of administration. | 1. समिति की बैठक छह महीने के **अंतराल** के बाद हुई।<br>2. अमीर और गरीब के बीच बढ़ते **अंतर** को पाटना चाहिए।<br>3. अधिकारी के प्रशासन संबंधी ज्ञान में **कमी** है। |
| 12. | garrison | (n) -1. **सैन्य टुकड़ी**<br>2. **दुर्ग**<br>(v) – **रक्षा करना** | (n) – 1.The garrison was called out when news of the enemy's advance was received.<br>2. The approaches to the garrison have been heavily mined.<br>(v) – Two regiments were sent to garrison the border town. | (n) – 1. दुश्मन के आगे आने की खबर मिलते ही **सैन्य टुकड़ी** को मोर्चे पर बुला लिया गया था।<br>2. **दुर्ग** की ओर जाने वाले मार्ग में भारी मात्रा में बारूदी सुरंगें बिछाई गई है\|<br>(v) – सीमावर्ती शहर की **रक्षा करने** के लिए दो रेजिमेंटों को भेजा गया। |
| 13. | gate pass | (n) – 1. गेट पास<br>2. प्रवेश-पत्र<br>3. द्वार-पत्र | The gate passes of the visitors are being checked. | आगंतुकों के गेट-पासों की जाँच की जा रही है। |
| 14. | gateway | (n) – 1.**प्रवेश द्वार**<br>2. **अवसर** | 1. Rohtang pass is the gateway to the Leh, Laddakh.<br>2. The professional training offered a gateway to success in the field of marketing. | 1. रोहतांग दर्रा लेह, लद्दाख के लिए **प्रवेश द्वार** है।<br>2. व्यावसायिक प्रशिक्षण विपणन के क्षेत्र में सफलता के लिए **अवसर** प्रदान करता है। |
| 15. | gather | (v)- 1. **एकत्रित करना**<br>**2. एकत्र होना** | 1. The researcher's job is to gather information about wildlife.<br>2. We are gathered here today to discuss the problem. | 1. इस शोधकर्ता का काम वन्यजीव के बारे में जानकारी **एकत्रित करना** है।<br>2. हम समस्या पर चर्चा करने के लिए आज यहां **एकत्र हुए** हैं। |
| 16. | gathering | (n) – 1.जमाव, | 1. The Leader | 1. नेता ने **जनसमूह** को संबोधित |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | जमावड़ा, जनसमूह<br>2. **संग्रहण** | addressed a gathering.<br><br>2. The agency has been entrusted the task of gathering market data. | किया।<br><br>2. एजेंसी को बाजार संबंधी आंकड़े **संग्रहण** का कार्य सौंपा गया है। |
| 17. | gauge | (n) –1. **मापक**<br>2. **पैमाना**<br>3. **मानदंड**<br>4. **गेज**<br>(v) – 1. **नापना**<br>2. **आंकना** | (n) – 1.The petrol gauge is on full.<br>2. Retail sales are a gauge of consumer spending.<br>3. The index is the gauge of economic activity.<br>4. The narrow gauge railway has been replaced by the broad gauge.<br>(v) – 1. The thermostat will gauge the temperature and control the heat.<br>2. It is impossible to gauge the extent of the damage. | (n) –1. पेट्रोल **मापक** के अनुसार पेट्रोल पूरा भरा हुआ है।<br>2. खुदरा बिक्री उपभोक्ताओं के खर्च का **पैमाना** है।<br>3. सूचकांक आर्थिक गतिविधि का **मानदंड** है।<br>4. रेलवे की छोटी लाइन को ब्रॉड **गेज** में बदला गया है।<br>(v) – 1. थर्मोस्टेट तापमान को **नापेगा** और उष्मा को नियंत्रित करेगा।<br>2. इस नुकसान को **आंकना** संभव नहीं है। |
| 18. | gazette | (n)- राजपत्र, गजट | The notification has been published in the gazette. | राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की गई है। |
| 19. | gazetted | (adj) - राजपत्रित | The document should be attested by a gazetted officer. | दस्तावेज़ राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। |
| 20. | gazetted establishment | (n) - राजपत्रित स्थापना | Two posts of Section Officers are needed in the gazetted establishment. | राजपत्रित स्थापना में अनुभाग अधिकारी के दो पदों की आवश्यकता है। |
| 21. | gazetted holiday | (n) - राजपत्रित अवकाश | The list of gazetted holidays for the year 2014 has been published. | वर्ष 2014 के राजपत्रित अवकाशों की सूची प्रकाशित की गई है। |
| 22. | gazette notification | (n) - राजपत्र अधिसूचना* | The gazette notification of the recruitment rules, 2013 has been published. | भर्ती नियमावली, 2013 की राजपत्र अधिसूचना प्रकाशित की गई है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 23. | gender | (n) - **लिंग** | Discrimination on grounds of race or gender is forbidden. | जाति या **लिंग** के आधार पर भेदभाव वर्जित है। |
| 24. | gender awareness | (n) – **महिलाओं के प्रति जागरूकता** | A campaign for gender awareness is being conducted by the NGO. | गैर-सरकारी संगठन **महिलाओं के प्रति जागरूकता** अभियान चला रहा है। |
| 25. | gender bias | (n) – **महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह** | The practice of gender bias will not be tolerated in the work place. | कार्य-स्थल में **महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह** बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। |
| 26. | gender budget | (n) – **महिला कल्याणकारी बजट** | The committee has advocated for a gender budget. | समिति ने **महिला कल्याणकारी बजट** का समर्थन किया है। |
| 27. | gender determination | (n) – **लिंग निर्धारण** | Pre-natal gender determination is a punishable offence. | प्रसव-पूर्व **लिंग निर्धारण** दंडनीय अपराध है। |
| 28. | gender discrimination | (n) - **महिलाओं के प्रति भेदभाव** | It is necessary to eliminate all forms of gender discrimination. | **महिलाओं के प्रति भेदभाव** के सभी रूपों को समाप्त करना आवश्यक है। |
| 29. | gender inequality | (n) – **स्त्री-पुरुष असमानता*** | The Government is concerned about gender inequality in the society. | सरकार समाज में विद्यमान **स्त्री-पुरुष असमानता** के बारे में चिंतित है। |
| 30. | gender issues | (n) – **स्त्री-पुरुष संबंधी मुद्दे** | The gender issues should be solved with utmost care. | **स्त्री-पुरुष संबंधी मुद्दों** का अत्यंत सावधानी से समाधान किया जाना चाहिए। |
| 31. | gender ratio | (n) – **स्त्री-पुरुष अनुपात** | The census has revealed the imbalance in the gender ratio of our population. | जनगणना ने हमारी आबादी में **स्त्री-पुरुष अनुपात** में विद्यमान असंतुलन को उजागर किया है। |
| 32. | gender representation | (n) – **महिला प्रतिनिधित्व** | We should ensure the gender representation in the social development. | हमें सामाजिक विकास में **महिला प्रतिनिधित्व** को सुनिश्चित करना चाहिए। |
| 33. | gender resources | (n) - **महिला संसाधन** | The Government is determined for the development of gender resources. | सरकार **महिला संसाधनों** के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। |
| 34. | **gender sensitization** | (n) – **महिलाहित संवेदनशीलता** | The measures for gender sensitization have been discussed in the meeting. | **महिला हित संवेदनशीलता** के उपायों पर बैठक में चर्चा की गई है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 35. | gender training | (n) - **महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता प्रशिक्षण** | The office has organized a 5 day's gender training for its employees. | कार्यालय ने अपने कर्मचारियों के लिए 5 दिवसीय **महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता प्रशिक्षण** का आयोजन किया है। |
| 36. | gender violence | (n) - **महिलाओं के विरूद्ध हिंसा** | The incidents of gender violence have been increased in the metro cities. | महानगरों में **महिलाओं के विरूद्ध हिंसा** की घटनाएं बढ़ी हैं। |
| 37. | gender welfare | (n) - **महिला कल्याण** | The policy is focused on gender welfare. | यह नीति **महिला कल्याण** पर केंद्रित है। |
| 38. | general | (n) - **जनरल**<br>(adj) - 1. साधारण, सामान्य 2. सार्वजनिक, आम<br>3. (पदनाम का पहला अंश) प्रधान (जैसे जनरल एडिटर)<br>4. (पदनाम के बाद का अंश) महा (जैसे डायरेक्टर जनरल) | (n) - The General's visit to the border area is part of preparations for the deployment of extra troops.<br>(adj) - 1. The committee gave a general description of the plan.<br>2. This opinion is common among the general people.<br>3. The General Editor has approved the story.<br>4. The Director General of AIR has visited the station. | (n) - सीमावर्ती क्षेत्र में **जनरल** का दौरा अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की तैयारी का हिस्सा है।<br>(adj) - 1. समिति ने योजना का सामान्य विवरण दिया।<br>2. आम जनता के बीच यह विचार सामान्य है।<br>3. प्रधान संपादक ने इस खबर को मंज़ूरी दे दी है\|<br>4. आकाशवाणी के महानिदेशक ने इस केंद्र का भ्रमण किया है\| |
| 39. | general ability | (n) - सामान्य योग्यता | The examination is aimed at evaluation of the general ability of the candidates. | परीक्षा का उद्देश्य उम्मीदवारों की सामान्य योग्यता का मूल्यांकन करना है। |
| 40. | general administration | (n) - सामान्य प्रशासन | These service matters related to general administration should be referred to DOPT for clarification. | सामान्य प्रशासन से संबंधित ये सेवा मामलें स्पष्टीकरण के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को भेजे जाने चाहिए। |
| 41. | general application | (n) - सामान्य प्रयोग, सामान्य अनुप्रयोग | The general application of the theory is based on the findings of the expert committee. | इस सिद्धांत का सामान्य अनुप्रयोग विशेषज्ञ समिति के निष्कर्षों पर आधारित है। |
| 42. | general body | (n) - 1. साधारण निकाय | The emergency meeting of the | महासचिव ने संघ/संस्था की साधारण सभा की आपात बैठक |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. साधारण सभा | general body of the Association has been convened by the General Secretary. | बुलाई है। |
| 43. | general budget | (n) - **आम बजट**, **साधारण बजट,** सामान्य बजट | New taxation has been proposed in the general budget. | **आम बजट** में नया कराधान प्रस्तावित किया गया है। |
| 44. | general category | (n) - **सामान्य वर्ग**, सामान्य श्रेणी | These vacant posts of general category are to be filled by direct recruitment. | **सामान्य वर्ग** के इन रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरा जाना है। |
| 45. | general circular | (n) - सामान्य परिपत्र | A general circular may be circulated in this regard. | इस संबंध में, सामान्य परिपत्र परिचालित किया जा सकता है। |
| 46. | general comment | (n) - सामान्य टिप्पणी* | The general comments of the participants should be recorded. | प्रतिभागियों की सामान्य टिप्पणी दर्ज की जानी चाहिए। |
| 47. | general conditions | (n) - सामान्य शर्तें*, सामान्य निबंधन | The general conditions for eligibility are enclosed with the application form. | पात्रता के लिए सामान्य शर्तें आवेदन पत्र के साथ संलग्न हैं। |
| 48. | general election | (n) -आम चुनाव, आम निर्वाचन | The notification for general election has been issued. | आम चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई है। |
| 49. | general expenses | (n) - सामान्य व्यय | The general expenses for the project should be met out from the plan head. | परियोजना के लिए सामान्य व्यय योजना शीर्ष से किया जाना चाहिए। |
| 50. | general fund | (n) -सामान्य निधि | The financial assistance for relief work has been provided from the general fund. | राहत कार्य के लिए वित्तीय सहायता सामान्य निधि से प्रदान की गई है। |
| 51. | general ground | (n) - सामान्य आधार | In this regard, the committee has arrived at the findings on general ground. | इस संबंध में, समिति ने सामान्य आधार पर निष्कर्ष निकाला है। |
| 52. | general inspection | (n) - सामान्य निरीक्षण | The Administrative Officer has conducted a general inspection of the store. | प्रशासन अधिकारी ने भंडार का सामान्य निरीक्षण किया है। |
| 53. | general interest | (n) -**सामान्य हित,** सार्वजनिक हित | The policy has been formulated in general interest of the public. | यह नीति जनता के **सामान्य हित** को ध्यान में रखकर तैयार की गई |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | है। |
| 54. | general instructions | (n) - सामान्य अनुदेश | Please, refer to the general instructions issued in this regard. | कृपया, इस संबंध में जारी किए गए सामान्य अनुदेश को देखें। |
| 55. | general knowledge | (n) -सामान्य ज्ञान | There will be a paper of general knowledge in the written test. | लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान का एक प्रश्नपत्र होगा। |
| 56. | general opinion | (n) - आम राय* | The general opinion is that the conference was a success. | आम राय यह है कि सम्मेलन सफल रहा। |
| 57. | general meeting | (n) - आम सभा*, साधारण बैठक* | A general meeting of the members has been held to discuss the issue. | इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सदस्यों की **साधारण बैठक** की गई है। |
| 58. | general pool | (n) - सामान्य पूल | There are 40 Type IV quarters available under general pool. | सामान्य पूल के अंतर्गत टाइप IV के 40 क्वार्टर उपलब्ध हैं। |
| 59. | general power of attorney | (n) - साधारण मुख्तारनामा, मुख्तारनामा आम | The Government has withdrawn the restriction on the purchase of houses on general power of attorney. | सरकार ने साधारण मुख्तारनामे पर मकान खरीदने पर लगे प्रतिबंध को वापस ले लिया है। |
| 60. | general practice | (n) -सामान्य प्रथा, सामान्य चलन | The temporary deviation from the established norms should not be made a general practice. | स्थापित मानदंडों से अस्थायी विचलन को सामान्य चलन नहीं बनाया जाना चाहिए। |
| 61. | general principles and rules | (n) - सामान्य सिद्धांत और नियम | The general principles and rules should be followed in this regard. | इस संबंध में, सामान्य सिद्धांतों और नियमों का पालन किया जाना चाहिए। |
| 62. | general procedure | (n) - **सामान्य कार्यविधि***, सामान्य प्रक्रिया* | The general procedure has been adopted in this regard. | इस संबंध में, **सामान्य कार्यविधि** अपनाई गई है। |
| 63. | general provident fund | (n) - सामान्य भविष्य निधि* | The interest rate on general provident fund has been increased. | सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज दर बढ़ा दी गई है। |
| 64. | general reserve fund | (n) - सामान्य आरक्षित निधि* | A general reserve fund is being maintained as per guidelines. | दिशा-निर्देशों के अनुसार सामान्य आरक्षित निधि रखी जा रही है। |
| 65. | general rule | (n) - सामान्य नियम | The General Rules shall apply to all the | सामान्य नियम केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों पर लागू होंगे। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Central Government Servants. | |
| 66. | general terms | (n) -सामान्य शर्तें* | Some changes have been made in the general terms of the tender. | निविदा की सामान्य शर्तों में कुछ परिवर्तन किए गए हैं। |
| 67. | general ward | (n) - साधारण वार्ड | According to the Medical Attendance Rules, the employee is entitled for general ward. | चिकित्सा परिचर्या नियम के अनुसार, कर्मचारी साधारण वार्ड के लिए हकदार है। |
| 68. | generation | (n) - 1. पीढ़ी*<br>2. **उत्पादन**<br>3. जनन | 1. The scientists have developed a second generation nuclear power plant.<br>2. India has announced plans for a rise in its nuclear power generation. | 1. वैज्ञानिकों ने दूसरी पीढ़ी का परमाणु ऊर्जा संयंत्र विकसित किया है।<br>2. भारत ने अपने परमाणु बिजली **उत्पादन** में वृद्धि के लिए योजनाओं की घोषणा की है। |
| 69. | generation gap | (n) - **पीढ़ी अंतराल** | The social scientists are concerned about the widening generation gap in the society. | समाज वैज्ञानिक समाज में बढ़ते **पीढ़ी अंतराल** के बारे में चिंतित हैं। |
| 70. | general information | (n) - **सामान्य जानकारी***, सामान्य सूचना*, आम सूचना* | In this regard, the general information has been displayed on the notice board. | इस संबंध में, **सामान्य जानकारी** सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की गई है। |
| 71. | genius | (n) - 1. प्रतिभा*<br>2. प्रकृति*<br>(adj) -प्रतिभाशाली | (n) - 1. He is a scholar endowed with an outstanding genius.<br>2. The development of Hindi should be made without interfering into its genius.<br>(adj) - The Noble Laureate is an extra-ordinary genius. | (n) - 1. वे उत्कृष्ट प्रतिभा के धनी विद्‌वान है।<br>2. हिंदी का विकास उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना किया जाना चाहिए।<br>(adj) - नोबल पुरस्कार विजेता असाधारण रूप से प्रतिभाशाली हैं। |
| 72. | genius of language | (np) - भाषा की प्रकृति | In the process of translation, genius of language should be kept in mind. | अनुवाद की प्रक्रिया में भाषा की प्रकृति को ध्यान में रखा जाना चाहिए। |
| 73. | genocide | (n) - **जन-संहार**, **नरसंहार**, **जातिसंहार** | The military leaders were accused of | सैन्य नेताओं पर **जन -संहार** का आरोप लगाया गया। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | genocide. | |
| 74. | gentry | (n) - **कुलीन वर्ग** | The gentry have always been a predominant class in this society. | **कुलीन वर्ग** हमेशा इस समाज में प्रभावी वर्ग रहा है। |
| 75. | genuine | (adj) - 1. प्रामाणिक, यथार्थ<br>2. वास्तविक, असली, सही<br>3. सच्चा | 1. Examinations have proved that the manuscript is genuine.<br>2. We need laws that will support genuine refugees.<br><br>3. The reforms are motivated with a genuine concern for the disabled. | 1. परीक्षण से यह प्रमाणित हो गया कि पांडुलिपि प्रामाणिक है।<br>2. हमें ऐसे कानून की जरूरत है, जिससे वास्तविक शरणार्थियों को सहायता मिल सके।<br>3. ये सुधार विकलांगों के प्रति सच्ची चिंता से प्रेरित हैं। |
| 188. | infiltrate | (v) - घुसपैठ करना | The BSF foiled the bid of terrorists to infiltrate into Indian territory. | सीमा सुरक्षा बल ने आतंकवादियों की भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश को नाकाम कर दिया। |
| 189. | infiltration | (n) - घुसपैठ | Infiltration from across the border was one of the main points in the talk between the two countries. | सीमा पार से घुसपैठ दोनों देशों के बीच बातचीत के मुख्य बिंदुओं में से एक था। |
| 190. | inflammable stores | (n) - ज्वलनशील सामान | Inflammable stores may be kept away from the main office building. | ज्वलनशील सामानों को मुख्य कार्यालय भवन से दूर रखा जाए। |
| 191. | inflated billing | (n) - बढ़ा हुआ बिल | The complaint has been lodged against the inflated bill of office telephone to the DE, BSNL. | कार्यालय के टेलीफोन का बढ़ा हुआ बिल बनाने के प्रति डी ई, बीएसएनएल को शिकायत दर्ज कराई गई है। |
| 192. | inflation | (n) - स्फीति, मुद्रास्फीति* | Due to high inflation the cost of living is going up. | **मुद्रास्फीति** की ऊंची दर के कारण जीवन यापन की लागत बढ़ती जा रही है। |
| 193. | influential | (adj) - **प्रभावी**, प्रभावशाली | As the Chief Economic Adviser to the government of India, he had been influential in shaping economic policy. | आर्थिक नीति के निर्धारण में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में उनकी भूमिका प्रभावशाली थी। |
| 194. | informal | (adj) - अनौपचारिक | In an informal meeting, both the leaders discussed the issue very cordially. | एक अनौपचारिक बैठक में दोनों नेताओं ने इस मुद्दे पर बहुत ही सौहार्दपूर्ण चर्चा की। |
| 195. | Information technology | (n) - सूचना प्रौद्योगिकी* | India has achieved remarkable in the field of information technology. | भारत ने **सूचना प्रौद्योगिकी** के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। |
| 196. | infrastructure | (n) - **बुनियादी ढांचा, आधारभूत ढांचा, आधारभूत संरचना***, अवसंरचना, आधारिक संरचना | India needs huge investment in the field of infrastructure. | भारत को **बुनियादी ढांचे** के क्षेत्र में भारी निवेश की जरूरत है। |
| 197. | infringement | (n) - **उल्लंघन**, अतिलंघन | Infringement of the rules is a punishable offence. | नियमों का **उल्लंघन** एक दंडनीय अपराध है। |
| 198. | infringe | (v) - **उल्लंघन करना**, | The contractor | ठेकेदार ने समय पर काम पूरा नहीं |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अतिलंघन करना | infringed the rules of contract by not completing the work on time. | कर अनुबंध के नियमों का **उल्लंघन किया**। |
| 199. | infructuous expenditure | (n) - **व्यर्थ व्यय,** निष्फल व्यय | In the absence of proper implementation, the fund spent on adult education proved infructuous expenditure. | उचित क्रियान्वयन के अभाव में, प्रौढ़ शिक्षा पर खर्च की गई निधि **व्यर्थ व्यय** साबित हुई। |
| 200. | inherent | (adj) - **निहित,** अंतर्निहित, सहज | Every business has its own inherent goal. | हर व्यवसाय का एक **निहित** उद्देश्य होता है। |
| 201. | inherent defect | (n) - **निहित दोष, निहित कमी,** अंतर्निहित दोष, अंतर्निहित कमी*, अंतर्निहित त्रुटि | The experts suggested the company to remove inherent defect in the design of the machine. | विशेषज्ञों ने कंपनी को मशीन की डिजाइन में **निहित दोष** को दूर करने की सलाह दी। |
| 202. | inherit | (v) - **उत्तराधिकार में पाना, उत्तराधिकार में मिलना,** विरासत में पाना | Economic Policies inherited from the previous administration have to be changed in the present situation. | **उत्तराधिकार में मिली** पिछले प्रशासन से आर्थिक नीतियों को वर्तमान स्थिति के अनुसार बदला जाना चाहिए। |
| 203. | inheritance | (n) - 1. विरासत 2. **उत्तराधिकार, पैतृक संपत्ति*** | 1.The unique cultural heritage of India has come to us in inheritance.<br>2.The title passes by inheritance to the eldest son. | 1. भारत की अनूठी सांस्कृतिक धरोहर हमें **विरासत** में मिली है।<br>2.संपत्ति का अधिकार ज्येष्ठ पुत्र को **उत्तराधिकार** में प्राप्त होता है। |
| 204. | inhospitable conditition | (n) - **अत्यंत कठिन स्थिति*,** दुःसहय स्थितियां* | The BSF operates even in the inhospitable conditions to protect the borders. | सीमा सुरक्षा बल **अत्यंत कठिन स्थितियों** में सरहद की रक्षा करता है। |
| 205. | Inhuman conditition | (n) - अमानवीय स्थिति* | As per the report, the detainees were held in cruel and inhuman conditions. | रिपोर्ट के अनुसार, बंदियों को क्रूर और **अमानवीय स्थितियों** में रखा गया। |
| 206. | Initial | (adj) - 1.**सबसे पहला,** प्रारंभिक (v) - 2. **आद्यक्षर करना** | The initial appointment of the official was on the post of a clerk. | कर्मचारी की **प्रारंभिक** नियुक्ति लिपिक के पद पर हुई थी। |
| 207. | Initial pay | (n) - प्रारंभिक वेतन | The initial pay of the | कर्मचारी का **प्रारंभिक वेतन** |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | employee was fixed Rs. 17140/- | 17,140 /- रुपए निर्धारित किया गया। |
| 208. | Initials | (n) - **पहला अक्षर, प्रारंभिक अक्षर,** आद्यक्षर, प्राक्षर | The DDO may check every entry in cash book before initialing against the same. | आहरण एवं संवितरण अधिकारी को प्रत्येक प्रविष्टि के समक्ष **आद्यक्षर करने** से पहले रोकड़ बही में उसकी जांच करनी चाहिए। |
| 209. | Initiate | (v) - 1. **शुरू करना,** पहल करना, प्रारंभ करना 2. **सीखाना 3. दीक्षित करना** | 1. The government has initiated a programme of economic reform. 2. As per the report, many of the drug users had been initiated into drug use at an early age. 3. Hundreds are initiated into the sect each year. | 1. सरकार ने आर्थिक सुधार का एक कार्यक्रम **शुरू किया** है। 2. रिपोर्ट के अनुसार नशा करने वालों में से अधिकांश को कम उम्र में ही नशीली दवाओं का उपयोग करना **सिखा दिया** गया था। 3. हर साल सैकड़ों लोगों को इस संप्रदाय में **दीक्षित किया जाता है।** |
| 210. | Initiative | (n) - पहल* | The government initiative to combat unemployment has given new opportunities to the young. | बेरोजगारी से निपटने के लिए सरकार की **पहल** से युवाओं को नए अवसर मिले हैं। |
| 211. | Injunction | (n) - व्यादेश | An injunction was obtained to prevent the copyright infringer from reprinting copyrighted materials. | कॉपीराइट के उल्लंघनकर्ता को कॉपीराइट सामग्री का पुनर्मुद्रण करने से रोकने के लिए **व्यादेश** प्राप्त किया गया। |
| 212. | inland letter | (n) - अंतर्देशीय पत्र | The stamp value of the inland letter has been increased. | **अंतर्देशीय पत्र** के डाक टिकट का मूल्य बढ़ा दिया गया है। |
| 213. | inland postage | (n) - अंतर्देशीय डाक व्यय | The inland postage has been unchanged for a long time. | **अंतर्देशीय डाक व्यय** में लंबे समय से कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। |
| 214. | inland water transport. | (n) - अंतर्देशीय जल परिवहन | Some major rivers in India are the busy inland route of water transport. | भारत की कुछ प्रमुख नदियां व्यस्त **अंतर्देशीय जल परिवहन** मार्ग हैं। |
| 215. | inland route | (n) - अंतर्देशीय मार्ग | The consignment was sent through the | माल **अंतर्देशीय मार्ग** से भेजा गया। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | inland route. | |
| 216. | innovation | (n) - **नवाचार, नवोन्मेष, नवप्रयोग** नवप्रवर्तन | The free market economy has been conducive to competition and innovation. | मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था प्रतिस्पर्धा और **नवप्रयोग** के लिए अनुकूल है। |
| 217. | innovative qualities | (n) - **नवप्रयोग के गुण, नवाचारी गुण,** नवप्रवर्तनकारी गुण | Indian IT technology has achieved unprecedented success due to its innovative qualities. | भारतीय आईटी प्रौद्योगिकी ने अपने **नवप्रयोग के गुणों** की वजह से अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। |
| 218. | inoperative | (n) - **निष्क्रिय,** अप्रवर्तनशील , अप्रवर्ती | The insurance policy will become inoperative in case the circumstances change. | हालात बदल जाने की स्थिति में बीमा पॉलिसी **निष्क्रिय** हो जाएगी। |
| 219. | inordinate delay | (n) - **अतिविलंब,** अत्यधिक देरी* | The Department had to submit an explanation for inordinate delay in submission of the report. | रिपोर्ट प्रस्तुत करने में **अतिविलंब,** के लिए विभाग को स्पष्टीकरण देना पड़ा। |
| 220. | inspection equipment | (n) - निरीक्षण उपस्कर | The inspection equipment was provided to the inspection unit. | निरीक्षण इकाई को **निरीक्षण उपस्कर** मुहैया कराया गया। |
| 221. | input | (n) - 1. **आदान** 2. निवेश 3. निविष्ट | 1. The company has been able to get far more output than the input. 2. This program accepts input from most of the word processors. | 1. कंपनी **निवेश** की तुलना में कहीं अधिक उत्पादन प्राप्त कर रही है। 2. यह प्रोग्राम अधिकांश शब्द संसाधकों (प्रोसेसर) से **निविष्ट** स्वीकार करता है। |
| 222. | inquiry | (n) - 1. पूछताछ* 2. जांच* | 1. For inquiries regarding service may be adressed to service section. 2. The court has asked for inquiry in the matter. | 1. सेवा के संबंध में **पूछताछ** सेवा अनुभाग से की जाए। 2. अदालत ने इस मामले की **जांच** का आदेश दिया है। |
| 223. | Inquiry officer | (n) - जांच अधिकारी | The Inquiry Officer has submitted the report to the court. | **जांच अधिकारी** ने अदालत को रिपोर्ट सौंप दी है। |
| 224. | insert | (v) - **जोड़ना,** अतंर्वेशित करना, में रखना | The Chairmain inserted one more para into the report. | अध्यक्ष ने रिपोर्ट में एक और पैरा **जोड़ा**। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 225. | insertion | (n) - **जोड़ा जाना, शामिल किया जाना, मिलाना,** अंतर्वेशन | After insertion of the concluding paragraph, the draft has become quite elaborate and effective. | आखिरी पैरे को **जोड़े जाने** के बाद, मसौदा काफी व्यापक और प्रभावी हो गया है। |
| 226. | in-service training | (n) - सेवाकालीन प्रशिक्षण | Translators are given three months' in-service training by CTB, MHA. | अनुवादकों को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय द्वारा तीन महीने का **सेवाकालीन प्रशिक्षण** दिया जाता है। |
| 227. | insignificance | (n) - **निरर्थकता*,** महत्वहीनता* | The regionalism pales into insignificance before nationalism. | क्षेत्रवाद राष्ट्रवाद के सामने **निरर्थक** हो जाता है। |
| 228. | insolvent | (n) - दिवालिया | The company was declared insolvent. | कंपनी **दिवालिया** घोषित की गई। |
| 229. | inspect | (v) - **जांच करना,** निरीक्षण करना | The Chief Engineer went to inspect the project. | मुख्य अभियंता परियोजना की **जांच करने** गए। |
| 230. | inspection | (n) - **जांच-परख,** निरीक्षण | The documents are available for public inspection. | दस्तावेज सार्वजनिक **जांच-परख** के लिए व्यवस्था की है। |
| 231. | instability | (n) - अस्थिरता* | India has expressed its concern for the political instability in the neighbouring country. | भारत ने पड़ोसी देश में राजनीतिक **अस्थिरता** के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की है। |
| 232. | installation | (n) - 1. **प्रतिष्ठान 2. प्रतिष्ठापन,** संस्थापन | 1. India has provided adequate safety for its nuclear installations. 2. Installation of the new software system in the office will take several days. | 1. भारत ने अपने परमाणु **प्रतिष्ठानों** के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई है। 2. कार्यालय में नई सॉफ्टवेयर प्रणाली के **प्रतिष्ठापन** में कई दिन लगेंगे। |
| 233. | instalment | (n) - किस्त* | The official has paid all the instalments of the vehicle loan given by the office. | कर्मचारी ने कार्यालय द्वारा दिए गए वाहन ऋण की सभी **किस्तों** का भुगतान कर दिया है। |
| 234. | instigation | (n) - उकसाना | The accused is charged of instigating two people to commit the crime. | आरोपी पर दो व्यक्तियों को अपराध करने के लिए **उकसाने** का आरोप है। |
| 235. | institute | (n) - 1. संस्थान (v) - 2. **शुरू करना,** | 1.The Indian Institutes of Technology have | 1. भारतीय प्रौद्योगिकी **संस्थानों** ने भारत में विज्ञान और |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | चलना, प्रारंभ करना स्थापित करना, संस्थापित करना, | contributed significantly to the development of science and technology in India. 2. There is sufficient evidence to institute a criminal proceeding against the officer. | प्रौद्योगिकी के विकास के लिए काफी योगदान दिया है। 2. अधिकारी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही **शुरू करने** के लिए पर्याप्त सबूत है। |
| 236. | institution | (n) - संस्था* | The RBI is the largest financial institution in the country. | भारतीय रिजर्व बैंक देश की सबसे बड़ी वित्तीय **संस्था** है। |
| 237. | instruction | (n) - अनुदेश, हिदायत* | The government has issued instructions for curtailing office expenditure. | सरकार ने सरकारी खर्च में कटौती के संबंध में **अनुदेश** जारी किए हैं। |
| 238. | instrument | (n) - 1. प्रपत्र, लिखत* 2. **उपकरण,** यंत्र 3. **साधन** | 1.The instrument may be encashed within 60 days. 2. The Engineers are monitoring the crucial instruments on the control panel. 3. The veto has been a traditional instrument of diplomacy for decades. | 1. **लिखत** 60 दिनों के भीतर भुनाई जा सकती है। 2. इंजीनियर नियंत्रण कक्ष में महत्वपूर्ण **उपकरणों** की निगरानी कर रहे हैं। 3. वीटो दशकों से कूटनीति का परंपरागत **साधन** रहा है। |
| 239. | insubordination | (n) - **अवज्ञा***, अनधीनता* | Two employees were fired from the company for insubordination. | दो कर्मचारियों को **अवज्ञा** करने के लिए कंपनी से निकाल दिया गया। |
| 240. | insurance | (n) - बीमा | The official may join the Central Government Group Insurance Scheme. | कर्मचारी केन्द्र सरकार की समूह **बीमा** योजना में शामिल हो सकता है। |
| 241. | insure | (v) - बीमा करना | The amount has been paid to insure the office car. | कार्यालय की कार का **बीमा करने** के लिए राशि का भुगतान किया गया है। |
| 242. | insured | (adj) - **बीमित,** बीमाकृत | The insurance company has provided compensation to the insured person. | बीमा कंपनी ने **बीमित** व्यक्ति को मुआवजा प्रदान कर दिया है। |
| 243. | integral | (n) - अभिन्न, अविभाज्य | Kashmir is an integral part of India. | कश्मीर भारत का **अभिन्न** अंग है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 244. | integrated | (adj) - एकीकृत | The tourism ministry has launched an integrated plan for the development of Buddhist heritage circuits in Uttar Pradesh and Bihar. | पर्यटन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश और बिहार में बौद्ध विरासत सर्किट के विकास के लिए एक **एकीकृत** योजना आरंभ की है. |
| 245. | integrity | (n) - 1. सत्यनिष्ठा* 2. अखंडता* | 1. Official's integrity is undoubtfull. 2. Terrorism is a threat to the integrity of the nation. | 1. कर्मचारी की **सत्यनिष्ठा** संदेह से परे है। 2. आतंकवाद देश की **अखंडता** के लिए खतरा है। |
| 246. | intelligence | (n) - 1. बुद्धि* 2. आसूचना* | 1. The officer's intelligence and pragmatism helped him to control the situation. 2. According to the intelligence sources, the train accident was an act of sabotage. | 1. अधिकारी की **बुद्धि** और व्यावहारिक सोच ने स्थिति को नियंत्रित करने में उसकी मदद की। 2. **आसूचना** सूत्रों के अनुसार रेल दुर्घटना तोड़फोड़ के कारण हुई। |
| 247. | Intelligence test | (n) - बुद्धिपरीक्षा* | The candidates have to clear intelligence test along with other papers. | उम्मीदवारों को अन्य परीक्षा-पत्रों के साथ **बुद्धि परीक्षा** में उत्तीर्ण होना होगा। |
| 248. | intelligible | (n) - **सुबोध, स्पष्ट,** बोधगम्य | The noting of the officer is quite intelligible. | अधिकारी का टिप्पण **स्पष्ट** है। |
| 249. | intended benefit | (n) - **इच्छित लाभ, अपेक्षित लाभ,** अभिप्रेत हितलाभ | The official was paid the intended benefit after considering his request. | कर्मचारी के अनुरोध पर विचार करने के बाद उसे **अपेक्षित लाभ** का भुगतान किया गया । |
| 250. | intense | (adj) - **भारी, अत्यधिक, बहुत ज्यादा,** तीव्रता, प्रगाढ़ता, प्रकर्ष | The Manager was under intense pressure to resign. | प्रबंधक पर इस्तीफा देने के लिए **भारी** दबाव था। |
| 251. | intensity | (n) - **जोर, गहनता*** तीव्रता*, प्रगाढ़ता*, प्रकर्ष | Ex gratia lumpsum compensation takes into account the hardships and risks involved in certain assignments, the intensity and magnitude of the tragedy. | अनुग्रही एकमुश्त क्षतिपूर्ति के लिए कुछ कार्यों में आने वाली कठिनाइयों, जोखिम तथा त्रासदी की तीव्रता और परिमाण को देखा जाता है। |
| 252. | intensive drive | (n) - गहन अभियान, | An intensive drive | पोलियो उन्मूलन के लिए **गहन** |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | गहन प्रयास | has been started to eradicate Polio. | **अभियान** शुरू किया गया है। |
| 253. | intention | (n) - **मंशा*, नीयत*,** अभिप्राय, आश्य, इरादा | The official has expressed his intention to take voluntary retirement. | कर्मचारी ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने की अपनी **मंशा** बताई। |
| 254. | intentionally | (adv) - **जानबूझ कर,** साभिप्राय, साश्य, इरादा | The clerk was called for an explanation for intentionally ignoring the work. | अधिकारी ने **जानबूझकर** काम की अनदेखी करने के लिए क्लर्क से स्पष्टीकरण मांगा गया। |
| 255. | intentional | (adj) - **जानबूझकर,** साभिप्रायइरादतन , | In the police report the incidence was declared not to be an intentional act. | पुलिस रिपोर्ट में घटना को **जानबूझकर** किया गया कृत्य घोषित नहीं किया गया था । |
| 256. | interact | (v) - 1. **बात-चीत करना, विचार-विमर्श करना, चर्चा करना,** अंतःक्रिया | Due to heavy work load teachers have a limited amount of time to interact with each child. | काम के भारी बोझ के कारण शिक्षकों को प्रत्येक बच्चे के साथ **बातचीत करने** के लिए सीमित समय ही मिल पाता है। |
| 257. | interactive session | (n) - **विमर्श सत्र** | In an interactive session the Chairman of the party deliberated with the members regarding upcoming election. | **विर्मश सत्र** में पार्टी के अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के बारे में सदस्यों के साथ चर्चा की। |
| 258. | interception | (n) - 1. रोक लेना, अतंर-अवरोधन, अंतरग्रहण | A new Air Defense System is being developed for effective interception and destruction of the enemy missiles. | शत्रु प्रक्षेपास्त्रों के प्रभावी **अंतर-अवरोधन** और विनाश के लिए नई वायु रक्षा प्रणाली विकसित की जा रही है। |
| 259. | interest | (n) - 1. हित 2. ब्याज (v) - 3. **रुचि लेना, रुचि जगाना** | 1. The scheme has been started in the public interest. 2. The officer paid the vehicle advance with interest. 3. The employee takes keen interest in his job. | 1. स्कीम लोक-हित में प्रारंभ की गई है। 2. अधिकारी ने वाहन ऋण का **ब्याज** के साथ भुगतान किया। 3. कर्मचारी अपने काम में गहरी **रुचि लेता** है। |
| 260. | interest bearing | (adj) - **ब्याजसहित, ब्याज पर लिया गया,** सब्याज | The vehicle advance is a interest bearing loan. | वाहन अग्रिम **ब्याज पर लिया गया** ऋण है। |
| 261. | interest free loan | (n) - **बिना ब्याज का ऋण, ब्याजरहित ऋण,** ब्याजमुक्त | The festival advance is an interest free loan. | त्योहार अग्रिम **बिना ब्याज का** ऋण है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | ऋण | | |
| 262. | interfere | (n) - हस्तक्षेप करना, **हाथ डालना 2. बीच में आना, बीच में पड़ना, बाधा डालना** | 1. The police do not like to interfere in family problems. 2. The officer never allows his personal feelings to interfere with his work. | 1. पुलिस पारिवारिक समस्याओं में **हस्तक्षेप करना** पसंद नहीं करती है। 2. अधिकारी अपनी व्यक्तिगत भावनाओं को अपने काम के **बीच में** कभी नहीं **आने** देता है। |
| 263. | interference | (n) - हस्तक्षेप | The party spokesman advise the neighbouring country against its interference in the internal affairs of the country. | पार्टी प्रवक्ता ने पड़ोसी देश को हमारे देश के आंतरिक मामलों में **हस्तक्षेप** न करने के लिए कहा। |
| 264. | interim | (adj) - अंतरिम | Many associations have submitted their representation for interim relief and DA merger to the Government. | अनेक संघों ने **अंतरिम** राहत और महंगाई भत्ते का विलय करने के लिए सरकार को अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। |
| 265. | intermediary | (n) - 1. **मध्यस्थ,** मध्यवर्ती 2. बिचौलिया | The UN official acted as an intermediary in the dispute between two nations. | संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने दोनों देशों के बीच विवाद में **मध्यस्थ** के रूप में काम किया। |
| 266. | intern | (n) - प्रशिक्षु (v) - **नजरबंद करना, रखना** | 1. Interns at the hospital are working for 12-hours a day. 2. The leader was interned during the recent revolution. | 1. **प्रशिक्षु** चिकित्सक अस्पताल में प्रतिदिन 12 घंटे तक काम करते हैं। 2. हाल के आंदोलन के दौरान इस नेता को **नजरबंद रखा गया** था। |
| 267. | internal | (adj) - **भीतरी*, अंदरुनी*,** आंतरिक, आभ्यांतरिक | The country faces internal threat from Naxalism. | देश को नक्सलवाद **भीतरी** खतरा से है। |
| 268. | international | (adj) - अंतरराष्ट्रीय | India's share in international trade is still very low. | अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत का हिस्सा अभी भी बहुत कम है। |
| 269. | Internationallaw | (n) - **अंतरराष्ट्रीय कानून,** अंतरराष्ट्रीय विधि* | Violation of human rights is against international law. | मानवाधिकार का हनन **अंतरराष्ट्रीय कानून** के विरुद्ध है। |
| 270. | International standard | (n) - अंतरराष्ट्रीय मानक | Goods exported from India meet the international standards. | भारत से निर्यातित वस्तुएं **अंतरराष्ट्रीय मानकों** को पूरा करती हैं। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 271. | interpretation | (n) – व्याख्या*, निर्वचन | Everyone cannot put his own interpretation on the law. | प्रत्येक व्यक्ति कानून की अपनी तरह से **व्याख्या** नहीं कर सकता। |
| 272. | interrogate | (v) - पूछताछ करना*, परिप्रश्न करना | The police interrogated the suspect. | पुलिस ने संदिग्ध से **पूछताछ** की। |
| 273. | interrupt | (v) - 1. **रुकावट आना, रुकावट डालना,** बाधा डालना, व्यवधान करना 2. टोकना, रोकना | 1. The programme was interrupted due to rain. 2. The FM was interrupted several times during his budget speech. | 1. वर्षा के कारण कार्यक्रम में **रुकावट आई** 2. वित्तमंत्री को बजट भाषण के दौरान कई बार **टोका** गया। |
| 274. | interruption in service | (n) - सेवा में व्यवधान | Due to interruption in service, the official's seniority was affected. | **सेवा में व्यवधान** के कारण कर्मचारी की वरिष्ठता प्रभावित हुई। |
| 275. | interval | (n) - **अंतर,** अंतराल | Diplomatic relations between the two nations were resumed after an interval of ten years. | दस वर्षों के **अंतराल** के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध पुनः बहाल हुए। |
| 276. | intervene | (v) - **बीच में आना, हस्तक्षेप करना,** बीच में पड़ना, अंतःक्षेप करना | The situation calmed down when police intervened. | पुलिस के **हस्तक्षेप करने** से स्थिति शांत हुई। |
| 277. | intimate | (v) - सूचना देना, प्रज्ञापित करना | The officer has already intimated his intention to retire. | अधिकारी ने सेवानिवृति लेने की **सूचना** पहले ही दे दी है। |
| 278. | intimately | (adv) - **पूरी तरह से, पूरे मन से, घनिष्ठ रूप से,** | The Asstt. Engineer is involved in the project intimately. | सहायक अभियंता इस परियोजना में **पूरी तरह से** शामिल है। |
| 279. | intolerance | (n) - असहनशीलता*, असहिष्णुता* | There is no place of intolerance of religion in Indian culture. | भारतीय संस्कृति में धार्मिक **असहिष्णुता** के लिए कोई स्थान नहीं है। |
| 280. | in transit | (n) - **रास्ते में,** मार्गस्थ | The cost of the insured goods, damaged or lost in transit, is duly compensated. | बीमित वस्तुओं के **रास्ते में** नष्ट होने या खो जाने पर उनकी लागत की उचित भरपाई की जाती है। |
| 281. | intricacy | (n) - जटिलता* | The Project Director explained the intricacies of the | परियोजना निदेशक ने परियोजना की **जटिलता** के |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | project. | विषय में बताया। |
| 282. | intricate | (adj) - जटिल | This is an intricate issue. | यह एक **जटिल** मुद्दा है। |
| 283. | intrigue | (n) - कुचक्र, साजिश | This was an act of political intrigue. | यह एक राजनीतिक **साजिश** थी। |
| 284. | intrinsic value | (n) - **वास्तविक मूल्य,** आंतरिक मूल्य | In case of loss or damage of a posted article, the intrinsic value of the article will be compensated. | डाक द्वारा भेजी गई वस्तु के गुम या क्षतिग्रस्त होने पर उसके **वास्तविक मूल्य** की प्रतिपूर्ति की जाएगी। |
| 285. | introductory lecture | (n) - **प्रस्तावना***, **प्रस्ताविक भाषण,**आरंभिक भाषण | In the introductory lecture the Chairman welcomed all the members. | अध्यक्ष ने **प्रस्ताविक भाषण** देते हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया। |
| 286. | introspection | (n) - **आत्मनिरीक्षण,** अंतर्निरीक्षण | The society needs to do self- introspection with regard to the issue of child labour. | बाल मजदूरी के मुद्दे पर समाज को **आत्मनिरीक्षण** करने की आवश्यकता है। |
| 287. | invalid | (adj) - 1. **अवैध,** अविधिमान्य 2. अमान्य | 1.As the treaty was not ratified,it was declared invalid. 2.The arguments were rendered invalid by the hard facts on the ground. | 1. चूंकि संधि की अभिपुष्टि नहीं की गई थी, इसलिए इसे **अवैध** घोषित किया गया। 2. वास्तविक तथ्यों के कारण सभी तर्क **अमान्य** हो गए। |
| 288. | invalidity pension | (n) - अशक्तता पेंशन* | The Army man was given invalidity pension due to permanent injury. | स्थायी रूप से घायल होने के कारण सैनिक को **अशक्तता पेंशन** दी गई। |
| 289. | invariably | (adv) - सदैव, निरपवाद रूप से | The reports have been sent invariably in time. | रिर्पोटें **सदैव** समय पर भेजी गई हैं। |
| 290. | Inventory control | (n) - माल नियंत्रण | The officer was entrusted with the work of inventory control. | अधिकारी को **माल नियंत्रण** का काम सौंपा गया। |
| 291. | investigation | (n) - **जांच***, अन्वेषण, तफतीश*, जांच-पड़ताल* | CBI has started investigation of the case. | सी. बी. आई. ने मामले की **जांच** शुरु कर दी है। |
| 292. | investigation officer | (n) - **जांच अधिकारी**, अन्वेषण अधिकारी | The Investigation Officer has submitted the investigation report to the court. | **जांच अधिकारी** ने कोर्ट को जांच-रिर्पोट सौंप दी है। |
| 293. | investment | (n) - निवेश | India needs huge investment in | भारत को ढांचागत क्षेत्र में भारी |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | infrastructure. | **निवेश** की जरूरत है। |
| 294. | investor | (n) - निवेशक | The investors consider India a good destination. | **निवेशक** भारत को निवेश के लिए अच्छी जगह मानते हैं। |
| 295. | invigilation | (n) - **निरीक्षण,** अन्वीक्षण | All the teachers are at invigilation duty in the examination. | सभी शिक्षक परीक्षा में **निरीक्षण** ड्यूटी पर हैं। |
| 296. | invitation | (n) - निमंत्रण, आमंत्रण | The invitations were sent to all the participants. | सभी प्रतिभागियों को **निमंत्रण** भेजे गए। |
| 297. | invitation card | (n) - निमंत्रण पत्र | The schedule of the programme is printed on the invitation card. | कार्यक्रम की जानकारी **निमंत्रण पत्र** में दी गई है। |
| 298. | invitation to tender | (n) - निविदा आमंत्रण, टेंडर मांगना | The invitation to tender has been released for this project. | इस परियोजना के लिए **निविदा आमंत्रित** की गई है। |
| 299. | inward dak | (n) - **आनेवाली डाक,** आवक डाक | The letters received from inward dak are sorted out section wise. | **आनेवाली डाक** से प्राप्त पत्रों को अनुभागवार छांटा जाता है। |
| 300. | invoice | (n) - बीजक | The invoice of the purchasing of goods may be enclosed in original with the bill. | बिल के साथ सामान के **बीजक** की मूल प्रति लगाएं। |
| 301. | invoke | (v) - **सहारा लेना,** अवलंब लेना | The judge invoked an international law that protects refugees. | जज ने शरणार्थियों की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कानून का **सहारा लिया**। |
| 302. | irrational | (adj) - **अतार्किक,** विवेकहीन, अतर्कपूर्ण, तर्कहीन | The management called the demands of the employees union irrational. | प्रबंधन ने कर्मचारी यूनियन की मांगों को **अतार्किक** बताया। |
| 303. | irrecoverable | (adj) - **डूबंत,** अशोध्य | The bank has prepared a list of irrecoverable loans. | बैंक ने **डूबंत** ऋण की सूची तैयार की है। |
| 304. | irregular | (adj) - अनियमित | The penalty was imposed for irregular payment. | **अनियमित** भुगतान के लिए जुर्माना लगाया गया। |
| 305. | irregularity | (n) - अनियमितता* | A probe has been ordered for financial irregularity. | वित्तीय **अनियमितता** की जांच के आदेश दिए गए हैं। |
| 306. | irrelevant | (adj) - असंबद्ध, असंगत | The evidence is irrelevant to the case. | यह साक्ष्य इस मामले में **असंगत** है। |
| 307. | irresponsible | (adj) - गैर-जिम्मेदार | The official was given warning for | कर्मचारी को **गैर-जिम्मेदार** होने के कारण चेतावनी दी गई। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | being irresponsible. | |
| 308. | Irrevocable beneficiary | (n) – **अविकल्पी, लाभार्थी, अविकल्पी हितलाभकारी,** अविकल्पी हितधिकारी | The net profit was distributed among the irrevocable beneficiaries. | शुद्ध मुनाफे को **अविकल्पीलाभार्थियों** में बांटा गया। |
| 309. | Isolated post | (n) - **एकल पद,** एकाकी पद | The next higher grade pay is admissible as MACP benefit for the isolated post. | **एकल पद** के लिए एम.ए.सी.पी लाभ के रुप में उच्चतर ग्रेड वेतन स्वीकार्य है। |
| 310. | issue diary | (n) - निर्गम डायरी | The clerk keeps records of the letters issued in issue diary. | लिपिक जारी पत्रों का रिकार्ड **निर्गम डायरी** में रखता है। |
| 311. | issue order | (n) - निर्गम आदेश | After approval, issue order for sanction has been made. | अनुमोदन के बाद, स्वीकृति के संबंध में **निर्गम आदेश** जारी किया गया है। |
| 312. | Issue price | (n) - निर्गम कीमत* | Shares of the company have gone above their issue price. | कंपनी के शेयरों के भाव उसकी **निर्गम कीमतों** से अधिक हो गए हैं। |
| 313. | issue register | (n) - निर्गम रजिस्टर | The details of the letter issued are kept in the issue register. | जारी होने वाले पत्रों का विवरण **निर्गम रजिस्टर** में रखा जाता हैं। |
| 314. | item | (n) - मद* | The discussion was held on different items in the agenda. | कार्यसूची की विभिन्न **मदों** पर चर्चा की गई। |
| 315. | itemwise | (adv) - मदवार | The report was sent itemwise to the Department of Official Language. | **मदवार** सूचना राजभाषा विभाग को भेजी गई। |
| 316. | itinerary | (n) - यात्राक्रम | The official tour was as per the approved itinerary. | सरकारी दौरा अनुमोदित **यात्राक्रम** के अनुसार किया गया। |

## J

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | jail | (n) – 1. **जेल**, **कारागार** (v) – 2. **जेल में बंद करना**, **कारावास होना** | 1. The demonstrators have been released from jail. 2. The convict was jailed for four years. | 1. प्रदर्शनकारियों को **जेल** से रिहा कर दिया गया है। 2. अपराधी को चार वर्षों के लिए **जेल में बंद किया** गया। |
| 2. | jail break | (n) - **जेल तोड़ना** | An incident of jail break has been reported from Jagdalpur. | जगदलपुर से **जेल तोड़ने** की घटना की सूचना मिली है। |
| 3. | jailer | (n) - **जेलर** | A report has been received from the jailer regarding the security of the jail. | जेल की सुरक्षा के बारे में **जेलर** से रिपोर्ट मिली है। |
| 4. | jam | (n) –**1. अवरोध**, **जाम** (v) – 2. **अवरूद्ध करना**, **जाम करना** | 1. A traffic jam has been reported due to heavy rainfall. 2. The agitators jammed the traffic. | 1. भारी वर्षा के कारण यातायात **अवरोध** की सूचना मिली है। 2. आंदोलनकारियों ने यातायात **अवरूद्ध किया**। |
| 5. | jam-packed | (adj) - **खचाखच भरा हुआ** | The train was jam-packed with commuters. | रेल यात्रियों से **खचाखच भरी हुई** थी। |
| 6. | jammer | (n) - **जैमर** | The electronic jammer has been activated to block the mobile communication in the campus. | परिसर में मोबाइल संचार को अवरोधित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक **जैमर** को सक्रिय किया गया है। |
| 7. | jamming | (n) – **अवरोधन**, **जैमिंग** | The system provides radar-threat warning and electronic jamming capabilities. | यह सिस्टम राडार-खतरा चेतावनी और इलेक्ट्रॉनिक **अवरोधन** क्षमता उपलब्ध करता है। |
| 8. | janitor | (n) – **द्वारपाल**, **चौकीदार**, द्वाररक्षक | The janitor takes care of the security of the office building. | **चौकीदार** कार्यालय भवन की इमारत की सुरक्षा का ध्यान रखता है। |
| 9. | jargon | (n) – **वृत्ति भाषा** | Try to avoid using too much jargon in drafting. | मसौदा तैयार करने में बहुत ज्यादा **वृत्ति भाषा** का उपयोग करने से बचने की कोशिश करें। |
| 10. | jeopardize | (v) - **ख़तरे में डालना, जोखिम में डालना, संकट में डालना** | We should not jeopardize the UN peace process. | हमें संयुक्त राष्ट्र शांति प्रक्रिया को **ख़तरे में डालना** नहीं चाहिए। |
| 11. | jeopardy | (n)- **ख़तरा**, **जोखिम**, **संकट** | Setbacks have put the whole project in jeopardy. | असफलताओं ने पूरी परियोजना को **संकट** में डाल दिया है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 12. | jet | (n)- **जेट, जेट विमान** | The accident happened as the jet was about to take off. | **जेट विमान** के उड़ान भरने के समय हादसा हुआ। |
| 13. | jet fuel | (n) - **जेट ईंधन** | The airlines have increased the airfares due to increase in the price of jet fuel. | **जेट ईंधन** की कीमत में वृद्धि के कारण, विमानन कंपनियों ने विमान किराया बढ़ा दिया है। |
| 14. | jibe | (n) – 1. **व्यंग्य, ताना** (v) – 2. **ताना मारना, ताना कसना** | 1. The Election Commission has taken cognizance of jibes made during the election campaign. 2. It is inelegant to jibe other employees. | 1. चुनाव आयोग ने चुनाव अभियान के दौरान किए गए **व्यंग्य** का संज्ञान लिया है। 2. अन्य कर्मचारियों को पर **ताना मारना** अशोभनीय है। |
| 15. | jingoism | (n) - **कट्टर राष्ट्रवाद** | We should differentiate between patriotism and jingoism. | हमें देशभक्ति और **कट्टर राष्ट्रवाद** के बीच अंतर करना चाहिए। |
| 16. | job | (n)-1. **रोजगार, व्यवसाय,** नौकरी, जॉब 2. कार्य | 1. Thousands of youths have lost their jobs due to recession. 2. The job should be completed within the stipulated period. | 1. हजारों युवाओं ने मंदी की वजह से अपने **रोजगार** खो दिए। 2. कार्य को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। |
| 17. | job analysis | (n) - कार्य विश्लेषण, जॉब विश्लेषण | The job analysis has been done and the report has been submitted for necessary action. | कार्य विश्लेषण किया गया है और रिपोर्ट आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस्तुत की गई है। |
| 18. | job card | (n) – **कार्य-पत्री,** कार्य कार्ड, जॉब कार्ड | All labourers have been displayed in the work place. | सभी श्रमिकों को **कार्य-पत्री** जारी किए गए हैं। |
| 19. | job centre | (n) - **रोजगार केंद्र** | The job centers have been identified for outsourcing the house-keeping work. | बाह्य स्रोतों से साफ-सफाई के कार्य करवाने के लिए **रोजगार केंद्रों** की पहचान की गई है। |
| 20. | job classification | (n) - कार्य वर्गीकरण, जॉब वर्गीकरण | The job classification has been submitted for further action. | आगे की कार्रवाई के लिए कार्य वर्गीकरण प्रस्तुत है। |
| 21. | job creation | (n) - **रोजगार सृजन** | The job creation for the youths should be the top priority in the agenda. | कार्यसूची में युवाओं के लिए **रोजगार सृजन** सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। |
| 22. | job description | (n) - कार्य विवरण | The job description is attached with the circular. | कार्य विवरण परिपत्र के साथ संलग्न है। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 23. | job enrichment | (n) - **कार्य संवर्धन**, जॉब संवर्धन | A job enrichment programme has been introduced to cater the need of the organization. | संगठन की जरूरत को पूरा करने के लिए **कार्य संवर्धन** कार्यक्रम शुरू किया गया है। |
| 24. | job evaluation | (n) - कार्य मूल्यांकन | A job evaluation mechanism should be evolved to recognize and reward good performance. | अच्छे निष्पादन को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए कार्य मूल्यांकन व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। |
| 25. | job factors | (n) - कार्य कारक | The job factors should be considered before arriving at any conclusion in this regard. | इस संबंध में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कार्य कारकों पर विचार किया जाना चाहिए। |
| 26. | job freeze | (n) - **भर्ती पर रोक**, भर्ती कीलन, जॉब कीलन | A job freeze has been imposed by the Management due to recession. | मंदी की वजह से प्रबंधन द्वारा **भर्ती पर रोक** लगाई गई है। |
| 27. | job grade | (n) - कार्य श्रेणी | The job grades have been defined in the manual. | नियम-पुस्तक में कार्य श्रेणियों को परिभाषित किया गया है। |
| 28. | job grading | (n) - **कार्य श्रेणीकरण**, जॉब श्रेणीयन | The Supervisor will look after the work of job grading. | सुपरवाइजर **कार्य श्रेणीकरण** का काम देखेगा। |
| 29. | job hunt | (v) - **रोजगार तलाशना** | The displaced villagers had been job-hunting for two months. | विस्थापित ग्रामीण दो महीने तक **रोजगार तलाशते रहे**। |
| 30. | job hunting | (n) - **रोजगार की तलाश**, नौकरी की तलाश | According to a survey, most of the rural youths are engaged in job hunting after matriculation. | सर्वेक्षण के अनुसार, अधिकांश ग्रामीण युवा मैट्रिक के बाद **रोजगार की तलाश** में लग जाते हैं। |
| 31. | jobless | (adj) - बेरोजगार | The Government has to do more for the poor and the jobless. | सरकार को गरीब और बेरोजगारों के लिए बहुत कुछ करना होगा। |
| 32. | job measurement | (n) - **कार्य मापन**, जॉब मापन | The concerned Junior Engineer has been assigned the work of job measurement. | संबंधित कनिष्ठ इंजीनियर को **कार्य मापन** का काम सौंपा गया है। |
| 33. | job oriented | (adj) - **रोजगार-उन्मुख**, कार्योन्मुख, रोजगारोन्मुख | Various job oriented schemes have been launched in the rural areas. | ग्रामीण क्षेत्रों में विविध **रोजगार-उन्मुख** स्कीमें शुरू की गई हैं। |
| 34. | job production | (n) – **रोजगार सृजन**, | We have to ensure | हमें ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | जॉब उत्पादन | sufficient job production in rural areas. | **रोजगार सृजन** सुनिश्चित करना होगा। |
| 35. | job requirements | (n) - कार्य अपेक्षाएं | The job requirements of the post have been attached with the circular. | पद की कार्य अपेक्षाएं परिपत्र के साथ संलग्न हैं। |
| 36. | job rotation | (n) - **कार्य चक्रावर्तन**, कार्य क्रमावर्तन | The job rotation of the trainees has been completed. | प्रशिक्षुओं का **कार्य चक्रावर्तन** पूरा हो चुका है। |
| 37. | job satisfaction | (n) - कार्य संतुष्टि | The job satisfaction of the customers is our priority. | ग्राहकों की कार्य संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। |
| 38. | job security | (n) - **रोजगार की सुरक्षा**, जॉब सुरक्षा | Nowadays, the job security is a prime concern of the working youths. | आजकल, कामकाजी युवकों के लिए **रोजगार की सुरक्षा** प्रमुख चिंता का विषय है। |
| 39. | job seeker | (n)-**रोजगार तलाशने वाला** | The metro cities are overpopulated with job seekers. | मेट्रो शहरों में **रोजगार तलाशने वालों** की संख्या अत्यधिक है। |
| 40. | job share | (n) – **कार्य साझा** | The company encourages job-shares and part-time working. | कंपनी **कार्य साझा** करने और अंशकालिक काम को प्रोत्साहित करती है। |
| 41. | job specification | (n) - कार्य विनिर्देश, कार्य विशिष्टि | The quotation should be furnished as per the job specification. | कार्य विनिर्देश के अनुसार संविदा दर प्रस्तुत की जानी चाहिए। |
| 42. | job study | (n) – कार्य-अध्ययन | The job study of the proposed project has been completed and the report for the same is enclosed. | प्रस्तावित परियोजना का कार्य-अध्ययन पूरा हो चुका है और संबंधित रिपोर्ट संलग्न है। |
| 43. | job work | (n) - छुटपुट काम, फुटकर काम | The job work has been outsourced. | फुटकर काम को बाहय-स्रोतों को सौंपा गया है। |
| 44. | join | (v)- 1. कार्यभार ग्रहण करना, नौकरी शुरू करना 2. सम्मिलित होना 3. जोड़ना, संयोजित करना | 1. Three Assistants have joined the Department. 2. The employees joined the strike. 3. Broadband highway will join all the States together. | 1. तीन सहायकों ने विभाग में कार्य ग्रहण कर लिया है। 2. कर्मचारी हड़ताल में शामिल हो गए। 3. ब्रोड्बैंड हाइवे सभी राज्यों को एक साथ जोड़ेगा। |
| 45. | joining date | (n) - कार्यग्रहण तारीख | Please, verify the joining date from the service book of the concerned employee. | कृपया संबंधित कर्मचारी की सेवा पुस्तिका से कार्यग्रहण तारीख का सत्यापन करें। |
| 46. | joining pay | (n) - कार्यग्रहण वेतन | The joining pay has | कर्मचारी को कार्यग्रहण वेतन |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | been disbursed to the employee. | संवितरित किया गया है। |
| 47. | joining period | (n) - कार्यग्रहण अवधि | The 10 days joining period is hereby sanctioned. | 10 दिनों की कार्यग्रहण अवधि एतद् द्वारा मंजूर की जाती है। |
| 48. | joining report | (n) - कार्यग्रहण रिपोर्ट | The employee has submitted the joining report. | कर्मचारी ने कार्यग्रहण रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। |
| 49. | joining time | (n) - कार्यग्रहण अवधि* | The employees will be entitled for joining time on his transfer. | कर्मचारी अपने स्थानांतरण पर कार्यग्रहण अवधि के पात्र होंगे। |
| 50. | joint | (n) - 1. **जोड़** (adj) - 2. संयुक्त | 1. Complaint has been lodged with CPWD to check the leakage at the pipes **joints**. 2. The report was a **joint** effort. | 1. पाइपों के **जोड़ों** पर रिसाव की जांच के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के पास शिकायत दर्ज कराई गई है। 2. यह रिपोर्ट एक **संयुक्त** प्रयास था। |
| 51. | joint account | (n) - संयुक्त खाता | The **joint account** has to be operated by either or survivor. | **संयुक्त खाता** दोनों खाताधारकों में से किसी एक या उत्तरजीवी द्वारा संचालित किया जाना है। |
| 52. | joint account holder | (n) - **संयुक्त खाता धारक** | The **joint account holders** are requested to submit duly filled 'Know Your Customer' form. | **संयुक्त खाता धारकों** से अनुरोध है कि वे विधिवत भरा हुआ 'अपने ग्राहक को जानिए' फॉर्म जमा करें। |
| 53. | joint annuity | (n) - संयुक्त वार्षिकी* | The **joint annuity** is being paid to the concerned regularly. | संबंधित को नियमित रूप से **संयुक्त वार्षिकी** का भुगतान किया जा रहा है। |
| 54. | joint application | (n) - संयुक्त आवेदन | The two researchers have submitted **joint application** for the patent. | दो शोधकर्ताओं ने पेटेंट के लिए **संयुक्त आवेदन** प्रस्तुत किया है। |
| 55. | joint attestation | (n) - **संयुक्त सत्यापन**, संयुक्त अनुप्रमाणन | The report of the company was presented after the **joint attestation** by the directors. | निदेशकों द्वारा **संयुक्त सत्यापन** के बाद कंपनी की रिपोर्ट पेश की गई। |
| 56. | joint beneficiary | (n) - संयुक्त लाभार्थी | The **joint beneficiaries** have to produce Identity Card and residential proof for their claim. | **संयुक्त लाभार्थियों** को अपने दावों के लिए पहचान पत्र और आवासीय प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। |
| 57. | joint cadre | (n) - संयुक्त संवर्ग | The proposal for **joint cadre** of the subordinate offices | अधीनस्थ कार्यालयों और सचिवालयी सेवा के **संयुक्त संवर्ग** के लिए प्रस्ताव विचाराधीन है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | and secretariat service is under consideration. | |
| 58. | joint committee | (n) - संयुक्त समिति* | The report has been submitted by the **joint committee** of Parliament. | संसद की **संयुक्त समिति** द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। |
| 59. | joint concurrence | (n) - संयुक्त सहमति* | The change has been made with the **joint concurrence** of the Management and the Association. | प्रबंधन और एसोसिएशन की **संयुक्त सहमति** से परिवर्तन किया गया है। |
| 60. | joint consultation | (n) - संयुक्त परामर्श | The plans were drawn up in **joint consultation** with the World Health Organisation and the Ministry of Health & Family Welfare. | विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के **संयुक्त परामर्श** से योजनाएं तैयार की गई थीं। |
| 61. | joint consultative committee | (n) - **संयुक्त सलाहकार समिति***, संयुक्त परामर्शदात्री समिति* | The Government has constituted a **joint consultative committee** to suggest measures for conservation of forest. | सरकार ने वन संरक्षण के लिए उपाय सुझाने के लिए **संयुक्त सलाहकार समिति** का गठन किया है। |
| 62. | joint control | (n) - **संयुक्त नियंत्रण** | The area is under **joint control** of the Coast Guard and the Army. | यह क्षेत्र तटरक्षक बल और सेना के **संयुक्त नियंत्रण** में है। |
| 63. | joint demand | (n) - **संयुक्त मांग*** | The Staff Associations have made a **joint demand** to discontinue the outsourcing of ministerial work. | स्टाफ एसोसिएशनों ने बाह्य स्रोतों से अनुसचिवीय काम कराए जाने को बंद करने के लिए **संयुक्त मांग** की है। |
| 64. | joint discussion | (n) - **संयुक्त चर्चा***, संयुक्त विचार-विमर्श | All the State Governments have been invited to a **joint discussion** on the proposed legislation. | प्रस्तावित कानून पर **संयुक्त चर्चा** के लिए सभी राज्य सरकारों को आमंत्रित किया गया है। |
| 65. | joint effort | (n) - **संयुक्त प्रयास** | The rescue operation was a **joint effort** of the army and the local authority. | बचाव अभियान सेना और स्थानीय प्राधिकरण का **संयुक्त प्रयास** था। |
| 66. | joint enterprise | (n) - संयुक्त उद्यम | This is a **joint** | यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी का |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **enterprise** of the public-private partnership. | **संयुक्त उद्यम** है। |
| 67. | joint family | (n) - संयुक्त परिवार | In case of **joint family**, the oldest family member will be treated as head of the family. | **संयुक्त परिवार** के मामले में, परिवार के उम्र में सबसे बड़े सदस्य को परिवार के मुखिया के रूप में माना जाएगा। |
| 68. | joint fund | (n) - **संयुक्त कोष**, संयुक्त निधि* | Earlier, the Department has proposed to create a **joint fund** for this project. | इससे पहले, विभाग ने इस परियोजना के लिए **संयुक्त कोष** बनाने का प्रस्ताव किया है। |
| 69. | joint holding | (n) - संयुक्त जोत, संयुक्त धृति* | The demarcation of **joint holdings** is being processed at the Gram Panchayat level. | ग्राम पंचायत स्तर पर **संयुक्त जोत** के सीमांकन की कार्रवाई की जा रही है। |
| 70. | joint intelligence staff | (n) - **संयुक्त खुफिया स्टाफ**, संयुक्त आसूचना कर्मचारी वर्ग | The **joint intelligence staffs** have been deployed to gather intelligence from the disturbed area. | अशांत क्षेत्र से खुफिया जानकारी जुटाने के लिए **संयुक्त खुफिया स्टाफ** तैनात किए गए हैं। |
| 71. | joint session | (n) - **संयुक्त सत्र** | The President will address the **joint session** of the Parliament. | राष्ट्रपति संसद के **संयुक्त सत्र** को संबोधित करेंगे। |
| 72. | joint statement | (n) - **संयुक्त बयान** | In a **joint statement**, the Prime Ministers of both the countries have agreed to promote the bilateral trade. | एक **संयुक्त बयान** में, दोनों देशों के प्रधानमंत्री द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सहमत हो गए हैं। |
| 73. | joint ownership | (n) - संयुक्त स्वामित्व | An arbitrator has been appointed to solve the dispute arisen from the **joint ownership** of the company. | कंपनी के **संयुक्त स्वामित्व** से उत्पन्न विवाद को हल करने के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया गया है। |
| 74. | joint planning staff | (n) - संयुक्त आयोजना स्टाफ | The Chairman has convened a meeting of the **joint planning staff** in this regard. | अध्यक्ष ने इस संबंध में **संयुक्त आयोजना स्टाफ** की बैठक बुलाई है। |
| 75. | joint representation | (n) – 1. संयुक्त प्रतिनिधित्व 2. | 1. The **joint representation** of the Staff Associations | 1. शिकायत निवारण समिति में स्टाफ एसोसिएशनों का **संयुक्त** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | संयुक्त अभ्यावेदन | should be ensured in the Grievance Redressal Committee. 2. A **joint representation** has been received from the staff side regarding anomaly created due to implementation of MACP Scheme. | **प्रतिनिधित्व** सुनिश्चित किया जाना चाहिए। 2. एमएसीपी स्कीम के कार्यान्वयन के कारण उपजी विसंगति के संबंध में कर्मचारियों की ओर से **संयुक्त अभ्यावेदन** प्राप्त हुआ है। |
| 76. | joint resolution | (n) - **संयुक्त प्रस्ताव**, संयुक्त संकल्प | A **joint resolution** on anti-terrorism has been passed by the United Nations Organization. | संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आतंकवाद विरोध पर **संयुक्त प्रस्ताव** पारित किया गया है। |
| 77. | joint responsibility | (n) - **संयुक्त जिम्मेदारी***, संयुक्त उत्तरदायित्व | The safety in the Metro Train is the **joint responsibility** of the commuters as well as the Metro Rail Staff. | मेट्रो ट्रेन में सुरक्षा यात्रियों और मेट्रो रेल के कर्मचारियों की **संयुक्त जिम्मेदारी** है। |
| 78. | joint search operation | (n) - **संयुक्त तलाशी अभियान** | A large quantity of arms and ammunition has been seized during a joint search operation conducted by the police and the army. | पुलिस और सेना द्वारा किए गए **संयुक्त तलाशी अभियान** के दौरान हथियार और गोला बारूद की बड़ी मात्रा जब्त की गई है। |
| 79. | joint search team | (n) - **संयुक्त खोज दल** | A **joint search** team has been sent to the area of insurgency. | उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में **संयुक्त खोज दल** भेजा गया है। |
| 80. | joint sector | (n) – 1. संयुक्त क्षेत्र 2. संयुक्त सेक्टर | It is proposed to create a **joint sector** for inclusive development in the field of primary education. | प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास के लिए **संयुक्त क्षेत्र** बनाने का प्रस्ताव दिया जाता है। |
| 81. | joint stock company | (n) - संयुक्त पूंजी कंपनी* | The company is registered as a **joint stock company**. | यह कंपनी, **संयुक्त पूंजी कंपनी** के रूप में पंजीकृत है। |
| 82. | joint supervision | (n) - संयुक्त पर्यवेक्षण | A **joint supervision** of the ongoing project has been conducted and the report has been submitted for the | जारी परियोजना का **संयुक्त पर्यवेक्षण** किया गया है और इससे संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | same. | |
| 83. | joint tenants | (n) – 1. संयुक्त किराएदार 2. संयुक्त काश्तकार | 1. The rent agreement has been signed by the **joint tenants**. 2. Several representations have been received by the Revenue Department regarding the problems of the **joint tenants**. | 1. **संयुक्त किरायेदारों** ने किराया करार पर हस्ताक्षर किए हैं। 2. **संयुक्त काश्तकारों** की समस्याओं के संबंध में राजस्व विभाग को कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। |
| 84. | joint venture | (n) - संयुक्त नवोद्‌यम, संयुक्त उद्‌यम | The project is under discussion as a possible **joint venture** between the two Central Agencies. | दोनों केंद्रीय एजेंसियों के बीच एक संभावित **संयुक्त उद्‌यम** के रूप में इस परियोजना पर चर्चा चल रही है। |
| 85. | jointly | (adv) - संयुक्त रुप से | All the administrative decisions are being **jointly** taken by both the companies. | सभी प्रशासनिक फैसले दोनों कंपनियों द्‌वारा **संयुक्त रूप से** लिए जा रहे हैं। |
| 86. | jointly and severally | (adv) - संयुक्त और पृथक् रुप से | The tenants are **jointly and severally** liable for payment of the rent. | किराएदार **संयुक्त रूप से और पृथक** रूप से किराए के भुगतान के लिए उत्तरदायी हैं। |
| 87. | journal | (n) – 1. दैनिकी*, रोजनामचा 2. पत्रिका*, जरनल | 1. For nearly three months the search team had been keeping a **journal** of its travels. 2. All the results are published in the departmental **journal**. | 1. लगभग तीन महीनों तक खोज टीम अपनी यात्रा की **रोजनामचा** रख रही थी। 2. सभी परिणाम विभागीय **पत्रिका** में प्रकाशित किए जाते हैं। |
| 88. | journalism | (n) – **पत्रकारिता*** | The company has been the target of investigative **journalism**. | कंपनी खोजी **पत्रकारिता** के निशाने पर रही है। |
| 18. | question hour | (n) - प्रश्नकाल | The **question hour** was disturbed by the opposition. | विपक्ष ने **प्रश्नकाल** में व्यवधान डाला। |
| 19. | question mark | (n) - प्रश्न चिह्न, सवालिया निशान | A big **question mark** hangs over the company's future. | कंपनी के भविष्य पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न लग गया है। |
| 20. | questionnaire | (n) - प्रश्नावली* | The **questionnaire** is required to be submitted to the Parliamentary Committee on the due date. | संसदीय समिति को **प्रश्नावली** नियत तारीख को प्रस्तुत करना अपेक्षित है। |
| 21. | Queue | (n) - 1. पंक्ति*, कतार*, लाइन* (v) - 2. लाइन में खड़ा होना | 1. There was a long **queue** on the counter of reservation. 2. Representatives had to **queue** for quite a while to meet the minister. | 1. आरक्षण के लिए खिड़की पर लंबी **कतार** थी। 2. प्रतिनिधियों को मंत्री महोदय से मिलने के लिए कुछ समय के लिए **लाइन** में खड़ा रहना पड़ा। |
| 22. | quick disposal | (n) - तुरंत निपटान | These files are urgent and requires **quick disposal**. | यह फाइलें अत्यावश्यक हैं और इनका **तुरंत निपटान** किया जाना चाहिए। |
| 23. | quinquennial | (n) - पंचवार्षिकी, पंचवार्षिक | This is **quinquennial** Conference. | यह **पंचवार्षिक** संगोष्ठी है। |
| 24. | Quit | (v) - छोड़ना, त्यागना | He **quit** the Government job. | उसने सरकारी नौकरी **छोड़** दी। |
| 25. | quorum | (n) - कोरम, गणपूर्ति* | If a **quorum** is not present, the meeting must be adjourned. | यदि **कोरम** नहीं है, तो बैठक स्थगित कर दी जानी चाहिए। |
| 26. | Quota | (n) - **नियत-अंश**, कोटा | There is a three percent reservation **quota** for different categories of handicapped in this institution. | इस संस्थान में विभिन्न श्रेणी के विकलांग व्यक्तियों के लिए तीन प्रतिशत आरक्षण **कोटा** है। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Meaning** | **English Usage** | **Hindi Usage** |
|---|---|---|---|---|
| 27. | quotation | (n) - 1. भाव, दर सूची, कोटेशन 2. उद्धरण | 1. Decision on **quotation** will be taken by the purchase committee. 2. The **quotation** on the cover page of the house journal is taken from 'Karma Yoga' by Vivekananda'. | 1. **कोटेशन** पर निर्णय क्रय समिति द्वारा लिया जाएगा। 2. गृह पत्रिका के आवरण पृष्ठ पर दिया गया **उद्धरण** विवेकानंद के 'कर्म योग' से लिया गया है। |
| 28. | quote | (v) - 1. उद्धृत करना 2. **भाव बताना**, दर बताना 3. ***उदहरण देना*** | 1. The Officer **quoted** the letter written by the M.P. in his statement. 2. The firm had originally **quoted** Rs. 60,000 for the whole job. 3. The Officer **quoted** a similar case of disciplinary action taken against an employee. | 1. अधिकारी ने अपने वक्तव्य में सांसद द्वारा लिखे पत्र को **उद्धृत किया**। 2. फर्म ने शुरू में पूरे काम का **भाव** 60,000 रुपए **बताया** था। 3. अधिकारी ने किसी कर्मचारी के खिलाफ की गई अनुशासनिक कार्रवाई के ऐसे ही एक मामले का **उदहरण दिया**। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | race | (n) - 1. नस्ल<br>2.प्रजाति<br>3.(**मूल**)**वंश**<br>4.दौड़<br>5.होड़ | 1. This custom is found in people of all races throughout the world.<br>2. Animals from the same race have some common characteristic.<br>3. The law forbids discrimination on the grounds of race or religion.<br>4. He is no longer in the race for the post of minister.<br>5. More and more drug companies are joining the race to beat cancer. | 1.यह प्रथा संसार में सभी **नस्लों** के लोगों में पाई जाती है।<br>2. एक ही प्रजाति के पशुओं में कुछ समान विशेषताएं होती हैं।<br>3. कानून में **वंश** अथवा धर्म के आधार पर भेदभाव का निषेध है।<br>4. वह मंत्री पद की **दौड़** में अब शामिल नहीं हैं।<br>5.अधिक से अधिक दवा कंपनियां कैंसर को मात देने की **होड़** में शामिल हो रहीं है। |
| 2. | racial discrimination | (n) - **नस्लीय भेदभाव**,<br>**मूलवंशीय विभेद**,<br>प्रजातीय भेदभाव | A high level committee will be set up to suggest measures to combat the racial discrimination. | **नस्लीय भेदभाव** से निपटने के उपाय सुझाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। |
| 3. | rack | (n) - रैक | Files should be kept in a rack in the prescribed manner. | फाइलों को निर्धारित तरीके से **रैक** में रखा जाना चाहिए। |
| 4. | radiation | (n) - विकिरण | 1. An accident at the power station could result in large amounts of radiation being released.<br>2.The satellite will study energy radiation from stars. | 1. पावर स्टेशन में दुर्घटना के परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में **विकिरण** फैल सकता था।<br>2. यह उपग्रह सितारों से निकलने वाले ऊर्जा **विकिरण** का अध्ययन करेगा। |
| 5. | radio diagnosis | (n) - विकिरण-निदान | 1. Modern imaging methods in Radio diagnosis help to detect cancer and other diseases.<br>2. The expenditure on radio diagnosis will be reimbursed in full | 1. **विकिरण-निदान** की आधुनिक इमेजिंग विधियों से कैंसर और अन्य बीमारियों का पता लगाने में सहायता मिलती है।<br>2. **विकिरण-निदान** पर हुए व्यय |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | as per rules | की नियमानुसार पूर्ण प्रतिपूर्ति की जाएगी। |
| 6. | radio link | (n) - रेडियो संपर्क | Fixed radio links are frequently used for various purposes within telecommunications and broadcasting networks. | दूरसंचार और प्रसारण नेटवर्क के अंतर्गत विभिन्न प्रयोजनों के लिए स्थायी **रेडियो संपर्क** का उपयोग किया जाता है। |
| 7. | radiology | (n) - विकिरणविज्ञान | Radiology is a medical specialty that employs the use of imaging to both diagnose and treat the disease. | **विकिरण विज्ञान** एक प्रकार की चिकित्सा विशेषज्ञता है, जिसमें रोग का निदान और उसका उपचार करने के लिए इमेजिंग का उपयोग किया जाता है। |
| 8. | radius | (n) -1. **दायरा,** घेरा<br>2. अर्धव्यास, **त्रिज्या** | 1. The project must be situated within a 20-mile radius of the office.<br>2. The radius of a circle is the distance from its centre to its periphery. | 1. परियोजना कार्यालय से 20 मील के **घेरे** में स्थित होनी चाहिए।<br>2. वृत्त का **अर्धव्यास** इसके केंद्र से परिधि तक की दूरी होता है। |
| 9. | raid | (n) - 1. छापा, धावा,<br>(v) - 2. छापा मारना, धावा बोलना | 1.No information about tax evasion and black money was obtained in the raid.<br>2. The police force raided on terrorists' hideout | 1. **छापे** में कर चोरी और कालेधन के बारे में कोई सूचना नहीं मिली।<br>2. पुलिसबल ने आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने पर **धावा बोला**। |
| 10. | rail car | (n) - रेल कार | The rail car fare will be admissible as per entitlement under these rules. | इन नियमों के अंतर्गत हकदारी के अनुसार **रेल कार** किराया स्वीकार्य होगा। |
| 11. | railway | (n) - 1.रेलमार्ग,<br>2.रेलवे,<br>3.रेल | 1. Goods can be sent by railway.<br>2. Please use railway codes for Station and full name for District/State.<br>3.The Railway Administration shall | 1.सामान **रेलमार्ग** से भेजा जा सकता है।<br>2. कृपया स्टेशन के लिए **रेलवे** कोड और जिला/राज्य के लिए पूरे नाम का प्रयोग करें।<br>3.**रेल** प्रशासन यह सुनिश्चित |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | ensure that the railway line to be opened for public carriage of passengers is secured in all respects. | करेगा कि यात्रियों के परिवहन के लिए खोला जाने वाला **रेलमार्ग** हर तरह से सुरक्षित हो। |
| 12. | Railway budget | (n) - रेल बजट | First live telecast of railway budget took place on 24 March, 1994 in India. | भारत में **रेल बजट** का सीधा प्रसारण सबसे पहले 24 मार्च, 1994 को किया गया। |
| 13. | railway mail service | (n) - रेल-डाक सेवा | The Indian Postal Department uses railway mail service for transportation and distribution of mails. | भारतीय डाक विभाग डाक के परिवहन और वितरण के लिए **रेल-डाक सेवा** का उपयोग करता है। |
| 14. | railway freight | (n) - रेल मालभाड़ा | Railway freight for the carriage of goods will be chargeable as per rule. | माल के परिवहन के लिए **रेल मालभाड़ा** नियमानुसार देना होगा। |
| 15. | railway receipt | (n) - **रेल रसीद,** रेलवे रसीद, | Railway administration shall on the acceptance of the goods by it, issue a railway receipt in such form as may be specified by the Central Government. | रेलवे प्रशासन, माल स्वीकार करने पर केंद्र सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप में **रेल रसीद** जारी करेगा। |
| 16. | railway reservation | (n) - रेल आरक्षण | The Indian Railway has provided the facility of railway reservation for general public. | भारतीय रेलवे ने आम जनता के लिए **रेल आरक्षण** की सुविधा प्रदान की है। |
| 17. | railway warrant | (n) - रेल वारंट, रेल अधिपत्र | Only one railway warrant is given at the dispatching station by the authorities. | प्राधिकारियों द्वारा रेलगाड़ी के प्रस्थान स्टेशन पर केवल एक **रेल वारंट** दिया जाता है। |
| 18. | raise | (v) - **बढ़ाना,** वृद्धि करना, बढ़ोतरी करना | 1. The government is planning to **raise** the age of retirement.<br>2. The pay shall be raised by 3% of the total pay. | 1. सरकार सेवानिवृत्ति की उम्र **बढ़ाने** की योजना बना रही है।<br>2. वेतन में **वृद्धि** कुलवेतन का 3% की जाएगी। |
| 19. | raise in pay | (n) - **वेतन-वृद्धि**, | Employees in corporate sector in | भारत में कारपोरेट क्षेत्र के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | वेतन बढ़ोतरी | India can expect a 10% raise in pay on average this year. | कर्मचारी इस वर्ष औसतन 10% **वेतन वृद्धि** की आशा कर सकते हैं। |
| 20. | random | (adj) – 1. **सांयोगिक** 2. अनियमित 3. **ऐच्छिक** 4. यादृच्छिक | 1.Selection of these data is purely random.<br>2. The information is processed in a random order. | 1. इन आंकड़ों का चयन बिल्कुल संयोगवश है।<br>2.यह सूचना **अनियत क्रम** में संसाधित की जाती है। |
| 21. | random work | (adj) –अनियमित कार्य | The record of the random work shall be kept separately. | **अनियमित कार्य** का रिकॉर्ड अलग से रखा जाएगा। |
| 22. | random observation | (adj) - **ऐच्छिक आंकलन,** यादृच्छिक प्रेक्षण | Random observations are required in order to reach a conclusion. | निष्कर्ष पर पंहुचने के लिए **ऐच्छिक आंकलन** जरूरी हैं। |
| 23. | random sampling | (adj)-**ऐच्छिक प्रतिचयन,** यादृच्छिक प्रतिचयन, | By using random sampling method, the likelihood of bias is reduced. | **ऐच्छिक प्रतिचयन विधि** अपनाने से पूर्वाग्रह की आशंका कम हो जाती है। |
| 24. | range | (n)-1 सीमा, विस्तार,फैलाव<br>2. परास, परिसर, चांदमारी, **निशानेबाजी रेंज**<br>3. रेंज, मारक क्षमता | 1. The existing range of this allowance is from Rs. 50 to Rs. 60 per month.<br>2.A shooting Range has been developed in outer area of the city.<br>3. These missiles have a range of 300 miles. | 1.इस भत्ते की मौजूदा **सीमा** 50 रुपए से 60 रुपए प्रति माह है।।<br>2.शहर के बाहर **निशानेबाजी रेंज** बनाई गई है।<br>3. इन मिसाइलों की **मारक क्षमता** 300 मील है। |
| 25. | rank | (n) - 1. **रैंक** 2. पद 3.ओहदा ,श्रेणी 4.पंक्ति | 1. The competent authority in such cases should be in the rank of Director and above.<br>2. He *was promoted to the rank of Captain*<br>3. An in-service training for the officers of the rank of Under Secretary and | 1. ऐसे मामलों में सक्षम प्राधिकारी निदेशक और उससे ऊपर के **रैंक** का होना चाहिए।<br>2.उसे कैप्टन के **पद** पर पदोन्नत किया गया।<br>3.अवर सचिव और उससे ऊपर की **श्रेणी** के अधिकारियों के लिए एक सेवाकालीन प्रशिक्षण हिंदी |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | above should be conducted in Hindi. | में आयोजित किया जाना चाहिए। |
| 26. | rank and file | (n) - जनसाधारण, | There was widespread support for the leader among the rank and file. | नेता को **जनसाधारण** का व्यापक समर्थन प्राप्त था। |
| 27. | ranking | (n) - 1 श्रेणीक्रम, श्रेणीकरण | The task will be assigned to high ranking officers. | यह कार्य उच्च **श्रेणीक्रम** के अधिकारियों को सौंपा जाएगा। |
| 28. | ranks | (n) - 1.**श्रेणी,** 2.सिपाही | 1.Alternate arrangement may be made by nominating officers of the equivalent ranks.<br>*2. Havildar was punished and* **reduced to the rank of Sepoy.** | 1. समान **श्रेणी** के अधिकारियों को नामित करके वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है।<br>2. हवलदार को दंडित किया गया और **सिपाही** के पद पर पदावनत किया गया । |
| 29. | rapid action force | (n) - द्रुत कार्रवाई बल | The Rapid Action Force has been entrusted with the task of maintaining law and order in riot affected areas. | **द्रुत कार्रवाई बल** को दंगा प्रभावित क्षेत्रों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने का कार्य सौंपा गया है। |
| 30. | rare | (adj) - दुर्लभ, विरल | 1This species of plant is becoming increasingly rare.<br>2. In rare cases, the department may relax the rules considering the circumstances of the case. | 1. पौधे की यह प्रजाति तेजी से **दुर्लभ** होती जा रही हैं।<br>2. **विरल** मामलों में,विभाग मामले की परिस्थितियों पर विचार करते हुए नियमों में ढील दे सकता है। |
| 31. | rash | (n)- जल्दबाजी, उतावलापन<br>(v) जल्दबाजी करना<br>(adj) – अंधाधुंध **जल्दबाज,** उतावला | (n)- 1. It would be rash to assume that everyone will agree with this proposal.<br>(v)- Do not rash to rely on such evidence.<br>(adj)– Speeding and rash driving are the main causes for most road accidents, according to police officials. | (n)- यह मान लेना **जल्दबाजी** होगी कि सभी इस प्रस्ताव से सहमत होंगे।<br>(v)- ऐसे साक्ष्य पर विश्वास करने की **जल्दबाजी** न करें।<br>(adj)– पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज गति से **अंधाधुंध** वाहन चलाना |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | है। |
| 32. | rate | (n) - 1. दर, भाव<br>2. रेट<br>3. **श्रेणीकरण**<br>4. पौरकर | 1. The figures published by the Reserve Bank of India show further fall in the rate of inflation.<br>2. The rate of recovery and the interest rate should conform to the rules applicable at the time of sanction.<br>3. The university is highly rated for its research level. | 1. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित आंकड़े मुद्रास्फीति की **दर** में और गिरावट दिखाते हैं।<br>2. मंजूरी के समय इसकी पुष्टि कर लेनी चाहिए कि वसूली **दर** और ब्याज **दर** लागू नियमों के अनुरूप हैं अथवा नहीं।<br>3.विश्वविद्यालय का उसके अनुसंधान संबंधी स्तर के कारण उच्च **श्रेणीकरण** किया गया है। |
| 33. | rate card | (n) - दर-पत्र, रेट कार्ड | Rate card will be displayed at prominent places. | **रेट कार्ड** प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएंगे। |
| 34. | rateable value | (n) - करयोग्य मूल्य | This scheme of rectification of ex-parte assessment orders will be applicable only on the rateable value cases. | एकतरफा मूल्यांकन आदेशों में सुधार की यह योजना केवल **करयोग्य मूल्य** वाले मामलों पर लागू होगी। |
| 35. | rate capacity | (n) - निर्धारित क्षमता | The rate capacity will be taken into account before placing order. | आदेश देने से पहले **निर्धारित क्षमता** का ध्यान रखा जाएगा। |
| 36. | rate contract | (n) - दर संविदा, दर ठेका | In case of supplies ordered against DGS&D Rate contracts, inspection of the supplies received is to be made by the respective Inspection Wing. | डीजीएसएंडडी के **दर संविदा** पर होने वाली आपूर्ति के मामले में नमूना जांच के लिए प्राप्त सामग्री की जांच संबंधित निरीक्षण विंग करेगा। |
| 37. | rate list | (n) - दर सूची | The undersigned is directed to notify the revised rate list for the hospitals approved by CGHS. | अधोहस्ताक्षरी को सीजीएचएस द्वारा अनुमोदित अस्पतालों के लिए संशोधित **दर सूची** अधिसूचित करने का निदेश हुआ है। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 38. | rate of charge | (n) - प्रभार दर | The rate of charge for maintenance work shall be decided on the basis of prevalent rate. | रखरखाव कार्य के लिए **प्रभार दर** का निर्णय प्रचलित दरों के आधार पर लिया जाएगा। |
| 39. | rate of interest | (n) - ब्याज दर | The Government will give an Interest subsidy equal to 2 percentage points in rate of interest being charged by the bank to its employee. | सरकार अपने कर्मचारियों को बैंक द्वारा लगाए जा रहे **ब्याज की दर** में 2 प्रतिशत अंक के बराबर ब्याज सब्सिडी देगी। |
| 40. | rate of taxation | (n) - कराधान दर | The new regime of rate of taxation shall be applicable from next financial year. | **कराधान दर** की नई व्यवस्था अगले वितीय वर्ष से लागू होगी। |
| 41. | rate payer | (n) - पौर-करदाता, **नगर कर-दाता,** | Each year a summary valuation is issued to most ratepayers in October. | प्रत्येक वर्ष अक्तूबर में अधिकांश **पौर- करदाताओं** को कर संबंधी सार मूल्यांकन जारी किया जाता है। |
| 42. | rate of reduction | (n) - छूट की दर | The rate of reduction in the principal amount will be as per prescribed formula. | मूलधन में **छूट की दर** निर्धारित फार्मूले के अनुसार होगी। |
| 43. | rate structure | (n) - दर-संरचना | In the present scenario, it has become necessary to reform the interest rate structure. | वर्तमान परिदृश्य में, ब्याज **दर-संरचना** में सुधार करना आवश्यक हो गया है। |
| 44. | ratification | (n) - अनुसमर्थन, पुष्टि | The Convention is subject to ratification, acceptance or approval by States and by regional economic integration organizations. | यह समझौता राष्ट्रों और क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण संगठनों की **पुष्टि**, स्वीकृति या अनुमोदन के अधीन है। |
| 45. | rating | (n) - 1. कोटिनिर्धारण 2. दरनिर्धारण, निर्धारण **3. दर्जा** 4. (मशीन) निर्धार | 1. The rating of the employee is done annually. 2. Customers satisfaction ratings on these services are generally high. 3. Education has been given a high-priority | 1.कर्मचारियों का **कोटिनिर्धारण** वार्षिक रूप से किया जाता है। 2. इन सेवाओं के संबंध में ग्राहकों की संतुष्टि का **दरनिर्धारण** आम तौर पर उच्च होता है। 3.नए प्रशासन ने शिक्षा को उच्च |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | rating by the new administration. | प्राथमिकता का **दर्जा** दिया है। |
| 46. | ratio | (n) - अनुपात | 1. The restructuring program is designed to increase the company's tangible capital ratio.<br>2. The commission is of the view that a minimum: maximum salary ratio in the vicinity of 1:12 would be justified. | 1. पुनर्गठन कार्यक्रम कंपनी के प्रत्यक्ष पूंजीगत **अनुपात** को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।<br>2.आयोग का विचार है कि न्यूनतम और अधिकतम वेतन का **अनुपात** 1:12 के आस-पास उचित होगा। |
| 47. | ration | (n) – 1. राशन, रसद,<br>2.भोजन-सामग्री<br>(v) –**आपूर्ति सीमित करना** | (n) – 1.During the inspections, the quality and quantity of ration being supplied through FPS, will be checked.<br>2.Recent media reports on the quality of rations being supplied to the Indian Army are quite shocking.<br>(v)- To prevent misuse, the committee even considered ways to ration the water supply. | (n) – 1.निरीक्षण के दौरान,उचित दर की दुकानों के माध्यम से आपूर्ति किए जा रहे **राशन** की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की जाएगी।<br>2. भारतीय सेना के लिए आपूर्ति की जा रही **भोजन-सामग्री** की गुणवत्ता पर हाल ही में आई मीडिया रिपोर्टें काफी चौकानेवाली हैं।<br>(v)- दुरुपयोग रोकने के लिए समिति ने पानी की **आपूर्ति सीमित करने** के प्रस्ताव पर भी विचार किया। |
| 48. | rational | (adj) - **विवेकपूर्ण, तर्कसंगत,** युक्तिसंगत | 1. Employees need to be fully informed so that they could make a rational decision.<br>2. There is no rational explanation for actions of the officer. | 1.कर्मचारियों को पूरी जानकारी होना आवश्यक है, जिससे वे **विवेकपूर्ण** निर्णय ले सकें।<br>2. अधिकारी के कार्यों का **तर्कसंगत** स्पष्टीकरण नहीं है। |
| 49. | rationale | (n) – 1. **मूल आधार**<br>2.**औचित्य**<br>3.**तार्किक आधार** | 1. The Commission, after examining the rationale given in regard to these allowances, could not find adequate justification for their | 1. आयोग को, इन भत्तों के संबंध में दिए गए **मूल आधार** की जांच करने के पश्चात, इन्हें शुरू करने का समुचित औचित्य नहीं मिल सका। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | introduction.<br>2.However, the rationale for such initiative is not, of course, solely economic.<br>3. The rationale behind the changes is not at all evident. | 2.तथापि, इस प्रकार की पहल का **औचित्य** पूरी तरह से आर्थिक नहीं है।<br>3. परिवर्तन का **तार्किक आधार** पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। |
| 50. | rationalise | (v) – **व्यवस्थित करना,** युक्तिसंगत करना | The Commission is aware that the last pay commission had reorganised and rationalised many individual cadres. | आयोग को मालूम है कि पिछले वेतन आयोग ने कई अलग-अलग संवर्गों को पुनर्गठित किया और **युक्तिसंगत** बनाया था। |
| 51. | rationalization | (n)**युक्तिसंगतकरना/बनाना,** युक्तीकरण | Measures are being taken for rationalization of the textile industry. | कपड़ा उद्योग को **युक्तिसंगत बनाने** के उपाय किए जा रहे हैं। |
| 52. | ration allowance | (n) - राशन भत्ता | Police personnel are also entitled to ration allowance as recommended by the 6th pay commission. | छठे वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार पुलिस कार्मिक भी **राशन भत्ते** के हकदार हैं। |
| 53. | rationing | (n) - राशन व्यवस्था | **Vigilance Committees have been in existence since the inception of the rationing system.** | **राशन व्यवस्था** प्रणाली की शुरुआत से ही सतर्कता समिति अस्तित्व में है। |
| 54. | raw material | (n) - कच्चा माल | Analysts say the raw material cost is up across the board. | विश्लेषकों का कहना है कि **कच्चे माल** की कीमत में सभी स्तरों पर वृद्धि हुई है। |
| 55. | raw product | (n) - कच्चा उत्पाद | The raw product as required is obtained from various sources. | आवश्यक **कच्चा उत्पाद** विभिन्न स्रोतों से प्राप्त किया जाता है। |
| 56. | reaction | (n) - प्रतिक्रिया | There has been a mixed reaction to her appointment as director. | निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति पर मिश्रित **प्रतिक्रिया** हुई है। |
| 57. | reactivation | (n) - 1. पुनःसक्रियण<br>2. **पुनः चालू** | 1. Reactivation will be done only after completion of | 1.आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर लेने के बाद ही **पुनःसक्रियण** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **करना, फिर से चालू करना** | necessary formalities. 2. For reactivation of the account, necessary documents, as may be required by the bank need to be submitted. | किया जाएगा। 2.**खाता फिर से चालू करने** के लिए बैंक द्वारा मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। |
| 58. | reading | (n) – 1. वाचन **2. रीडिंग** 3. पठन 4. पाठ्यांक 5.**अध्ययन** | 1. Reading of research papers shall be main events of the seminar. 2. Meter reading is taken in every three months. 3.Suggestions for further reading also given at the end of each chapter. | 1.शोध पत्रों का **वाचन** सेमिनार का मुख्य आकर्षण होगा। 2. मीटर **रीडिंग** प्रत्येक तीन माह में ली जाती है। 3. प्रत्येक अध्याय के अंत में अतिरिक्त **पठन** के लिए सुझाव भी दिए गए हैं। |
| 59. | reading room | (n) - वाचनालय | Reading room can be used from 9 A.M. to 5 P.M. | **वाचनालय** का उपयोग प्रातः9 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा सकता है। |
| 60. | readjust | (v) - पुन:समायोजित करना | The excess amount, if any, shall be readjusted at the time of second withdrawal. | अतिरिक्त राशि,य़दि कोई हो, दूसरे आहरण के समय **पुनःसमायोजित** की जाएगी। |
| 61. | re advertise | (v)-**1. फिर से विज्ञापित करना, 2. पुनः विज्ञापन देना,** 3. पुनर्विज्ञापित करना; | 1. The head of the department may permit to readvertise the post in the Employment Newspaper. 2. If there are no other officers in the grade eligible for confirmation, the UPSC need not be consulted to re-advertise the post. | 1. विभागाध्यक्ष रोजगार समाचार पत्र में पद को **फिर से विज्ञापित** करने की अनुमति दे सकते हैं। 2. यदि ग्रेड में स्थायीकरण के लिए कोई अन्य अधिकारी पात्र नहीं हैं तो इस पद का **पुनः विज्ञापन देने के** लिए यूपीएससी से परामर्श करने की आवश्यकता नहीं है। |
| 62. | ready-built flat | (n) - **तैयार-फ्लैट,** बना-बनाया फ्लैट, | The house building advance shall also be admissible for a | गृह निर्माण अग्रिम **तैयार फ्लैट** के लिए भी स्वीकार्य होगा। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | ready built flat. | |
| 63. | readymade plan | (n) - **तैयार योजना***, बनी-बनाई आयोजना | The office has organized a meeting to discuss the readymade plan. | कार्यालय ने **तैयार योजना** पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई है। |
| 64. | ready reckoner | (n) - **तुरत गणक,** रेडी रेकनर, द्रुत संगणक | For computation of pay in the revised pay scale, the ready beckoner given by the 6th pay commission may be referred to. | संशोधित वेतनमान में वेतन की संगणना करने के लिए छठे वेतन आयोग द्वारा दिए गए **तुरत गणक** का उपयोग किया जाए। |
| 65. | real | (adj) - 1. वास्तविक, 2. असली, यथार्थ | 1. There is a real increase of 6% in average pay. 2. We need to tackle the real problems of unemployment and poverty. | 1. औसत वेतन में 6% की **वास्तविक** वृद्धि हुई है 2. हमें बेरोजगारी और गरीबी की **असली** समस्या का समाधान करने की जरूरत है। |
| 66. | real earning | (n) - वास्तविक कमाई | Only the real earning will be counted for the purpose of granting advance. | अग्रिम मंजूर करने के प्रयोजन से केवल **वास्तविक कमाई** की गणना की जाएगी। |
| 67. | real estate | (n) - **रीयल एस्टेट, अचल संपदा,** स्थावर संपदा, | Liberal policy of the Government has a positive impact on the real estate business in India. | भारत में सरकार की उदार नीति ने रीयल एस्टेट व्यवसाय को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। |
| 68. | real income | (n) - वास्तविक आय | For economic development the rate of increase in real income should be higher than the rate of population growth. | आर्थिक विकास के लिए **वास्तविक आय** में वृद्धि की दर जनसंख्या वृद्धि दर से अधिक होनी चाहिए। |
| 69. | real investment | (n) - वास्तविक निवेश | The real investment decisions shall be taken as per the policy formulated by the Government. | सरकार द्वारा बनाई गई नीति के अनुसार **वास्तविक निवेश** का निर्णय लिया जाएगा। |
| 70. | reality | (n) - वास्तविकता, असलियत, यथार्थता | The reality is that there is not enough money to pay for this project. | **वास्तविकता** यह है कि इस परियोजना के भुगतान के लिए पर्याप्त धन नहीं है। |
| 71. | realization | (n) - 1.प्राप्ति | 1 The staff is providing substantial | 1. स्टाफ लक्ष्यों की **प्राप्ति** में |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. वसूली<br>3. एहसास | support in realization of goals.<br>2. The realization of subscriptions shall be made in the manner prescribed in the rule. | पर्याप्त सहायता प्रदान कर रहा है।<br>2. अंशदान की **वसूली** नियमों में बताए गए तरीके से की जाएगी। |
| 72. | realize | (n) - 1.वसूल करना, उगाहना<br>2. अनुभव करना, महसूस करना | 1. The corporation has launched a drive to realize the outstanding tax.<br><br>2. The Government has realized the seriousness of the situation. | 1. निगम ने बकाया कर **वसूल करने** के लिए अभियान चलाया है।<br>2. सरकार ने स्थिति की गंभीरता का **अनुभव कर** लिया है। |
| 73. | real purchasing power | (n) - वास्तविक क्रय शक्ति | The real purchasing power of income or money depends on the prices of the goods and services. | आय या धन की **वास्तविक क्रय शक्ति** वस्तु तथा सेवाओं की कीमत पर निर्भर करती है। |
| 74. | real time | (adj)- (कंप्यू) **वास्तविक समय**, वास्तविक काल, | The computer may analyze the data in real time. | कंप्यूटर **वास्तविक समय** में आंकड़ों का विश्लेषण कर सकता है। |
| 75. | reapplication | (n) - 1. पुन:आवेदन<br>2.पुन:अनुप्रयोग | The *Reapplication Process* is available to those students who wish to continue studies for a future term. | जो विद्यार्थी आगामी अवधि के लिए अध्ययन जारी रखना चाहते हैं,उनके लिए **पुनःआवेदन** प्रक्रिया उपलब्ध है। |
| 76. | reappointment | (n) - पुनर्नियुक्ति | Employees may apply for their reappointment on contract basis after retirement. | कर्मचारी सेवानिवृत्ति के पश्चात संविदा आधार पर अपनी **पुनर्नियुक्ति** के लिए आवेदन कर सकते हैं। |
| 77. | reappropriation | (n) - पुनर्विनियोजन | The Chief Engineer cannot exercise these powers in cases, where reappropriation of funds is involved from one zone to another zone. | मुख्य अभियंता इन शक्तियों का प्रयोग एक अंचल से दूसरे अंचल में निधि के **पुनर्वियोजन** के मामलों में नहीं कर सकते। |
| 78. | reappropriation budget | (n)- पुनर्विनियोजन | Reappropriation budget will be | वित्त वर्ष के लिए अनुसूची में |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | बजट | presented in respect of demand mentioned in the schedule for the financial year. | उल्लिखित मांगों के संबंध में **पुनर्विनियोजन बजट** प्रस्तुत किया जाएगा। |
| 79. | reason | (n) - 1 कारण 2 तर्क | The appointing authority should give briefly the reasons for treating the demand as urgent. | नियुक्ति प्राधिकारी को मांग के अति आवश्यक होने के **कारणों** को संक्षेप में प्रस्तुत करना चाहिए। |
| 80. | reasonable | (adj)- 1. उचित, युक्तियुक्त,<br>2. युक्तिसंगत, तर्कसंगत | 1. The employee shall submit his payment claim within a reasonable time.<br>2. The team will suggest a reasonable solution to the problem. | 1. कर्मचारी अपना भुगतान दावा **उचित** समय के भीतर प्रस्तुत करेगा।<br>2. यह दल समस्या का **तर्कसंगत** समाधान सुझाएगा। |
| 81. | reasoning | (n) - तर्क | Please explain the reasoning behind this decision. | इस निर्णय के पीछे के **तर्क** को स्पष्ट करें। |
| 82. | reassessment | (n) - पुनर्निर्धारण | The reassessment of the income will be done by the inspector. | निरीक्षक आय का **पुनर्निर्धारण** करेगा। |
| 83. | rebate | (n) - **छूट,** घटौती | No further rebate will be admissible in such cases. | ऐसे मामलों में अतिरिक्त **छूट** स्वीकार्य नहीं होगी। |
| 84. | recall | (v) **-** वापस बुलाना, स्मरण करना या कराना वापस मांगना<br>(n) - प्रत्याहवान, | (v) **-** The Government shall have the absolute right to recall an officer from Foreign Service. | (v)- सरकार को किसी अधिकारी को विदेश सेवा से **वापस बुलाने** का पूर्ण अधिकार होगा। |
| 85. | recapitulation | (n) **- सार, संक्षेप,** सार-कथन, | Recapitulation of the scheme will be circulated among the concerned persons. | संबंधित व्यक्तियों के बीच योजना का **सार** परिचालित किया जाएगा। |
| 86. | recede | (v) - 1. कम होना<br>2. **घटना**<br>3. पीछे हटना | 1. The prospect of bankruptcy of the company has now receded.<br>2. The growth rate of the economy has receded during the | 1. कंपनी के दीवालिया होने की संभावना अब **कम हो** गई है।<br>2. पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था की विकास दर **घटी** है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | first quarter. | |
| 87. | receipt | (n) - 1. प्राप्ति, 2. रसीद 3.आवती 4. आय | 1. The goods will be despatched on receipt of an order in prescribed form. 2. Make sure that you get receipts for everything. 3. The diary number of a receipt will be indicated in the register by the central registry. | 1. निर्धारित प्रपत्र में आर्डर **प्राप्त** पर माल भेजा जाएगा। 2. सुनिश्चित करें कि आप हर चीज के लिए **रसीद** प्राप्त करते हैं। 3. केंद्रीय रजिस्ट्री द्वारा **आवती** की डायरी संख्या रजिस्टर में लिखी जाएगी। |
| 88. | receipt and issue | (n) - प्राप्ति और निर्गम | The record of receipt and issue of dak shall be maintained by receipt and issue section of the Department. | डाक की **प्राप्ति और निर्गम** का रिकॉर्ड विभाग के प्राप्ति और निर्गम अनुभाग द्वारा रखा जाएगा। |
| 89. | receipt book | (n) - रसीद बही | The concerned section will maintain a receipt book. | संबंधित अनुभाग प्राप्ति की एक **रसीद बही** रखेगा। |
| 90. | receipt certificate | (n) - **पावती प्रामाणपत्र,** प्राप्ति प्रमाणपत्र | Payment can also be made without receipt certificate from consignee. | माल भेजने वाले को प्रेषक के **प्राप्ति प्रमाणपत्र** के बिना भी भुगतान किया जा सकता है। |
| 91. | receipt counter | (n) - प्राप्ति पटल | The dak will be received at receipt counter. | डाक **प्राप्ति पटल** पर प्राप्त की जाएगी। |
| 92. | receipted challan | (n) - रसीदी चालान | The receipted challan shall also be sent by the Contractor along with the tender. | ठेकेदार द्वारा निविदा के साथ-साथ रसीदी चालान भी भेजा जाएगा। |
| 93. | receipt register | (n) - आवती पंजिका, प्राप्ति पंजिका, रसीद रजिस्टर | A receipt register shall be maintained by the receipt and issue section. | प्राप्ति और निर्गम अनुभाग द्वारा **आवती पंजिका** रखी जाएगी। |
| 94. | receipts and disbursements | (n)-प्राप्तियां और संवितरण | The record of receipts and disbursements of funds shall be separately maintained. | निधियों की **प्राप्तियों और संवितरण** का रिकॉर्ड अलग से रखा जाएगा। |
| 95. | receipt voucher | (n) - प्राप्ति वाउचर | Receipt vouchers are | संबंधित सहायक द्वारा नकद |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | maintained for cash transaction by the dealing hand. | लेनदेन के लिए प्राप्ति वाउचर रखे जाते हैं। |
| 96. | receive | (v) - 1.प्राप्त करना, लेना 2. अगवानी करना, 3. स्वागत करना | 1. If necessary the Director may also constitute a committee of officers to assess the offers received.<br>2. A group of officers will be designated to receive the honourable minister.<br>3. The delegation was received warmly. | 1. निदेशक, आवश्यकता होने पर, **प्राप्त किए गए** प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के लिए समिति का गठन भी कर सकते हैं।<br>2. माननीय मंत्रीजी की **अगवानी** के लिए अधिकारियों का एक दल नामित किया जाएगा।<br>3. शिष्ट मंडल का गर्मजोशी से **स्वागत किया** गया। |
| 97. | receiver | (n) - 1.पाने वाला, प्राप्तकर्ता, आदाता 2.रिसीवर, प्रापक | 1.The receiver shall be responsible for maintaining the record of the dak.<br>2. A receiver was appointed by the court to handle the company's affairs. | 1.**प्राप्तकर्ता** डाक का रिकॉर्ड रखने के लिए उत्तरदायी होगा।<br>2.कंपनी के कार्यों को देखने के लिए न्यायालय ने एक **रिसीवर** नियुक्त किया। |
| 98. | recent | (adj) - नया, हाल का, अभिनव | There have been many changes **in recent years.** | **हाल के** वर्षों में कई बदलाव हुए हैं। |
| 99. | recently | (adv) - हाल ही में | The Government has recently, increased the rate of annual Professional Allowance for scientists . | सरकार ने **हाल ही में** वैज्ञानिकों के लिए वार्षिक व्यावसायिक भत्ते में वृद्धि की है। |
| 100. | reception | (n) - 1 स्वागत, स्वागत-सत्कार 2.स्वागत पटल 3. स्वागत समारोह | 1. Delegates gave the minister a **warm reception** as he called for more spending on education.<br>2. All communications, files and dak will be received and acknowledged by the Receptionist at the Reception. | 1. शिक्षा पर अधिक व्यय की बात करने पर प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री महोदय का गर्मजोशी से **स्वागत** किया।<br>2. **स्वागत पटल** पर स्वागत अधिकारी सभी पत्र,फाइलें और डाक प्राप्त करेगा और उनकी पावती देगा। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 101. | reception counter | (n) - स्वागत पटल | Personal visitors are requested to give their full particulars in the Visitors 'Book available at the Reception counter. | निजी आगंतुकों से अनुरोध है कि वे **स्वागत पटल** पर उपलब्ध रजिस्टर में अपना पूर्ण विवरण दें। |
| 102. | reception room | (n) - स्वागत कक्ष | A locked complaint box will be placed at the Reception room for receiving complaints. | शिकायतें प्राप्त करने के लिए **स्वागत कक्ष** में ताला लगा हुआ शिकायत बॉक्स रखा जाएगा। |
| 103. | receptive | (adj)- ग्रहणशील, सुग्राही | There is a need for a workforce that is receptive to new technologies | ऐसे कार्यबल की आवश्यकता है जो नई प्रोद्योगिकियों के प्रति **ग्रहणशील** हो। |
| 104. | recess | (n) - अवकाश, विश्रांति<br>**(v)-स्थगित रखना/ करना** | 1.The court is in recess until October.<br>2.The hearing was recessed for the weekend. | 1. अक्तूबर तक न्यायालय में **अवकाश** है।<br>2. सुनवाई सप्ताहांत के लिए **स्थगित** की गई। |
| 105. | recession | **(n) -** सुस्ती, मंदी | The employment opportunities were seriously impacted during economic recession. | आर्थिक **मंदी** के दौरान रोजगार के अवसर गंभीर रूप से प्रभावित हुए। |
| 106. | recipient | (n) – 1. प्राप्तकर्ता, प्राप्त करनेवाला, पाने वाला,<br>2. **सम्मानित, अलंकृत** | 1. The recipient of this payment is unregistered.<br>2. This is a list of recipient of Bharat Ratna, the highest civilian award of India. | 1. इस भुगतान का **प्राप्तकर्ता** पंजीकृत नहीं है।<br>2. यह भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न **से अलंकृत** व्यक्तियों की सूची है। |
| 107. | reciprocal | (adj) – **1.** अन्योन्य,<br>2. पारस्परिक, परस्पर | 1. This paper investigates reciprocal *relationships between* the *citizen and the state.*<br>2. Such treaties provide reciprocal rights and obligations. | 1. इस पेपर में नागरिक और राज्य के बीच **अन्योन्य** संबंधों की छानबीन की गई है।<br>2. इस प्रकार की संधियां **पारस्परिक** अधिकार और दायित्व प्रदान करती हैं। |
| 108. | reciprocal demand | (n) - पारस्परिक मांग | The actual exchange ratio depends on the conditions of | वास्तविक विनिमय अनुपात दो देशों के बीच वस्तुओं की |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | reciprocal demand for goods in two countries. | **पारस्परिक मांग** की स्थितियों पर निर्भर करता हैं। |
| 109. | reciprocate | (v) - **समान प्रतिक्रिया करना, बदले में देना,** आदान-प्रदान करना, | The efforts of the government were also **reciprocated** by the common man. | आम आदमी ने भी सरकार के प्रयासों पर **समान प्रतिक्रिया की।** |
| 110. | reciprocity | अन्योन्यता, पारस्परिकता* | Trust increases the ability of group members to work together and promotes reciprocity. | विश्वास समूह के सदस्यों में मिलकर काम करने की योग्यता में वृद्धि करता है और **पारस्परिकता** को बढ़ावा देता है। |
| 111. | recitation | (n) - 1.सस्वरपाठ/**गायन** 2.पाठ 3.पढ़कर सुनाना | The aim of recitation of *Vande Mataram* is to strengthen patriotic feelings also. | वंदेमातरम के **गायन** का उद्देश्य देशभक्ति की भावनाओं को मजबूत करना भी है। |
| 112. | reckless | (adj) - 1.लापरवाह 2.उतावला 3. अंधाधुंध | Reckless driving is one of the main causes of road accident. | सड़क दुर्घटना के मुख्य कारणों में एक कारण **अंधाधुंध** वाहन चलाना है। |
| 113. | recklessness | (n) - लापरवाही | The recklessness or misconduct in the discharge of duty will attract Disciplinary action against the employee. | कार्यों के निर्वहन में **लापरवाही** या कदाचार के लिए कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। |
| 114. | reckon | (v) – **गणना करना,** गिनना, संगणना करना | Please note that the time allowed for carrying out the work shall be reckoned from the day after the date of this order to commence work. | कृपया नोट करें कि कार्य के निष्पादन के लिए स्वीकृत समय की **गणना** कार्य प्रारंभ करने के इस आदेश की तारीख के अगले दिन से की जाएगी। |
| 115. | reckonable service | **(n) - गणनीय सेवा**, संगणनीय सेवा | One year of reckonable service is one year of continuous full time service. | एक वर्ष की **गणनीय सेवा** एक वर्ष की लगातार पूर्णकालिक सेवा है। |
| 116. | reckoner | (n) – **गणक,रेकनर** संगणक | The amount of insurance premium can be calculated with the help of the | बीमा प्रीमियम का परिकलन **रेकनर** की सहायता से किया जा सकता है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | reckoner. | |
| 117. | reclaim | (n) - 1. पुन: दावा करना<br>2. भूमि-उद्धार करना | 1.After the expiry of the prescribed time limit, reimbursement may be reclaimed with the approval of authority concerned.<br>2.The government has taken measures to reclaim the waste land for cultivation . | 1.निर्धारित समय-सीमा के बाद, संबंधित प्राधिकारी के अनुमोदन से प्रतिपूर्ति के लिए **पुनः दावा किया** जा सकता है।<br>2. सरकार ने कृषि हेतु बंजर भूमि का **उद्धार करने** के उपाय किए हैं। |
| 118. | reclamation | (n) - 1. उद्धार, उद्धारण<br>2. भूमि- उद्धार | Many state governments have launched projects for reclamation and development of lands affected by alkalinity and acidity. | कई राज्य सरकारों ने क्षारीयता और अम्लीयता से प्रभावित भूमि के **उद्धार** और विकास के लिए परियोजनाएं शुरू की हैं। |
| 119. | reclassification | (n) - पुनर्वर्गीकरण | The ministry will take a decision regarding reclassification of the post. | मंत्रालय पद के **पुनर्वर्गीकरण** के संबंध में निर्णय लेगा। |
| 120. | recognition | (n) - 1 मान्यता<br>2 पहचान, अभिज्ञान | 1. The matter regarding granting of recognition to the Associations has been under consideration of this Department for quite some time.<br>2. India has achieved international recognition in the field of software technology. | 1. एसोसिएशन को **मान्यता** प्रदान करने से संबंधित मामला कुछ समय से इस विभाग के विचाराधीन है।<br>2. भारत ने सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय **पहचान** बनाई है। |
| 121. | recognizable | (adj) - मान्यता-योग्य,<br>पहचानने-योग्य | The documents will be kept in an easily recognizable manner. | दस्तावेज सरलता से **पहचानने-योग्य** ढंग से रखे जाएंगे। |
| 122. | recognized | (n)-1. मान्यताप्राप्त, मान्य<br>2. अभिज्ञात | The applicant should possess a post graduate degree in Hindi from a recognized | आवेदनकर्ता के पास किसी **मान्यताप्राप्त** विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | university. | |
| 123. | recognized agent | (n)-मान्यताप्राप्त अभिकर्ता | The department will prepare a panel of recognized agents. | विभाग **मान्यताप्राप्त** अभिकर्ताओं की सूची तैयार करेगा। |
| 124. | recollect | (v) - स्मरण करना, **याद करना** | The aggrieved employee could not recollect the details of the incident. | पीड़ित कर्मचारी घटना का ब्यौरा **याद** नहीं कर सका। |
| 125. | recommend | (v) - सिफारिश करना, संस्तुति करना | The committee will recommend a raise in pay and allowance of teachers. | समिति अध्यापकों के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी की **सिफारिश करेगी**। |
| 126. | recommendation | (n)- **सिफारिश, संस्तुति, अनुशंसा**, | The recommendations of the Committee have been accepted. | समिति की **सिफारिशें** स्वीकार कर ली गई हैं। |
| 127. | recommendatory letter | (n) - **सिफारिशी पत्र, अनुसंशात्मक पत्र**, | The recommendatory letter has been sent to all the departments. | सभी विभागों को यह **सिफारिशी पत्र** भेजा गया है। |
| 128. | recommended | (adj)- **अनुशंसित**, संस्तुत, | The Committee of Experts will review the recommended measures for their expeditious implementation. | विशेषज्ञ समिति **अनुशंसित** उपायों की समीक्षा करेगी जिससे कि उनका शीघ्र कार्यान्वयन किया जा सके। |
| 129. | reconciliation | (n) – 1. समाधान<br>2. सुलह, मेल-मिलाप, | 1. Please take immediate action to resolve errors or discrepancies noted during the reconciliation process.<br>2. The meeting failed to achieve reconciliation between the two groups. | 1. **समाधान** प्रक्रिया के दौरान नोट की गई त्रुटियों या विसंगतियों को ठीक करने के लिए कृपया तत्काल कार्रवाई करें।<br>2. बैठक में दोनों समूहों के बीच **सुलह** नहीं हो पाई। |
| 130. | reconciliation of accounts | (n) - लेखा-समाधान | It may be ensured that the reconciliation of accounts is done at the end of each accounting period. | यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक लेखा अवधि की समाप्ति पर **लेखा-समाधान** किया जाए। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 131. | reconciliation statement | (n) - समाधान-विवरण | The auditor should pay special attention to the important items appearing in the reconciliation statements. | लेखा परीक्षक को **समाधान-विवरण** में दी गई महत्वहूर्ण मदों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। |
| 132. | reconsideration | (n) - पुनर्विचार | The matter would be sent to the appropriate authority for reconsideration. | यह मामला **पुनर्विचार** के लिए उपयुक्त अधिकारी को भेजा जाएगा। |
| 133. | reconstitution | (n) - पुनर्गठन | Reconstitution of the Hindi Salahkar Samitis should be done in time. | हिंदी सलाहकार समितियों का **पुनर्गठन** समय पर किया जाना चाहिए। |
| 134. | reconstruction | (n) – 1. **फिर से बनाना,**<br>2. पुनर्निर्माण | 1. No specific procedure is prescribed for reconstruction of Service Book which is lost.<br>2. The Government has entrusted some public sector undertakings the work reconstruction and rehabilitation of disaster affected area. | 1. गुम हो गई सेवा-पंजी को **फिर से बनाने** के लिए विशेष प्रक्रिया निर्धारित नहीं है।<br>2. सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ उपक्रमों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में **पुनर्निर्माण** और पुनर्वास का कार्य सौंपा है। |
| 135. | reconstruction of file | (n)-फिर से फाइल बनाना | All the necessary details will be gathered and organized in chronological order for reconstruction of file. | **फिर से फाइल बनाने** के लिए सभी आवश्यक विवरण एकत्र किए जाएंगे और कालक्रमानुसार व्यवस्थित किए जाएंगे। |
| 136. | record | (n) - 1. अभिलेख, रिकार्ड<br>2. कीर्तिमान<br>(v)- अभिलिखित करना,<br>दर्ज करना | (n)- 1.The record shall be maintained in a proforma prescribed by the ministry .<br>2. The department has again set a record by completing the project on schedule.<br>(v)- The officer concerned shall inspect the report and | (n)-1. **रिकॉर्ड** मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में रखा जाएगा।<br>2. विभाग ने परियोजना को समय पर पूरा करके पुनः **कीर्तिमान** स्थापित किया है।<br>(v)-संबंधित अधिकारी रिपोर्ट का निरीक्षण करेगा और इस आशय का प्रमाणपत्र **दर्ज** करेगा। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | record a certificate to that effect. | |
| 137. | record book | (n) - अभिलेख पुस्तक, रिकॉर्ड-पंजी | A record book will be maintained in the section. | अनुभाग में एक रिकॉर्ड-पंजी रखी जाएगी। |
| 138. | recording | (n)- 1. अभिलेखबद्ध करना<br>2. रिकॉर्ड करना | 1. Files will be indexed at the time of their recording.<br>2. The recording of notes in 'duplicate' files may be permitted by issuing general or special orders by the department. | 1. फाइलों को **अभिलेखबद्ध** करते समय सूचीबद्ध किया जाएगा।<br>2. विभाग द्वारा सामान्य या विशेष आदेश जारी करके डुप्लीकेट फाइल में नोट **रिकार्ड करने** की अनुमति दी जा सकती है। |
| 139. | recording machine | (n) - अभिलेखित्र, रिकार्डिंग मशीन | Use of recording machine will be permitted. | **रिकार्डिंग मशीन** के प्रयोग की अनुमति दी जाएगी। |
| 140. | recording of file | (v) - फाइल अभिलेखबद्ध करना, फाइल रिकॉर्डबंदी | The office superintend shall be responsible for recording of files and their classification. | कार्यालय अधीक्षक फाइलों को **अभिलेखबद्ध करने** और उनका वर्गीकरण करने के लिए उत्तरदायी होगा। |
| 141. | record of service | (n) - सेवा-अभिलेख, सेवा-रिकॉर्ड | The record of service of a government employee shall be maintained by the department /office in which he is employed. | सरकारी कर्मचारी का **सेवा-रिकॉर्ड** उस विभाग/कार्यालय द्वारा रखा जाएगा जिसमें वह नियोजित है। |
| 142. | record room | (n) - अभिलेख कक्ष | The reports should be kept in the departmental record room for five Years. | रिपोर्ट विभागीय **अभिलेख कक्ष** में पांच वर्षों तक रखी जानी चाहिए। |
| 143. | recoup | (v) - प्रतिपूर्ति करना* | Insurance companies are trying to recoup their losses by increasing premiums. | बीमा कंपनियां प्रीमियम की राशि बढ़ाकर अपनी हानि की **प्रतिपूर्ति करने** का प्रयास कर रही हैं। |
| 144. | recoupment | (n) - प्रतिपूर्ति | 1. The procedure for obtaining an advance from the Contingency | 1. आकस्मिकता निधि से अग्रिम प्राप्त करने और निधि |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Fund and recoupment of the Fund shall be as laid down in the Contingency Fund of India Rules, 1952.<br>2. A suitable explanation regarding the advance and the recoupment thereof shall be incorporated in the "Notes on Demands for Grants" | की **प्रतिपूर्ति** करने की प्रक्रिया, भारत की आकस्मिकता निधि नियमावली,1952 के अनुसार होगी।<br>2. अग्रिम और उसकी **प्रतिपूर्ति** के संबंध में एक उचित स्पष्टीकरण "अनुदान मांगों से संबंधित नोट्स" में दिया जाएगा। |
| 145. | recourse | (n) - 1.आश्रय<br>2**. सहारा***<br>3.वसूली-अधिकार | 1. That is to say, recourse to Contingency Fund of India should be taken only in cases of extreme urgency.<br>2. Recourse to this arrangement should normally be taken only when Parliament is not in session. | 1. अर्थात, भारत की आकस्मिकता निधि का **आश्रय** केवल अति तात्कालिक मामलों में ही लिया जाना चाहिए।<br>2. इस व्यवस्था का **सहारा** सामान्यतः तभी लिया जाना चाहिए जब संसद का सत्र न चल रहा हो। |
| 146. | recover | (v) - 1. वसूल करना, बरामद करना<br>2. स्वस्थ होना | These advances are recovered from the employees within the prescribed period. | कर्मचारियों से ये अग्रिम निर्धारित अवधि के भीतर **वसूल किए** जाते हैं। |
| 147. | recoverable | (adj) - वसूली-योग्य | The advance is recoverable from pay every month till it is repaid in full. | अग्रिम प्रति माह वेतन से तब तक **वसूली-योग्य** रहेगा जब तक इसे पूर्णतः चुका नहीं दिया जाता। |
| 148. | recovery | (n) - 1. वसूली<br>2. बरामदगी<br>3. पुन:प्राप्ति<br>4. स्वास्थ्य-लाभ | The recovery of the advance may be made in not more than twenty-four equal monthly installments. | अग्रिम की **वसूली** अधिकतम चौबीस समान मासिक किस्तों में की जा सकेगी। |
| 149. | recovery of dues | देय की वसूली | It is permissible to make recovery of dues from the retirement, gratuity even without | कर्मचारी की सहमति प्राप्त किए बिना भी सेवानिवृत्ति उपदान से **देय राशि की वसूली** करना अनुमत है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | obtaining consent of the employee. | |
| 150. | recovery of loss | नुकसान की वसूली | In case of recovery of losses, the prescribed procedure shall be followed. | **नुकसान की वसूली** के मामले में विहित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। |
| 151. | recreation | (n) – मनोरंजन, मनोविनोद | The guidelines of DOPT may be followed in respect of activities related to recreation. | **मनोरंजन** से संबंधित कार्यकलापों के संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के मार्गनिर्देशों का पालन किया जाए। |
| 152. | recruit | (v) - 1.भर्ती करना<br>(n)- 2. रंगरुट | The Senior Translators of this office have been recruited through SSC. | इस कार्यालय के वरिष्ठ अनुवादकों की भर्ती एसएससी द्वारा की गई है\| |
| 153. | recruiting authority | (n)- 1. भर्ती प्राधिकारी<br>2 .भर्ती प्राधिकरण | The seniority of candidates shall be determined on the basis of the merit assigned by the recruiting authority. | अभ्यर्थियों की वरिष्ठता **भर्ती प्राधिकारी** द्वारा आवंटित योग्यता क्रम के आधार पर निर्धारित की जाएगी। |
| 154. | recruitment | (n) - भर्ती* | A provision may be made in the rules for appointment by direct recruitment to Groups C posts. | समूह 'ग' पदों पर सीधी **भर्ती** द्वारा नियुक्ति के लिए प्रावधान किया जा सकता है। |
| 155. | recruitment rules | (n) - भर्ती नियम | Recruitment Rules shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette | **भर्ती नियम** राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे। |
| 156. | rectification | (n) - परिशोधन, सुधारना | Suggestions for improvement and rectification of errors and omissions, if any, are always welcome. | त्रुटि और चूक के सुधार और **परिशोधन** के लिए सुझावों का हमेशा स्वागत है। |
| 157. | rectify | (n) - परिशोधन करना,<br>**सुधारना** | Primary objective of holding a review DPC is to rectify any mistake that took place at the time of holding of the | विभागीय पदोन्नति समिति की समीक्षा बैठक बुलाने का प्राथमिक उद्देश्य ऐसी त्रुटि को **सुधारना** है,जो मूल डीपीसी करते |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | original DPC. | समय हुई थी। |
| 158. | recurring | (adj) - आवर्ती, आवर्तक | Every order sanctioning a grant shall indicate whether it is recurring or non-recurring | अनुदान मंजूर करने से संबंधित प्रत्येक आदेश में यह निर्दिष्ट किया जाएगा कि यह अनुदान **आवर्ती** है या अनावर्ती। |
| 159. | recurring charges | (n) - आवर्ती प्रभार | Recurring charges will also be reimbursable as per prescribed rules. | **आवर्ती प्रभार** भी निर्धारित नियमों के अनुसार प्रतिपूर्ति योग्य होंगे। |
| 160. | recurring deposit | (n) - आवर्ती जमा | The money can be invested in recurring deposit scheme. | धन **आवर्ती जमा** स्कीम में जमा किया जा सकता है। |
| 161. | recurring expenditure | (n) - आवर्ती व्यय | The recurring expenditure shall be met from grants-in-aid from the Central Government. | **आवर्ती व्यय** की पूर्ति केंद्र सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान से की जाएगी। |
| 162. | recurring grant | (n) - आवर्ती अनुदान | The departments are advised to render accounts for the earlier recurring grant. | विभागों को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ववर्ती **आवर्ती अनुदान** का लेखा प्रस्तुत करें । |
| 163. | redeem | (v)- छुड़ाना, मोचन, चुकाना | The right to redeem a mortgage on repayment of a loan is a legal right of a borrower. | कर्ज चुका कर बंधक का **मोचन** कराने का अधिकार उधारकर्ता का विधिक अधिकार है। |
| 164. | redemption | (n) - 1. मोचन, छुड़ाना<br>2. पुन:प्राप्त करना | The redemption fee may not exceed two percent of the amount redeemed. | **मोचन** शुल्क मोचित राशि के दो प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। |
| 165. | redemption of debt | (n) - ऋण मोचन | The charges connected with the redemption of debt are debited to the Major Head "Internal Debt". | **ऋण मोचन** से संबंधित प्रभार मुख्य शीर्ष “आंतरिक ऋण” में डेबिट किए जाते हैं। |
| 166. | redemption of mortgage | (n) - बंधक छुड़ाना, बंधक मोचन | Redemption of mortgage is allowed only on repayment of outstanding loan. | बकाया ऋण चुकाने पर ही **बंधक को छुड़ाया** जा सकता है। |
| 167. | red hot priority | (adj) - अति अग्रता | The Government is | सरकार कर्मचारियों और |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | demand | मांग | making all efforts to resolve red *hot priority demands* of the *employees* and pensioners. | पेंशनभोगियों की **अति अग्रता मांगों को** सुलझाने के पूरे प्रयास कर रही है। |
| 168. | redirected | (n) - पुन:प्रेषित | Receipts redirected to other sections will also be diarized. | अन्य अनुभागों को **पुनःप्रेषित** प्राप्तियों को भी डायरीबद्ध किया जाएगा। |
| 169. | redistribution | (n) - पुनर्वितरण | The matter relating to restructuring of cadre and redistribution of posts is being considered by the Department. | संवर्ग के पुनर्गठन और पदों के **पुनर्वितरण** से संबंधित मामले पर विभाग द्वारा विचार किया जा रहा है। |
| 170. | redress | (v) - दूर करना, निवारण करना, निवारण | The Grievance Cells have to ensure that all the grievances are redressed within a reasonable time by the field officers. | शिकायत प्रकोष्ठ को यह सुनिश्चित करना होगा कि फील्ड अधिकारियों द्वारा सभी शिकायतें उचित समय में **दूर की** जाएं। |
| 171. | redressal | (n) - निवारण | Any request for redressal of grievances etc. should be taken up with the concerned administrative authority. | शिकायत आदि के **निवारण** के लिए अनुरोध संबंधित प्रशासनिक प्राधिकारी से करना चाहिए। |
| 172. | red tapism | (n) - लालफीताशाही | Adequate measures have been introduced to check red tapism. | **लालफीताशाही** को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं। |
| 173. | reduction | (n) - कमी*, कटौती* | DOPT needs to be consulted in respect of any proposal for amendment in Recruiting Rules. | भर्ती नियमावली में संशोधन के किसी प्रस्ताव के संबंध में डीओपीटी से परामर्श किया जाना अपेक्षित है। |
| 174. | redundancy | (n) - व्यतिरिक्ति, अनावश्यकता | The department will take action on the issue of redundancy as per procedure laid down in the rules. | विभाग नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार **अनावश्यकता** के मुद्दे पर कार्रवाई करेगा। |
| 175. | redundant | (adj) - व्यतिरिक्त, | New technology has made many rules and | नई प्रौद्योगिकी ने अनेक |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अनावश्यक | procedures redundant. | नियमों और प्रक्रियाओं को **अनावश्यक** बना दिया है। |
| 176. | redundant staff | (n)-**अनावश्क कर्मचारीवृंद** अनावश्यक स्टाफ, व्यतिरिक्त स्टाफ, | All efforts will be made to suitably adjust the redundant staff against the vacancies arising in other Ministries and Departments. | **अनावश्क कर्मचारीवृंद** को अन्य मंत्रालयों और विभागों में होने वाली रिक्तियों में उचित रूप से समायोजित करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। |
| 177. | re-employment | (n) - पुनर्नियोजन | No proposal for extension of service/re-employment beyond the age of superannuation shall be considered. | अधिवर्षिता की आयु के पश्चात **पुनर्नियोजन** के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| 178. | re-encode | (v) - पुन:कूटबद्ध् करना | The relay decodes the received signal and re-encodes the information before relaying it. | रिले प्राप्त संकेतों का विकोडन करता है और इस सूचना को रिले करने से पहले **पुनः कूटबद्ध** करता है। |
| 179. | re-entry | (n) - पुन:प्रवेश | *Govt* of *India* has decided to lift the restriction of two month gap on *re-entry* of foreign nationals. | भारत सरकार ने विदेशी नागरिकों के भारत में **पुनः प्रवेश** पर दो माह के अंतराल के प्रतिबंध को हटाने का निर्णय लिया है। |
| 180. | re-examination | (n)- पुन:परीक्षा, पुन:जांच | In the case of the candidates who have been declared 'Temporarily Unfit', the period specified for re-examination will not exceed six months. | "अस्थायी रूप से अस्वस्थ" घोषित अभ्यर्थियों के मामले में **पुनः परीक्षा** के लिए विनिर्दिष्ट अवधि छह महीने से अधिक नहीं होगी\| |
| 181. | re-examine | (v) – 1. पुन:परीक्षा लेना 2. पुन: जांच करना | 1. All the evidences need to be re-examined. 2. Prior approval of the competent authority is necessary to re-examine the case. | 1. सभी साक्ष्यों की **पुनः परीक्षा** करने की आवश्यकता है। 2. मामले की **पुनःजांच** करने के लिए सक्षम प्राधिकारी का पूर्व अनुमोदन आवश्यक है। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 182. | refer | **(v)-** 1. (संदर्भ) देखना, संदर्भ देना<br>2. उल्लेख करना, के बारे में बताना, अभिनिर्देशित करना<br>3. विचारार्थ भेजना | 1. In case of any doubt, prescribed rules should be referred to.<br>2. A member while speaking shall not refer to any matter of fact on which a judicial decision is pending.<br>3. The case had been referred to the Appellate Court. | 1. किसी प्रकार के संदेह की स्थिति में, विहित नियम **देखना** चाहिए।<br>2. कोई सदस्य बोलते समय ऐसे किसी तथ्य का **उल्लेख** नहीं करेगा जिस पर न्यायिक निर्णय लिया जाना हो।<br>3.यह मामला अपील न्यायालय को **भेज दिया** गया था। |
| 183. | referee | (n) - 1. निर्देशिती<br>2. रेफरी,**मध्यस्थ** | 1. This referee found that respondent's explanations and denials of certain events were not credible.<br>2. The decisions of the referee regarding facts connected with play and the result of the match are final. | 1. इस **निर्देशिती** ने पाया कि कुछ घटनाओं के संबंध में प्रतिवादी के स्पष्टीकरण और खंडन विश्वसनीय नहीं थे।<br>2. खेल से जुड़े तथ्यों और मैच के परिणाम के संबंध में **रेफरी** का निर्णय अंतिम होता है। |
| 184. | reference | (n) – **1.** संदर्भ<br>2.निर्देश, अभिनिर्देश, | 1. Read these notes carefully and keep them for future reference.<br>2. Whenever it is found that a reference made to the Supreme Court has not been replied to, the attention of the Registrar should be drawn to the fact. | 1. इन टिप्पणियों को ध्यान से पढ़ें और उन्हें भविष्य में **संदर्भ** के लिए रखें।<br>2. जब भी यह पाया जाए कि उच्चतम न्यायालय को किए **निर्देश** का उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है, तो इस तथ्य की ओर रजिस्ट्रार का ध्यान आकर्षित किया जाना चाहिए। |
| 185. | reference book | (n) - संदर्भ पुस्तक | There are such reference books in the office library as are relevant and necessary. | कार्यालय के पुस्तकालय में ऐसी आवश्यक और संगत **संदर्भ पुस्तकें** हैं। |
| 186. | reference register | (n) - संदर्भ रजिस्टर | A reference register shall be maintained in every section. | प्रत्येक अनुभाग में एक **संदर्भ रजिस्टर** रखा जाएगा। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 187. | referencing | (n) - संदर्भ देना, हवाला देना | It is necessary to give short titles to general statutory rules for referencing and tracing of rules. | नियमों का **संदर्भ देने** और पता लगाने के लिए सामान्य सांविधिक नियमों को संक्षिप्त नाम देना आवश्यक है। |
| 188. | referral | (n) – 1. **रैफरल**<br><br>2. अभिनिर्देशन, अभिनिर्देश; | 1. CGHS, by way of referrals, is already using both private and Government network.<br><br>2. When we receive a referral, we will consider the matter and any other information available. | 1. सीजीएचएस, **रैफरल** के माध्यम से, प्राईवेट और सरकारी नेटवर्क दोनों का उपयोग पहले से ही कर रहा है।<br>2. जब हमें कोई **अभिनिर्देश** मिलेगा तब हम उस मामले पर और अन्य उपलब्ध सूचना पर विचार करेंगे। |
| 189. | refinance | (n)- पुनर्वित्त<br><br>(v)- **पुनर्वित्तयन करना, पुनर्वित्तपूर्ति करना** | (n)- The primary objective of refinance scheme is to facilitate the flow of Funds for the development of infrastructure in the Country.<br>(v)- All housing finance companies registered with NHB are eligible for refinance under the refinance policy. | (n)- **पुनर्वित्त** योजना का प्राथमिक उद्देश्य देश में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निधि के प्रवाह को सुकर बनाना है।<br>(v)- एनएचबी में पंजीकृत सभी आवास वित्त कंपनियां **पुनर्वित्त** नीति के अधीन **पुनर्वित्तयन करने** के लिए पात्र हैं। |
| 190. | re-financing | (n) - पुनर्वित्तपोषण | The benefit of re-financing should be passed on to the beneficiaries through cheaper loan to the Banks. | बैंकों को सस्ता ऋण उपलब्ध करा के **पुनर्वित्तपोषण** का लाभ लाभार्थियों तक पंहुचाया जाना चाहिए। |
| 191. | refine | (v) – 1. **बेहतर बनाना, सुधारना,**<br>**2.** परिष्कार करना, | 1. The performance would be refined keeping in view the organizational goals.<br>2. The training would help employees to refine their skill. | 1. संगठनात्मक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए निष्पादन को **बेहतर बनाया** जाएगा।<br>2. प्रशिक्षण से कर्मचारियों को अपने कौशल का **परिष्कार** करने में सहायता मिलेगी। |
| 192. | refined | (adj)- परिशुद्ध, शुद्ध, | Use of refined oil is | सरकारी कैंटीन में **परिशुद्ध** तेल |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | परिष्कृत | allowed in government canteens. | के प्रयोग की अनुमति है। |
| 193. | refixation of pay | (n)- वेतन का पुनर्नियतन | All matters concerning refixation of pay in the higher grade shall be referred to internal finance for approval. | उच्चतर ग्रेड में **वेतन के पुनर्नियतन** से संबंधित सभी मामले अनुमोदन के लिए आंतरिक वित्त को भेजे जाएंगे। |
| 194. | reform | (n) - सुधार;<br>(v)- सुधारना, सुधार करना | (n) - All the Ministries are responsible for implementing administrative reforms.<br>(v)- The draft proposal to reform the social security system has been finalized by the ministry. | (n) - सभी मंत्रालय प्रशासनिक **सुधार** लागू करने के लिए उत्तरदायी हैं।<br>(v)- सामाजिक सुरक्षा तंत्र में **सुधार करने** के लिए प्रस्ताव के मसौदे को मंत्रालय ने अंतिम रूप दे दिया है। |
| 195. | refrain from | (v)- 1. न करना<br>2. **बचना, स्वयं को रोकना**<br>विरत रहना (विधि)<br>3. **दूर रहना** | 1. Please refrain from smoking in this area.<br>2. Employee should refrain from criticizing the government in public.<br>3. They appealed to the protesters to refrain from violence. | 1. कृपया इस स्थान पर धूम्रपान **न करें**।<br>2. कर्मचारियों को जनता के बीच में सरकार की आलोचना करने **से बचना** चाहिए।<br>3. उन्होंने प्रदर्शनकारियों से यह अपील की कि वे हिंसा से **दूर रहें**। |
| 196. | refresher course | (n) - पुनश्चर्या पाठ्यक्रम | The office periodically organizes refresher course. | कार्यालय समय-समय पर **पुनश्चर्या पाठ्यक्रम** आयोजित करता है। |
| 197. | refreshment | (n) - जलपान, अल्पाहार | Light refreshments will be served during the break. | मध्यावकाश के दौरान **अल्पाहार** परोसा जाएगा। |
| 198. | refreshment room | (n) - जलपानगृह, **जलपान/अल्पाहार कक्ष** | The suggestions include provision of rest rooms and refreshment rooms at the work Place. | सुझावों में कार्यस्थल में विश्राम कक्ष और **जलपान गृह** का प्रावधान शामिल है। |
| 199. | refuge | (n) - शरण*, **आश्रय** | The mob forced them to take refuge in makeshift camp under police | भीड़ ने उन्हें पुलिस सुरक्षा के अधीन अस्थायी शिविर में **शरण** लेने के लिए मजबूर किया। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | protection. | |
| 200. | refugee | (n) - शरणार्थी | *India* continues to grant asylum to a *large number of refugees* coming from neighboring countries. | भारत पड़ोसी देशों से बड़ी संख्या में आने वाले **शरणार्थियों** को शरण आ रहा है। |
| 201. | refund | (n) - 1. (धन) वापसी<br>2. प्रतिदाय (विधि)<br>(v) - धन लौटाना, **लौटाना, वापस करना** | 1. Furnishing details of bank account in the prescribed form is mandatory for refund purpose.<br>2. The stipulations in regard to refund of the amount of advance should be brought out clearly in the letter sanctioning the advance.<br>(v) **-** A suitable note of refund may be recorded in the advance register. | 1. **धन वापसी** हेतु निर्धारित प्रपत्र में बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है।<br>2. अग्रिम से संबंधित मंजूरी पत्र में अग्रिम राशि के **प्रतिदाय** से संबंधित अनुबंध स्पष्ट रूप से उल्लिखित किए जाने चाहिए।<br>(v)- अग्रिम रजिस्टर में धन **वापस करने** के संबंध में उपयुक्त टिप्पणी लिखें। |
| 202. | refundable | (adj)- 1. प्रतिदेय<br>2. लौटाने योग्य | This fee will be refundable only to those candidates who are declared fit by the Appellate Medical Board. | यह शुल्क केवल उन अभ्यर्थियों को **प्रतिदेय** होगा जो अपीलीय मेडिकल बोर्ड द्वारा फिट घोषित किए गए हैं। |
| 203. | refund of advance | (n)- अग्रिम (धन) की वापसी,<br>पेशगी की वापसी | The contractor shall have to apply for the refund of advance within the prescribed period. | ठेकेदार को **अग्रिम धन की वापसी** के लिए निर्धारित अवधि के अंतर्गत आवेदन करना होगा। |
| 204. | refund of deposit | (n)-जमा (राशि) की वापसी | The person concerned shall apply for refund of deposit within prescribed time limit. | संबंधित व्यक्ति निर्धारित समय सीमा के भीतर **जमा राशि की वापसी** से लिए आवेदन करेगा। |
| 205. | refund order | (n) (धन) वापसी का आदेश | The refund order shall be issued by the authority concerned. | संबंधित प्राधिकारी द्वारा धन वापसी का आदेश जारी किया जायेगा। |
| 206. | refusal | (n) – 1. इनकार, | 1. A Government servant may be | 1. वरिष्ठ अधिकारियों के लिखित आदेशों का पालन करने |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. अस्वीकृति* | suspended for refusal to carry out written orders of the superior officers.<br>2. If the reasons adduced for refusal of promotion are acceptable to the appointing authority, the next person in the select list may be promoted. | से **इनकार** करने के लिए सरकारी सेवक निलंबित किया जा सकता है।<br>2. यदि पदोन्नति की **अस्वीकृति** के लिए उद्धृत कारण नियुक्ति प्राधिकारी को स्वीकार्य हैं, तो चयन सूची में अगले व्यक्ति को पदोन्नत किया जा सकता है। |
| 207. | refuse | (v) – 1. इनकार करना<br>2. अस्वीकार करना | 1. The police had refused permission for the protest march.<br>2. The leave of any kind may be refused by the authority in public interest. | 1. पुलिस ने विरोध मार्च के लिए अनुमति देने से **इनकार कर** दिया था।<br>2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा लोक हित में, किसी भी प्रकार की छुट्टी **अस्वीकार** की जा सकती है। |
| 208. | refused leave | (n) - अस्वीकृत छुट्टी | The house rent allowances during refused leave, if otherwise admissible shall be paid. | **अस्वीकृत छुट्टी** के दौरान मकान किराया भत्ता, यदि अन्यथा स्वीकार्य है तो दिया जाएगा। |
| 209. | refutation | (n) - खंडन | The employee shall be allowed reasonable time for submitting refutation of the charges. | कर्मचारी को आरोपों का **खंडन** प्रस्तुत करने के लिए उचित समय दिया जाएगा। |
| 210. | regain | (v) - पुन:प्राप्त करना,<br>दोबारा प्राप्त करना | The government servant shall regain his original seniority on his restoration to the service. | सेवा में बहाल होने पर सरकारी कर्मचारी अपनी मूल वरिष्ठता **पुनः प्राप्त** करेगा। |
| 211. | regard | (v)- 1. मानना, समझना<br>2. ध्यान रखना<br>3. सम्मान करना<br>4. संबंध रखना<br>(n)- 1. **सम्मान**<br>**2. संबंध** | (v)- 1. Some people regard capital punishment as inhuman.<br>2. All students must be provided better education without regard to social status. .<br>(n)- 1. Teachers are | (v)- 1. कुछ लोग मृत्यु दंड को अमानवीय **मानते** हैं।<br>2. सभी विद्यार्थियों को उनकी सामाजिक स्थिति को **ध्यान में रखे** बिना बेहतर शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।<br>(n)- 1. समाज में शिक्षकों का |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | held in high regard in the society. 2. The department is reviewing its policy with regard to punctuality. | बहुत **सम्मान** होता है। 2. विभाग समयबद्धता के **संबंध** में अपनी नीति की समीक्षा कर रहा है। |
| 212. | regards | (n) - शुभकामनाएं | The retiring employee thanked all for their regards. | सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी ने **शुभकामनाओं** के लिए सभी का धन्यवाद किया। |
| 213. | region | (n) - क्षेत्र, प्रदेश | As far as possible they are to be posted near their regions. | जहां तक संभव हो, उन्हें उनके **क्षेत्र** के निकट तैनात किया जाएगा। |
| 214. | regional | (n) - क्षेत्रीय, प्रादेशिक | If any document is in regional language, its authenticated translation in English should be available. | यदि कोई दस्तावेज **क्षेत्रीय** भाषा में है तो उसका अंग्रेजी में प्रमाणीकृत अनुवाद उपलब्ध होना चाहिए। |
| 215. | regional imbalance | (n) - क्षेत्रीय असंतुलन | The Prime minister emphasized on the need of a credible policy solutions to check the regional imbalances. | प्रधानमंत्री ने **क्षेत्रीय असंतुलन** को दूर करने के लिए विश्वसनीय नीतिगत समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। |
| 216. | register | (n) - रजिस्टर, पंजी, पंजिका (क्रि), (v) - पंजीयन करना, पंजीकृत करना | 1. There is no need for maintaining separate roster register for ad hoc promotions. 2. All citizens of India who are 18 years of age are entitled to be registered as a voter. | 1. तदर्थ पदोन्नतियों के लिए पृथक रोस्टर **रजिस्टर** रखने की आवश्यकता नहीं है। 2. भारत के सभी नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष हैं, मतदाता के रूप में **पंजीकृत** किए जाने के लिए हकदार हैं। |
| 217. | registered | (n) - पंजीयत, पंजीकृत | The Casual laborers who are not registered with Employment Exchange would not be appointed in regular posts. | जो अनियत मजदूर रोजगार कार्यालय में **पंजीकृत** नहीं हैं वे नियमित पदों पर नियुक्त नहीं किए जाएंगे। |
| 218. | registered acknowledgement due | (n) - पंजीकृत पावती पत्र | The notice shall be sent by registered acknowledgement | नोटिस **पंजीकृत पावती पत्र** से भेजा जाएगा। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | due. | |
| 219. | registered and insured articles | (n) - पंजीकृत और बीमाकृत वस्तुएं, **रजिस्ट्रीकृत और बीमाकृत वस्तुएं** | Size of the registered and insured articles and parcels should be within prescribed limits. | **पंजीकृत और बीमाकृत वस्तुओं** का आकार निर्धारित सीमा में होना चाहिए। |
| 220. | registered document | (n) - पंजीकृत दस्तावेज **रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज** | Only certified copy of *registered document* shall be admissible as evidence. | **पंजीकृत दस्तावेज** की प्रमाणित प्रति ही साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होगी। |
| 221. | registered graduate | (n) - पंजीकृत स्नातक **रजिस्ट्रीकृत स्नातक** | Only registered graduates are eligible for the post. | केवल **पंजीकृत स्नातक** इस पद के लिए पात्र हैं। |
| 222. | registered letter | (n) - पंजीकृत पत्र **रजिस्ट्रीकृत पत्र** | The information shall be sent by a registered letter. | सूचना **पंजीकृत पत्र** द्वारा भेजी जाएगी। |
| 223. | registered office | (n) - पंजीकृत कार्यालय **रजिस्ट्रीकृत कार्यालय** | The Registered office of LIC is in Mumbai. | भारतीय जीवन बीमा निगम का **पंजीकृत कार्यालय** मुम्बई में है\| |
| 224. | registering authority | (n)-1. पंजीयन प्राधिकारी **रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी** 2. पंजीयन प्राधिकरण | Please enclose the 'No Objection Certificate' issued by the Registering Authority. | कृपया **पंजीयन प्राधिकारी** द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें। |
| 225. | registration fee | (n) - पंजीकरण शुल्क **रजिस्ट्रीकरण शुल्क** | No registration fees shall be leviable from displaced persons for registration of transfer of property. | विस्थापित व्यक्तियों से संपत्ति-स्थानांतरण के पंजीकरण पर **पंजीकरण शुल्क** नहीं लिया जाएगा। |
| 226. | registration form | (n) - पंजीकरण फॉर्म **रजिस्ट्रीकरण फॉर्म** | The registration form complete in all respect should be submitted within prescribed time. | हर तरह से पूर्ण पंजीकरण फार्म निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। |
| 227. | registry | (n)- 1. रजिस्ट्री* | 1. The particulars of transactions are kept | 1. लेनदेनों का विवरण विभाग |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. पंजीयन कार्यालय, **रजिस्ट्री कार्यालय** 3. **रजिस्ट्री (पेपर)** | in the Central Registry of the Department. 2. Certified copy of the document can be obtained from the registry. 3. The applicant may bring original copy of registry of the house for verification. | की सेंट्रल **रजिस्ट्री** में रखा जाता है। 2. दस्तावेज की प्रमाणित प्रति **रजिस्ट्री कार्यालय** से प्राप्त की जा सकती है। 3. आवेदक मकान की **रजिस्ट्री** की मूल प्रति सत्यापन के लिए लाएं। |
| 228. | regret | (n)- खेद (v)- खेद प्रकट करना | (n)- It is with great regret that I accept your resignation. (v)- The airline regrets the inconvenience caused to the passengers. | (n)- मैं **खेदपूर्वक** आपका त्यागपत्र स्वीकार करता हूं। (v)- एयरलाइन यात्रियों को हुई असुविधा के लिए **खेद प्रकट करती** है। |
| 229. | regrettable | (adj)- खेदजनक | It is regrettable that so many children leave school without completing their education. | यह **खेदजनक** है कि अधिकांश बच्चे अपनी शिक्षा पूरी किए बिना स्कूल छोड़ देते हैं। |
| 230. | regrouping | (n) - पुन:समूहन | Meeting has been called for discussing the new scheme about regrouping of the staff. | कर्मचारियों के **पुनःसमूहन** की नई योजना के बारे में चर्चा करने के लिए बैठक बुलाई गई है। |
| 231. | regular | (adj)- नियमित | All adhoc employees have to be replaced by regular employees at the earliest. | सभी तदर्थ कर्मचारियों के स्थान पर यथाशीघ्र **नियमित** कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे। |
| 232. | regular cadre | (n) नियमित संवर्ग | Exemption is generally permitted in respect of posts where creation of a regular cadre is not feasible. | सामान्यतः ऐसे पदों के संबंध में छूट की अनुमति दी जाती है जहां **नियमित संवर्ग** बनाना संभव नहीं हैं। |
| 233. | regular income | (n) नियमित आय | The primary objective of this scheme is to provide a *regular income* to the investor. | इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य निवेशक को **नियमित आय** प्रदान करना है। |
| 234. | regularization | (n) - | The department has | विभाग ने अनियत मजदूरों के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | नियमितीकरण, **नियमन** | initiated regularization process for Casual Labourers. | **नियमितीकरण** की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। |
| 235. | regular promotion | (n) नियमित पदोन्नति | The officer will be considered for regular promotion as and when the normal vacancies in the grade arise. | जब भी ग्रेड में सामान्य रिक्तियां उत्पन्न होंगी, **नियमित पदोन्नति** के लिए अधिकारी के बारे में विचार किया जाएगा। |
| 236. | regular service | (n) नियमित सेवा | Only the regular service in the grade is to be counted for determination of qualifying service. | अर्हक सेवा के निर्धारण के लिए ग्रेड में केवल **नियमित सेवा** को ही गिना जाएगा। |
| 237. | regularity | (n) - **नियमितता** | 1. Climate change is disrupting the regularity of the seasons.<br>2. The Government has appreciated the regularity of this office in taking required action. | 1. जलवायु परिवर्तन मौसम की **नियमितता** को भंग कर रहा है।<br>2. सरकार ने अपेक्षित कार्रवाई करने में इस कार्यालय की **नियमितता** की प्रशंसा की है। |
| 238. | regularly | (adv) - **नियमित रूप से** | Meetings are held regularly to discuss the progress of the project. | परियोजना की प्रगति पर चर्चा करने के लिए **नियमित रूप से** बैठकें की जाती हैं। |
| 239. | regulation | (n) - विनियम | Under the new regulations, spending on office equipment will be strictly controlled. | नए **विनियमों** के अधीन सरकारी उपकरणों पर खर्च को सख्ती से नियंत्रित किया जाएगा। |
| 240. | rehabilitation | (n) – 1. पुनर्वास 2. पुन:स्थापना, **सुधार** | The displaced people will be allotted land under the rehabilitation programme. | विस्थापित लोगों को **पुनर्वास** कार्यक्रम के अधीन भूमि आबंटित की जाएगी। |
| 241. | rehearsal | पूर्वाभ्यास, अभ्यास | The Government has made elaborate arrangements for rehearsal of Republic Day Parade. | सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड के **पूर्वाभ्यास** के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। |
| 242. | reimburse | (v) प्रतिपूर्ति करना, **अदा करना** | The entire amount shall be reimbursed as per entitlement. | संपूर्ण राशि की **प्रतिपूर्ति** हकदारी के अनुसार की जाएगी। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 243. | reimbursement | (n) प्रतिपूर्ति, **अदायगी** | Reimbursement of medical examination fee will not be allowed to the candidates who are found unfit. | अयोग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षा शुल्क की **प्रतिपूर्ति** नहीं की जाएगी। |
| 244. | reimbursement benefits | (n) प्रतिपूर्ति हितलाभ, **प्रतिपूर्ति लाभ** | The employees will be entitled for reimbursement benefits as per prescribed rules. | कर्मचारी निर्धारित नियमों के अनुसार **प्रतिपूर्ति लाभ** के लिए हकदार होंगे। |
| 245. | reinstate | (v) - बहाल करना, पुन:स्थापित करना | When a Government servant is reinstated in service the authority competent to order the reinstatement shall make a specific order in this regard. | जब किसी सरकारी कर्मचारी को सेवा में **बहाल किया** जाना हो तो **बहाली** आदेश देने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस संबंध में विशेष आदेश जारी किया जाएगा। |
| 246. | reinstatement | (n)- बहाली, पुन:स्थापना **पुनर्नियोजन** | The reinstatement order will be issued by the competent authority. | सक्षम प्राधिकारी द्वारा **बहाली** आदेश जारी किया जाएगा। |
| 247. | reiterate | (v) - दोहराना, फिर कहना, **पुनः कहना** | 1. If the DPC reiterates its earlier recommendations giving reasons therefore, the matter should be placed before the Minister for his decision.<br>2. It is once again reiterated that all the provisions of the aforesaid rules in the matter of suspension of Government employees should be followed strictly. | 1. यदि विभागीय पदोन्नति समिति कारण देते हुए अपनी पूर्ववर्ती सिफारिशें **दोहराती** है तो यह मामला मंत्री के समक्ष उनके निर्णय के लिए रखा जाएगा।<br>2. यह एक बार **पुनःकहा** जाता है कि सरकारी कर्मचारियों के निलंबन के मामले में पूर्वोक्त नियमों के सभी उपबंधों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। |
| 248. | reject | (v) - अस्वीकार करना, निकाल देना | The proposal was rejected outright. | यह प्रस्ताव पूरी तरह से **अस्वीकार** कर दिया गया था। |
| 249. | rejection | (n)-1. अस्वीकृति, अस्वीकार | 1. His proposal met with unanimous rejection. | 1. उसका प्रस्ताव एकमत से अस्वीकृत हो गया| |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. अग्रहण (विधि), **नामंजूरी** | 2. The proposal met with unanimous rejection. | 2. अनुरोध **अस्वीकार** करने का आधार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विधिवत दर्ज किया जाएगा\| |
| 250. | rejection memo | (n)- अस्वीकृति ज्ञापन, अस्वीकृति पत्र | A copy of the rejection memo issued to the employee will be also placed in his personal file. | कर्मचारी को जारी **अस्वीकृति पत्र** की एक प्रति उसकी निजी फाइल में भी लगाई जाएगी। |
| 251. | rejoinder | (n) - प्रत्युत्तर | Copy of the rejoinder received from appellant was forwarded to the Head Office. | अपीलकर्ता से प्राप्त **प्रत्युत्तर** की प्रति मुख्यालय भेजी गई। |
| 252. | relative | (n)- संबंधी, नातेदार<br>(adj)- सापेक्ष | (n)- It may be ensured that a close relative of an officer is not posted under his direct charge.<br>(adj)- The relative seniority between a promotee and a direct recruit shall be determined by the year of appointment or promotion of each in the post. | (n)- यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी अधिकारी के निकट **संबंधी** को उनके सीधे प्रभार में तैनात नहीं किया जाता है।<br>(adj)- पदोन्नत और सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारी के बीच **सापेक्ष** वरिष्ठता का निर्धारण पद में प्रत्येक की नियुक्ति या पदोन्नति के वर्ष द्वारा की जाएगी। |
| 253. | relative valuation | (n)- सापेक्ष मूल्यांकन | The corporation has issued order for relative valuation of his assets. | निगम ने उसकी परिसंपत्ति का **सापेक्ष मूल्यांकन** करने के लिए आदेश जारी किया है। |
| 254. | relaxation | (n)- शिथिलता, रियायत, ढील, विश्रांति, शिथिलीकरण,शिथिलन, | Relaxation of age limits is ordinarily made only where the Recruitment Rules provide for such relaxation. | आयु सीमा में **शिथिलता** सामान्यतः वहीं दी जाएगी जहां भर्ती नियमों में ऐसे **शिथिलन** के लिए प्रावधान हो। |
| 255. | relaxation of rules | (n) - नियम शिथिलन, नियमों में ढील, | All cases invo lving requests for relaxation of rules for reimbursement of full | पूर्ण व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु **नियमों में छूट** देने के अनुरोध से संबंधित सभी मामले सक्षम |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | expenditure shall be referred to the competent authority. | प्राधिकारी को भेजे जाएंगे। |
| 256. | release | (n)- 1. निर्मोचन, लोकार्पण<br>2. निर्मुक्ति, रिहाई,<br>छुटकारा<br>(v)- 1. (धन) दे देना<br>2. जारी करना | (n)- 1. The Sahitya Academy organizes book release functions from time to time.<br>(v)- 1. The employee shall utilize the fund for the purpose for which it has been released.<br>2. Whenever it is proposed to release official information to the press, the department concerned will consult the information officer in advance. | (n)-1.साहित्य अकादमी समय-समय पर पुस्तक **लोकार्पण** समारोह का आयोजन करती है।<br>(v)- 1. कर्मचारी निधि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए करेगा जिसके लिए यह **दी गई** है।<br>2. जब भी प्रेस को सरकारी सूचना **जारी करने** का प्रस्ताव किया जाए तो संबंधित विभाग पहले सूचना अधिकारी से परामर्श करेगा। |
| 257. | release date | (n) - लोकार्पण-तिथि,<br>निर्मोचन तिथि | The release date of the book will be decided later. | पुस्तक की **लोकार्पण-तिथि** बाद में निर्धारित की जाएगी। |
| 258. | relevant | (adj) - सुसंगत, संगत | A copy of the relevant rule is enclosed for ready reference | तत्काल संदर्भ के लिए **संगत** नियमों की एक प्रति संलग्न की गई है। |
| 259. | relevant papers | (adj) - सुसंगत कागज,<br>**संगत कागज** | The relevant papers related to the case should be kept in safe custody. | मामले से संबंधित **संगत कागजात** सुरक्षित अभिरक्षा में रखे जाने चाहिए। |
| 260. | reliable | (adj)- विश्वसनीय,<br>भरोसेमंद | This information has been received from reliable source. | यह सूचना **विश्वसनीय** स्रोतों से प्राप्त की गई है। |
| 261. | reliance | (n) – 1. भरोसा, विश्वास<br>2. अवलंब, **निर्भरता** | Government has decided expansion of irrigation facilities to cut reliance on monsoon. | सरकार ने मानसून पर **निर्भरता** कम करने के लिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार का निर्णय लिया है। |
| 262. | relic(s) | (n) - 1. पुरावशेष | Relics of historical importance were | प्रदर्शनी में ऐतिहासिक महत्व के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2. (पवित्र) अवशेष | displayed in the exhibition. | **पुरावशेष** प्रदर्शित किए गए। |
| 263. | relief | (n)-1. राहत 2. भार-मोचक 3. अनुतोष (विधि) | Government grants dearness relief periodically to its employees. | सरकार अपने कर्मचारियों को समय - समय पर महंगाई **राहत** प्रदान करती है। |
| 264. | relief and rehabilitation | (n) - राहत और पुनर्वास | Government servants actively contributed for the relief and rehabilitation of the disaster affected people. | सरकारी कर्मचारियों ने आपदा प्रभावित लोगों के राहत और पुनर्वास के लिए सक्रिय रूप से योगदान दिया। |
| 265. | relief list | (n) - 1. भार-मोचक सूची 2. राहत सूची | A relief list will be prepared by the concerned ministry. | संबंधित मंत्रालय भार-मोचक सूची तैयार करेगा। |
| 266. | relief works | (n) - राहत कार्य | Relief works were undertaken on priority basis in the flood affected areas. | बाढ़ ग्रस्त इलाकों में **राहत कार्य** अग्रता आधार पर किया गया। |
| 267. | relieve | (v) - भारमुक्त करना | All the departments relieve their employee for the deputation post of highr grade pay. | सभी विभाग उच्चतर ग्रेड वेतन के प्रतिनियुक्ति पद हेतु अपने कर्मचारी को **भारमुक्त** करते हैं। |
| 268. | reliever | (n) – **एवजी** भार-मोचक | The employee can be relieved only after the reliever has taken over the charge. | **एवजी** के कार्यभार ग्रहण करने पर ही कर्मचारी को भारमुक्त किया जा सकता है। |
| 269. | religious | (adj) - धार्मिक | The Constitution of India prohibits any discrimination on religious grounds. | भारत का संविधान **धार्मिक** आधार पर भेदभाव का प्रतिषेध करता है। |
| 270. | religious endowment | (n)- धार्मिक अक्षयनिधि, धर्मदाय | Religious endowment is a property or fund, dedicated for a religious or charitable purpose. | **धार्मिक अक्षयनिधि** धार्मिक या धर्मार्थ प्रयोजन के लिए समर्पित संपत्ति या निधि होती है। |
| 271. | religious trust | (n) - धार्मिक न्यास | The income of religious trusts is exempted from income tax. | **धार्मिक न्यास** की आय को आयकर से छूट प्राप्त है। |
| 272. | relinquishment | (n)- त्याग, छोड़ना | If a relinquishment is made in favour of a | यदि **त्याग** ऐसे व्यक्ति के पक्ष में |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | person who is not a co-owner, the transaction shall be treated as a sale. | किया जाता है जो सहस्वामी नहीं है, तो लेन – देन को बिक्री माना जाएगा। |
| 273. | relinquishment of charge | (n)- कार्यभार-त्याग | The joining time shall commence from the dale of relinquishment of charge of the previous post. | कार्यभार ग्रहण अवधि पूर्व पद से **कार्यभार – त्याग** की तारीख से प्रारंभ होगी। |
| 274. | relocation | (n) - पुन:स्थानन | CGHS is managing the shortage of Manpower by relocation of staff as per requirements. | सीजीएचएस जनशक्ति की कमी को स्टाफ के यथावश्यक **पुनःस्थानन** द्वारा व्यस्थित कर रहा है। |
| 275. | reluctance | (n) - अनिच्छा | The office has shown reluctance in implementing the recommendations of the restructuring committee | कार्यालय ने पुनर्गठन समिति की सिफारिशों को लागू करने में **अनिच्छा** प्रदर्शित की है। |
| 276. | remains | (n) - अवशेष | Some archaeological remains have been found in the excavation. | खुदाई में कुछ पुरातात्विक **अवशेष** प्राप्त हुए हैं। |
| 277. | remand | (n)- प्रतिप्रेषण, रिमांड<br><br>(v)- **भेजना, प्रतिप्रेषित करना, वापस भेजना** | (n)-Both accused are in police remand.<br><br>(v)- The Appellete Court rejected the settlement and remanded the case to the District Court. | (n)- दोनों अभियुक्त पुलिस **रिमांड** में हैं।<br><br>(v)- अपील न्यायालय ने समझौता अस्वीकार कर दिया और मामला जिला न्यायालय को **प्रतिप्रेषित कर** दिया। |
| 278. | remark | (n) - अभ्युक्ति, टिप्पणी | 1. Where adverse remark is made in A.P.A.R of an employee, the same may invariably be communicated to the employee concerned. 2. The Reviewing Officer is free to make his remarks on the points not even | 1. जहां किसी कर्मचारी के ए.पी.ए.आर में प्रतिकूल **टिप्पणी** दर्ज की जाती है, संबंधित कर्मचारी को इसके बारे में अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए। 2.पुनर्विलोकन अधिकारी रिपोर्टकर्ता अधिकारी द्वारा उल्लेख न किए बिंदुओं पर भी |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | mentioned by the Reporting Officer. | अपनी **अभ्युक्ति** देने के लिए स्वतंत्र है। |
| 279. | remark column | (n) - अभ्युक्ति कॉलम, टिप्पणी कॉलम | Movement of files received from other departments/sections will be noted in the remarks column of the section diary. | अन्य विभागों/अनुभागों से प्राप्त फाइलों की आवा-जाही अनुभाग डायरी के **टिप्पणी कॉलम** में दर्ज की जाएगी। |
| 280. | remedial | (adj) - **सुधारात्मक,** उपचारी | 1. The building needs urgent remedial work to make it safe. 2. The Chairman shall take appropriate remedial steps to dispose of the matter. | 1. भवन को सुरक्षित बनाने के लिए इसमें **सुधारात्मक** कार्य करने की तत्काल आवश्यकता है। 2. मामले का समाधान करने के लिए अध्यक्ष उपयुक्त **सुधारात्मक** कदम उठाएंगे। |
| 281. | remedial action | (n) - **सुधारात्मक कार्रवाई***, उपचारी* कार्रवाई* | The disciplinary authority is required to identify the cases of indiscipline and take appropriate remedial action. | अनुशासनिक प्राधिकारी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अनुशासनहीनता के मामलों की पहचान करे और उपयुक्त **सुधारात्मक कार्रवाई** करे । |
| 282. | remedial measures | (n) - **सुधारात्मक उपाय,** उपचारी उपाय, | The department shall take remedial measures to strengthen the control system. | विभाग नियंत्रण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए **सुधारात्मक उपाय** करेगा। |
| 283. | (n) - remedial transfer | (n) - 1. **सुधारात्मक अंतरण,** उपचारी स्थानांतरण 2. उपचारी अंतरण, | The order of the remedial transfer of some employees has been issued by the office. | कार्यालय द्वारा कुछ कर्मचारियों के **उपचारी स्थानांतरण** के आदेश जारी किए गए हैं। |
| 284. | remedy | (v) - **सुधार करना,** (n) - **सुधार,** उपाय, उपचार, | 1. A great deal of efforts have made internally to remedy the situation.<br>2. The association was advised to seek legal remedy. | 1.स्थिति में **सुधार करने** के लिए आंतरिक तौर पर काफी प्रयास किए गए हैं।<br>2.एसोसिएशन को विधिक **उपाय** करने की सलाह दी गई। |
| 285. | reminder | (n) - अनुस्मारक, | If no response is received from the | यदि ज्ञापन भेजने के 1.5. दिनों |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | स्मरण-पत्र | employee within 1.5. days of sending the memorandum, a reminder will be sent. | के भीतर कर्मचारी से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो **अनुस्मारक** भेजा जाएगा। |
| 286. | remission | (n) - 1. **छूट*** **2. कमी*** 3. परिहार (विधि) 4. माफी* | 1. The university has granted partial remission of fees for overseas students.<br>2. The prisoner was granted six months' remission for his good behavior.<br>3. There is neither any remission nor cessation of the liability.<br>4. Remission of Land revenue shall be granted in accordance with the provisions made in this regard. | 1. विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों के लिए शुल्क में आंशिक **माफी** प्रदान की है।<br>2.कैदी की सजा में अच्छे व्यवहार के कारण छह महीने की **माफी** दी गई ।<br>3. दायित्व का न **परिहार** होता है और न ही समाप्ति।<br>4. भूमि राजस्व **माफी** इस संबंध में बनाए गए प्रावधानों के अनुसार दी जाएगी। |
| 287. | remission of revenue | **(n) -** राजस्व की माफी | Remissions of revenue allowed before collection are to be treated as reduction of demands. | संग्रहण से पहले दी गई **राजस्व की माफी** को मांग में कमी माना जाएगा। |
| 288. | remit | (v) - 1. प्रेषण करना, भेजना 2. माफ करना, छोड़ना | 1.The court has remitted the matter to the agency for reconsideration.<br>2.The employee is required to remit the instalments within the prescribed period.<br>3.If any punishment appears to a superior authority to be unjust or excessive, such authority may cancel or remit the punishment. | 1.न्यायालय ने मामला पुनर्विचार के लिए एजेंसी को **भेजा** है।<br>2. कर्मचारी को किस्तें निर्धारित समय के भीतर **प्रेषित** करनी होंगी।<br>3.यदि वरिष्ठ प्राधिकारी को दंड अन्यायपूर्ण या अधिक लगता है, तो ऐसा प्राधिकारी दंड को रद्द या **माफ** कर सकता है। |
| 289. | remittance | (n) - 1. प्रेषण, भेजना 2. धन प्रेषण | 1. Please return the completed form with your remittance. | 1.कृपया फार्म पूरा भर कर **प्रेषण** सहित लौटाएं। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. प्रेषित धन, भेजी गई रकम* | 2. The cost of the remittance, if any, shall be borne by the employer.<br>3. The remittance of foreign currency is arranged through designated Public Sector Commercial Banks and Reserve Bank of India. | 2.**प्रेषण** की लागत,यदि कोई हो, नियोजक द्वारा वहन की जाएगी।<br>3.विदेशी मुद्रा के **प्रेषण** की व्यवस्था सार्वजनिक क्षेत्र के नामित वाणिज्यिक बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से की जाती है। |
| 290. | remittance facilities | (n) - धन प्रेषण सुविधाएं*, प्रेषण सुविधाएं* | A copy of contract shall be sent to Reserve Bank of India to provide necessary remittance facilities to the employee. | कर्मचारी को आवश्यक **प्रेषण सुविधाएं** प्रदान करने के लिए संविदा की एक प्रति भारतीय रिजर्व बैंक को भेजी जाएगी। |
| 291. | remittance register | (n) - प्रेषण रजिस्टर | The Treasury Officer will also sign the Remittance Register of the Institution and return the same to the Institution concerned. | संस्था के **प्रेषण रजिस्टर** पर खजाना अधिकारी भी हस्ताक्षर करेगा और इसे संबंधित संस्था को वापस लौटाएगा। |
| 292. | remittee | (n) - प्रेषिती, पाने वाला | It shall be ensured that the transferred funds reach the account of the right remittee. | यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अंतरित निधि सही प्रेषिती के खाते में पहुंचे। |
| 293. | remitter | (n) - प्रेषक, भेजने वाला | One copy of the challans along with the remittance register will be returned to the remitter. | चालान की एक प्रति प्रेषण रजिस्टर सहित **प्रेषक** को लौटा दी जाएगी। |
| 294. | remote | (adj) - 1. दूरस्थ, सुदूर 2. परोक्ष 3. रिमोट | The Government servant who is posted in a remote locality shall be entitled to remote locality allowance. | **दूरस्थ** स्थान में तैनात सरकारी कर्मचारी दूरस्थ स्थान भत्ते के लिए हकदार होगा। |
| 295. | remote control | (n) - सुदूर नियंत्रण | Now-a-days most of the electronic appliances are being operated by remote | आजकल अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को **सुदूर नियंत्रण तकनीक** द्वारा प्रचालित किया |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | control technique. | जा रहा है। |
| 296. | removal | (n) - 1. हटाया जाना, निष्कासन (v) - 2. **दूर करना**, अपसारण | Orders of removal or dismissal shall not be issued retrospectively.<br>2. The committee shall examine the nature of the anomaly and suggest measures for its removal. | 1. **हटाए जाने** या बर्खास्तगी के आदेश पूर्वप्रभाव से जारी नहीं किए जाएंगे।<br>2. समिति विसंगति के स्वरूप की जांच करेगी और इसे **दूर करने** के उपाय सुझाएगी। |
| 297. | remuneration | (n) - पारिश्रमिक, मेहनताना | The remuneration to the supervisors will be disbursed at the end of each day of duty. | पर्यवेक्षकों को **पारिश्रमिक** प्रत्येक कार्य दिवस की समाप्ति पर वितरित किया जाएगा। |
| 298. | render | (v) - 1. देना, प्रस्तुत करना 2. अर्पित करना 3. बनाना 4. रूपांतर करना, अनुवाद करना 5. प्रदर्शित करना | 1. If a Government servant is found misusing his official position, he would render himself liable for disciplinary action.<br>2. The office is bound to render proper account books to the audit party on demand.<br>3. Ministry of Law and Justice is concerned with rendering legal advice on various issues to the Central Government. | 1. यदि कोई सरकारी कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पाया जाता है तो वह अनुशासनिक कार्रवाई के लिए स्वयं को उत्तरदायी **बना देगा**।<br>2. मांगे जाने पर कार्यालय लेखापरीक्षा दल को उचित लेखा-बहियां **प्रस्तुत करने** के लिए बाध्य है।<br>3. विधि और न्याय मंत्रालय का कार्य केंद्र सरकार को विभिन्न विषयों पर विधिक सलाह **देना** है। |
| 299. | renewal | (n) - नवीकरण | Renewal of machinery requires huge investment. | मशीनरी के **नवीकरण** के लिए काफी निवेश की आवश्यकता होती है। |
| 300. | renewal of demand | (n) - मांग का नवीकरण, मांग दुहराना | Prescribed procedure will be followed for renewal of demand. | **मांग के नवीकरण** के लिए निर्धारित पद्धति का पालन किया जाएगा। |
| 301. | renounce | (v) - त्याग करना, | 1.The shareholder will have the right to | 1.शेयरधारक को, उसे दिए गए |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | त्यागना, छोड़ देना | renounce the shares offered to him in favour of other persons.<br>2.It shall be the duty of every citizen of india …….to renounce practices derogatory to the dignity of women. | शेयरों का किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में **त्याग करने** का अधिकार होगा।<br>2. भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह …… महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध प्रथाओं का **त्याग करे** । |
| 302. | renovation | (n) - **नवीनीकरण,** नवीयन, | Only the contractors listed in the panel are eligible for submitting tenders for renovation work. | पैनल में सूचीबद्ध संविदाकार ही **नवीयन** कार्य हेतु निविदाएं प्रस्तुत करने के लिए पात्र होंगे। |
| 303. | rent | (n) - 1. किराया, भाड़ा 2. लगान | 1.Rents due from Government servants occupying Government buildings shall be recovered by deduction from their salary. | 1.सरकारी भवनों में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों से देय **किराए** की वसूली उनके वेतन से कटौती करके की जाएगी। |
| 304. | rented space | (adj) - **किराए का स्थान,** किराए पर लिया गया स्थान | The department shall use the rented space as a guest house. | विभाग **किराए के स्थान** का उपयोग अतिथि गृह के रूप में करेगा। |
| 305. | reopening | (n) - 1. पुन:आरंभ<br>(v) - 2. **दोबारा/पुनः खोलना,** | 1. Demand from local residents has resulted into reopening of the S.B.I. Bank Branch. 2. Prior approval of the competent authority should be obtained before reopening the case. | 1. स्थानीय निवासियों की मांग के परिणाम स्वरूप भारतीय स्टेट बैंक की शाखा **पुनः खोली** गई। 2.मामले को **पुनः खोलने** के लिए सक्षम प्राधिकारी का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है। |
| 306. | reorganization | (n) - पुनर्गठन | Government has appointed the Administrative Reforms Commission to make recommendations for reform and reorganization. | सरकार ने सुधार और **पुनर्गठन** हेतु सिफारिशें करने के लिए प्रशासनिक सुधार आयोग नियुक्त किया है। |
| 307. | reorientation | (n) - **पुनः** | The office regularly | कार्यालय कर्मचारियों और |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **अभिविन्यास, पुनः अभिमुखीकरण,** पुनरभिविन्यास, | organizes reorientation programme for employees and officers. | अधिकारियों के लिए नियमित रूप से **पुनःअभिमुखीकरण** कार्यक्रम आयोजित करता है। |
| 308. | repair | **(n) - मरम्मत***, **सुधार (v) - मरम्मत करना, सुधार करना** | 1. The bridge will remain closed until essential repair work has been carried out.<br>2. Any goods repaired or replaced by the supplier shall be delivered at the buyer's premises without costs to the buyer. | 1.आवश्यक **मरम्मत** कार्य किए जाने तक पुल बंद रहेगा।<br>2. आपूर्तिकार द्वारा **मरम्मत किए गए** या बदले गए सामान की सुपुर्दगी क्रेता के परिसर में निःशुल्क की जाएगी। |
| 309. | repairable | (adj) - **सुधार योग्य,** मरम्मत-योग्य | A separate register of repairable/ unserviceable furniture shall be maintained to account for the repairable and unserviceable items. | **सुधार-योग्य** और बेकार मदों का लेखा-जोखा रखने के लिए मरम्मत-योग्य/बेकार फर्नीचर का अलग रजिस्टर रखा जाएगा। |
| 511. | surcharge | (n)- अधिभार | The Finance Bill, 2013, had increased the tax liability of the rich by levying a **surcharge** on taxable income that exceeds Rs.1 crore. | वित्त विधेयक, 2013 में 1 करोड़ रुपए से अधिक कर योग्य आय पर अधिभार लगाकर धनी व्यक्तियों की कर देनदारी बढ़ा दी गई थी। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 512. | surety bond | (n)- जमानत बंध-पत्र, **प्रतिभू बंधपत्र** | A **surety bond** ensures contract completion in the event of contractor default. | **प्रतिभू बंध-पत्र** सुनिश्चित करता है कि ठेकेदार द्वारा चूक की स्थिति में भी संविदा पूरी हो जाए। |
| 513. | surface | (n)- 1 सतह (विशे) सतही 2 भूतल | Nearly 10 percent of the Earth's **surface** is covered by ice. | पृथ्वी की **सतह** का करीब 10 प्रतिशत बर्फ से ढका हुआ है। |
| 514. | surface inspection | (n)- सतही निरीक्षण, **ऊपरी निरीक्षण** | The **surface inspection** systems minimize reject costs and labor costs. | **सतही निरीक्षण** प्रणाली अस्वीकृति लागत और श्रम लागत को कम करती है। |
| 515. | surface transport | (n)- भूतल परिवहन | Prime Minister has decided to bring **surface transport** and shipping under one umbrella. | प्रधानमंत्री ने **भूतल परिवहन** और शिपिंग का विलय करने का फैसला किया है। |
| 516. | surplus | (adj)- अधिशेष, बेशी | In the recent years, Indian Railways has continuously shown **a surplus.** | हाल के वर्षों में, भारतीय रेलवे में लगातार **अधिशेष** दिखाया गया है। |
| 517. | surplus budget | (n)- बचत का बजट | The Government presented a surplus budget this year. | सरकार ने इस वर्ष **बचत का बजट** पेश किया। |
| 518. | Surplus cell | (n)- बेशी स्टाफ प्रकोष्ठ | **Surplus Cell** has sponsored the employee for appointment to the post of LDC | **बेशी स्टाफ प्रकोष्ठ** ने एल.डी.सी के पद पर नियुक्ति के लिए कर्मचारी को प्रायोजित किया। |
| 519. | surplus report | (n)- अधिशेष रिपोर्ट* | The concerned section shall prepare a surplus report and submit it to the Head of the Department. | संबंधित अनुभाग **अधिशेष रिपोर्ट** तैयार करेगा और इसे विभागध्यक्ष को प्रस्तुत करेगा। |
| 520. | surplus staff | (n)- बेशी कर्मचारीवर्ग | Placement for the **surplus staff** shall ordinarily be arranged only against vacancies to be filled by direct recruitment in Central Civil Services | आमतौर पर **बेशी कर्मचारीवर्ग** के प्लेसमेंट की व्यवस्था केवल केंद्रीय सिविल सेवा में सीधी भर्ती से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर की जाएगी। |
| 521. | surprise visit | (n)- 1 आकस्मिक निरीक्षण, | A **surprise visit** by chief minister to the office took the | मुख्यमंत्री द्वारा कार्यालय के **आकस्मिक निरीक्षण** से |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | आकस्मिक दौरा | officials by surprise. | अधिकारी चकित हो गए। |
| 522. | surrender | (v)- 1 अभ्यर्पण 2 आत्मसमर्पण 3. ***सौंप देना, जमा कराना*** | The officer **surrendered** the passport on completion of his tenure abroad. | अधिकारी ने विदेश में अपना कार्यकाल पूरा होने पर अपना पासपोर्ट वापस **जमा करा** दिया। |
| 523. | surveillance | (n)- निगरानी* | Following the disturbances, **surveillance** was increased in the border areas. | गड़बड़ी के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में **निगरानी** बढ़ा दी गई। |
| 524. | survey | (n)- सर्वेक्षण | The company conducted a **survey** to assess the inclination of the customers. | कंपनी ने ग्राहकों के रुझान का आकलन करने के लिए **सर्वेक्षण** किया। |
| 525. | suspense | (n)- 1 असमंजस 2 (खाता) उचंत 3 **अनिश्चित**, कौतूहल | There was **suspense** regarding the officer's station of posting till the end. | अधिकारी की तैनाती के स्थान के बारे में अंत तक **अनिश्चितता** बनी रही। |
| 526. | suspension | (n)- निलंबन | Government servant under **suspension** cannot avail of LTC. | **निलंबन** के दौरान सरकारी कर्मचारी छुट्टी यात्रा रियायत का लाभ नहीं उठा सकता। |
| 527. | sustain | (v)- 1 संधारित करना 2 मान लेना 3. पोषण करना | The cash dividends from the cash crop **sustain** the farmers during the lean season. | फसल से प्राप्त नकद लाभांश मंदी के दौरान किसानों का **पोषण** करता है। |
| 528. | sustainable | (adj.)- संधारणीय, **सतत, चिरस्थायी** | The government is working towards **sustainable** social and economic developme nt. | सरकार **सतत** सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में काम कर रही है। |
| 529. | swear | (v)- शपथ लेना, शपथ ग्रहण करना | Nearly 3000 guests gathered to see the 15th Prime Minister of India **swear** in. | भारत के 15वें प्रधानमंत्री को **शपथ** लेते हुए देखने के लिए लगभग 3000 अतिथि एकत्र हुए। |
| 530. | swearing-in-ceremony | (n)- शपथग्रहण समारोह | All the SAARC leaders were invited to the **swearing-in-ceremony** of the new Prime Minister. | नए प्रधानमंत्री के **शपथ ग्रहण समारोह** में सभी सार्क नेताओं को आमंत्रित किया गया। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 531. | sweepage | (n)- **कूड़ा-करकट**, बटोरन, बुहारन | The sweeper was instructed to dispose of the **sweepage** in appropriate manner. | सफाई कर्मचारी को **कूड़े-करकट** का निपटान उचित ढंग से करने का निर्देश दिया गया था। |
| 532. | sweeper | (n)- **सफाई कर्मचारी**, बुहारकर्मी, सफाई कर्मी | The office has invited applications for the post of **sweeper.** | कार्यालय ने **सफाई कर्मचारी** के पद के लिए आवेदन मांगे हैं। |
| 533. | sweeping | (v)- **झाड़ू लगाना**, बुहारना | **Sweeping** has to be done before the office opens. | **झाड़ू लगाने** का काम कार्यालय खुलने से पहले ही करना होगा। |
| 534. | swimming pool | (n)- तरण ताल | Swimming lessons for children and adults will be conducted in the **Swimming Pool** opened in the District Sports complex. | जिला खेल परिसर में खोले गए **तरणताल** में बच्चों और बड़ों को तैराकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। |
| 535. | swipe machine | (n)- प्रसर्पण मशीन | Nowadays swipe machines have become very popular for making payment through debit/credit card. | आजकल डेबिट/क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने के लिए **प्रसर्पण मशीनें** बहुत लोकप्रिय हो गई हैं। |
| 536. | syllabus | (n)- ***पाठ्यक्रम***, पाठ्यविवरण | The new Education Minister assured the delegation of students and teachers that she would reconsider the four-year undergraduate **syllabus.** | नई शिक्षा मंत्री ने छात्रों और शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि वह चार वर्षीय स्नातक **पाठ्यक्रम** पर पुनर्विचार करेंगी |
| 537. | symbol | (n)- प्रतीक | The National **Symbols** of India are a reflection of its unique identity. | भारत के राष्ट्रीय प्रतीक इसकी अनूठी पहचान के प्रतिबिंब हैं। |
| 538. | symmetry | (n)- 1 सममिति* 2 समरूपता* | Both the countries pledged to maintain **symmetry** in their shipments. | दोनों देशों ने अपने पारेषण में **समरूपता** बनाए रखने का वचन दिया। |
| 539. | sympathy | (n)- सहानुभूति | The officer has a constructive outlook and **sympathy** needed in the public services. | अधिकारी में सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक रचनात्मक दृष्टिकोण और **सहानुभूति** है। |
| 540. | sympathy strike | (n)- सहानुभूति | The workers went on a day's **sympathy** | कार्यकर्ताओं ने अपनी एकजुटता |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | हड़ताल **समर्थन हड़ताल*** | **strike** to show their solidarity. | दिखाने के लिए एक दिन की **समर्थन हड़ताल** की। |
| 541. | symposium | (n)- परिसंवाद, **संगोष्ठी*** | The delegates gathered for an international **symposium** on population. | प्रतिनिधि बढ़ती जनसंख्या पर एक अंतरराष्ट्रीय **संगोष्ठी** के लिए एकत्र हुए। |
| 542. | symptom | (n)- लक्षण | The sharp increase in crime is a **symptom** of a deeper socio-economic change. | तेजी से बढ़ता अपराध गहरे सामाजिक - आर्थिक परिवर्तन का **लक्षण** है। |
| 543. | Synchronisation | (n)- समकालन, **सामंजस्य/तालमेल बिठाना** | The employee spent a great deal of time on **synchronisation** of data on the computers. | कर्मचारी ने कंप्यूटरों पर डाटा का **तालमेल बिठाने** में बहुत समय लगाया। |
| 544. | synchronise | (v)- साथ-साथ होना, साथ-साथ घटना | The trainees were instructed to **synchronise** their watches. | प्रशिक्षुओं को अपनी घड़ियां **मिलाने** के निर्देश दिए गए थे। |
| 545. | syndicate | (n)- अभिषद्, व्यवसाय-संघ | The **syndicate** members recommended that strict punitive action be initiated against the controversial educationist | **सिंडिकेट** सदस्यों ने विवादास्पद शिक्षाविद् के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई शुरू किए जाने का सुझाव दिया। |
| 546. | synopsis | (n)- 1 रुपरेखा 2 विषय-संक्षेप, सार-संक्षेप | The manager presented a **synopsis** of the project. | प्रबंधक ने बैठक में परियोजना का **सार** प्रस्तुत किया। |
| 547. | synthesis | (n)- संश्लेषण | His novels are a rich **synthesis** of history and mythology. | उनके उपन्यासों में इतिहास और पौराणिक कथाओं का समृद्ध **संश्लेषण** है |
| 548. | synthetic | (adj.)- 1 संश्लिष्ट 2 कृत्रिम | The administration is trying to control the cases of supply of **synthetic** milk. | प्रशासन **कृत्रिम** दूध की आपूर्ति के मामलों को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहा है। |
| 549. | system | (n)- 1 पद्धति*, प्रणाली* 2 निकाय 3 तंत्र | Sanction for installing a recording system in the conference room has been granted by the concerned authority. | संबंधित प्राधिकारी ने सम्मेलन कक्ष में रिकॉर्डिंग **प्रणाली** लगाने के लिए मंजूरी दे दी है। |

| **S.N.** | **Words** | **Meanings** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 550. | systematic | (adj.)- व्यवस्थित | The transfer policy of the department shall be implemented in a systematic manner. | विभाग की स्थानांतरण नीति **व्यवस्थित** तरीके से लागू की जाएगी। |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | table | (n) - 1. तालिका*, सारणी* 2. पटल 3. मेज़* | 1. All information regarding employees should be given in the prescribed **table**. 2. The government puts the bill on the **table** of the house. | 1. कर्मचारियों से संबंधित सभी सूचनाएँ निर्धारित **तालिका** में दी जानी चाहिए। 2. सरकार बिल को सदन के **पटल** पर रखती है। |
| 2. | tabulation | (v) - **तालिका बनाना, सारणी बनाना,** सारणीयन, सारणीबद्ध करना | **Tabulation** of data on population is classified by characteristics like religion, sex and literacy etc. | **सारणी बनाते समय** जनगणना से संबंधित आँकड़ों को धर्म, लिंग और साक्षरता आदि जैसी विशिष्टताओं में वर्गीकृत किया जाता है। |
| 3. | tackle | (v) - 1. सुलझाना 2. निपटना, निपटाना | 1. The administration has called an emergency meeting to **tackle** the dispute. 2. The government is looking for new measures to **tackle** the problem of unemployment. | 1. प्रशासन ने विवाद को **सुलझाने** के लिए आपात बैठक बुलाई है। 2. सरकार बेरोज़गारी की समस्या से **निपटने** के लिए नए उपाय तलाश रही है। |
| 4. | tact | (n) - 1. युक्ति* 2. **कौशल** | 1. The administration will need a lot of **tact** to handle the situation after the strike. 2. The Settlement of the dispute requires great **tact** and diplomacy. | 1. प्रशासन को हड़ताल के बाद की परिस्थितियों से निपटने के लिए काफी **युक्तियाँ** लगानी पड़ेंगी। 2. विवाद को निपटाने के लिए अधिक **कौशल** और कूटनीति की आवश्यकता होती है। |
| 5. | tactful | (adj) - 1. व्यवहारकुशल 2. **चातुर्यपूर्ण**, चतुर | 1. A diplomat should be **tactful** while answering the political queries. 2. The officer handled the questions of financial management in a **tactful** manner. | 1. राजनयिक को राजनीति से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते समय **व्यवहारकुशल** होना चाहिए। 2. अधिकारी ने वित्त प्रबंधन संबंधी प्रश्नों का **चातुर्यपूर्ण** ढंग से जवाब दिया। |
| 6. | take over | (v) - 1. कार्यभार लेना 2. अधिकार में लेना | 1. After governor's retirement, the Chief Justice will temporarily **take** | 1. राज्यपाल की सेवा-निवृत्ति के बाद मुख्य न्यायाधीश अस्थायी रूप से **कार्यभार** |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **over** the charge. 2. The government will **take over** 50 percent shares of the company. | संभालेंगे। 2. सरकार कंपनी के 50 प्रतिशत शेयर अपने **अधिकार** में ले लेगी। |
| 7. | tally | (n) - 1. संख्या*, गिनती* (हिसाब) 2. (कंप्यू.) टैली (v) - 3. मिलान करना, मेल खाना 4. गिनती करना | 1. The dealing hand keeps a **tally** of the letters received in Hindi. 2. **Tally** number of members attended the meeting with attendance record. 3. Assistant was asked to **tally** the forms before distributing. | 1. संबंधित कर्मचारी हिंदी में प्राप्त पत्रों की **गिनती (हिसाब)** रखता है। 2. बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की संख्या का उपस्थिति-रिकॉर्ड से **मिलान** करें। 3. सहायक से, फार्म बांटने से पहले उनकी **गिनती करने** के लिए कहा गया था। |
| 8. | tampering | (v) - 1. हेर-फेर करना, छेड़छाड़ करना 2. गड़बड़ करना, बिगाड़ना | 1. **Tampering** of government documents is a punishable offence. 2. Breakdown of the machine was due to deliberate **tampering**. | 1. सरकारी दस्तावेजों के साथ **छेड़छाड़** करना दण्डनीय अपराध है। 2. मशीन खराब होने का कारण उसमें जानबूझ कर की गई **गड़बड़ी** है। |
| 9. | tangible | (adj) - 1. **वास्तविक**, मूर्त 2. **ठोस** | 1. His brief period as Prime Minister brought a few **tangible** benefits to the poor. 2. There should be some **tangible** evidence that the economy has started to recover. | 1. प्रधानमंत्री के रूप में उनके संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान गरीबों को कुछ **वास्तविक** लाभ प्राप्त हुए। 2. अर्थव्यवस्था में सुधार होने के कुछ **ठोस** सबूत मिलने चाहिए। |
| 10. | tangible asset | (n) - मूर्त परिसंपत्ति | The company's future looks bright, but at the moment it has very few **tangible assets**. | कंपनी का भविष्य तो उज्जवल लग रहा है, लेकिन इस समय उसके पास **मूर्त परिसंपत्ति** बहुत कम है। |
| 11. | tangible gains | (n) - **ठोस लाभ** | Investment in education has resulted in **tangible gains** in rural sector. | शिक्षा में निवेश से ग्रामीण क्षेत्र को **ठोस लाभ** हुए हैं। |
| 12. | tap | (n) - 1. **नल** (v) - 2. **उपयोग करना** 3. | 1. The department should **tap** the expertise of its | 1. विभाग को, अपनी जनशक्ति की विशेषज्ञता का |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | (फोन का) टैप करना | manpower. 2. The police was convinced that the phone was being **tapped**. 3. The office has asked for chemical analysis of **tap** water. | **उपयोग करना** चाहिए। 2. पुलिस आश्वस्त थी कि फोन **टैप** किया जा रहा था। 3. कार्यालय ने **नल** के पानी के रासायनिक विश्लेषण के लिए कहा है। |
| 13. | tapping | (v) - 1. (संसाधनों का) उपयोग करना 2. **दोहन करना** 3. (फोन का) टैप करना | 1. The organization will become more efficient by **tapping** employees capabilities. 2. Instead of importing coal from other countries we must emphasize on **tapping** our own resources. 3. Phone calls of the criminals are being **tapped** by the police. | 1. संगठन कर्मचारियों की क्षमताओं का **उपयोग** करके और अधिक सक्षम हो जाएगा। 2. दूसरे देशों से कोयला आयात करने की बजाय हमें अपने संसाधनों के **दोहन** पर जोर देना चाहिए। 3. पुलिस द्वारा अपराधियों के फोन **टैप** कर रही है। |
| 14. | tapping resources | (n) - **नए संसाधनों की खोज** | The automotive industry in India is **tapping resources** in the field of solar energy. | भारत में मोटर वाहन उद्योग, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में **नए संसाधनों की खोज** कर रहा है। |
| 15. | tapping market | (n) - नए बाज़ार में प्रवेश करना (खोजना) | Cottage industry is **tapping** the market for their products. | कुटीर उद्योग अपने उत्पादों के लिए **नए बाजार खोज** रहा है। |
| 16. | target | (n) - 1. लक्ष्य 2. **निशाना** | 1. Government has a **target** to eradicate polio from the country. 2. Terrorist groups mostly **target** crowded places. | 1. सरकार का **लक्ष्य** देश से पोलियो का उन्मूलन करना है। 2. आतंकवादी समूह अधिकतर भीड़-भाड़ वाले स्थानों को **निशाना** बनाते हैं। |
| 17. | tariff | (n) - 1. दर सूची* 2. **शुल्क**, प्रशुल्क | 1. A new **tariff** plan has been introduced by the mobile companies. 2. Corporate society is demanding to eliminate **tariffs** on electronic items. | 1. मोबाइल कंपनियों द्वारा नई **दर सूची** योजना शुरू की गई है। 2. कॉर्पोरेट समाज ने इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर **शुल्क** को खत्म करने की मांग की है। |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 18. | task | (n) - कार्य, काम | The officer was assigned the **task** of reorganizing the office filing system. | अधिकारी को कार्यालय की फाइल पद्धति को पुन: व्यवस्थित करने का **काम** सौंपा गया है। |
| 19. | task force | (n) - **कार्यबल,** कार्यदल, कृतिक बल | The **task force** will complete its work within three months. | **कार्यबल** अपना कार्य तीन माह के भीतर पूरा करेगा। |
| 20. | tax | (n) - कर | **Tax** will be deducted at source by the employer. | नियोजक द्वारा स्रोत पर **कर** की कटौती की जाएगी। |
| 21. | tax allowance | (n) - **कर-मोक** | **The tax allowances** will change this year as the government phases out age-related allowances. | सरकार आयु से जुड़ी छूट हटा रही है, इसलिए इस वर्ष **कर-मोक** बदल जाएगा। |
| 22. | tax assessment | (n) - कर-निर्धारण | The **tax assessment** calculation facility is available online. | **कर निर्धारण** की गणना करने की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है। |
| 23. | tax concession | (n) - **कर रियायत***  | The standing committee approved a proposal to grant five per cent **tax concession** to women property owners. | स्थायी समिति ने महिला संपत्ति मालिकों को पांच प्रतिशत **कर रियायत** देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। |
| 24. | tax deduction | (n) - कर कटौती* | According to the provisions of Income Tax Act the rate of **tax deduction** is 10 percent. | आयकर के प्रावधानों के अनुसार **कर कटौती** की दर दस प्रतिशत है। |
| 25. | tax evasion | (n) - **कर चोरी*, कर वंचन,** कर अपवंचन | **Tax evasion** comes under economic crime. | **कर चोरी** आर्थिक अपराध है। |
| 26. | tax exemption | (n) - कर छूट | The **tax exemption** on employee's taxable income was not known to him. | कर्मचारी की करदेय आय पर मिलने वाली **कर छूट** कर्मचारी को स्पष्ट नहीं थी। |
| 27. | tax free | (n) - कर मुक्त | The investor must know where the income from dividend is **tax free**. | निवेशक के लिए यह जानना आवश्यक है कि लाभांश से प्राप्त आय किन मामलों में **कर-मुक्त** है। |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 28. | tax payer | (n) - करदाता | Government should spend **tax payer's** money wisely. | सरकार को **करदाताओं** का धन समझदारी से खर्च करना चाहिए। |
| 29. | tax rebate | (n) - कर घटौती* | The government **announced a tax rebate** on agro-products. | सरकार ने कृषि उत्पादों पर **कर घटौती** घोषित की। |
| 30. | tax return | (n) - कर विवरणी* | He filed the **tax return** before the last date. | उसने अंतिम तारीख से पूर्व **कर विवरणी** जमा कर दी। |
| 31. | taxable | (adj) - **करदेय, कराधेय,** करयोग्य | An accountant was appointed to calculate **taxable** income. | **करदेय** आय की गणना करने के लिए एक लेखाकार नियुक्त किया गया। |
| 32. | taxable capacity | (n) - **करदेय क्षमता*** | Due consideration was given to **the taxable capacity** of the tax payers while revising a tax proposal in the current budget. | चालू बजट में कर प्रस्तावों में संशोधन करते समय करदाताओं की **करदेय क्षमता** पर यथोचित विचार किया गया। |
| 33. | taxable income | (n) - करयोग्य आय* | **Taxable income** is also generated from dividends and interest income. | **करयोग्य आय,** लाभांश और ब्याज आय से भी प्राप्त होती है। |
| 34. | taxation | (n) - **कर लगाना,** कराधान | 1. The finance ministry has made changes in the **taxation** structure from financial year 2012-2013. 2. The government obtains revenue through direct and indirect **taxation**. | 1. वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2012-2013 से **कर लगाने** की प्रक्रिया में परिवर्तन किया है। 2. सरकार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष **कराधान** के माध्यम से राजस्व प्राप्त करती है। |
| 35. | team spirit | (n) - टीम भावना*, सहयोग भावना* | To achieve high productivity **team spirit** and cooperation among employees is a must. | उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों के बीच **टीम भावना** और सहयोग जरूरी है। |
| 36. | technical | (adj) - 1. तकनीकी 2. (शब्द) पारिभाषिक | 1. Metro was running late due to some **technical** defects. 2. The work of compiling **technical** | 1. कुछ **तकनीकी** खराबी के कारण मैट्रो देर से चल रही थी। 2. विज्ञान संबंधी **पारिभाषिक** शब्दों के संकलन |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | terms for science is assigned to Commission for Scientific and Technical Terminology. | का कार्य वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग को सौंपा गया है। |
| 37. | technical term | (n) - तकनीकी शब्द, पारिभाषिक शब्द | A Dictionary of **technical terminology** on various subjects is available on-line. | विभिन्न विषयों से संबंधित **तकनीकी शब्दों** की जानकारी देने वाला शब्दकोष ऑन-लाईन उपलब्ध है। |
| 38. | technique | (n) - तकनीक*, प्रविधि* | New **techniques** are coming in the field of printing. | मुद्रण के क्षेत्र में नई-नई **तकनीक** आ रही हैं। |
| 39. | technology | (n) - प्रौद्योगिकी* | Indian Steel Industry is using modern **technology.** | भारतीय इस्पात उद्योग आधुनिक **प्रौद्योगिकी** का प्रयोग कर रहा है। |
| 40. | telebanking | (n) - दूर-बैंकिंग | **Tele-banking** facility is available in this bank. | इस बैंक में **दूर-बैंकिंग** सुविधा उपलब्ध है। |
| 41. | teleconferencing | (n) - **दूर-सम्मेलन,** दूर-संलाप | Some participants expressed their views through **teleconferencing**. | कुछ प्रतिभागियों ने **दूर-सम्मेलन** के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। |
| 42. | temporary | (adj) - अस्थायी | **Temporary** employees will not be granted loan from the office. | **अस्थायी** कर्मचारियों को कार्यालय द्वारा ऋण प्रदान नहीं किया जाएगा। |
| 43. | temptation | (n) - **लालच**, प्रलोभन | Government employees should not succumb to **temptation**. | सरकारी कर्मचारी को **लालच** में नहीं आना चाहिए। |
| 44. | tenable | (adj) - 1. **तर्कसंगत** 2. मान्य | 1. The idea of increasing the number of staff is not **tenable**. 2. This scheme is **tenable** for a period of three years. | 1. कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का विचार **तर्कसंगत** नहीं है। 2. यह योजना तीन साल के लिए **मान्य** है। |
| 45. | tenacity | (n) - 1. दृढ़ता* 2. लगन* | 1. The defence is getting ready for presenting its points with **tenacity**. 2. The task group completed the assignment with | 1. बचाव पक्ष **दृढ़ता** के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहा है। 2. कार्य समूह ने सौंपे हुए कार्य को |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | skill and **tenacity**. | दक्षता और **लगन** के साथ पूरा किया। |
| 46. | tenancy | (n) - 1. किराएदारी* 2. काश्तकारी* | 1. He agrees to surrender the **tenancy** forthwith. 2. The government has amended the **tenancy** laws. | 1. वह तत्काल **किराएदारी** छोड़ने के लिए सहमत है। 2. सरकार ने **काश्तकारी** कानूनों में संशोधन किया है। |
| 47. | tenant | (n) - 1. किराएदार 2. काश्तकार | 1. The amount of security deposit is paid by the **tenant**. 2. **Tenants** have limited rights over the land. | 1. **किराएदार** ने प्रतिभूति जमा राशि का भुगतान किया। 2. भूमि पर **काश्तकारों** के अधिकार सीमित होते हैं। |
| 48. | tender | (n) - 1. निविदा*, ठेका (v) - 2. निविदा देना 3. प्रस्तुत करना | 1. The Department advertises **tenders** in the local newspaper. 2. The company is inviting **tenders** for a number of new machines. 3. The minister has **tendered** his resignation. | 1. विभाग स्थानीय अखबारों में **निविदाएं** विज्ञापित करता है। 2. कंपनी नई मशीनों के लिए **ठेके** आमंत्रित कर रही है। 3. मंत्री ने अपना त्याग-पत्र **प्रस्तुत** कर दिया है। |
| 49. | tentative | (adj) - **अस्थायी, संभावित**, अनंतिम | 1. This **tentative** plan requires input from various departments. 2. The government is taking **tentative** steps towards tackling the country's economic problems. | 1. इस **अनंतिम** योजना को विभिन्न विभागों से इनपुट चाहिए। 2. सरकार देश की आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिए **संभावित** कदम उठा रही है। |
| 50. | tenure | (n) - 1. अवधि* 2. कार्यकाल 3. पट्टा | 1. **Tenure** of the project can only be increased with the permission of the secretary. 2. The company has excelled during the **tenure** of present C.E.O. 3. After expiry of **tenure**, the person has to vacate the shop. | 1. परियोजना की **अवधि** केवल सचिव महोदय की अनुमति से बढ़ाई जा सकती है। 2. कंपनी ने वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी के **कार्यकाल** के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 3. **पट्टा** समाप्त हो जाने पर पट्टाधारी को दुकान खाली करनी होगी। |
| 51. | term | (n) - 1. अवधि*, मियाद* 2. सत्र 3. | 1. The secretary of the Society was elected for a **term** of | 1. सोसाइटी के सचिव को चार वर्ष की **अवधि** के लिए |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **शर्त*** 4. **शब्द, पद** | four years. 2. A written exam is conducted at the end of each **term**. 3. Delivery is within the **terms** of this contract. 4. Work of compiling technical **terms** for science is assigned to Commission for Scientific and Technical Terminology. | चुना गया। 2. प्रत्येक **सत्र** के पश्चात् एक लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है। 3. सुपुर्दगी इस अनुबंध की **शर्तों** के अनुसार है। 4. विज्ञान संबंधी पारिभाषिक **शब्दों** के संकलन का कार्य वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग को सौंपा गया है। |
| 52. | terminal | (n) - 1. **टर्मिनल, अंतिम स्थल, आखिरी स्टेशन** (adj) - 2. **लाइलाज (बीमारी)** | 1. The International Airport's second terminal is closed for two hours due to security reasons. 2. The officer is on long leave as he is suffering from **terminal** illness. | 1. अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के दूसरे **टर्मिनल** को सुरक्षा कारणों की वजह से दो घंटे के लिए बंद किया गया। 2. **लाइलाज** बीमारी से पीड़ित होने के कारण अधिकारी लंबी छुट्टी पर है। |
| 53. | terminal report | (n) - आवधिक रिपोर्ट* | The officer is asked to present **terminal report** in every quarter. | अधिकारी को प्रत्येक तिमाही में **आवधिक रिपोर्ट** प्रस्तुत करने को कहा गया। |
| 54. | terminal benefit | (n) - सेवांत लाभ | The **terminal benefits** are given to all retiring employees. | सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को **सेवांत लाभ** दिए जाते हैं। |
| 55. | terminal leave | (n) - सेवांत छुट्टी* | **Terminal leave** in banks does not exceed 90 days. | बैंकों में 90 दिनों से अधिक की **सेवांत छुट्टी** नहीं होती। |
| 56. | termination | (n) - 1. समाप्ति*, समापन | 1. Failure to comply with the terms and conditions will result in **termination** of the agreement. 2. **Termination** of employee's service was due to his misconduct. | 1. इन निबंधन और शर्तों का पालन न होने पर करार का **समापन** हो जाएगा। 2. कर्मचारी की सेवा की **समाप्ति** उसके कदाचार के कारण हुई। |
| 57. | terminology | (n) - शब्दावली* | New **terminologies** are required to be developed in the | ज्ञान के नए क्षेत्रों में नई **शब्दावलियां** विकसित करने |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | emerging area of knowledge. | की आवश्यकता है। |
| 58. | terms | (n) - 1. शर्त, निबंधन 2. संबंध | 1. Both the Companies failed to agree on the **terms** of a settlement. 2. The new officer has good **terms** with his subordinates. | 1. दोनों कंपनियाँ समझौते की **शर्तों** पर सहमत नहीं हो पाईं। 2. नए अधिकारी के अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अच्छे **संबंध** हैं। |
| 59. | terms and conditions | (n) - निबंधन और शर्तें* | The **terms and conditions** of his appointment were explained to him before his joining. | कार्यभार ग्रहण करने से पहले उसे नियुक्ति संबंधी **निबंधन और शर्तें** स्पष्ट कर दी गई थीं। |
| 60. | terms of reference | (n) - विचारार्थ विषय | The government has decided **the terms of reference** for the proposed committee of inquiry. | सरकार ने प्रस्तावित जांच समिति के **विचारार्थ विषय** निर्धारित कर लिए हैं। |
| 61. | territorial army | (n) - प्रादेशिक सेना* | The government has deputed the **territorial army** in the flood affected areas. | सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में **प्रादेशिक सेना** की तैनाती की है। |
| 62. | territorial rights | (n) - **क्षेत्रीय अधिकार** | U.N.O. works as mediator whenever there is a dispute over **territorial rights** between member countries. | जब भी सदस्य देशों के बीच **क्षेत्रीय अधिकार** को लेकर विवाद होता है तो संयुक्त राष्ट्र संघ मध्यस्थता का कार्य करता है। |
| 63. | territory | (n) - 1. राज्यक्षेत्र 2. प्रदेश 3. क्षेत्र | 1. The Andaman and Nicobar Islands is an Indian **territory** 2. The scheme is floated for the people of this **territory**. 3. The rural employment scheme covers a large **territory**. | 1. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भारत का **राज्यक्षेत्र** है। 2. यह योजना इस **प्रदेश** के लोगों के लिए लाई गई है। 3. ग्रामीण रोजगार स्कीम व्यापक **क्षेत्र** में लागू है। |
| 64. | terrorism | (n) - आतंकवाद | The government is doing everything possible to combat **terrorism**. | सरकार **आतंकवाद** से मुकाबला करने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है। |
| 65. | test | (n) - 1. परीक्षण, | 1. India backs the banning of nuclear | 1. भारत परमाणु **परीक्षण** पर |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | परख*, जाँच* 2. परीक्षा* | **tests**. 2. Applicants are required to take a written **test**. | प्रतिबंध लगाने का समर्थन करता है। 2. आवेदकों को लिखित **परीक्षा** देनी होगी। |
| 66. | test audit | (n) - नमूना लेखा परीक्षा* | A **test audit** has been conducted in this matter. | इस मामले में **नमूना लेखा परीक्षा** की गई है। |
| 67. | testify | (v) - 1. साक्ष्य देना 2. **गवाही देना** 3. प्रमाणित करना | 1. The fingerprint expert was asked to **testify** at the trial. 2. The officer has agreed to testify against the accused at the trial. 3. The document needs to be testified. | 1. फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ को मुकदमे में **साक्ष्य** देने के लिए कहा गया। 2. अधिकारी अभियुक्त के विरूद्ध मुकदमे में **गवाही देने** के लिए सहमत हो गया। 3. दस्तावेज को **प्रमाणित** किए जाने की आवश्यकता है। |
| 68. | testimony | (n) -1. साक्ष्य 2. **गवाही*** 3. **प्रमाण** 4. **घोषणा*** | 1. The **testimony** of this crime is not available. 2. In his **testimony**, the safety officer denied that the company had ignored safety procedures. 3. The increase in export bears **testimony** to the success of the industry. 4. The candidate has to give a written **testimony** regarding experience. | 1. इस अपराध का **साक्ष्य** उपलब्ध नहीं है। 2. अपनी **गवाही** में सुरक्षा अधिकारी ने इस बात से इंकार किया कि कंपनी ने सुरक्षा कार्य में लापरवाही बरती है। 3. निर्यात में बढ़ोत्तरी उद्योग में प्रगति का **प्रमाण** है। 4. अभ्यर्थी को अनुभव के बारे में लिखित घोषणा देनी होगी। |
| 69. | third party | (n) - तृतीय पक्ष, अन्य पक्ष | A **third party** agreement is required in this matter. | इस मामले में **तृतीय पक्ष** करार जरूरी है। |
| 70. | threat | (n) - 1. धमकी* 2. आशंका* 3. **भय, डर** | 1. Security has been tightened after **the threat** of the strike. 2. Excessive rain brings **threat** of flood. 3. Due to breach of ceasefire there is a possible **threat** of war between the two countries. | 1. हड़ताल की **धमकी** के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। 2. भारी बरसात से बाढ़ की **आशंका** बढ़ जाती है। 3. युद्ध विराम के उल्लंघन के कारण दोनों देशों के बीच युद्ध का **डर** है। |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 71. | thrift | (n) - **बचत***, **किफायत***, **अल्पव्यय,** मितव्यय | The company was praised for their **thrift** and enterprise. | कंपनी की **बचत** और उद्यम के लिए सराहना की गई। |
| 72. | thumb impression | (n) - अँगूठा निशान, अँगूठा चिह्न | **Thumb impression** of an illiterate person on a document has to be attested. | किसी दस्तावेज पर अशिक्षित व्यक्ति के **अंगूठा-निशान** को सत्यापित करवाना होता है। |
| 73. | thumping majority | (n) - भारी बहुमत | The candidate won the election by **thumping majority**. | उम्मीदवार ने **भारी बहुमत** से चुनाव जीता। |
| 74. | time barred | (adj) - **समयबाधित,** समयवर्जित, कालातीत | As the suit is become **time barred**, so it cannot be accepted | वाद **समयबाधित** होने के कारण स्वीकार नहीं किया जा सकता। |
| 75. | time bound | (adj) - समयबद्ध | This is a **time bound** project. | यह **समयबद्ध** परियोजना है। |
| 76. | timely | (adv) - 1. **सही समय पर**, समय पर, यथा समय, ठीक समय पर 2. **शीघ्र** | 1. The seminar started **timely**. 2. **The timely intervention** of Police has saved many lives. | 1. संगोष्ठी **समय पर** प्रारंभ हुई। 2. पुलिस के **ठीक समय पर** हस्तक्षेप से कई जानें बचाली गईं। |
| 77. | time limit | (n) - 1. समयसीमा* | Extension of the **time limit** for application will not be granted. | आवेदन करने की **समयसीमा** नहीं बढ़ाई जाएगी। |
| 78. | time scale | (n) - समयमान | It takes 3-5 years to reach the next **time-scale** for an employee. | किसी कर्मचारी को अगला **समयमान** प्राप्त करने में 3-5 वर्षों का समय लगता है। |
| 79. | time table | (n) - समय-सारणी* | The **time-table** for this session has been drawn. | इस सत्र के लिए **समय-सारणी** तैयार कर ली गई है। |
| 80. | title | (n) - 1. शीर्षक (पुस्तक का) 2. उपाधि*, ख़िताब, पदवी* 3. हक 4. **पदनाम** | 1. The **title** of a book is covered under Trademark/copyright. 2. The **title** of Bharat Ratna is awarded for the highest degrees of services to the nation. 3. The **title** deed is generally a registered document. 4. His official **title** is Editor-In-Chief. | 1. पुस्तक का **शीर्षक** कापीराइट अधिकारों के अन्तर्गत आता है। 2. भारत रत्न की **उपाधि** राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च सेवाओं के लिए प्रदान की जाती है। 3. **हक** विलेख सामान्यतः पंजीकृत दस्तावेज होता है। 4. उसका आधिकारिक **पदनाम** मुख्य |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | संपादक है। |
| 81. | token | (n) - 1. संकेत 2. टोकन 3. प्रतीक 4. (adj) - सांकेतिक, **नाममात्र का** | 1. The employees gave the retiring officer a watch as a **token** of their esteem. 2. Telephone Department is replacing older telephones which only accept **tokens**. 3. The library charges only a **token** fee for use of the facilities. 4. Strong measures are required to revive economy, **token** gesture will not help. | 1. कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी को सम्मान के **प्रतीक** के रूप में घड़ी दी। 2. टेलीफोन विभाग केवल **टोकन** स्वीकार करने वाले पुराने टेलीफोन को बदल रहा है। 3. पुस्तकालय सुविधाओं के उपयोग के लिए **नाममात्र का** शुल्क लेता है। 4. अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मजबूत कदम उठाने की आवश्यकता है, **सांकेतिक** उपायों से कुछ नहीं होगा। |
| 82. | toll tax | (n) - 1. पथकर 2. **चुंगी*** | **Toll tax** needs to be paid at naka. | नाके पर **चुंगी** अदा करनी होगी। |
| 83. | tone down | (v) - मंद करना, हल्का करना | Inflation has **toned down** the production. | मुद्रास्फीति से उत्पादन की गति **मंद** हो गई है। |
| 84. | tone up | (v) - 1. तेज़ करना 2. चुस्त करना, चुस्त बनाना 3. मजबूत करना | 1. New CEO **toned up** the administrative machinery. 2. CEO **toned up** the organizational setup through his hard work. | 1. नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने प्रशासनिक मशीनरी को **चुस्त** बना दिया। 2. मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अपनी मेहनत से संगठनात्मक व्यवस्था को **मजबूत किया**। |
| 85. | top priority | (n) - 1. सर्वोच्च प्राथमिकता* 2. **परम अग्रता*** | 1. The **top priority** before the company is to improve financial position. 2. This work should be finished on **top priority**. | 1. कंपनी के समक्ष **सर्वोच्च प्राथमिकता** अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने की है। 2. इस काम को **परम अग्रता** के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। |
| 86. | top ranking | (adj) - 1. शीर्षस्थ 2. **वरिष्ठतम** 3. **सर्वश्रेष्ठ** | 1. This is a **top ranking** banking company. 2. He's the top ranking officer. 3. The School | 1. यह **शीर्षस्थ** बैंकिंग कंपनी है। 2. वह **वरिष्ठतम** अधिकारी है। 3. स्कूल अधिकारियों ने विद्यालय के |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Authorities awarded **top ranking** school teachers and staff for their services. 4. He won the **top ranking** executive award. | **वरिष्ठतम** शिक्षकों और कर्मचारियों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। 4. उसने **सर्वश्रेष्ठ** कार्यपालक का पुरस्कार जीता। |
| 87. | top secret | (n) - परम गुप्त, **अति गुप्त** | The **top secret** documents are with Managing Director only. | **अति गुप्त** दस्तावेज केवल प्रबंध निदेशक के पास ही हैं। |
| 88. | torture | (n) - 1. यातना*, यंत्रणा* | The prisoners of war were subject to **torture**. | युद्धबंदियों को **यातना** दी गई। |
| 89. | total | (n) - योग, जोड़, कुल | **Total** loss for financial year 2011-2012 is Rs. 5 crore. | वित्त वर्ष 2011-2012 में **कुल** हानि 5 करोड़ रुपए है। |
| 90. | tough | (adj) - कड़ा, कठोर, मुश्किल | 1. The question paper was **tough**. 2. **Tough** decisions will have to be made. | 1. प्रश्न पत्र **मुश्किल** था। 2.**कड़े** फैसले लिए जाने होंगे। |
| 91. | tour | (n) - 1. दौरा 2. **यात्रा*** | 1. It is necessary to get **tour** programme approved by the Director. 2. Students planned for **tour** to Shimla. | 1. **दौरा** कार्यक्रम के लिए निदेशक महोदय का अनुमोदन लिया जाना आवश्यक है। 2. विद्यार्थियों ने शिमला **यात्रा** की योजना बनाई है। |
| 92. | tourist visa | (n) - पर्यटक वीजा | In many countries **tourist visa** is given at the airport itself. | कई देशों में **पर्यटक वीजा** हवाई अड्डे पर ही दे दिया जाता है। |
| 93. | trace | (n) - 1. सुराग 2. **निशान** 3. लेश (v) - 4. खोजना, पता लगाना, अभिवीक्षण | 1. Police was unable to **trace** the culprit. 2. Department was unable to **trace** file regarding his case. | 1. पुलिस अभियुक्त का **सुराग** ढूंढ़ने में असमर्थ रही। 2. विभाग उसके मामले से संबंधित फाइल का **पता** नहीं लगा पाया। |
| 94. | trade | (n) - 1. व्यापार 2. व्यवसाय 3. **कारोबार, कार-बार** | 1. Traders who have common interest have formed **trade** association. 2. Strategic planning is important for achieving long-term | 1. समान हित वाले व्यापारियों द्वारा **व्यापार** संघ का गठन किया गया। 2. दीर्घ कालिक **व्यावसायिक** उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **trade** objectives. 3. Banks extend financial support on easy terms for **trade**. | कार्यनीतिक योजना बनाना आवश्यक है। 3. **कारोबार** चलाने के लिए बैंक आसान शर्तों पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते हैं। |
| 95. | trade mark | (n) - ट्रेडमार्क, व्यापार चिह्न | **Trademarks** are legally protected. | **टेडमार्क** को वैधानिक सुरक्षा प्राप्त है। |
| 96. | trade union | (n) - 1. **मजदूर संघ**, श्रमिक संघ | **Trade union** fights for labour rights. | **मजदूर संघ** मजदूरों के अधिकार के लिए संघर्ष करते हैं। |
| 97. | traffic | (n) - 1. यातायात* | A system administrator monitors **traffic** level and takes appropriate action when traffic becomes heavy. | सिस्टम नियंत्रक यातायात स्तर पर नज़र रखता है और **यातायात** के अधिक होने पर उचित कार्रवाई करता है। |
| 98. | trafficking | (n) - **अवैध व्यापार, तस्करी***, **दुर्व्यापार (विधि)** | 1. Terrorist groups involved in drug **trafficking** and violent crime are operating from across the border. 2. The global movement against human **trafficking** is making progress. 3. The Government should take stringent action against human **trafficking**. | 1. नशीले पदार्थों के **अवैध व्यापार** और हिंसक अपराध में शामिल आतंकवादी गुट सीमा पार से काम कर रहे हैं। 2. मानव **तस्करी** के खिलाफ वैश्विक आंदोलन बढ़ता जा रहा है। 3. सरकार को मानव **तस्करी** के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। |
| 99. | trainee | (n) - **प्रशिक्षार्थी, प्रशिक्षु,** प्रशिक्षणार्थी | The company aims to recruit four **trainees** a year. | कंपनी का लक्ष्य एक वर्ष में चार **प्रशिक्षुओं** को भर्ती करना है। |
| 100. | training | (n) - प्रशिक्षण | They were given **training** in computer programming. | उन्हें कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में **प्रशिक्षण** दिया गया। |
| 101. | traitor | 1. ग़द्दार, विश्वासघाती 2. देशद्रोही | War of 1857 was lost because of **traitors**. | 1857 का युद्ध **देशद्रोहियों** की वजह से हारे। |
| 102. | transaction | (n) - 1. संचालन 2. | A **transaction** may be concluded when | कोई **लेन-देन** तभी पूरा होता |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | सौदा, लेन-देन 3. **कारोबार, कारबार** | both parties - the seller and buyer agree to the terms. | है जब दोनों पक्ष अर्थात खरीदार और बेचने वाला शर्तों पर सहमत हो जाते हों। |
| 103. | transfer | (n) - 1. **तबादला** , स्थानांतरण, बदली* 2. अंतरण 3. हस्तांतरण | 1. **Transfer** in a job is a routine thing. 2. Advice of **transfer** of funds may be despatched to Head-quarters same day. 3. **Transfer** of property is required to be registered. | 1. नौकरी में **स्थानांतरण** नेमी प्रक्रिया है। 2. निधियों के **अंतरण** की सूचना उसी दिन मुख्यालय को भेज दी जाए। 3. संपत्ति के **हस्तांतरण** का पंजीकरण कराना आवश्यक है। |
| 104. | transformation | (n) - 1. रूपांतरण 2.**परिवर्तन** 3. **बदलाव** | 1. The **transformation** of India from rural economy to industrial economy is a miracle. 2. The credit of **transformation** of our country into an advanced industrial power goes to liberalization. 3. After training, his ideas have undergone significant **transformation**. | 1. कृषि अर्थव्यवस्था से औद्योगिक अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का **रूपांतरण** एक चमत्कार है। 2. हमारे देश का एक उन्नत औद्योगिक शक्ति के रूप में **परिवर्तन** का श्रेय उदारीकरण को जाता है। 3. प्रशिक्षण के बाद उसके विचारों में बड़ा **बदलाव** आया है। |
| 105. | transit | (n) - 1. पारगमन 2. पारवहन 3. **मार्गस्थ** 4. संक्रमण | 1. **Transit** goods have been stored separately in the Godown. 2. Cash in **transit** is required to be insured. | 1. **पारवाहन** वस्तुएं गोदाम में अलग रख दी गई हैं। 2. **मार्गस्थ** धनराशि का बीमा कराया जाना आवश्यक है। |
| 106. | translation | (n) - अनुवाद | **Translation** is a bridge between two cultures. | **अनुवाद** दो संस्कृतियों के बीच एक पुल है। |
| 107. | transliteration | (n) - लिप्यंतरण | **Transliteration** of European languages is a difficult job. | यूरोपीय भाषाओं का **लिप्यंतरण** एक मुश्किल कार्य है। |
| 108. | transmit | (v) - 1. प्रेषित करना 2. पारेषित करना 3. **पहुँचाना** 4. | 1. This statement should be **transmitted** to the Head of the Department in time. | 1. यह विवरण विभागाध्यक्ष को समय पर **प्रेषित किया** जाना चाहिए । 2. सिस्टम |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **प्रसारित करना** 5. **भेजना** | 2. The system transmits information over digital phone lines. 3. Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana aims at **transmitting** electricity to all rural households. 4. Doordarshan will **transmit** Hindi Diwas programme today. 5. The message was transmitted by the internet. | डिजिटल फोन लाइनों पर जानकारी **पारेषित** करता है। 3. राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का उद्देश्य सभी ग्रामीण घरों में बिजली **पहूँचाना** है। 4. दूरदर्शन पर आज हिंदी दिवस कार्यक्रम **प्रसारित किया** जाएगा। 5. संदेश इंटरनेट द्वारा **भेजा** गया। |
| 109. | transparent | (adj) - 1. पारदर्शी 2. **स्पष्ट** 3. **साफ** | RTI aims at making the working of government departments **transparent**. | सूचना का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य सरकारी विभागों की कार्य-प्राणाली को **पारदर्शी** बनाना है। |
| 110. | transport allowance | (n) - 1. परिवहन भत्ता | **Transport allowance** is much higher in Public Sector Undertaking as compared to Central Government. | सार्वजनिक उपक्रमों में **परिवहन भत्ता** केंद्र सरकार के कार्यालयों की तुलना में काफी अधिक है। |
| 111. | transportation | (n) - 1. परिवहन | The **transportation** was provided to the injured person by the police. | घायल व्यक्ति को पुलिस ने **परिवहन** की सुविधा उपलब्ध कराई। |
| 112. | travel | (n) - यात्रा*, यात्रा करना | **Travel** arrangement made by SOTC for Goa and Pune are very good. | एस.ओ.टी.सी. द्वारा गोवा तथा पुणे के लिए किए गए **यात्रा** प्रबंध बहुत बढ़िया हैं। |
| 113. | treasure | (n) - ख़जाना, **कोष** | The museum was large and full of art **treasures**. | संग्रहालय बहुत बड़ा और कलाकृतियों के **खजाने** से भरा हुआ था। |
| 114. | treasury | (n) - 1. राजकोष 2. **कोष**, ख़जाना | 1. **Treasury** operates under the control of a treasury officer. 2. Unutilized advances need to be deposited | 1. **राजकोष** कोषागार अधिकारी के नियंत्रण में संचालित होता है। 2. बचे हुए अग्रिम को जल्द से जल्द |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | in **treasury** as early as possible. 3. Gold reserve is kept in a **treasury**. | **कोष** में जमा कर देना चाहिए। 3. प्रारक्षित स्वर्ण निधि सरकारी **खजाने** में रखी जाती है। |
| 115. | treasury bench | (n) - सत्ता पक्ष | **Treasury bench** supported the resolution. | **सत्ता पक्ष** ने विधेयक का समर्थन किया। |
| 116. | treatment | (n) - 1. बर्ताव, व्यवहार 2. उपचार 3. निरूपण 4. प्रतिपादन 5. मानना | 1. The **treatment** given to HIV patient has improved due to awareness Campaign. 2. In case of emergency, **treatment** can be taken from private hospital. | 1. जागरूकता के कारण एड्स के रोगियों के साथ किए जा रहे **व्यवहार** में सुधार हुआ है। 2. आपातस्थिति में निजी अस्पताल से **उपचार** कराया जा सकता है। |
| 117. | treaty | (n) - 1. संधि* 2. **समझौता** | 1. India has extradition **treaty** with many countries. 2. The peace **treaty** was signed by both the parties. | 1. भारत की कई देशों के साथ प्रत्यर्पण **संधि** है। 2. शांति **समझौते** पर दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। |
| 118. | trespass | (n) - 1. अतिचार 2. **अनधिकार प्रवेश** | **Trespassing** into military area is punishable. | सेना क्षेत्र में **अनधिकार प्रवेश** दंडनीय है। |
| 119. | trial | (n) - 1. जाँच*, परख*, परीक्षण 2. **मुकदमा** 3. विचारण | 1. We had the machine on **trial** for a week. 2. The trial ended in acquittal for the defendants. 3. The defendant has a right to a fair **trial**. | 1. हमने एक सप्ताह तक मशीन का **परीक्षण** किया। 2. बचाव पक्ष के बरी होने के साथ **मुकदमा** समाप्त हो गया। 3. निष्पक्ष **विचारण** प्रत्यर्थी का अधिकार है। |
| 120. | tribe | (n) - जनजाति* | There is a provision of reservation for schedule **tribe** in these jobs. | इन नौकरियों में अनुसूचित **जनजाति** के लिए आरक्षण का प्रावधान है। |
| 121. | tribunal | (n) - अधिकरण | There are now 17 regular Benches of the Central Administrative **Tribunal** functioning in various parts of the country, including its Principal Bench at | केंद्रीय प्रशासनिक **अधिकरण** की दिल्ली में स्थित प्रधान न्यायपीठ सहित, देश के विभिन्न भागों में अब इसकी 17 नियमित न्यायपीठ कार्य कर रही हैं। |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Delhi. | |
| 122. | tribute | (n) - 1. सम्मान 2. श्रद्धांजलि* 3. खिराज 4. नज़राना, भेंट*, उपहार | 1. As a mark of **tribute** to the martyrs, all maintained two minutes of silence. 2. The country paid **tribute** to the Father of the Nation on his birthday. | 1. शहीदों के **सम्मान** में सभी ने दो मिनट का मौन रखा। 2. देश ने राष्ट्रपिता को उनके जन्मदिवस पर **श्रद्धांजलि** दी। |
| 123. | trim | (v) - 1. **ठीक-ठाक करना** 2. **कम करना** 3. काट-छाँट करना | 1. The printed materials were **trimmed** before binding. 2. The commission has recommended to **trim** the staff strength. 3. Gardner has **trimmed** the hedges in the garden. | 1. मुद्रित सामग्री जिल्दसाजी से पहले **ठीक-ठाक की** गई। 2. आयोग ने स्टाफ **कम करने** सिफारिश की है। 3. माली ने बाग में झाड़ियों की **कटाई-छंटाई** की है। |
| 124. | tripartite | (adj) - **तीन-पक्षीय**, त्रिपक्षीय | The wage settlement in the bank is a **tripartite** agreement. | बैंक में हुआ वेतन समझौता **त्रिपक्षीय** करार है। |
| <u>S. No.</u> | <u>Words</u> | <u>Meaning</u> | <u>Usage in English</u> | <u>Usage in Hindi</u> |
|---|---|---|---|---|
| | | पाठ 3. अनुवाद 4. **वक्तव्य,** विवरण | report. 2. The Hindi version of the report shall follow. 3. The novel was published in different versions. 4. People were satisfied with the official version of the incident. | **रूपांतरण** है। 2. इस रिपोर्ट का हिंदी **पाठ** बाद में भेजा जाएगा। 3. इस उपन्यास के विभिन्न भाषाओं में **अनुवाद** प्रकाशित किए गए । 4. लोग घटना के संबंध में आधिकारिक **वक्तव्य** से सहमत थे । |
| 28 | versus | (prep.)- 1. बनाम **2. के प्रति, के बदले में** | The court has delivered the judgment in the case of the Reliance India company versus the Union of India. | न्यायालय ने रिलायंस इंडिया कंपनी **बनाम** भारत संघ के मामले में अपना निर्णय दे दिया है। |
| 29 | vest | (v.)- 1. **प्रदान करना** 2. निहित होना | 1. The Manager vested the powers to the Deputy Manager to deal with the case. 2. The Parliament is vested with the powers to legislate. | 1. प्रबंधक ने उप प्रबंधक को इस मामले को निपटाने की शक्तियां **प्रदान की** हैं। 2. विधान बनाने की शक्ति संसद में **निहित है।** |
| 30 | vested interest | (n.)- **स्वार्थ,** निहित स्वार्थ, निहित हित, | Today, some people work only with vested interest. | आजकल, कुछ लोग मात्र **निहित स्वार्थ** के लिए काम करते हैं। |
| 31 | vet | (v.) जांच करना, पुनरीक्षण करना | The Hindi Officer vetted the translation. | हिंदी अधिकारी ने अनुवाद की **जांच की।** |
| 32 | veteran | (adj.)-1. **अनुभवी,** ज्ञानवृद्ध 2. वयोवृद्ध 3. पूर्व सैनिक | 1.As he is a veteran in the field of games and sports, his recommendations may prove to be of great importance. 2. Some members of the party came to see the veteran leader. 3. The Defence Minister also met with veteran Army Officers to take their views on modernization of the army. | 1. खेल के क्षेत्र में **अनुभवी** होने के कारण, उनकी सिफारिशें अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती हैं। 2. पार्टी के कुछ सदस्यगण **वयोवृद्ध** नेता को देखने के लिए आए। 3. रक्षामंत्री ने सेना के आधुनिकीकरण के बारे में **पूर्व सैन्य** अधिकारियों के भी विचार लिए । |
| 33 | via | (prep.)- 1. **के रास्ते से,** रास्ता **2. के** | 1. The Under Secretary went to Mumbai via Pune on | 1. अवर सचिव निरीक्षण दौरे पर पुणे **के रास्ते** मुंबई गए। 2. |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **माध्यम से, द्वारा** | inspection tours. 2. Translators can send their work via internet. | अनुवादक इंटरनेट **के माध्यम से** अपना कार्य भेज सकते हैं । |
| 34 | viability | (n.)-1. सक्षमता* 2. लाभ प्रदता* 3. व्यवहार्यता* | 1. There is little doubt about the viability of the scheme in creating job opportunities for the people.2. Due to the financial viability of the joint venture, both the companies decided to continue it. 3. The viability of the project may kindly be ascertained. | 1. रोजगार के अवसरों का निर्माण करने में इस योजना की **सक्षमता** में कोई संदेह नहीं है। 2. संयुक्त उद्यम की आर्थिक **लाभप्रदता** की दृष्टि से, दोनों कंपनियों ने इसे जारी रखने का निर्णय लिया। 3. परियोजना की **व्यवहार्यता** निश्चित करने की कृपा करें । |
| 35 | viable | (n)- 1. सक्षम 2. व्यवहार्य 3. लाभप्रद | 1. In this age of free economy, private enterprises prove more viable than before. 2. The project was not viable in an area of high terrain. 3. The new venture proves financially viable for the company. | 1. स्वतंत्र अर्थव्यवस्था के इस युग में, निजी उपक्रम पहले से अधिक **सक्षम** हैं। 2. यह परियोजना ऊंचे पठारी इलाके में **व्यवहार्य** नहीं है। 3. नए उपक्रम कंपनी के लिए **लाभप्रद** सिद्ध हुए। |
| 36 | vice | (n.)-1.(पदनाम) उप 2. व्यसन 3. के स्थान पर | 1. He is the vice chairman of the committee. 2. The welfare Officer may help such employees as are willing to get rid of their vices of drinking alcohol. | 1. वे इस समिति के **उपा**ध्यक्ष हैं। 2. कल्याण अधिकारी उन कर्मचारियों की सहायता करेंगे जो अपने **व्यसनों** को छोड़ना चाहते हैं। |
| 37 | vicinity | (n.) 1. **आस- पास,** 2. निकटता*, नजदीकी* 3. आस- पड़ोस | 1.The different buildings of the office must be situated in the same complex to be in close vicinity to each other. 2.The office is in the immediate vicinity of the station. | 1.कार्यालय के विभिन्न भवनों का **निकटता** की दृष्टि से एक ही परिसर में होना आवश्यक है। 2. कार्यालय स्टेशन के **आस-पास** है। |
| 38 | vicious circle | (n.)-दुश्चक्र | There is a vicious circle of poverty and | देश के विभिन्न भागों में गरीबी |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | illiteracy in the different parts of the country. | और अशिक्षा का **दुश्चक्र** है। |
| 39 | victimise | (v.)-1. पीड़ित करना, तंग करना, **सताना** | The government shall not allow the victimization of the poor. | सरकार गरीब लोगों को **पीड़ित करने** की अनुमति किसी को नहीं देगी। |
| 40 | video conferencing | (n.)- **वीडियो सम्मेलन,** दृश्य दूरसंलाप | The representatives expressed their views through video - conferencing. | प्रतिनिधियों ने **वीडियो सम्मेलन** के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। |
| 41 | view | (n.)- **1. विचार, मत,** दृष्टि*, दृश्य **(v) -2. देखना, अवलोकन करना** | 1. In the officer's view, this was a case of carelessness. 2. He viewed this matter with all seriousness. | 1. अधिकारी के **विचार** से यह मामला लापरवाही का था। 2. उसने पूरी गंभीरता से इस मामले को **देखा**। |
| 42 | viewpoint | (n)- 1. दृष्टिकोण 2. **मत** | 1. In the view point of the court, this is the case of violation of the fundamental rights. 2. The Comptroller Auditor General has expressed his presumptive viewpoints. | 1. न्यायालय के **दृष्टिकोण** से पूरा मामला मूल अधिकार-हनन का बनता है। 2. नियंत्रक ने अनुमान के आधार पर अपना **मत** व्यक्त किया। |
| 43 | vigilance | (n)- सतर्कता* | The case was referred to the vigilance department. | यह मामला **सर्तकता** विभाग को भेजा गया है। |
| 44 | vigorous | (adj.)- 1. जोरदार, कठोर, कठिन **2. भरपूर 3. व्यापक, प्रबल** | 1. The experts expressed vigorous supports for the new economic policies. 2. The committee made vigorous efforts to prepare the report in time. 3.The party has launched a vigorous campaign against inflation. | 1. विशेषज्ञों ने आर्थिक नीतियों का **जोरदार** ढंग से समर्थन किया। 2. समिति ने समय पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए **भरपूर** प्रयास किए। 3. पार्टी ने मुद्रास्फीति के विरुद्ध **व्यापक** अभियान चलाया है। |
| 45 | vindictive | (adj)- 1. **प्रतिशोधात्मक** 2.प्रतिशोधी | 1. The spokesperson accused the opposition of being vindictive. 2. His comments are vindictive. | 1. प्रवक्ता ने विपक्ष पर **प्रतिशोधी** होने का आरोप लगाया। 2. उनकी टिप्पणी **प्रतिशोधात्मक** हैं। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 46 | vindictively | ( adv.)- 1. **बदले की भावना से, प्रतिशोध से** | The workers acted vindictively in reaction to the strict action by the Manager. | प्रबंधक की सख्त कार्रवाई की प्रतिक्रिया में कामगारों ने **बदले की भावना** से कार्रवाई की। |
| 47 | violate | (v.)**1. उल्लंघन करना** 2. अतिक्रमण करना 3. **भंग करना** | 1. The neighbouring country was accused of violating the agreement.2. The Chinese army was accused of violating the Line of Control. 3. The court has ordered not to violate one's privacy. 4. The state government has issued a strict order not to violate the sanctity of places of worship. | 1. पड़ोसी देश पर करार का **उल्लंघन करने** का आरोप लगाया गया । 2. चीनी सेना पर नियंत्रण रेखा का **अतिक्रमण करने** का आरोप था। 3 . अदालत ने किसी की निजता **भंग** न करने का आदेश दिया है। 4 . राज्य सरकार ने पूजा स्थलों की पवित्रता को **भंग** न **करने** के लिए सख्त आदेश जारी किया है । |
| 48 | violence | (n.)- 1. हिंसा* 2. **जबरदस्ती*, बलप्रयोग** | 1. India has always stood firmly against violence. 2. The people should not be dislocated from the project site by violence. | 1. भारत ने **हिंसा** का हमेशा ही दृढ़ता से विरोध किया है। 2. लोगों को **बल प्रयोग** द्वारा परियोजना स्थल से विस्थापित न किया जाए। |
| 49 | virtue | (n.)- 1. सद्गुण **2. विशेषता*** 3. आधार | 1. The official was highly praised on account of his virtues. 2. The Instructor explained the virtues of computer application. 3. He was selected for the job by virtue of his long experience. | 1. कर्मचारी की उसके **सदगुणों** के कारण अत्यधिक प्रशंसा की गई । 2. प्रशिक्षक ने कंप्यूटर अनुप्रयोग की **विशेषताओं** के बारे में समझाया। 3. उन्हें अपने लंबे अनुभव के **आधार** पर नौकरी के लिए चुना गया। |
| 50 | vision | (n.)-1. **दूरदृष्टि*,दृश्य** 2. दृष्टि* 3. भविष्य दृष्टि*4. संदृश्य | 1. The candidate must have normal vision. 2. Vision is must for introducing a new plan. 3. The colourful parade in the Republic day ceremony was a vision to be cherished. | 1 . उम्मीदवार की आंखों की **दृष्टि** सामान्य होनी चाहिए। 2. नई योजना की शुरूआत के लिए दूरदृष्टि बहुत जरूरी है। 3 . गणतंत्र दिवस समारोह में रंगारंग परेड का **दृश्य** स्मृति में संजोने लायक था । |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 51 | visionary | (adj)- **दूरदर्शी, स्वप्नद्रष्टा,** भविष्यद्रष्टा, भविष्यदर्शी | As a true visionary, he led the freedom struggle with the weapons of truth and non- violence. | एक सच्चे **दूरदर्शी** के रूप में उन्होंने सत्य और अहिंसा के हथियारों से आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया। |
| 52 | visit | ( v. )-1. **दौरा करना, यात्रा करना,** आना - जाना 2. **देखने के लिए जाना** (n.)- 3. भेंट, मुलाकात, आगमन, अभ्यागमन, परिदर्शन 4. दौरा | 1. The school inspector visited the school. 2. The French President visited the Taj. 3. He paid a visit to the Prime Minister. 4. The Prime Minister was on his maiden visit to China. | 1.विद्यालय निरीक्षक ने स्कूल का **दौरा किया।** 2 . फ्रांस के राष्ट्रपति ताजमहल **देखने के लिए गए।** 3. उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ **भेंट** की। 4.प्रधानमंत्री चीन के अपने पहले **दौरे** पर गए। |
| 53 | visual | **1.** (adj.)- **दृश्य 2.** (n.)- दृश्य | 1. He produced some photographs in the court as visual records. 2. The Officer showed some visuals to explain the special features of the project. | 1. उसने **दृश्य** रिकॉर्ड के रूप में अदालत में कुछ तस्वीरें प्रस्तुत की। 2. अधिकारी ने परियोजना की विशेषताओं की व्याख्या करने के लिए कुछ **दृश्य** दिखाए। |
| 54 | vital | (adj)-1. **अनिवार्य** 2. (औषधि) जीवनाधार 3. महत्वपूर्ण 4. आवश्यक | 1.Proper maintenance of records is vital for the success of the Right to Information Act. 2. The vitamins, vital for life, may be supplied by the CGHS dispensaries. 3.It is vital to keep the records up to date for submission to the Head of the Office. 4. India's support was vital to pass the resolution in the UN. | 1. अभिलेखों का उचित रखरखाव सूचना के अधिकार की सफलता के लिए **महत्वपूर्ण** है। 2. जीवन के लिए **अनिवार्य** विटामिनों की सीजीएचएस औषधालयों द्वारा आपूर्ति की जाए। 3. कार्यालय प्रमुख को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के लिए इसे अद्यतन बनाए रखना **आवश्यक** है । 4 . संयुक्त राष्ट्र संघ में इस प्रस्ताव को पास करने में भारत का समर्थन **महत्वपूर्ण** था। |
| 55 | vital modification | (n.)- **महत्वपूर्ण बदलाव,** महत्वपूर्ण आशोधन | Some vital modifications were made in the bill after intensive discussion. | गहन चर्चा के बाद बिल में कुछ **महत्वपूर्ण बदलाव** किए गए। |
| 56 | vocabulary | (n.)- | The official has been | कर्मचारी की अच्छी **शब्दावली** |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | **शब्दावली***,शब्द-भंडार | praised for his good vocabulary and apt usage. | और उपयुक्त शब्द प्रयोग के लिए प्रशंसा की गई। |
| 57 | vocation | (n.)- 1. पेशा, व्यवसाय, वृत्ति 2. **योग्यता*** | 1. He became a clerk, but he has a vocation for teaching. 2. She did her job with a true sense of her vocation. | 1. वह एक क्लर्क बना, लेकिन उसमें शिक्षक बनने की **योग्यता** है। 2.उसने अपने **पेशे** के लिए सच्ची कर्तव्यनिष्ठा से काम किया। |
| 58 | vogue | (n.)- **लोकप्रियता*** प्रचलन **(adj.)- प्रचलित** | 1. Despite the vogue for the new designs and patterns, articles were purchased in the hostel as per the approval accorded before. 2. The officials may prefer to the usages in vogue. | 1. नए डिजाइन और पैटर्न की **लोकप्रियता** के बावजूद, छात्रावास में पूर्व अनुमोदन के अनुसार ही सामान खरीदे गए। 2. कर्मचारी **प्रचलित** प्रयोग को तरजीह दें। |
| 59 | void | (n.)-1. **अभाव,** शून्य (adj.)-2. **रद्द 3. खाली, रिक्त** | 1. His retirement created a void in the office. 2. The agreement was declared void by both the countries. 3. A bridge was made over the void between the two hills to connect two villages. | 1. उनकी सेवानिवृत्ति से कार्यालय में उनका **अभाव** खटकता है। 2.दोनों देशों ने समझौते को **रद्द** घोषित किया। 3. दो गांवों को जोड़ने के लिए दो पहाड़ियों के बीच **खाली** जगह पर पुल बनाया गया। |
| 60 | volume | (n.)- 1. खंड, जिल्द* 2. मात्रा*, परिमाण 3. आयतन | 1. This may refer to the second volume of the Fundamental Rules book. 2. The volume of the oil container may kindly be ascertained. | 1. इसके लिए मूल नियम पुस्तक का दूसरा **खंड** देखें।2. कृपया इस तेल कंटेनर का **आयतन** ज्ञात करें। |
| 61 | voluminous | (adj.)-1. विशाल, विशालकाय 2. **भारी (मात्रा में)** | 1. The rule book was too voluminous to be read in short time. 2. He got the voluminous support of the people in his constituency. | 1. इस **विशाल** नियम पुस्तक को इतने कम समय में नहीं पढ़ा जा सकता।2. उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र में लोगों का **भारी** समर्थन मिला। |
| 62 | voluntary | (adj.)- स्वैच्छिक | Officer has taken voluntary retirement. | अधिकारी ने **स्वैच्छिक** सेवानिवृत्ति ले ली है। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 63 | volunteer | (n.)- 1.स्वयंसेवक (v.) 2. **सेवा देना** | 1. Hundreds of volunteers reached the flood affected area to help the people. 2. He volunteered his service for the successful implementation of the Adult education. | 1. सैकड़ों **स्वयंसेवक** लोगों की मदद करने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंच गए। 2. उसने प्रौढ़ शिक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वेच्छा से अपनी **सेवा दी** । |
| 64 | vote | (n.) मत, वोट (v.) मत देना, वोट देना | 1. People have cast their votes in the election. 2. The ruling party was voted to power again. | 1. लोगों ने चुनाव में **वोट** डाले। 2. लोगों ने सत्तारूढ़ पार्टी को फिर से सत्ता में लाने के लिए **वोट** दिया। |
| 65 | vote of censure | (n.)- निंदा प्रस्ताव | The opposition brought a vote of censure against the government. | विपक्ष सरकार के खिलाफ **निंदा प्रस्ताव** लाया। |
| 66 | vote of thanks | (n.) धन्यवाद प्रस्ताव | He proposed vote of the thanks to the Chairman. | उन्होंने अध्यक्ष के प्रति **धन्यवाद प्रस्ताव** पेश किया। |
| 67 | vote on account | (n.)-लेखानुदान | The vote on account was passed in the parliament. | संसद में **लेखानुदान** पारित किया गया । |
| 68 | voting | (n.)-1.मतदान (adj.)- 2. मतदान | 1. Two candidates reached in the last round of voting. 2. The voting machines were sent to the polling booths. | 1 . दो उम्मीदवार **मतदान** के अंतिम दौर में पहुंच गए। 2 . वोटिंग मशीनें **मतदान** केंद्रों में भेजी गईं। |
| 69 | voting right | (n.) मताधिकार, मतदान का अधिकार | Only the adult persons have the voting right. | केवल वयस्क व्यक्तियों को **मतदान का अधिकार** है । |
| 70 | voucher | (n.) - वाउचर | The bill vouchers were enclosed in support of the statement of expenditure. | व्यय के विवरण के समर्थन में बिल **वाउचर** संलग्न किए गए। |
| 71 | vulgar | (adj)- अशिष्ट, अभद्र | They were strictly told not to make vulgar remarks in the office. | उन्हें कार्यालय में **अभद्र** टिप्पणी करने से सख्ती से मना किया गया । |
| 72 | vulnerable | (adj.)-1. **कमजोर** 2. | 1. This scheme is meant for the poor | 1. यह योजना समाज के गरीब |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **जोखिम भरा**, अरक्षित 3. **भेद्य**, सुभेद्य | and vulnerable sections of the society. 2. The pension funds may kindly be not invested in the schemes vulnerable to risk. 3. As the frontier post was quite vulnerable, it was replenished with adequate arms and ammunitions. | और **कमजोर** वर्ग के लिए है। 2. कृपया पेंशन निधि को **जोखिमवाली** योजनाओं में निवेश न करें। 3. सीमांत पोस्ट **भेद्य** होने के कारण, वहां उचित मात्रा में अस्त्र- शस्त्रों की आपूर्ति की गई। |

# W

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | wage | (n) - 1. ***तनख्वाह***, मजदूरी* 2. वेतन (v) - **युद्ध छेड़ना, लड़ाई छेड़ना, अभियान छेड़ना** | The State Governments are authorised to fix the minimum **wages** in their states. | राज्य सरकारें अपने राज्यों में न्यूनतम **मजदूरी** नियत करने के लिए अधिकृत हैं। |
| 2. | wage board | (n) - 1. वेतन बोर्ड 2. मजदूरी बोर्ड | Minimum wages set for the working journalists were reviewed by the **Wage board**. | **वेतन बोर्ड** ने कार्यरत पत्रकारों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा की। |
| 3. | wage ceiling | (n) - ***वेतन की अधिकतम सीमा***, मजदूरी की अधिकतम सीमा* | **Wage ceiling** for the executives of the public undertakings has been raised. | सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यपालकों के **वेतन की अधिकतम सीमा** बढ़ा दी गई है। |
| 4. | wage floor | (n) - ***वेतन की निम्न सीमा***, ***मजदूरी की निचली सीमा***, मजदूरी की निम्न सीमा* | Trade Unions are demanding increase in the **wage floor**. | मजदूर संघ **वेतन की निचली सीमा** बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। |
| 5. | wage policy | (n) - मजदूरी नीति* | The **wage policy** of the Government has undergone many changes in the last two decades. | पिछले दो दशकों में भारत सरकार की **मजदूरी नीति** में बहुत परिवर्तन हुए हैं। |
| 6. | waiting list | (n) - प्रतीक्षा-सूची* | The administrative Ministries / Departments / Offices are not required to prepare a **waiting list** for appointment on compassionate ground. | प्रशासनिक मंत्रालयों / विभागों / कार्यालयों के लिए अनुकंपा आधार पर नियुक्ति की **प्रतीक्षा सूची** तैयार करना आवश्यक नहीं हैं। |
| 7. | waive | (v) - **स्थगित करना,** अधित्याग करना, छोड़ देना | 1. The Government has **waived** the decision for one month. 2. The ambassador **waived** his right to diplomatic immunity | 1. सरकार ने निर्णय एक महीने के लिए **स्थगित कर दिया** है। 2. राजदूत ने अपना राजनयिक उन्मुक्ति का अधिकार **छोड़ दिया** और दंड |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | and paid fine. | का भुगतान किया। |
| 8. | want | (n) - 1. आवश्यकता* 2. अभाव, कमी* | The art gallery closed down for **want** of funding. | आर्ट गैलरी को वित्त पोषण के **अभाव** में बंद कर दिया गया। |
| 9. | warning | (n) - 1. चेतावनी* (v) - 2. **(खतरे की) सूचना देना** 3. **चेतावनी देना, सावधान करना** | 1. The statutory **warning** is printed on all tobacco products. 2. The metrological department **warned** people of the ensuing storm. 3. The vehicles were **warned** about the danger ahead. | 1. सभी तंबाकू-उत्पादों पर वैधानिक **चेतावनी** छापी जाती है। 2. मौसम विभाग ने लोगों को आने वाले तूफान की **चेतावनी दी**। 3. वाहनों को आगे के खतरे के बारे में **सावधान किया गया**। |
| 10. | warrant | (n) - वारंट, अधिपत्र | The **warrant** may be exercised until 90 days after its issue date. | जारी करने की तारीख से 90 दिन के भीतर **वारंट** पर कार्रवाई की जा सकती है। |
| 11. | warranty | (n) - ***आश्वासन,*** वारंटी*, आश्वस्ति | The machinery shall be maintained free of charge by the supplier during its ***warranty*** period. | **वारंटी** अवधि के दौरान आपूर्तिकार मशीनरी का निःशुल्क रखरखाव करेगा। |
| 12. | wasteful expenditure | (n) - ***फिज़ूलखर्च,*** अपव्यय, व्यर्थ खर्च | The government has taken special measures to curb **wasteful expenditure** on foreign visits of the officers. | सरकार ने अधिकारियों की विदेश यात्रा के संबंध में **फिज़ूलखर्च** रोकने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। |
| 13. | watch and ward | (n) - पहरा व निगरानी* | The Establishment section shall ensure **watch and ward** and proper upkeep of the Office Building. | स्थापना अनुभाग कार्यालय भवन का **पहरा व निगरानी** और उचित रखरखाव सुनिश्चित करेगा। |
| 14. | watchdog | (n) - प्रहरी, हितप्रहरी | The media works as a **watchdog** on the functioning of the government. | मीडिया सरकार के कामकाज के **प्रहरी** के तौर पर काम करता है। |
| 15. | waterways | (n) - जलमार्ग | The government has increased the budget allocation for development of | सरकार ने **जलमार्गों** के विकास के लिए बजट आबंटन में वृद्धि की है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **waterways**. | |
| 16. | ways and means | ((n) - ***तरीके,*** उपाय, अर्थोपाय | 1. The Ministry of Railway has decided to constitute an expert committee to recommend **ways and means** to modernize Indian Railways. 2. The government will have to find **ways and means** to reduce the fiscal deficit. | 1. रेल मंत्रालय ने भारतीय रेल के आधुनिकीकरण के **तरीकों** के बारे में सिफारिश करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया है। 2. सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने के **उपाय** खोजने होंगे। |
| 17. | wear and tear | (n) - 1. टूट-फूट* 2. घिसाई* | Provision should be made in the budget for **wear and tear**. | बजट में **टूट-फूट** के लिए प्रावधान किया जाना चाहिए। |
| 18. | weed out | (v) - 1. छँटाई करना 2. निराई करना | The Section shall **Weed out** the old and obsolete records in the presence of a competent officer. | अनुभाग सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में पुराने और प्रयोग में न आने वाले रिकार्ड की **छंटाई करेगा**। |
| 19. | weaker section | (n) - ***कमजोर तबका,*** दुर्बल वर्ग, *कमजोर* वर्ग | The Food Security Bill is primarily meant for **weaker section** of the society. | खाद्य सुरक्षा बिल मुख्य रूप से समाज के ***कमजोर*** **तबके** के लिए हैं। |
| 20. | weight | (n) - 1. ***वजन,*** भार, तोल 2. ***बोझ*** 3. महत्व, बल 4. बाट | 1. Passengers are allowed to carry only 20 kg. **weight** during air travel. 2. The government exchequer will not be able to shoulder the **weight** of subsidies. 3. The government is giving equal **weight** to education and nutrition of children. | 1. वायुयान में यात्रियों को केवल 20 किलो **वजन** ले जाने की अनुमति है। 2. राजकोष आर्थिक सहायता का **बोझ** नहीं सह पाएगा। 3. सरकार बच्चों की शिक्षा और पोषण दोनों को बराबर **महत्व** दे रही है। |
| 21. | welcome | (n) - 1. ***आवभगत*,*** ***सत्कार,*** स्वागत, (v) - 2. स्वागत करना | 1. The chief guest was very happy with his **welcome**. 2. The President of the committee received a warm **welcome**. 3. Economists have **welcomed** the decision to raise | 1. मुख्य अतिथि अपने **सत्कार** से बहुत प्रसन्न हुए। 2. समिति के अध्यक्ष का गर्मजोशी से **स्वागत** किया गया। 3. अर्थशास्त्रियों ने ब्याज की दरों को बढ़ाने के |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | interest rates. | निर्णय का **स्वागत किया** है। |
| 22. | welfare | (n) - ***भलाई*,** कल्याण | 1. Department of Personnel and Training is the nodal office of the Central Government in all service matters including **welfare** of Central Government Employees. 2. Administration's top priority is **welfare** of the poor. | 1. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग केंद्र सरकार के कर्मचारियों के **कल्याण** सहित सभी सेवा मामलों में केन्द्र सरकार का नोडल कार्यालय है। 2. गरीबों का **कल्याण** प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। |
| 23. | welfare measures | (n) - कल्याणकारी उपाय | A number of **welfare measures** have been introduced by the Government for its employees. | सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए अनेक **कल्याणकारी उपाय** शुरू किए गए हैं। |
| 24. | welfare state | (n) - कल्याणकारी राज्य | The **welfare state** is also responsible for providing health care facilities to all its citizens. | **कल्याणकारी राज्य** का उत्तरदायित्व अपने सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। |
| 25. | well of the house | (n) - **सदन के बीच, सदन कुंड** | Members shouting slogans entered in the **well of the house**. | सदस्य नारे लगाते हुए **सदन के बीच** आ गए। |
| 26. | well-qualified | (n) - 1. ***सुयोग्यता प्राप्त*,** सुअर्हता प्राप्त 2. सुयोग्य | There is a shortage of **well-qualified** staff in the institutions situated in rural areas. | ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित संस्थानों में **सुयोग्य** स्टाफ की कमी है। |
| 27. | well-versed | (n) - **निपुण,** सुप्रवीण | The Executive Assistant should be graduate and **well-versed** in office work and use of modern office equipment including computers. | कार्यकारी सहायक स्नातक होना चाहिए तथा कार्यालय के काम में और कंप्यूटर सहित आधुनिक कार्यालय उपकरणों का उपयोग करने में **निपुण** होना चाहिए। |
| 28. | whereabouts | (n) - ***पता-ठिकाना*,** ठौर-ठिकाना, अता-पता, | Retirement/death gratuity may be paid to the family after one year, in case an official's **whereabouts** are not | कर्मचारी का **पता-ठिकाना** ज्ञात नहीं होने की स्थिति में, उसके सेवानवृत्ति/मृत्यु उपदान का भुगतान एक वर्ष |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | known. | बाद उसके परिवार को किया जा सकता है। |
| 29. | whip | (n) - 1. (पद) सचेतक 2. (आदेश) सचेतिका (v) - 3. ***उत्तेजित करना* , उकसाना** | 1. The primary role of the Chief **Whip** is to secure the Government's majority in votes on its legislative and policy programs in the assembly. 2. Rioters **whiped** the emotions of the public. | 1. मुख्य **सचेतक** की प्राथमिक भूमिका विधानसभा में अपने विधायी तथा नीतिगत कार्यक्रमों के संबंध में सरकार के लिए बहुमत जुटाना है। 2. दंगा करने वालों ने जनता की भावनाओं को **उकसाया**। |
| 30. | whistleblower | (n) - **अग्रचेतक** | Penalty was imposed on official who tried to victimise **whistleblower**. | **अग्रचेतक** को पीड़ित करने वाले अधिकारी को दण्ड दिया गया। |
| 31. | white paper | (n) - श्वेत पत्र | The Government would bring out a **White Paper** on the status of all ongoing irrigation projects in the State. | सरकार राज्य में चल रही सभी सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति पर **श्वेत पत्र** लाएगी। |
| 32. | whole time | (n) - पूर्णकालिक | A **whole time** Government servant should not be allowed to accept any part-time employment whether under Government or elsewhere. | **पूर्णकालिक** सरकारी कर्मचारी को अंशकालिक रोजगार, चाहे वह सरकार में हो या अन्यत्र, स्वीकार करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए । |
| 33. | widow | (n) - विधवा | The **widow** of a deceased government servant is entitled to family pension in accordance with the Rules. | मृत सरकारी सेवक की **विधवा** नियमों के अनुसार परिवार पेंशन के लिए हकदार है। |
| 34. | widower | (n) - विधुर | The officer, who is a **widower**, may accompany his nearest kith and kin at his foreign posting to look after him. | **विधुर** अधिकारी अपनी देखभाल के लिए विदेश में तैनाती के स्थान पर अपने निकटतम संबंधी को साथ ले जा सकता है। |
| 35. | wild life | (n) - वन्यजीव, | The Government is taking steps to protect | सरकार भारत में **वन्य जीवों** |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | वन्यप्राणी | **wild life** in India. | के संरक्षण के लिए उपाय कर रही है। |
| 36. | wilful | (adj) - ***इरादतन,*** जानबूझकर | Disciplinary action will be taken against the **willful** disobedience of the orders. | आदेशों के **इरादतन** उल्लंघन के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। |
| 37. | wind-up | (n) - ***बंद करना,*** समापन, समेटना | Continuous losses have forced the Government to **wind-up** the sick units. | लगातार घाटे के कारण सरकार को अलाभकारी इकाइयों को **बंद करना** पड़ा। |
| 38. | wing | (n) - 1. (भवन) स्कंध, (सेना) विंग* 2. (विभाग) पक्ष 3. पंख, पर | 1. The maternity ward will be shifted in the new **wing** of the hospital. 2. Maintenance **wing** of the army is responsible for the upkeep of spares. | 1. प्रसूति कक्ष अस्पताल के नए **स्कंध** में स्थानांतरित किया जाएगा। 2. पुर्जों की देखभाल की जिम्मेदारी सेना के रख-रखाव **विंग** की है। |
| 39. | winner | (n) - विजेता | The **winner** of the debate competition of Rajbhasha Pakhwara will get a cash award of Rupees 2,000. | राजभाषा पखवाड़े में वाद-विवाद प्रतियोगिता के **विजेता** को 2,000 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। |
| 40. | wipe out | (v) - ***दूर करना, समाप्त करना,*** मिटा देना, सफाया कर देना | Transparency in working helps in **wiping out** corruption. | कामकाज में पारदर्शिता से भ्रष्टाचार को **दूर करने** में मदद मिलती है। |
| 41. | wireless | (n) - बेतार, बिना तार का | The **wireless** communication revolution is bringing fundamental changes to data networking and telecommunication. | **बेतार** संचार क्रांति डेटा नेटवर्किंग और दूरसंचार के क्षेत्र में मौलिक परिवर्तन ला रहा है। |
| 42. | wise | (adj) - ***समझदार,*** बुद्धिमान | It is not **wise** to initiate important projects without proper approval. | उचित अनुमोदन के बिना महत्वपूर्ण परियोजनाओं को आरंभ नहीं करना **समझदारी** नहीं है। |
| 43. | withdrawal | (n) - 1. वापसी* 2. प्रत्याहरण 3. | 1. **Withdrawal** from the GPF may be allowed as per rules. | 1. सामान्य भविष्यनिधि से **आहरण** की अनुमति |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | ***आहरण***, निकासी*, निकालना | 2. **Withdrawal** of forces from both sides will help restoring peace at the border. | नियमानुसार दी जाए। 2. दोनों पक्षों की सेना की **वापसी** से सीमा पर शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी। |
| 44. | withdrawal slip | (n) - ***रुपया निकालने की पर्ची*** *, ***आहरण पर्ची*** *, निकासी पर्ची* | The Establishment Section shall maintain a record of the **withdrawal slips.** | स्थापना अनुभाग **आहरण पर्चियों** का रिकॉर्ड रखेगा। |
| 45. | withhold | (v) - रोक लेना, विधारित करना | If the Head of the Department considers it necessary to **withhold** the requisite permission, he should inform the Commission accordingly. | यदि विभागाध्यक्ष अपेक्षित अनुमति को **रोकना** आवश्यक समझता है, तो उसे तदनुसार आयोग को सूचित करना चाहिए। |
| 46. | within | (n) - अंदर, अंतर्गत | The provision for review **within** ninety days was applicable to all types of suspensions. | सभी प्रकार के निलंबन के मामले में 90 दिन के **अंतर्गत** समीक्षा किए जाने का प्रावधान लागू होता है। |
| 47. | without delay | (n) - ***बिना देरी के***, ***तत्काल***, अविलंब, | Problem of fiscal deficit needs to be addressed **without delay**. | राजकोषीय घाटे की समस्या का **तत्काल** समाधान किए जाने की आवश्यकता है। |
| 48. | withstand | (v) - सहन करना | The economy will not be able to **withstand** the pressure of subsidies. | अर्थव्यवस्था आर्थिक सहायता का बोझ **सहन** नहीं कर पाएगी। |
| 49. | witness | (n) - ***गवाह***, साक्षी*, | The key **witness** of the case is untraceable. | मामले का मुख्य **गवाह** लापता है। |
| 50. | work culture | (n) - कार्य संस्कृति* | A positive **work culture** leads to increased productivity and better employee morale. | सकारात्मक **कार्य संस्कृति** से उत्पादकता में वृद्धि होती है और कर्मचारियों का मनोबल बेहतर होता है। |
| 51. | worker | (n) - 1. ***मजदूर***, कामगार, कर्मकार ***2. कार्यकर्ता*** | 1. **Workers** will get bonus on Diwali. 2. The party **workers** gathered at the Jantar | 1. दीवाली पर **मजदूरों** को बोनस मिलेगा। 2. पार्टी **कार्यकर्ता** विरोध प्रदर्शन के |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | mantar for protest. | लिए जंतर मंतर पर इकट्ठे हुए थे। |
| 52. | work force | (n) - कार्यबल | The strength of the **work force** needs to be increased to finish the work in stipulated time. | काम को नियत समय में पूरा करने के लिए **कार्यबल** की संख्या बढ़ानी होगी। |
| 53. | working | (n) - 1. कार्य*, कार्यप्रणाली*, कार्यचालन (adj) - 2. (पदनाम) कार्यवाहक 3. कामचलाऊ 4. व्यावहारिक 5. कार्यसाधक 6. कामकाजी | 1. The **working** of the organisation continued unhampered despite the absence of the Head of the office. 2. Adequate knowledge of administration is necessary to understand the **working** of an organization. 3. In the absence of supervisor the **working** supervisor is looking after his responsibilities. 4. No Central Government employee possessing a **working** knowledge of Hindi may ask for an English translation of any document in Hindi except in the case of documents of legal or technical nature. 5. **Working** women rely on crèches for childcare. | 1. कार्यालय प्रमुख की अनुपस्थिति के बावजूद संस्था का **कार्य** निर्बाध रूप से चलता रहा। 2. किसी भी संगठन की **कार्य प्रणाली** को समझने के लिए प्रशासन की पर्याप्त जानकारी होनी आवश्यक है। 3. पर्यवेक्षक की अनुपस्थिति में **कार्यवाहक** पर्यवेक्षक उसके उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहा है। 4. केंद्र सरकार का हिंदी का **कार्यसाधक** ज्ञान प्राप्त कर्मचारी, हिंदी में किसी दस्तावेज के अंग्रेजी अनुवाद की मांग तभी कर सकता है, जब वह दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का हो। 5. **कामकाजी** महिलाएं अपने बच्चों की देखभाल के लिए शिशु सदन पर निर्भर करती हैं। |
| 54. | working committee | (n) - कार्यकारिणी समिति*, कार्य समिति* | The Chairman has called an emergency meeting of the **working committee.** | अध्यक्ष ने **कार्यकारिणी समिति** की आपात बैठक बुलाई है। |
| 55. | working conditions | (n) - कार्य स्थितियां* | The striker employees are demanding higher pay and better | हड़ताली कर्मचारी अधिक वेतन और बेहतर **कार्य स्थितियों** की मांग कर रहे हैं। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **working conditions**. | |
| 56. | working group | (n) - कार्य समूह, कार्य दल | The commission has set up a special **working group** to solve the problem. | आयोग ने समस्या से निपटने के लिए एक विशेष **कार्य दल** गठित किया है। |
| 57. | working hours | (n) - कार्य-समय, काम के घंटे | Inquiries related to new scheme can be made on telephone during normal **working hours**. | नई योजना से संबंधित जानकारी सामान्य **काम के घंटों** के दौरान टेलीफोन पर मांगी जा सकती है। |
| 58. | working knowledge | (n) - 1. कार्यसाधक ज्ञान 2. व्यावहारिक ज्ञान | 1. All the staff not having **working knowledge** of Hindi should be trained in Hindi workshops. 2. The job requires a **working knowledge** of Computers. | 1. हिंदी का **कार्यसाधक ज्ञान** न रखने वाले सभी कर्मचारियों को हिंदी कार्यशालाओं में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। 2. इस कार्य के लिए कंप्यूटर का **व्यावहारिक ज्ञान** आवश्यक है। |
| 59. | working order | (n) - चालू हालत | The telephone instrument is not in **working order**. | टेलीफोन उपकरण **चालू हालत** में नहीं है। |
| 60. | workload | (n) - 1. कार्यभार 2. काम का बोझ | Management is looking at the ways of even distribution of the **workload** among departments. | प्रबंधन विभागों के मध्य **कार्यभार** समान रूप से बाँटने के तरीकों पर विचार कर रहा है। |
| 61. | works | (n) - 1. निर्माण, निर्माण कार्य, संकर्म 2. कृति* 3. कारखाना | 1. No **works** shall be commenced until administrative approval has been obtained from the appropriate authority. 2. Annual repair consists of those **works**, like white washing, distempering etc. which are carried out annually. | 1.उपयुक्त प्राधिकारी से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही **निर्माण कार्य** प्रारंभ किया जाएगा। 2. वार्षिक मरम्मत में वे **संकर्म** शामिल हैं जो वार्षिक रूप से किए जाते हैं जैसे सफेदी करना, डिस्टैंपर लगाना आदि। |
| 62. | workshop | (n) - 1. (शैक्षिक) कार्यशाला* 2. | 1. The office held a number of **workshops** and | 1. कार्यालय ने कर्मचारियों के लिए कई **कार्यशालाओं** और |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | वर्कशॉप, कर्मशाला * | seminars for the employees. 2. The **workshop** is open on all working days. | संगोष्ठियों का आयोजन किया। 2. **कर्मशाला** सभी कार्य दिवसों में खुली है। |
| 63. | work study | (n) - कार्य अध्ययन | Staff Inspection Unit has been entrusted with the work of carrying out **work study** of this office. | स्टाफ निरीक्षण यूनिट को इस कार्यालय का **कार्य अध्ययन** करने का कार्य सौंपा गया है। |
| 64. | worsen | (v) - और बिगड़ जाना, बदतर होना | These options would actually **worsen** the economy and add to the fiscal deficit. | इन विकल्पों से अर्थव्यवस्था की स्थिति और **बिगड़ेगी** तथा राजकोषीय घाटा बढ़ेगा। |
| 65. | worth | (n) - 1. मूल्य, महत्व 2. योग्यता* 3. उपयोगिता* | 1. It is difficult to estimate the current **worth** of the company. 2. Good interview enables candidates to prove their **worth**. 3. The new computer system has proved its **worth**. | 1. कंपनी के मौजूदा **मूल्य** का अनुमान लगाना मुश्किल है। 2. अच्छे साक्षात्कार में उम्मीदवारों को अपनी **योग्यता** सिद्ध करने का मौका मिलता है। 3. नई कंप्यूटर प्रणाली ने अपनी **उपयोगिता** सिद्ध कर दी है। |
| 66. | worthless | (adj) - बेकार | The Section shall prepare a list of all **worthless** items and dispose of them after obtaining proper approval. | अनुभाग सभी **बेकार** वस्तुओं की सूची तैयार करेगा और उचित अनुमोदन प्राप्त करने के बाद उनका निपटान करेगा। |
| 67. | worthy | (adj) - 1. योग्य, गुणसंपन्न, सुयोग्य | A number of the report's findings are **worthy** of note. | इस रिपोर्ट के अनेक निष्कर्ष नोट करने **योग्य** हैं। |
| 68. | writ | (n) - रिट* | A social organization filed a **writ** in the court to make wearing helmets compulsory. | एक स्वयंसेवी संस्था ने हेलमेट पहनना अनिवार्य कराने के लिए अदालत में **रिट** दायर की। |
| 69. | writ petition | (n) - रिट याचिका* | The applicant declares that he has not filed any **writ petition** or suit regarding the matter before any court or any other Bench of the Tribunal. | आवेदक घोषणा करता है कि उसने किसी न्यायालय या अधिकरण की किसी अन्य खंडपीठ के समक्ष इस मामले में कोई **रिट याचिका** या वाद दायर नहीं किया है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 70. | write off | (v) - बट्टे खाते डालना | Government urged the banks to **write off** debt owed by poor farmers. | सरकार ने गरीब किसानों के ऋण को **बट्टे खाते डालने** के लिए बैंकों से आग्रह किया। |
| 71. | wrong | (n) - 1. अन्याय (adj) - 2. दोष 3. गलत, दोषपूर्ण | 1. It is a **wrong** practice to buy cheap goods for office use. 2. The insurance company should not be held liable for the **wrongs** of one of its agents. 3. The letter was delivered to the **wrong** address. | 1. कार्यालय के उपयोग के लिए सस्ती वस्तुएं खरीदना **गलत** बात है। 2. अपने किसी एजेंट की **गलती** के लिए बीमा कंपनी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जाना चाहिए। 3.पत्र **गलत** पते पर दिया गया था। |
| 72. | wrong-doer | (n) - दोषकर्ता | For good governance, there is a need to identify the **wrong-doers** and improve the processes and systems in the government. | सुशासन के लिए, **दोषकर्ताओं** की पहचान करने और सरकारी प्रक्रियाओं और प्रणालियों में सुधार करने की आवश्यकता है। |
| 73. | wrongful | (adj) - दोषपूर्ण, सदोष, | If any **wrongful** payment is made to a Government servant, it shall be recovered as per the prescribed Rule. | यदि सरकारी कर्मचारी को कोई **दोषपूर्ण** भुगतान किया जाता है तो इसकी वसूली निर्धारित नियम के अनुसार की जाएगी। |

# X

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | Xerox copy | (n) - **छाया प्रति***, फोटो प्रति* | The **xerox copies** of the certificates may be enclosed with the application. | आवेदन के साथ प्रमाणपत्रों की **छाया प्रतियां** भी सलंग्न करें। |

# Y

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | yard | (n) - 1. यार्ड 2. गज 3. अहाता | 1. The train has been sent in the **yard**. 2. The office is just a few **yards** away from the metro station. 3. The employees are not permitted to play cards in the **yard** in front of the office building. | 1. रेल **यार्ड** में भेजी गई है। 2. कार्यालय मैट्रो स्टेशन से कुछ ही **गज** दूर है। 3. कर्मचारियों को कार्यालय भवन के सामने **अहाते** में ताश खेलने की अनुमति नहीं है। |
| 2. | yardstick | (n) - मानदंड, मापदंड | The personality of that employee is considered to be the **yardstick** of honesty. | उस कर्मचारी के व्यक्तित्व को ईमानदारी का **मानदंड** समझा जाता है। |
| 3. | year | (n) - वर्ष, साल | The confidential reports of all the employees of the **year** 2012-13 have been prepared. | सभी कर्मचारियों की **वर्ष** 2012-13 की गोपनीय रिपोर्ट तैयार की गई है। |
| 4. | yearly | (adv) - वार्षिक, सालाना | The Department must examine the outcome of its schemes on a **yearly** basis. | विभाग अपनी योजनाओं के परिणाम की **वार्षिक** आधार पर जांच करे। |
| 5. | yield | (n) - 1. **आय*** प्राप्ति*, लब्धि* 2. उपज*, पैदावार* (v) - 3. **प्राप्ति होना, उपजना, पैदावार होना** | 1. The annual **yield** from the investment will increase more than 10%. 2. The **yield** of this field is below normal. | 1.निवेश से वार्षिक **आय** में 10% से अधिक वृद्धि होगी। 2. इस खेत की **उपज** सामान्य से कम है। |

# Z

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | zero cost | (n) - शून्य लागत* | The Government has decided to disburse scholarships through electronic transfer system at **zero cost**. | सरकार ने **शून्य लागत** पर इलेक्ट्रॉनिक अंतरण प्रणाली के माध्यम से छात्रवृत्ति वितरित करने का निर्णय लिया है। |
| 2. | zero hour | (n) - 1. शून्य काल, 2. **आक्रमण समय, निर्णायक समय** | The opposition parties raised questions about the scam during the **zero hour**. | विपक्षी दलों ने घोटाले के बारे में **शून्य काल** के दौरान प्रश्न उठाए। |
| 3. | zero interest | (n) - 1. शून्य ब्याज, 2. **बिना ब्याज** | 1. The state government has started the scheme of giving loans to the poor farmers at **zero interest**. 2. The Government is providing loans to the members of the Scheduled Casts on **zero interest**. | 1. राज्य सरकार ने गरीब किसानों को **शून्य ब्याज** पर ऋण देने की योजना शुरू की है। 2. सरकार अनुसूचित जाति के सदस्यों को **बिना ब्याज** के ऋण प्रदान कर रही है। |
| 4. | zero tolerance | (n) - **बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करना,** शून्य सहनशीलता* | India has urged all the nations at UN summit to have **zero tolerance** for terrorism. | भारत ने संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में सभी देशों से आग्रह किया है कि आतंकवाद को **बिल्कुल बर्दाश्त न** किया जाए। |
| 5. | zonal | (n) - आंचलिक | The **zonal** meeting was held in Kolkata to review the progress of the implementation of the Official Languages policy. | राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए कोलकाता में **आंचलिक** बैठक आयोजित की गई । |
| 6. | zone | (n) - अंचल, ज़ोन | In order to ensure effective implementation of the policy, the implementation offices across the country have been divided into different **zones**. | नीति का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, देश भर में कार्यान्वयन कार्यालयों को विभिन्न **अंचलों** में विभाजित किया गया है । |